He gave great importance to regions and locations. He felt that the child should know the world by first knowing the little world around him and then his knowledge should spread outwards in concentric circles. This 'rooted ness' was very important for him. In fact in conversations he would appreciate a contemporary politician who may not know good English and was less capable in the modern sense, as against another politician who is modern, suave but an implant without much grassroot support. He felt that such politicians would compromise the country's interests.

Dharampalji, as is well known, was very skeptical of books by Western authors about India. He repeatedly said that we should know how the West looks at us and their plans. He advised me to read US journals like 'Foreign Affairs' to know their mind. He felt that right from Plato's days the West has been more politically suave and smarter. However, he was very appreciative of one book 'Imagining India' by Ronald Inden (1990). This book, a tough read, is full of insights and says caste is a form of citizenship.

Since I happened to be in Goa, I obtained a set of his Collected Works published by Other India Press, even before it was formally released. The unofficial first copy, so to say. I shared this happy development with Dharampalji when I met him last. He said that it is good that the books have come out. But more important is that the ideas and thoughts should be 'carried forward'. They should not end with his writings.

OCEANIC CIRCLES

VINISH GUPTA

I think I first heard of Dharampalji from Makarand Paranjape in 1995. Makarand was then my teacher and was responsible for getting me seriously interested in Gandhi. But all I was able to learn then about Dharampal was that he was a historian who had culled evidence to show that India had already had before the coming of the British the sort of *swaraj* that we associated with Gandhi's vision. I didn't have the time or opportunity just then to find out more about Dharampal; I was at the time undergoing a series of moultings and metamorphoses in my life that were transforming an Anglophilic man-about-town to a Buddhist bhikshu.

In late 1996, while I was based at Tehri, working with Sunderlal Bahuguna ji on his anti-dam movement, a letter arrived from Abey George. Appended to the letter was a note on the 'Oceanic Circles' concept by Gandhiji, and an invitation to a 3 day meeting at Sevagram Ashram.

> Independence must begin at the bottom. Thus, every village will be a republic or panchayat having full powers. It follows, therefore, that every village has to be self-sustained and capable of managing its affairs even to the extent of defending itself against the whole world. It will be trained and prepared to perish in the attempt to defend itself against any onslaught from without.
>
> Thus, ultimately, it is the individual who is the unit. This does not exclude dependence on and willing help from neighbours or

from the world. It will be free and voluntary play of mutual forces. Such a society is necessarily highly cultured in which every man and woman knows what he or she wants and what is more, knows that no one should want anything that others cannot have with equal labour.

In this structure composed of innumerable villages, there will be ever-widening, never-ascending circles. Life will not be a pyramid with the apex sustained by the bottom. But it will be an oceanic circle whose centre will be the individual always ready to perish for the village, the latter ready to perish for the circle of villages, till at last the whole becomes one life composed of individuals, never aggressive in their arrogance, but ever humble, sharing the majesty of the oceanic circle of which they are integral units.

Therefore, the outermost circumference will not wield power to crush the inner circle, but will give strength to all within and derive its own strength from it. I may be taunted with the retort that this is all Utopian and, therefore, not worth a single thought. If Euclid's point, though incapable of being drawn by human agency, has an imperishable value, my picture has its own for mankind to live. Let India live for this true picture, though never realizable in its completeness. We must have a proper picture of what we want before we can have something approaching it. If there ever is to be a republic of every village in India, then I claim verity for my picture in which the last is equal to the first or, in other words, no one is to be the first and none the last. (*Harijan*, 28-7-1946, p. 236)

This was a welcome chance for me to visit the ashram where Gandhiji was based during the last 12 years of his life. Besides, Abey was something of a guru-figure among us and an invitation from him was something to be taken seriously.

So it was in late 1996 that I met Dharampalji at Sevagram. My friends Abey, Jyothi, and Sushruti had been staying with Dharampalji for several months prior to the meeting. They had been reading through the material

that he had painstakingly collected and studied for decades, and they had also been having long discussions with him almost daily.

Their immersion for long hours everyday in the 18th-19th century historical material, the quiet atmosphere of the Ashram, combined with their extended discussions with Dharampalji, all seemed to have coalesced to produce in them some mystifying, epiphanic sort of insight that they struggled to communicate to the rest of us. So, though over a dozen of us friends had taken up Abey's invitation and arrived at Sevagram Ashram, once there we felt exasperated by the inability of Abey, Jyothi and Sushruti to communicate with any degree of coherence precisely *what* it was that they had so wanted to communicate to us. And yet we couldn't doubt their intentions either, for they did appear to be struggling genuinely to communicate some elusive understanding that they seemed to have become privy to; we were intrigued by the hushed, wide-eyed manner they lapsed into every so often.

Our own preliminary interactions with Dharampalji during those few days further stoked our sense of intrigue and curiosity – sufficiently for many of us to want to engage with and explore his researches more seriously. So by the time we returned from that brief sojourn at Sevagram, we had not only made our first acquaintance with Dharampalji and his researches, but had been sufficiently infected by the promise of some future possibility to begin delving deeper.

Most of us who had gathered at Sevagram at Abey's invitation were young people who had begun to explore alternative trajectories of life and livelihood; people who were already beginning to explore outside of the 'mainstream'. One friend labeled us the 'returnees', i.e. people who had been offered by time and circumstance the opportunity to explore modernity uninhibitedly, and having done so, had in some sense decided to begin making moves for the recovery and reclamation of traditions from which they had been divorced. Each one had made some interesting journeys, and was ready to embark on newer ones.

Before dispersing from that gathering, we had all decided to meet again after another couple of months for a longer duration, perhaps a fortnight, to brainstorm further and explore what possibilities the future might hold

for some collective path-breaking action by us 'returnees'. So we did meet again, and for a fortnight, in early 1997. By this time, some of the elusive magic seemed to have been communicated to the rest of us, for there appeared to be coalescing around Dharampalji and his work the idea of a group of us undertaking a long term programme of learning and living at Sevagram Ashram; there seemed to be in the air the exciting idea of some alternative kind of university taking shape at Sevagram.

Supporting this nascent endeavour were several members of the Patriotic and People-oritented Science and Technology (PPST) Foundation. For many years earlier, PPST had engaged seriously with Dharampalji's writings and his collected material; Dharampalji had been instrumental in getting the engineers, technologists and scientists, who for the most part constituted PPST, enthused and active in exploring the traditional sciences, technologies, and polities of India. As these explorations had proceeded over the years, startling facts and figures had begun to come to light, corroborating Dharampalji's findings about the essential innovativeness, productivity, and vitality of Indian society, particularly before its reorganization to serve British colonial interests.

Thus Dharampalji's work had come to be a powerful tool to decolonize the minds of more than one generation of scientists, technologists and socially inclined people in the country. The power of Dharampalji's work derived from its grounding in plain and unobtrusive fact, without recourse to rhetoric or revivalism. Dharampalji's work sought by simple uncovering of historical fact to create in his people a strong and empowering sense of the self; a sense of self that would infuse them with the confidence needed to put in place the structures of governance, or other societal relationships that were not replicative of, yet were grounded in traditional practice and understanding.

At various times in his life, Dharampalji was accused of fostering a sort of right-wing revivalism. Such accusations pained Dharampalji acutely, particularly since he felt that his entire effort was thus being grossly misunderstood. Of course, harnessing history for the process of mental decolonization is inevitably an exercise fraught with a certain precariousness. The line between empowering self-confidence and a revivalist over-evaluation of the past is sometimes thinner than we would like it to be.

Our Oceanic Circles group at Sevagram didn't eventually manage to do any of the grand things we had envisioned as a collective. The members of the group soon dispersed and embarked on their own divergent trajectories. However, the gatherings at Sevagram did create lasting relationships both amongst ourselves and with Dharampalji. In the years that followed, even as we made our various journeys, we continued to engage seriously with Dharampalji's work. For many of us he became a trusted and close confidant and mentor figure. Of course, for many of us the relationship with him was a stormy one; at times we disagreed or argued with him and left him exasperated with us. Meeting Dharampalji was sometimes intimidating because an extended conversation with him could leave one tottering under the sense of a huge responsibility of civilisational proportions, even when one wasn't always able to see how such a gargantuan responsibility might be fulfilled. And yet, I know I was more fortunate in these interactions than many others; perhaps in deference to my monastic robes, Dharampalji always treated me with a degree of respect. In our decade-long association, I was never subjected to one of his famous rebukes, as some of my contemporaries were.

In after years, I had the opportunity to play host to Dharampalji more than once during his visits to Sarnath. He was not an easy guest to host. He was quite exacting and fastidious in his preferences. When out on his travels, he hated vegetating in comfort, and was always ready to exhaust himself conversing with a stream of visitors, or visiting nearby villages. And it usually fell upon the host to keep him thus preoccupied. Once, after a visit to a nearby village, he shocked us by remarking exasperatedly on "how ugly our villages had become". The remark compelled us to relook at our over-romantic assumptions about the bucolic superiority of village life; such bold and irreverent assertions were typical of his attempts to make us reexamine some of our easy assumptions.

In recent years there had come about a certain distancing between us that had crept in imperceptibly, the subtle discomfort of which was perceptible on both sides. The distancing was engendered by philosophical differences; I had begun to see social and individual empowerment as a function of a comprehensible yet communicable understanding, rather than a function of historical/cultural recollection. Such a vision (non-mystical, universal,

comprehensive, feasible, fundamental....) transcended many of the polarities around which our debates had hitherto crystallized. The transcending of the old debates naturally led to a distancing from our earlier shrillness and stridency of stands; to Dharampalji this often must have seemed a regrettable regression and abdication of responsibility. Before there could come about a sufficient context and opportunity to share this vision and line of thinking with him, Dharampalji ended his bodily journey. Even so, when I look back and ponder over my association with him over the last decade of his life, I feel immensely privileged and fortunate.

ENDNOTES

1. I have worked out the foundation of this notion of society in a chapter "Towards a Formal Theory of Society" in Navjyoti Singh (forthcoming), *Punctuating Reality: Towards a Formal Theory of History, Society and Justice*, Shimla: Indian Institute of Advanced Studies.

2. Naiyāyika-s tried to understand this meaning as *abhidhā* (denotative) with form of *vācya|vācaka bhāva* and as *lakṣaṇā* (indicative) with form of *lakṣya|lakṣaka bhāva*. Mīmāṃsāka-s saw this meaning as *tātparya* (purposive) with form of *bhāvya|bhāvaka bhāva*. Others attempted understanding this meaning as *vyañjanā* (metaphorical) with form of *vyañga|vyañjaka bhāva*.

3. This structure is first formulated in Bharata Muni's Nāṭya Śāstra and is elaborated on in Dhanañjaya's (995, *1.17*), *Daśarūpakama*, edited with Hindi translation by Krishnakanta Tripathi and Vijayalakshmi Tripathi, Kanpur: Grantham, 1985.

4. Detailed analysis of the conflicting foundations of the enterprise of *itihāsa* and history in terms of modality of recollection is done in Navjyoti Singh (2003),"Nature of Historical Thinking and Aitihya," *Studies in Humanities and Social Sciences*, Vol. X, No. 2, pp. 1-28.

5. Patriotic and People Oriented Science and Technology Foundation, a group of scientists and activists who perhaps took to Dharampal's work in the late eighties most enthusiastically and brought out a bulletin intermittently for over a decade from 1980 and had organized the Traditional Sciences and Technologies conferences at Bombay, Madras and Varanasi from 1993 – 1998.

6. The importance of including alternative views in text books and curricula cannot be over-emphasised. I had for instance discovered that the premier institute of design in the country, though situated in Ahmedabad, a centre for much of Gandhi's activities, had no copy of the classic book on weaving that the khadi movement had brought out in 1948 even though the institute of design teaches students textiles and crafts work.

7. See Amin, Shahid. 2002. *Writing Alternative Histories: A View from India.* Sephis/CSSC Occasional Papers Series.

8. I might add that to this general trend of the silence in universities of Dharampal's work is the exception of Prof G S R Krishnan at the University of Bangalore, and it being listed as one of the texts for courses in science, technology and society at Central University of Hyderabad. Some newer faculty in JNU and Delhi University I am told have been using Dharampal's books in their teaching. Humanities courses at the IITs have generally been open to teaching Dharampal.

9. *Exploring Gandhian Science: A Case Study of the Khadi Movement.* Shambu Prasad, 2002. PhD thesis submitted to Indian Institute of Technology, Delhi. Delhi: Department of Humanities and Social Sciences, IIT Delhi.

10. Pimpare, Sheela. 2005. Developing Learning Communities: Beyond Empowerment. Paris: UNESCO. http://unesdoc.unesco.org/images/0014/001421/142118e.pdf

11. *Sahasraphan* by Vishwanath Satyanarayan, published by Bharatiya Gyanpith.

12. http://smirc.stanford.edu/papers/chapter1.pdf

13. *Thousand Years of Nonlinear History.* By Manuel de Landa New York: Zone Books,1997. Pp333.

14. "Sevagram –New Beginnings": pp 125-134: chapter 7: *Understanding Gandhi*: Dharampal: Other India Press, Mapusa: 2003.

15. "Rebuilding Self-Confidence and Prosperity in India": pp 213-218:chapter 20: *Rediscovering India*: Dharampal: SIDH Mussoorie: 2003.

श्रद्धांजलि

— लक्ष्मी नारायण मित्तल

पिछले १५–१७ वर्षों के दौरान जब से धर्मपालजी से परिचय और फिर सान्निध्य मिला, 'सिद्ध' के लिए यह एक प्रज्ञान और अधिगम यात्रा रही। 'सिद्ध' ने जब काम शुरू किया तो हम भी यही सोचते थे कि आधुनिक शिक्षा, साक्षरता आदि से लोगों का विकास होगा। जौनपुरी समाज में कार्य करते–करते, यह दीखने लगा था कि साक्षरता और सार्थक शिक्षा दो भिन्न चीजें हैं और विकास की परिभाषा अपनी समझ पर आधारित हो, यह बात भी समझ आने लगी। धर्मपालजी ने भारतीय संदर्भ में विकास को देखने की दृष्टि हमें प्रदान की।

जब सन् १९९७ में धर्मपालजी से पहला साक्षात्कार हुआ तो लगा कि देश जिस दिशा में जा रहा है, वह तो बर्बादी का रास्ता है। हमारी अपनी देशज व्यवस्थाएं क्या थीं, हमारा समाज कैसे चलता था, परस्पर समुदायों के बीच आचार–व्यवहार कैसे होता था, इसकी कोई जानकारी हमारे राजनेताओं को न थी। आम आदमी को भी नहीं थी। वह भी विस्मृति में चली गई लगती है। भारत में ब्रिटिश आगमन के तत्काल पूर्व के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य के विभिन्न पहलुओं पर शोध की जरूरत है, इस पर धर्मपालजी ने जोर दिया। धर्मपालजी ने सही ही पहचाना है कि आज देश दो भागों में बंटा है – पश्चिमीकृत भारतीयों के कब्जे में आज राज–संचालन व बाहरी समाज–व्यवस्था है। वे पश्चिम की आधुनिकता और विकास को ही प्रगति मानते हैं। आज भारतीय समाज छिन्न–भिन्न ही सही, निजी जीवन में अभी भी कहीं–न–कहीं थोड़ा–बहुत स्वदेशी व्यवस्थाओं में ही जीता है। राज–काज से उनका कोई तालमेल नहीं है। पश्चिम से उधार लिये लक्ष्यों के अनुसरण में, भारत की अपनी सब तरह की स्वदेशी व्यवस्थाएं पंग

हो गई या उन्हें समेटकर संग्रहालयों या अभिलेखागारों में रख दिया गया। धर्मपालजी ने आज के हजारों युवक–युवतियों को अपने वृहत्तर समाज से जोड़ने के लिए भारतीय समाज के पुनर्गठन व देशज व्यवस्थाओं की व्यापकता से परिचित करवाया।

प्लेटो और अरस्तू को सही परिप्रेक्ष्य में समझते हुए धर्मपालजी का विश्लेषण रहा है कि – "यूरोप और अमरीका की तो प्लेटो और अरस्तू के समय से ही मान्यता है कि दासत्व ही साधारण मानव–समाजों के लिए उचित व्यवस्था है।...यूनानियों और यहूदियों के 'ओल्ड टेस्टामेंट' के हिसाब से (जिसे ईसाई व इस्लाम दोनों मानते हैं) मनुष्य–मनुष्य में फर्क है। कुछ थोड़े से मनुष्य ही, मनुष्य माने जा सकते हैं बाकी तो पशु व शेष प्रकृति के समाज हैं। आवश्यकता होने पर राजपुरुष उन्हें बगैर कानूनी व्यवस्था में पड़े मार सकते हैं, जैसे कि पागल कुत्ते को।"

सन् १९६० के आसपास एक बार धर्मपालजी ग्वालियर से दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन में उनके साथ कुछ तीर्थयात्री भी थे जो द्वारका और रामेश्वरम् के बाद अब हरिद्वार जा रहे थे। जिस प्रकार मिल–बांट कर वे भोजन कर रहे थे, धर्मपालजी को आश्चर्य हुआ। उन्होंने जब यह जानना चाहा कि क्या वे परस्पर एक–दूसरे की जात नहीं पूछते, तो यात्रियों ने उत्तर दिया तीर्थयात्रा में कोई किसी की 'जाति' नहीं पूछता। यह तथ्य आज के उन पाश्चात्य लेखकों के संज्ञान में नहीं है जो भारतीय हिन्दू समाज की जाति प्रथा को कलंक मानते हैं।

एक बार सन् १९५० के आस–पास स्वाई माधोपुर में ग्राम पंचायतों द्वारा तालाबों के नवीनीकरण में हुए खर्च की जानकारी लेते हुए धर्मपालजी ने पूछा कि क्या यह खर्च पंचायत के बही खाते में दिखलाया गया है तो उत्तर मिला, "हमने इसे अपनी पंचायत से बनवाया है। सरकारी पंचायत से अलग। सरकारी पंचायतें समस्याएं खड़ी करती हैं, हमारी पंचायतें उन्हें सुलझाती हैं।"

दैनन्दिन व्यवहार में धर्मपालजी जिन आम आदमियों से प्रतिदिन मिलते थे, उनसे जो जानकारी वे प्राप्त करते थे, वे उनके लिए व्यापक अनुभव की चीज थीं। जब उन्हें बतलाया कि हमारे पड़ोस का एक मुसलमान शनि देव के स्वरूप को शनिवार को तेल और सिक्के का दान देता है, तो उन्हें लगता था कि इस प्रकार की बातों का गहराई से

अध्ययन होना चाहिए। नाई क्यों मंगलवार को दुकान बंद रखते हैं, वैद्य क्यों बृहस्पतिवार को अपना औषधालय नहीं खोलते, ऐसी बातों की उन्हें और जानकारी चाहिए होती थी।

एन्थ्रोपोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया की 'पीपुल ऑफ इण्डिया' बहुखण्डीय पुस्तकों से वे, उन घटनाओं को निकालते थे जो मात्र विवरणात्मक इतिवृत्त नहीं हैं, अपितु समाज–संचालन के कारक हैं। मुस्लिम–समुदायों के जाति–पुराण हिन्दू भाट रखते हैं या अनेक मुस्लिम–समुदायों में महिलाएं गौमांस खाने वाले अपने परिवार के पुरुष–सदस्यों के लिए बनाने और खाने के बर्तन अलग रखती हैं। ऐसी बातें उन्हें गृहस्थ के सुराज से जुड़ी लगती थीं। उनके अनुसार तो हर समाज अपनी–अपनी बुनियादी व्यवस्थाओं से घिरा है। कालान्तर में भारतीय समाज की ये बुनियादी इकाइयां जीवन–मरण के संघर्ष में पड़ गईं और अपने भीतर–ही–भीतर सिकुड़ती चली गईं। इससे एक तो राजतंत्र निरंकुश हो गया और दूसरी तरफ कर्त्तव्य की सारी भावना नष्ट होकर देश–समाज या कायरता, गरीबी और असहायता की स्थिति में पहुंच गई। हमारी इस कमजोरी के कारण ही यूरोपीय हम पर शासन कर सके और हमें राजतंत्रिक रूप से ही नहीं, वैचारिक दृष्टि से भी पराधीन बना सके। धर्मपालजी ने भारतीय चित्त की स्थिति को समझकर प्रतिकारात्मक उपायों को सुझाने का साहस किया।

धर्मपालजी ने मात्र इतिहास के इन अनसुलझे पृष्ठों को उघाड़ा ही नहीं देश–समाज को पुनः खड़ा करने के लिए गांधीजी द्वारा सुझाए रास्ते से अंतर्दृष्टि भी प्रदान की। इसी प्रकार वे इस बात पर बल देते थे कि भारत के अपने एशियाई पड़ोसियों चीन, जापान, कोरिया, थाईलैण्ड, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया, वियतनाम, श्रीलंका, बर्मा, अफगानिस्तान से ५०० वर्षों पूर्व तक कैसे करीबी संबंध थे, यह उन देशों की भाषाओं में लिखी गई पुस्तकों से ही हमें खोजना चाहिए।

भारतीय विद्याओं – परा और अपरा – दोनों के लिए एक विश्वविद्यालय जैसे संस्थान की स्थापना की भी उनकी सोच थी ताकि भारतीय पारंपरिक विद्याओं की रीति–नीति व कौशलों का अध्ययन हो सके।

सन् १९६२ में चीनी आक्रमण के बाद भारत की दीन–हीनता से दुःखी धर्मपालजी ने अपने दो अन्य मित्रों के साथ सभी भारतीय सांसदों को एक पत्र लिखा था जिसमें तात्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के असफल प्रयत्नों के लिए यह आशा की थी कि वे

(पं. नेहरू) देश से सार्वजनिक मांफी मांगेंगे। प्रशासन स्वस्थ आलोचना को बर्दाश्त नहीं कर पाया और धर्मपालजी को उनके साथियों सहित तिहाड़ जेल में डाल दिया गया। यह दूसरी बात है कि जयप्रकाश नारायण के हस्तक्षेप से और लाल बहादुर शास्त्री के प्रयत्नों से वे रिहा हुए। सम्भवत: आगे के बीस बरस उनके इंग्लैण्ड में बिताने के पीछे यह कारण रहा कि अपने आधुनिक देश में तो अपनी बात कहने तक की आजादी नहीं है।

सन् १९९४ के मुजफ्फर नगर काण्ड पर धर्मपालजी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि – "यदि हम एक समाज–देश होते, हमारी कोई आचरण–संहिता होती तो मुजफ्फर नगर की घटना का पता चलते ही केन्द्र सरकार ने इस्तीफा दे दिया होता और राज्य की ओर से घटना के लिए किसी भी रूप में जिम्मेदार मुख्यमंत्री, पुलिस महानिरीक्षक और दूसरे अधिकारियों को हिरासत में लेने की कार्यवाही शुरू हो जाती...बढ़ती असंवेदना, तटस्थता और निष्ठुरता से हमें मुक्ति चाहिए।"

इसी घटना के संबंध में टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा था कि – "यदि राजनैतिक सभ्य और विद्वत् भारतीय देश को संवारने का जिम्मा नहीं संभालते तो फिर इस काम में दूसरों को आगे आना पड़ेगा। हमारे धर्माचार्य, हमारी ४० करोड़ महिलाएं और हमारे नौजवान सामने आ सकते हैं। अच्छा होता कि धब्बों और धुंध में सनी हमारी न्यायपालिका ने ही इस गिरावट में जाने से रोकने का कोई असरदार रास्ता बनाया होता।"

मई, २००४ में सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के प्रसंग में उन्होंने कहा था कि – "आज कौन प्रधानमंत्री हो, इस पर अगर सांसदों को स्वतंत्र रूप से राय देने का अधिकार रहता तो अधिकांश सदस्य सोनिया गांधी का नाम आते ही यह कह देते कि उन्हें प्रधानमंत्री बनाना तो अविवेकी फैसला होगा।" इसी संदर्भ में वे कहते हैं कि – "जो लोग कहते हैं कि भगिनी निवेदिता, मीरा बहन और मदर टेरेसा पूरी तरह भारतीय बन गई थीं, वे इस उपमा के दोष को नहीं देखते। किसी को प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बनाया जाता कि वह अपने निजी विचारों का प्रतिनिधित्व करता है। उसे अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना होता है। वैसे तो पिछले पचास वर्षों में जो प्रधानमंत्री हुए, वे भारत का पूरी तरह प्रतिनिधित्व नहीं कर पाए लेकिन सोनिया गांधी से प्रतिनिधित्व की अपेक्षा करना उनके साथ ज्यादती होगी। धर्मपालजी के अनुसार भारत में विवेक का कम होना बीसवीं सदी की ही बात नहीं है। अलग–अलग स्तरों पर यह १८ वीं शताब्दी से कमजोर होता चला आया है।

देश के पुनर्जागरण को महज विदेशी चश्मे से देखने के बजाय १५, १६ वीं शताब्दी के भारत को देखना चाहिए जब कला, साहित्य, संगीत, कृषि, शिक्षा, समाज–व्यवस्था और राजनीति खांटी भारतीयता की बुनियाद पर खड़े थे। लम्बी हार और गरीबी से उत्पन्न हुई हमारी हीनता को अंग्रेजों द्वारा लायी गई रेल, मशीन और ऐसे ही आधुनिक प्रतीकों ने और बढ़ाया और दुर्भाग्य से भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, बंकिमचंद्र चटर्जी और बाद में विवेकानंद, मालवीयजी, तिलक महाराज भी यह मान बैठे कि 'हमारे पास न तो साधन हैं, न कौशल और न प्रतिभा ही, हमें यह सब पश्चिम से लाना पड़ेगा।' पण्डित जवाहर लाल नेहरू तो अक्सर विशेषकर सन् १९४६ के बाद से लगता है कि एलबर्ट मायर को गांधीजी से भी अधिक समझदार मानने लगे थे और ऐसा कहते भी रहते थे।

धर्मपालजी विचारधारा की बेड़ियों से जकड़े हुए न थे। उन्हें संवाद की स्थिति सभी जगह और सभी के साथ दिखलाई पड़ती थी, उनके अनुसार विचारधाराएं और उनके संगठन अपने हित–साधना के दायरे में ही देश को समझने की कोशिश करते हैं। भारतीयता तो आम आदमी में अभी भी बची हुई है परन्तु निजी जीवन में उन मान्यताओं में जीते हुए भी सार्वजनिक जीवन में वह गूंगी हो गई है।

धर्मपालजी के निधन से उनकी रिक्तता भर नहीं पाएगी, परन्तु उनकी सोच का महत्त्व काल–संदर्भित नहीं था, जो उनके साथ ही समाप्त हो जाए। उनके द्वारा उठाए गए बिन्दु सार्वकालिक हैं और आधुनिक भारत के संदर्भ में तो और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं।

धर्मपालजी को श्रद्धांजलि स्वरूप यह ग्रंथ प्रस्तुत है। हिन्दी और अंग्रेजी के लेखों में उनकी 'वानर सेना' के सदस्यों द्वारा उनके साथ बिताए समय के संस्मरणों के साथ–ही–साथ उनकी सोच को लेकर गंभीर समीक्षात्मक लेख भी हैं। यदि हम उनके द्वारा सुझाए रास्ते से पुन: देश–समाज को खड़ाकर अपने खोए आत्मसम्मान और साहस को लौटा सकें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्री धर्मपालजी के प्रति श्रद्धांजलि

— सामदोंग रिन्पोछे

सक्या पण्डित कुन्गा ग्यलछन ने अपने 'सुभाषित रत्ननिधि' में कहा है कि विद्वान ही विद्वान को पहचानते हैं, मूर्ख विद्वानों की विद्वता को नहीं पहचानते। यह कथन मुझे सही लगा जब धर्मपाल जैसे स्वप्रचार से दूर विद्या–अध्ययन की साधना में लगे हुए प्रज्ञावान लोगों को आज के समाज में, विशेषकर तथाकथित शैक्षणिक जमात में मान्यता मिलना कठिन हो जाता है। यह मात्र आजकल के शिक्षित लोगों का दोष नहीं है, जिनको लंबे समय से, जैसे रथ में जुते हुए अश्व की आंखों को दोनों ओर से ढंक कर, मात्र एक ही दिशा में देखने को विवश कर दिया जाता है, उसी प्रकार आधुनिक शिक्षा–प्रक्रिया ने असीम परम्परागत विद्या की ओर देखने की दृष्टि को ही समाप्त कर दिया है। इतना ही नहीं, अपनी अज्ञानता को भी हम पहचान नहीं पाते। इस समय विश्व में प्रचलित बीस–पचीस वर्षों के पाठ्यक्रम के बाहर कोई विद्या नहीं बची है और यदि उन पाठ्यक्रमों को नहीं पढ़े हैं, तो शिक्षित ही नहीं हैं – ऐसी मिथ्या–दृष्टि लोगों में व्याप्त है। इन पंक्तियों को लिखते हुए मुझे पुनः सक्या पण्डित का एक दोहा स्मरण हो आता है कि गधे से तय नहीं किया हुआ बहुत सा मार्ग बचा हुआ है और तुम्हारे द्वारा नहीं दिखी हुई अनेक विद्याएं भी बची हुई हैं।

एक बार आधुनिक शिक्षा पद्धति से जो गुजर जाते हैं, तो उनके लिए व्यूह–रचना से बाहर निकल कर खुली दिशाओं को देख पाना भी एक बहुत बड़ा पुरुषार्थ है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में ऐसा पुरुषार्थ करने वाले गिने–चुने लोग ही हुए हैं। एक ओर तथाकथित नितान्त परम्परावादी लोग आधुनिक सभ्यता अथवा आधुनिक शिक्षा से घबराकर कछुए की तरह अपनी खोल में सिमट कर बाह्य जगत से आंखें मोड़ लेते हैं और

पारम्परिक विद्या को वर्तमान संदर्भ तक पहुंचाने में असमर्थ हो जाते हैं। ऐसे लोगों के पास कितनी भी विद्याओं का ज्ञान–भण्डार क्यों न हो, लोग सरलता से उनको पिछड़ेपन या दकियानूसी के रूप में खारिज कर देते हैं। इसलिए आधुनिक शिक्षा से तैरे होकर परम्परागत विद्याओं को देखने वालों की विशेषता यह होती है कि वह आधुनिक शिक्षा की सीमाओं को भली प्रकार जानते हुए, परम्परागत विद्याओं की श्रेष्ठता को पहचानते हुए वर्तमान संदर्भ से उसे जोड़कर देख सकते हैं और प्रचलित भाषा में उस रहस्य का उद्‌घाटन भी कर सकते हैं।

आचार्य धर्मपालजी ऐसे लोगों में थे जो आधुनिक शिक्षा से भलीभांति शिक्षित होकर परम्परा की ओर मुड़े और उसकी गहराइयों में प्रवेश कर पाए। इस प्रक्रिया में आधुनिक शिक्षा बाधक नहीं, अपितु सहायक बनी। आधुनिकता को जानते हुए पारम्परिक विद्या के दृष्टिकोण से जब जगत को देखते हैं तो वहां पर एक सम्यक् दृष्टि की उत्पत्ति होती है। ऐसे ज्ञाताओं की अग्रिम पंक्ति में थे – श्री धर्मपाल। परम्परागत विद्या के अभाव में मनुष्य कटी पतंग की तरह दिशाहीन और हवा के रुख पर निर्भर व विवश हो जाता है जिसका साक्षात् उदाहरण आज का मानव–समाज है। परम्परा का ह्रास मात्र आधुनिक सभ्यता के कारण नहीं हुआ, अपितु परम्परा के अनुयायियों के मन में भी अनेक भ्रांतियां एवं मिथ्या–दृष्टि उत्पन्न हो गईं, जिनके कारण परम्परा और कुरीति के बीच भेद करना कठिन हो गया। इसके चलते जातिभेद जैसी अनेक कुरीतियां भी धार्मिक परम्परा के रूप में मानी जाने लगीं। ऐसी मिथ्या–दृष्टि से परम्परा की अपूरणीय क्षति हुई है। कुमारस्वामी के अनुसार लम्बे समय से निरंतर चले आने मात्र से परम्परा नहीं बनती अपितु परम स्रोत से आए हुए ज्ञान को, जो अविछिन्न गुरु–शिष्य परम्परा के माध्यम से वर्तमान समय तक पहुंचा है और युक्ति की कसौटी पर खरा उतरा है, उस वस्तु को ही परम्परा कहते हैं। यह कथन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। परम्परा की परिभाषा और पहचान के बिना परम्परा के पक्ष और विपक्ष में कुछ भी कहें, वह तथ्यहीन है। आज यह एक सामान्य मान्यता बनी हुई है कि परम्परा कोई पुरानी या बीते हुए युग की वस्तु है, जो वर्तमान में अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है और आधुनिक सभ्यता की विरोधी व पिछड़ेपन की द्योतक है। इसी मान्यता का खण्डन करते हुए परमपावन चौदहवें दलाई लामाजी ने आचार्य ए. के. सरण के ग्रंथ की भूमिका में लिखा है कि सही अर्थों में परंपरा न पुरातन होती है न नवीन और न आधुनिक होती है न ही आधुनिक विरोधी। वह तो शाश्वत, सार्वभौम तथा पवित्र है। इसलिए जब प्रतिभाशाली लोग परम्परा के सही रूप को जान लेते हैं तो उसमें पूर्ण रूप से रंग जाना, एक सहज प्रक्रिया हो जाती है।

बहुत पहले कुछ मित्रों से धर्मपालजी का नाम और उनके शोधपूर्ण ग्रंथों के विषय में कई बार सुना, परन्तु उस समय तक उनका दर्शन–लाभ नहीं हुआ था। संभवत: नब्बे के दशक में एक बार वाराणसी के राजघाट स्थित गांधी विद्या संस्थान में किसी सम्मेलन के अवसर पर प्रथम बार मैंने उनके दर्शन किए। चंद मिनटों के वार्तालाप से नितांत, सरल व सीधे ग्रामीण बुजुर्ग के सदृश व्यवहार करने वाले इस व्यक्ति ने मेरे दिल की गहराई को छू लिया और परस्पर सह–विचार होने की अनुभूति हुई। उसके पश्चात् जब भी वे बनारस प्रवास पर होते थे तो उनके दर्शन होते रहते थे, कुछ वार्तालाप भी होता था। परन्तु सन् २००१ में जब मैंने बनारस छोड़ा, उसके बाद मात्र दो बार ही उनसे मिलने का सौभाग्य मिला। फिर भी मित्रों के माध्यम से समाचार मिलता रहता था और कभी–कभार पत्र–व्यवहार भी होता रहता था।

धर्मपालजी ने 'ललितविस्तर' आदि बौद्ध ग्रंथों में वर्णित प्राचीन भारतीय विद्याओं की नामावली को निकालकर उन सबको फिर से खोजने का और उसके लिए एक वास्तविक अध्ययन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखा था। परन्तु मेरे जैसे सभी लोग अपने–अपने अर्थहीन कार्यों में फंसे रहने के कारण, इस पुनीत कार्य में योगदान हेतु समय नहीं दे पाए। धर्मपालजी के इस महत्त्वपूर्ण विचार को कार्य नियमन करने की दिशा में परीक्षावान नौजवान लोगों को लगना चाहिए। और लोग लगेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

गांधीजी के विचारों का धर्मपालजी ने केवल अकादमिक अध्ययन ही नहीं किया है, अपितु पूर्णरूप से उन्होंने उस दर्शन को जिया भी है। प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं सामाजिक व्यवस्था के अकाट्य तथ्य एवं साक्ष्य के माध्यम से युक्तिसंगत एवं प्रामाणिक व्याख्या जो धर्मपालजी ने दी है, वह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इस धरोहर को आगे बढ़ाना उनके प्रति सर्वोत्तम श्रद्धांजलि होगी।

आकांक्षाएं

— उदयन वाजपेयी

'अपने सारे पुराने साहित्य को देख–समझकर अपने चित्त व काल की एक तस्वीर बनाने और उस तस्वीर में आधुनिक विश्व और उसकी वृत्तियों को उपयुक्त स्थान देने का काम हम कर नहीं पा रहे।'

'भारतीय चित्त, मानस और काल' — धर्मपाल

१

कुछ बरस बीत गए जब धर्मपालजी ने भोपाल में एक व्याख्यान दिया था। आप में से जिन्होंने उन्हें बोलते सुना होगा, उन्होंने महसूस किया होगा कि उनका बोलना बेहद खुला हुआ करता था। वे बहुत सोचकर सोचते हुए बोलते थे मानो वे आपको संसार को एक अलग ढंग से देखने का न्यौता दे रहे हों। वे बड़े आत्मविश्वास के साथ बोले कि कुछ जिलों से सरकार को सिरे से हट जाना चाहिए कुछ दिनों में शासकीय व्यवस्थाओं और तन्त्र को पूरी तरह हट जाना चाहिए। उनके यह बोलते ही वहां अजीब–सी उद्विग्नता फैल गयी। वैकल्पिक व्यवस्थाओं का विचार बहुत हुआ करता है। लेकिन उसमें नई शासन व्यवस्थाओं की चर्चा हुआ करती है पर धर्मपालजी तो कुछ अलग ही कह रहे थे। पूरी गम्भीरता से कह रहे थे। वे दोबारा वही कर रहे थे, 'कहीं और नहीं तो आपके मध्यप्रदेश के कुछ जिलों से शासकीय तन्त्र को हटा लेना चाहिए।' उनका आशय यह था कि न सिर्फ वहां से शासकीय अधिकारी, कर्मचारी आदि हटा लिए जाएं, बल्कि जो भी राजस्व एकत्र करने आदि की व्यवस्थाएं हैं, उन्हें भी सीधे–सीधे साधारण लोगों को सौंप दिया जाए। वे सोचते थे कि ऐसा करने पर शुरू में उन जिलों के समाजों को व्यवस्थित होने में कुछ दिक्कतें पेश आएंगी पर धीरे–धीरे ये साधारण लोग अपने समुदायों, गांवों आदि की सभी

व्यवस्थाएं खुद करना शुरू कर देंगे। और ये व्यवस्थाएं, वे सोचते थे, आज की व्यवस्थाओं से बेहतर ही होंगी और उनमें पारम्परिक भारतीय सामाजिक व्यवस्थाओं की झलक तो होगी ही, साथ ही उनमें यहां के लिए उपयुक्त नई व्यवस्थाओं की सम्भावना भी दिखाई दे सकती है। उनका यह प्रस्ताव कुछ–कुछ अटपटा–सा लग सकता है। मुझे यह लिखते समय लग भी रहा है, पर ध्यान से देखने पर इसमें भारत के साधारण लोगों के सांगठनिक सामर्थ्य पर उनका असीम विश्वास नजर आता है। शायद वे सोचते थे कि स्वयं को छोटी–छोटी इकाइयों में व्यवस्थित करने का भारतीय समाज का पारम्परिक विवेक अब भी किसी हद तक हमारे भीतर बचा हुआ है और उचित अवसर मिलने पर वह दोबारा अपने को प्रकट कर सकता है। मुझे याद है कि जब कुछ श्रोताओं ने यह प्रश्न किया कि क्या ऐसा करने से अराजकता नहीं फैल जाएगी, वे हल्का–सा मुस्कराकर बोले थे, 'कुछ देर के लिए ऐसा हो सकता है पर जल्दी ही कोई व्यवस्था उसमें से निकलकर आ जाएगी। वह जैसी भी होगी, आज से बेहतर ही होगी।' मैं अपने देश के ही नहीं, दुनिया के ऐसे किसी विचारक को नहीं जानता जिसमें साधारण लोगों के विवेक और स्मृति पर इतना गहरा विश्वास हो।

२

अपने निबन्ध 'भारतीय व्यवस्था' में वे लिखते हैं :

'यह भी है कि १९४७ से ४९ तक भारतीय संविधान के बनने के समय अंग्रेजों के हाथों तैयार की गई भारतीय राजसत्ता के संस्थागत ढांचे में अंग्रेजीकृत या पश्चिमीकृत भारतीय शक्ति और निर्णय के स्थान पर काबिज हो गया इसलिए पुराने भारतीय विधानों की ओर लौटना कहीं अधिक कठिन था। जब पारम्परिक भारतीय संवेदना को स्थानीयता की प्राथमिकता स्थापित करना कठिन जान पड़ा तो वह जातियों पर जोर देने की ओर मुड़ गई। यह तथ्य ठीक से समझा नहीं गया कि स्थानीयता (या आंचलिकता) और जातियां एक–दूसरे की पूरक हैं और बिना एक दूसरे की उपस्थिति के क्रियाशील नहीं हो सकतीं। इससे भी आगे यह बात भी अच्छी तरह पहचानी नहीं गई कि स्थानीयताओं की प्राथमिकता ही उन्हें आपस में संबद्ध कर व्यापक भारतीय व्यवस्था और इस तरह भारतीय सभ्यता की रचना किया करती थी।'

'कलेक्टेड राईटिंग्स' – धर्मपाल

खण्ड पांच, पृष्ठ १३८

न अंग्रेजी शासन और न स्वतंत्र भारत की अधिकांश अध्येताओं ने जातियों और अंचलों के अन्योन्याश्रित संबंधों को वैसे रेखांकित करने की चेष्टा की जैसा कि धर्मपालजी ने किया। यह रेखांकन महत्त्व का है। अंचल को निरपेक्ष मान कर जातियों पर विचार करना समझ की खोट है। हम सभी इसी खोट के शिकार होते रहते हैं क्योंकि तमाम जातियां अपने विशिष्ट अंचलों में ही विशिष्ट अर्थ ग्रहण करती रही हैं। और ये अर्थ कमोवेश उनके आपसी संबंध से उपजते रहे हैं। अपने इसी निबन्ध में धर्मपालजी ने यह दिखाया है कि कैसे संविधान निर्माताओं ने स्थानीयता को स्वतंत्रता प्राप्त भारत की व्यवस्था की इकाई बनाने से गुरेज किया और इसकी जगह 'स्थानीयता–निरपेक्ष' व्यक्ति को इसकी इकाई बनाया। इसका परिणाम यह निकला कि स्थान या अंचलों से विलगित जातियां हमारी राजनीति के केन्द्र में आ गईं और इनका मनचाहा उपयोग हमारे विभिन्न राजनैतिक दल करने में जुट गए। धर्मपाल जी जानते थे कि 'हमारे पास जातियों के अंतर्संबंध का कोई व्यापक अध्ययन नहीं है', विशेषकर अंचलों और उनमें रहती विभिन्न जातियों के अन्तर्सम्बन्धों के अध्ययन तो सिरे से ही नदारद हैं। लगभग डेढ़–सौ बरस पहले सन् १८७२ में एम.ए. शेरिंग ने बनारस और उसके आस–पास के अंचलों में जातियों का एक विशद अध्ययन किया था पर उसमें उनके गहरे पूर्वाग्रह काम कर रहे थे। शेरिंग लगातार जातियों की व्यावहारिकता को वर्णों के सैद्धान्तिक ढाँचे में डालकर इन दो स्तरों को एक मानने की कोशिश करते हैं। पर तब भी उन्होंने जातियों का स्थूल ही सही, वर्णन अवश्य किया है। उसके बाद शायद वैसा कोई अध्ययन हमारे पास नहीं है। जातियों पर सैद्धान्तिक लेखन बहुत होगा पर उनकी क्रियाशीलता का विशुद्ध वर्णन करने की आवश्यकता आज भी बनी हुई है। इसीलिए हम जातियों के अंतर्संबंधों पर केवल अनुमान से अपनी राय बनाते हैं और इसी आधार पर राजनीति करने और व्यवस्था बनाने की कोशिश करते हैं। अपने अन्तिम दिनों में धर्मपालजी की गहरी आकांक्षा थी कि 'देश के विभिन्न अंचलों में विभिन्न जातियों के अंतर्संबंधों पर गहराई से काम हो, उसके लिए तमाम अंचलों के कुछ अध्येता मिलें और इस पर कुछ प्रामाणिक शोध करें।' कुंवर सुरेश सिंह सम्पादित 'पीपुल ऑफ इण्डिया' के खण्ड इसमें मददगार हो सकते हैं, पर यहां जोर जातियों की लिस्टिंग आदि पर न होकर उनके अंतर्संबंधों पर हो, विभिन्न अंचलों में सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक और आनुष्ठानिक शक्ति के संचरण में उनकी स्थिति पर हो और साथ ही इसमें जाति–पुराणों जैसे जाति–विषयक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का अध्ययन भी शामिल हो, क्योंकि ये ग्रन्थ विभिन्न अंचलों में रहती लगभग हर जाति की आत्मछवि को स्पष्ट करने में भी मददगार साबित हो सकते हैं। अपनी इन्हीं आत्मछवियों के बल पर विभिन्न जातियां भिन्न–भिन्न दिशाओं में क्रियाशील रही हो सकती हैं।

धर्मपाल जी का सोचना था कि किसी भी सभ्यता की जैसी भी विश्वदृष्टि या विश्वदृष्टियां होती हैं, वहां उसी के अनुरूप उद्योग–धन्धे और व्यवसाय हुआ करते हैं। दूसरे शब्दों में, किसी भी सभ्यता के कैसे भी व्यवसाय अपने भीतर उस सभ्यता की विश्वदृष्टि या विश्वदृष्टियों की छवियों का न सिर्फ वहन करते हैं, उसी में बेहतर भागीदारी करने वे स्वयं को परिष्कृत करते चलते हैं। इसलिए साभ्यतिक विश्वदृष्टि को भूलकर वहां के उद्योग–धन्धों और व्यवसायों के अध्ययन का कोई विशेष महत्त्व नहीं रह जाता। अगर इस ढंग से भारत में जातियों के अंतर्संबंधों को पहचानने की कोशिश होती है, तो हम शायद उससे बिल्कुल अलग निष्कर्षों पर पहुंचें जिन पर हमारी अधिकतर आधुनिक मनीषा पहुंची है। उसके बाद उन्हें स्वीकारना या नकारना, उनमें मौजूद खोटों को दूर करना या उन्हें पूरी तरह छोड़ देना, यह सब अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा। हम अपने अनुमानों के घटाटोप से बाहर निकलकर जातियों और अंचलों की स्पष्ट समझ के उजास में आ सकेंगे। फिर हम उनके विषय में क्या करते हैं या क्या नहीं करते, अधिक प्रामाणिक हो सकेगा। इतना जरूर है कि इन अंतर्संबंधों पर विचार करते समय हमें यह याद रखना होगा कि जैसे सामी धार्मिक परम्पराओं और उनसे अनुप्रमाणित आधुनिक विचारधाराओं में 'युटोपिया' की परिकल्पना का उद्देश्य मानव समाज को समय के थपेड़ों से बाहर निकालकर एक तरह के शाश्वत स्थायित्व को हासिल करना रहा है जो हमेशा ही भविष्य में सम्भावना की तरह बना रहता है, उसी तरह हमारे देश के विभिन्न अंचलों में जातियों की व्यवस्था भी समाज को समय के थपेड़ों से बाहर लाकर किसी तरह का स्थायित्व स्थापित करने की आकांक्षा से उत्प्रेरित थी। अगर वह हमें मुफीद नहीं जान पड़ती, उसे हटा देना होगा। लेकिन यह केवल तब हो सकता है जब हमारे पास उसकी प्रामाणिक तस्वीर मौजूद हो।

३

आत्म और अनात्म, पृथ्वी और आकाश, पिण्ड और ब्रह्माण्ड, जीवन और मृत्यु, प्रकृति और ईश्वर को देखने, अनुभव करने और व्यवहार में लाने की अलग–अलग दृष्टियां अलग–अलग सभ्यताओं में विद्यमान रही हैं। एक तरह से विभिन्न सभ्यताओं ने अस्तित्व को विभिन्न रूपों में सिरजा है। इन अन्यान्य विश्वदृष्टियों के अपनी तरह के सुफल और कुफल हुए हैं। यह शायद मनुष्य होने की विडम्बना हो कि इसकी कोई भी विश्वदृष्टि निर्दोष नहीं हो पाती, हरेक में किसी–न–किसी खराबी की सूरत मुजरिम रही आती है।. यह भी सच है कि इन विश्वदृष्टियों का आपस में संवाद होता रहा है और उससे इनकी अपनी पहचान नष्ट नहीं होती रही हैं बल्कि इसके सहारे वे अपनी इयत्ता को अक्षुण्ण बनाए रख सकी हैं। आधुनिक यूरोप की विश्व विजय के बाद शायद पहली बार ऐसा हुआ कि

यह संवाद लगभग विस्थापित हो गया और इसकी जगह यूरोपीय विश्वदृष्टि का हर जगह क्रूर आरोपण होने लगा। हमारे कितने लोग खुद अपने समाजों की अन्तश्चेतना के लिए पराये होते चले गए, यह बेहद करुण गाथा है। हमारे देश में भी हम तथाकथित पढ़े–लिखे लोगों के लिए यूरोपीय मनीषा ही अधिक आत्मीय बनती गई, वही हमारी सोच का मुहावरा बन गई। जिन आस्थाओं, परिपाटियों और अंतर्दृष्टियों के सहारे हमारा व्यापक समाज जीवनयापन करता था और किसी हद तक करता है, उससे हमारी अनभिज्ञता मूढ़ता की सीमा तक हो गई है। शायद हमने अपनी पारम्परिक विश्वदृष्टियों को बिना जाने ही वर्ज्य मान रखा है। इसके पीछे मानो यह धारणा हो कि हर गैर–यूरोपीय सभ्यता की यह नियति है कि उसे आधुनिक यूरोपीय समाज की तरह बनना है और इसमें उसकी अपनी पारम्परिक विश्वदृष्टियां ऐसे अवरोध हैं जिन्हें छोड़कर ही हर सभ्यता अपनी यह विचित्र मंजिल हासिल कर सकती है। इससे हममें से अनेक बौद्धिक स्तर पर भले ही असहमत हों, हमारे व्यापक व्यवहार में यही धारणा काम किया करती है। धर्मपालजी इस अंधानुकरण की प्रवृत्ति को प्रश्नांकित करने का अनोखा उपाय सुझाते हैं। उनका प्रस्ताव था – और इसके लिए उन्होंने अपनी वृद्धावस्था तक में पर्याप्त उद्यम किया था – कि हमारे देश की सभी भाषाओं में किशोरों के लिए ऐसी पुस्तक लिखी जानी चाहिए जिसमें बेहद सरल भाषा में उन्हें तमाम महत्त्वपूर्ण सभ्यताओं की विश्वदृष्टियों की जानकारी दी जा सकें। उन्हें यह बताया जा सके कि किस तरह अलग–अलग सभ्यताएं अस्तित्व को अलग–अलग तरह से परिकल्पित करती हैं। इससे हमारे देश के युवक–युवतियां यह जान सकेंगे कि संसार और अस्तित्व को देखने की अनेक दृष्टियां न सिर्फ हमेशा से रही हैं बल्कि आज भी, आधुनिक युरोपीय दृष्टि के लगभग सब जगह काबिज होने के बाद भी, विभिन्न शक्लो–सूरत में जीवित हैं। यह जानना भर है, उसके बाद हमारे लोग अपनी विश्वदृष्टियों को स्वीकारें या अस्वीकारें, यह उनका अपना विवेक होगा पर तब वे कम–से–कम यह जान जरूर रहे होंगे कि वे किसे त्याग रहे हैं और किसे अंगीकार कर रहे हैं।

४

सत्रहवीं, अठारहवीं और उन्नीसवीं सदी में भारतीय व्यवस्था के कई सूत्रों का अध्ययन करने और उनके सहारे भारतीय समाज की बिल्कुल ही नई तस्वीर प्रस्तुत करने के बाद वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि यह शिक्षितों और विचारवान लोगों की सभ्यता रही है। तब उनकी जिज्ञासा का विषय यह बना कि अंग्रेजों के यहां आने से पहले साधारण लोगों के बीच कौन–से ग्रन्थ लोकप्रिय थे और किन विषयों पर यहां बातचीत हुआ करती थी, वे कौन–से दार्शनिक प्रश्न थे जो उन्हें उद्वेलित किया करते थे। स्वतंत्र भारत के बौद्धिकों और

साधारण लोगों के बीच अंग्रेजी ढंग की शिक्षा और संस्कार के कारण आई दूरी के कारण यह जानना कठिन था। इसलिए धर्मपालजी महाभारत जैसे ग्रन्थों की ओर मुड़े। उन्होंने पाया कि वहां समाज–व्यवस्था, राजा के दायित्व, प्रकृति के स्वरूप आदि विविध विषयों पर विस्तृत संवाद हैं जो भारतीय समाज में चल रहे संवादों को किसी हद तक सूचित करते होंगे। मसलन, स्त्रीपर्व का कृष्ण–गांधारी संवाद, जहां गांधारी के इस प्रश्न के जवाब में कि अगर वे चाहते तो युद्ध को रोक सकते थे, कृष्ण कहते हैं कि क्षत्रिय स्त्रियां बच्चे पैदा करती ही इसलिए हैं कि वे युद्ध क्षेत्र में अपनी जान दे सकें, आदि। इस तरह के मार्मिक संवादों को एकत्र कर उनका अध्ययन कर भारतीय साभ्यतिक मानस को किंचित अधिक गहराई से जानने की वे चेष्टा करना चाहते थे। मुझे याद है कि एक बार सेवाग्राम में उन्होंने महाभारत के सभी खण्ड मंगवाए। वे चाहते थे कि उनमें से सभी संवादों को निकाल लिया जाए और उनको सम्पादित कर एक लम्बी भूमिका के साथ किताब प्रकाशित की जाए। इस पर भी उनका इसरार था कि सभी संस्कृत नाटकों को इकट्ठा पढ़ा जाए और उनसे निकलते प्रश्नों को दोबारा ध्यान से देखा जाए ताकि हमारे सामने किसी हद तक वे सवाल आ सकें जो हमारे लोगों को उद्वेलित करते रहे हैं। और जिसके सहारे उस मानस को कहीं बेहतर ढंग से समझने की स्थिति में आया जा सके जिसे हम मोटे रूप में भारतीय मानस कह सकते हैं। उनका प्रसिद्ध लेख, 'भारतीय चित्त, मानस और काल' इसी दिशा में प्रयास रहा है।

५

धर्मपालजी का सारा लेखन भारत को उसकी अपनी दिशा में ले जाने की आकांक्षा से लिखा गया था। वह विशुद्ध ज्ञानात्मक नहीं, कर्म को उत्प्रेरित करने वाला लेखन है। वह शास्त्र है उसी अर्थ में जैसे अर्थशास्त्र होता है या कामशास्त्र। उसी अर्थ में जैसे गांधीजी का 'हिन्द स्वराज' है। अगर वे साल–दर–साल अंग्रेजों के भारत संबंधी दस्तावेज खोजते रहे तो इसलिए कि हम स्वतंत्र भारत में उन अंग्रेजी मान्यताओं और संस्थाओं से निजात पा सकें जिन्होंने इस सभ्यता के जीवंत स्रोतों को अवरुद्ध कर रखा है। ऐसा कुछ हो नहीं सका। उसकी उम्मीद भी कम ही दिखती है। इसलिए कई बार मुझे लगता है कि धर्मपालजी का अधिकतर लेखन हमारी सभ्यता के सूत्रों का स्मरण भी है और उनके छूटते जाने का शोकगीत भी। वह शायद हमारा अपना जेज संगीत है।

६

संसार में यूरोपीय सभ्यता, जिसे गांधीजी शैतानी और धर्मपाल हत्यारी मानते थे, की प्रभुता स्थायी होने से पहले क्या–कैसी विश्व व्यवस्थाएं रही हैं? यह पता लगने पर कि सन् १४२१ में किसी चीनी जहाजी बेड़े ने चीन से अमरीका तक की यात्रा की है और उसने ही पहली बार यूरोप से अमरीका के समुद्री मार्ग का नक्शा तैयार किया था, वे बेहद उत्साहित हुए थे। यह जहाजी बेड़ा चीन के मिंग घराने के तीसरे सम्राट जू डाई के नौसेना प्रमुख जियांग ही के नेतृत्व में चीन से भारत के कालीकट होता हुआ अमरीका गया था। उस दौरान चीनी जहाज दुनिया भर में घूमा करते थे। इन सारी यात्राओं पर हाल में गेविन मेंजीज की किताब, '१४२१, द इयर चाईना डिस्कवर्ड अमेरिका' प्रकाशित हुई। इसी किताब से यह उद्घाटित हुआ है कि जब कोलम्बस अमरीका गये, उनके पास वहां तक जाने के मार्ग का वही नक्शा था जो जियांग ही के नेतृत्व में चीनियों ने तैयार किया था। धर्मपालजी की इन सब में दिलचस्पी का कारण यह था कि वे यूरो–केन्द्रित विश्वव्यवस्था से पहले की विश्वव्यवस्थाओं और उनमें निहित मूल्य–व्यवस्थाओं और मूल्य–सम्पदाओं को समझना और रेखांकित करना चाहते थे। उनकी आकांक्षा उन तमाम विश्वव्यवस्थाओं को सामने लाने और उनका विशद शोध करने की थी जो हमारे संसार को यूरोप की विश्व विजय के पहले बांधे रही थी। वे बार–बार दोहराते रहे कि हम भारतीयों के चीन या कम्बोडिया या वियतनाम या कोरिया आदि से बहुत पहले के ताल्लुकात हैं, हमें उन्हें गहराई से जानकर उन्हें फिर से जीवंत करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए, वे चाहते थे कि पंद्रहवीं शती के पहले के तमाम दस्तावेजों को सीधे–सीधे वियतनामी, कोरियाई, कम्बोडियाई, चीनी आदि भाषाओं में खोजा जाए, इसके लिए किसी भी यूरोपीय भाषा की मध्यस्थता को स्वीकारा न जाए। तब जाकर हमें यह किसी हद तक पता लग सकेगा कि इन तमाम देशों के लोग उन दिनों एक–दूसरे के विषय में क्या सोचते थे और उनके संबंधों के क्या आधार थे। इसी समझ के सहारे हम इस बीच में टूटे हुए संबंध–सूत्रों को दोबारा जोड़ने की ओर बढ़ सकते हैं।

७

लगभग सभी पारम्परिक समाजों का प्रकृति से निकट का सम्बन्ध रहा है, एक तरह से पारम्परिक मनुष्य के संस्कार प्राकृतिक प्रक्रियाओं को देखने, सुनने और समझने के आधार पर ही बने होंगे। इसीलिए पारम्परिक समाज इस विश्वास पर गुजर–बसर करते रहते हैं कि प्राकृतिक प्रक्रियाएं ही मनुष्य के अपने कर्म का आइना भी हैं और उसकी सीमा भी। भारतीय सभ्यता के विषय में इस तथ्य को गांधीजी समेत अनेक चिन्तकों ने रेखांकित

किया है, इसीलिए वे स्थानीय साधनों की पर्याप्तता पर इतना भरोसा कर सके थे। धर्मपालजी भी स्थानीयता के महत्त्व को स्वीकारते थे। वे मानते थे कि जैसे प्रकृति के दूसरे जीव–जन्तु स्थानीय होते हैं वैसे ही मनुष्य भी कमोवेश स्थानीय जीव है। वैश्विक मनुष्य की कल्पना खोखली है और अगर ऐसा है तो फिर वैश्विक टेक्नोलॉजी आदि किस आधार पर उचित ठहरायी जा सकेंगी क्योंकि आधुनिक टेक्नोलॉजी के अन्तस् में मनुष्य की वैश्विक छवि ही विद्यमान है। वे आधुनिक जैव–वैज्ञानिक शोधों में गहरी दिलचस्पी लेने लगे थे। वे निरन्तर जैविक प्रक्रियाओं को सूक्ष्मता से समझकर उनका विभिन्न मानवीय कार्यकलापों में प्रकटन देखने की चेष्टा करते थे। इसी का परिणाम था कि वे समाजों के चलने में अहिंसा और हिंसा दोनों की उपयोगिता को स्वीकार करने की ओर बढ़ रहे थे। जैसे प्रकृति में आमतौर पर अहिंसा ही व्याप्त है पर समय–समय पर हिंसा का हस्तक्षेप भी होता ही है वैसे ही मानव समाज को भी समझना चाहिए। इस अर्थ में न तो हिंसा को विचारधारा की हद तक स्वीकारा जा सकता है, न अहिंसा को। यहां इस तथ्य को याद करना शायद अर्थपूर्ण हो कि गांधीजी ने कई बार अहिंसा के अपने विचार को खासी हिंसक शब्दावली में व्यक्त किया है। उन्होंने सेवाग्राम जैसे अपने आश्रमों को मिलिटरी अकादमी कहा है, सत्याग्रहियों को उनमें तैयार हो रहे सैनिक और स्वयं को उनका मिलिटरी कमाण्डर। धर्मपालजी के लिए भारतीय व अन्य सभ्यताओं को समझने के सूत्र सिर्फ सामाजिक, दार्शनिक, नृ–त्तत्वशास्त्रीय, ऐतिहासिक अध्ययन में ही नहीं प्रकृति की सूक्ष्म प्रक्रियाओं में भी बिखरे पड़े हैं जिन्हें भारत जैसे पारम्परिक समाज अपनी तरह से अन्तस्थ किया करते हैं। शायद इसीलिए वह अपने विन्यास में सदियों तक थोड़ा–बहुत बदलाव कर उसे चलाता रहा क्योंकि प्राकृतिक प्रक्रियाओं का स्वरूप भी ऐसा ही कुछ है। वे यह चाहते रहे कि कुछ अध्येता जीव–वैज्ञानिक तथ्यों के आलोक में भारत जैसी सभ्यताओं को समझने का प्रयत्न करें।

८

अपनी मृत्यु के कुछ दिनों पहले वे सेवाग्राम से दिल्ली जा रहे थे। मैं उनसे भोपाल स्टेशन पर मिला। पता नहीं किस तुफैल में, मैं उनसे पूछ बैठा कि क्या वे पुनर्जन्म में विश्वास रखते हैं? वे बोले, 'इससे फर्क नहीं पड़ता क्योंकि सृष्टि की अपनी सम्पूर्णता में किसी एक के होने या दोबारा न होने से कोई अन्तर नहीं आता। वह अपने अंतर्संबंधों के सहारे चला करती है।'

मन भी है जो व्यक्ति अपने भीतर मुक्ति की सम्पूर्णता को अनुभव करने की ओर बढ़ चला हो, उसे दोबारा या तिबारा होने से क्या हासिल? लेकिन क्या यही कुछ हमारी सभ्यता का हरेक मनुष्य के लिए लक्ष्य नहीं रहा? क्या इसे ही 'तत्त्वमसि' – तुम वह हो – जैसे महावाक्य से नहीं कहा जाता रहा? क्या इसे ही मोक्ष नाम से नहीं पुकारा जाता?

भारतीय परम्परा का आत्मविश्वास

— नंद किशोर आचार्य

धर्मपालजी से मेरा व्यक्तिगत सम्पर्क पिछली शताब्दी के अस्सी के दशक के प्रथमार्ध में हुआ था। ठीक तिथि मुझे याद नहीं – यद्यपि उनके नाम और काम से मैं उससे पहले से परिचित था – खासतौर पर उनके गवेषणापूर्ण ग्रन्थ 'इंडियन साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन द एटीन्थ सेंचुरी' से – और उनके प्रति एक गहरी प्रशंसा का भाव मुझमें था। दिल्ली में मेरे कई मित्र बनवारी, राजीव वोरा, पंकज, पुषराज आदि उनके प्रशंसक थे और कह सकते हैं कि उनके आस–पास हिन्दी के उस समय के कई बौद्धिकों की एक मंडली–सी बन गई थी। धर्मपालजी के काम ने उन सब के मन में अपने समाज की बौद्धिक–सांस्कृतिक परम्परा को लेकर एक गहरे आत्मविश्वास का संचार कर दिया था और यह लगने लगा था कि अपनी परम्परा के आधार पर ही भारतीय समाज पुन: अपना नवोन्मेष संभव कर सकता है। मैं इतिहास का विद्यार्थी रहा हूं और इसलिए इस बात से कुछ परेशान भी कि एक शानदार परम्परा वाला समाज कब और क्यों परमुखापेक्षी हो गया। सामान्यत: इतिहास की विश्वविद्यालयी शिक्षा भारत को अंधविश्वासों और अवैज्ञानिक मानसिकता के अंधकूप में पड़ा हुआ समाज बताती थी और इसी को अंग्रेजों के सम्मुख भारतीयों की पराजय का कारण मानती थी। अभी भी हमारा राजनीतिक नेतृत्व और विश्वविद्यालयी बौद्धिक वर्ग यही मानता है कि अंग्रेजों के आने से ही हमारा समाज विज्ञान से परिचित हो सका। इस वर्ग को सारी भारतीय समाज–संरचना एक अवैज्ञानिक संरचना लगती रही है।

धर्मपालजी का यह तर्क बहुत प्रभावी था कि कोई भी समाज वैज्ञानिकता के बिना अपने को बनाए नहीं रख सकता। यदि भारतीय समाज की वैदिक काल से लेकर अभी तक एक लंबी परम्परा बनी रही है तो यह किसी–न–किसी प्रकार के विज्ञान के बिना संभव

नहीं हो सकता है। इसलिए विज्ञान और खासतौर पर तकनीकी का एक ही रूप नहीं हो सकता है। हर समाज अपने परिवेश और जरूरतों के मुताबिक तकनीकी का आविष्कार करता है। एक इतिहासकार के रूप में धर्मपालजी ने अपने शोधकार्य को मुख्यत: अठारहवीं शताब्दी पर इसी कारण केन्द्रित किया कि इसी समय भारतीय समाज के औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत आने और उसके परिणामस्वरूप उस शासन द्वारा भारतीय समाज को उसकी जड़ों से विच्छिन्न करने की एक योजनाबद्ध प्रक्रिया शुरू की गई। यह भ्रांति प्रचारित की गई कि भारतीय समाज एक अंधविश्वासी समाज है और यूरोपीय बुद्धि के अनुकरण में ही उसका विस्तार संभव है। अंग्रेजों की सफलता ने तत्कालीन भारतीय बौद्धिक वर्ग में भी एक हीन भावना पैदा कर दी थी और उन्हें भी यही लगता था कि यदि भारत को खड़े होना है तो उसका यूरोपीयकरण अनिवार्य है। इस प्रवृत्ति के सबसे बड़े उदाहरण राजा राममोहन राय कहे जा सकते हैं जिन्होंने भारतीयों को अंग्रेजी शिक्षा देने के लिए उत्साहपूर्ण आंदोलन–सा चलाया था। यह भारतीय समाज के यूरोपीयकरण की दुर्भाग्यपूर्ण शुरुआत थी।

धर्मपालजी ने इसीलिए अठारहवीं शताब्दी को अपने अध्ययन का केन्द्र बनाया और सफलतापूर्वक यह प्रमाणित किया कि अंग्रेजों के आने से पूर्व भी भारतीय समाज एक वैज्ञानिक बुद्धिसम्पन्न समाज था और उसकी अपनी तकनीकी थी जो उत्पादन–कौशल और परिणाम में पश्चिमी तकनीकी से कहीं आगे थी। उनके शोध की एक खासियत यह रही कि अपनी बात के प्रमाण स्वरूप उन्होंने उस आधार–सामग्री का इस्तेमाल किया जो स्वयं ब्रिटिश अधिकारियों ने तैयार की थी – अपने समय के भारत को समझने के लिए, क्योंकि वे यह जानते थे कि किसी भी समाज पर शासन करने के लिए उसके तरीकों, संरचना और चित्त को समझना बहुत जरूरी है। इस काम के लिए उन्हें वर्षों तक लंदन में रहकर वहां के अभिलेखागारों से प्रामाणिक सामग्री की खोज करनी पड़ी। वे जानते थे कि अपनी परंपरा के प्रति शंकालु हो चुका भारतीय बुद्धिजीवी और राजनीतिक नेतृत्व तब तक उनकी बात नहीं स्वीकार करेगा जब तक स्वयं अंग्रेजी शासन के दस्तावेजों को ही प्रमाण–रूप में प्रस्तुत नहीं किया जाए। इसलिए उन्होंने अपने शोध–ग्रंथों में सारी आधार–सामग्री को मूल रूप में प्रस्तुत करते हुए उस पर आधारित एक लंबी भूमिका में अपने निष्कर्षों को दर्शाया। शिक्षा, विज्ञान, कृषि–उत्पादन, पंचायत–व्यवस्था आदि सभी क्षेत्रों में इसी तरह के प्रामाणिक दस्तावेज प्रकाशित कर देने से उनके निष्कर्षों में किसी भी तरह के अविश्वास की कोई गुंजाइश नहीं रही। संभवत: यही कारण रहा कि युवा बौद्धिकों

के एक बड़े वर्ग ने उनके माध्यम से अपनी परंपरा के प्रति एक आत्मविश्वास को पुन:अर्जित किया और धर्मपालजी उनके लिए मशाल बन गए।

इसी दौर में मैंने धर्मपालजी को बीकानेर आमंत्रित किया – डॉ. छगन मोहता स्मृति व्याख्यान–माला की पहली कड़ी के रूप में व्याख्यान देने के लिए। डॉ. छगन मोहता एक ऐसे बौद्धिक थे जिन्होंने किसी भी तरह की 'आधुनिक' शिक्षा प्राप्त नहीं की थी। उन्होंने स्वाध्याय से ही ऐसा पाण्डित्य और बौद्धिक उत्कृष्टता हासिल की थी कि राजस्थान के तत्कालीन बौद्धिकों का एक बड़ा वर्ग उन्हें 'फ्रेंड, गाइड एंड फिलासफर' मानने लगा था। वे बीकानेर प्रौढ़–शिक्षण समिति के संस्थापकों में थे। इसीलिए समिति ने उनकी स्मृति में एक व्याख्यान–माला का आयोजन करने का निश्चय किया और समिति का तत्कालीन अध्यक्ष होने के नाते इसका दायित्व मेरा था। मुझे लगा कि इस आयोजन की शुरुआत के लिए धर्मपालजी से बेहतर उद्‌बोधक कोई और नहीं हो सकता। धर्मपालजी के ये व्याख्यान बाद में वाग्देवी प्रकाशन द्वारा 'भारत का स्वधर्म' नाम से प्रकाशित हुए। मेरा सौभाग्य था कि इस पुस्तक के सम्पादक का गुरुतर दायित्व धर्मपालजी ने मुझे सौंपा।

लेकिन इसी व्याख्यान के दौरान कुछ मुद्दों पर धर्मपालजी से मेरी असहमतियां भी बनीं। मैं यह तो मानता था/हूं कि हम अपनी परंपरा में से ही अपना पुनर्जीवन प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन मैं यह नहीं मान पाता कि हमारी सभी खामियों की जिम्मेदारी सिर्फ औपनिवेशिक शासन की ही है और इतिहास के लंबे दौर में सभी कुछ वांछनीय ही रहा है। धर्मपालजी में यह भावना कुछ बलवती हो गई थी और वे इसलिए भारतीय समाज की किसी तरह की कमी की ओर संकेत से असहिष्णु से हो जाते थे। उनके कई प्रशंसकों में – जो मेरे घनिष्ठ मित्र भी रहे – यह प्रवृत्ति मुझे दीखती थी। वे इसे आत्माधिकार की संज्ञा देते और इसे हीन भावना की अभिव्यक्ति मानते थे। मेरा कहना था कि आत्माधिकार और आत्मश्लाघा दोनों ही हीन भावना की अभिव्यक्तियां हैं और आत्मावलोकन ही वह रास्ता है जिससे हमें वास्तविक आत्मविश्वास हासिल हो सकता है।

इन व्याख्यानों में धर्मपालजी ने सती प्रथा को शौर्य तथा देवदासी प्रथा को आत्मत्याग कह कर उनका समर्थन किया। मैंने वहीं तत्काल अपनी असहमति प्रकट करते हुए यह कहा कि ये दोनों ही प्रथाएं स्त्री–जीवन बल्कि जीवन–मात्र की अवज्ञा हैं तथा हम उन्माद को शौर्य और अबोध बचपन को मंदिरों में अर्पण कर देने को त्याग की संज्ञा नहीं दे सकते।

मुझे इस बात का संतोष है कि 'भारत का स्वधर्म' के प्रकाशन के समय उन्होंने मुझे इन प्रथाओं से संबंधित अंशों को हटाने की अनुमति दे दी।

मेरे वर्धा रहने के दौरान उनसे सम्पर्क और बढ़ता गया क्योंकि वह भी अपना अधिकांश समय सेवाग्राम आश्रम में ही गुजारने लगे थे। मैं अपने कई छात्रों को भी उनके पास भेजता था। महात्मा गांधी के मर्म को जिन लोगों ने सही रूप में समझा है, उनमें धर्मपालजी अप्रतिम थे। शायद यही कारण रहा कि केवल आश्रमी गांधीवादियों में उनके प्रति सम्मान का भाव रहते हुए भी एक दूरी बनी रही क्योंकि धर्मपालजी गांधी को मीरा बेन के शब्दों का इस्तेमाल करते हुए, 'आग' कहते थे और थके हुए आश्रमी 'आग' से खेलने को तैयार नहीं दिखते। इसलिए वे केवल रचनात्मक कार्यों तक ही गांधीजी के सत्याग्रह को सीमित कर देते हैं।

उनके निधन से कोई एक सप्ताह पूर्व ही मैं सेवाग्राम आश्रम में उनसे मिला था। बहुत देर तक वह बोलते रहे। मुझे लगा कि उन्हें विश्राम की आवश्यकता है। इसलिए मैंने जब इजाजत मांगी तो बोले कि क्या पता फिर बोल पाऊं या नहीं। मैं चरणस्पर्श कर चला आया। शायद वह दूसरा अवसर था, जब मैंने उनका चरणस्पर्श किया था। पहली बार उनके जन्मदिन के अवसर पर सेवाग्राम आश्रम में ही। तब क्या मालूम था कि वह आखिरी दर्शन होगा। मुलाकात के तीसरे–चौथे दिन मैं कुछ दिनों के लिए बीकानेर चला आया। दो दिन बाद पता चला कि वह चरणस्पर्श आखिरी था।

जिन्होंने रास्ता दिखाया

— रामबहादुर राय

वह पहला अवसर था जब अपने चाहने और मानने वालों के बहुत जोर देने पर धर्मपालजी जन्मदिन मनाने पर सहमत हो गए थे। उससे पहले उन्होंने अपना जन्मदिन मनाने की कभी जरूरत नहीं समझी थी। जिसके चौरासी साल बीत गए हों और जो अपने जीवन का मकसद पा चुका हो उस व्यक्ति के प्रति आदर जताने के लिए वह आयोजन था जिसमें शामिल होने के लिए देश भर से लोग आए थे। १८ फरवरी, २००६ का वह दिन सेवाग्राम आश्रम की एक ऐसी यादगार है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। हालांकि उनका जन्मदिन १९ फरवरी को होता है, लेकिन सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष अमरनाथ भाई की सुविधा से उसे एक दिन पहले मनाना तय हुआ।

सेवाग्राम की जिस कुटिया में वे रहते थे उसके बारामदे में लोग शाम को सहजभाव से जमा हुए। वैसे ही जैसे किसी प्रार्थना सभा में आते हैं। धर्मपालजी अनमने भाव से बीचों–बीच कुर्सी पर बैठे। उस आयोजन को मित्र–मिलन कहा जा सकता है। वह जन्मदिन का समारोह तो कतई नहीं था। वहां वर्गाकार व्यवस्था में बैठे हुए अपने परिचितों के बीच वे खोये हुए से थे। मानो कुछ और सोच रहे हों। वहीं हर व्यक्ति उत्सुक था। उसके मन में धर्मपालजी के बारे में ज्यादा जानने की इच्छा जगी हुई थी, जिसे उनकी बेटी गीता धर्मपाल ने सबकी ओर से प्रगट किया। आप जानते हैं कि वे जर्मनी में प्रोफेसर हैं। बैठने की व्यवस्था अपने आप इसलिए वर्गाकार हो गई थी क्योंकि दो बरामदों में लोग बैठे हुए थे। एक में आश्रमवासी महिलाएं थीं और दूसरे में बाहर से आए हुए ज्यादातर लोग बैठे हुए थे। महिलाओं में ही धर्मपालजी की बेटी भी बैठी थीं।

सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष ने सूत की माला पहना कर उन्हें सम्मानित किया, जिसे उन्होंने खुद काता था, जैसा कि बताया। उस अवसर पर पहले धर्मपाल जी बोले, यही ज्यादातर व्यक्तियों का आग्रह था। उनमें जिज्ञासा का भाव बना हुआ था कि वे अपने बारे में संभवत: उन पहलुओं पर बोलेंगे, जो मालूम नहीं हैं। उनके शोधपरक अध्ययन के बारे में तो जानने, सुनने और पढ़ने का अवसर लोगों को मिलता ही रहा है। वह पहला अवसर था जिसमें धर्मपालजी अपने बारे में कुछ बता सकते थे। इसीलिए जब यह बात उठी कि वे पहले बोलें तो उपस्थित समूह ने अपनी सहमति जताई और इस तरह तय सा हो गया कि उनके बाद ही दूसरे लोग बोलेंगे। सबकी निगाहें धर्मपालजी की तरफ मुड़ गईं। वे पशोपेश में पड़ गए। कोई उपाय नहीं था कि वे बोलने से बचें।

उनका रुख अमरनाथ भाई की ओर था। वे जो बोले उसका सीधा संबंध महात्मा गांधी की आश्रम अवधारणा से था। उन्होंने सीधे वही बात रखी, जिसके बारे में महीनों से वे बोल–बतिया रहे थे और लिख–पढ़ कर चेतना पैदा करना चाहते थे। बिना किसी भूमिका के उन्होंने सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष को संबोधित कर कहा कि – 'आश्रम के चारों तरफ सरकार जो चहारदीवारी बनवा रही है उसे गिरवा दीजिए। बापू के आश्रम को जेल बनाया जा रहा है। बहाना यह कि इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है।' आमतौर पर बहुत ही सहज होकर अपनी बात कहने वाले धर्मपालजी उस दिन बोलते वक्त आक्रोश में थे। वे अपना असंतोष दबा नहीं सके। शायद वे इसका प्रयास भी नहीं करना चाहते थे। चाहते तो वे कुछ और बातों पर बोल सकते थे और सेवाग्राम आश्रम पर चुप रह जाते। मान लीजिए ऐसा वे करते, तो फिर खुद को अभिव्यक्त करने से बचते, जो उनका स्वभाव नहीं था।

उस सादे आयोजन में उनके बारे में अनेक व्यक्ति बोले। जिससे उनके व्यक्तित्व पर रोशनी पड़ती है उन्हें समझने में उससे सहायता मिल सकती है। जब वह आयोजन खत्म हुआ और ज्यादातर लोग चले गए, उस समय मैंने उनसे पूछा कि पिछले दिनों जब आप अस्पताल में दाखिल हुए तो हुआ क्या था? उन्होंने धीरे से कहा कि आपको सही बात मैं बताऊंगा। सेवाग्राम आश्रम में शाम का अंधेरा पसरने लगा था। अपनी कुटिया के सामने वे एक कुर्सी पर बैठे थे, जहां यह बात हो रही थी। मैंने अपना सवाल दोहराया। वे पहले भी मूर्छित हो चुके थे। इस कारण चारों तरफ चिंता थी। उनकी सेहत गिरती जा रही है। इस बार वे अस्पताल में जैसे गए, उसका कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं था। इसीलिए उनसे ही यह जाना जा सकता था कि वास्तव में हुआ क्या था? उन्होंने जो बताया उससे कारण

साफ नहीं हो रहा था। अधिक कुरेदने पर उन्होंने असली बात बताई – 'मैंने नींद की गोली अधिक मात्रा में ले ली थी।' उनसे यह सूचना सदमे से गुजरने जैसा था। इसका एक अर्थ यह भी है कि वे नींद की गोली की ज्यादा खुराक लेकर हमेशा के लिए सो जाना चाहते थे, यानी अपनी जीवन–लीला खत्म करने की उन्होंने वह तरकीब सोची थी। यही वजह थी कि वे इस बारे में कोई बात करना उस समय उचित नहीं समझते थे, जब कोई तीसरा हो। 'मैं तो यहां से जा ही रहा हूं' – यह उनका आखिरी वाक्य था जब वे सेवाग्राम आश्रम के सरकारीकरण से व्यथित होकर बोल रहे थे। उनके इस वाक्य के गूढ़ार्थ बातचीत के बाद प्रगट होने लगे। पहले मैं उसके शब्दार्थ में ही उलझा हुआ था। उनके बोलने पर अमरनाथ भाई ने विरोध नहीं जताया। उन्होंने कहा कि – 'आपने यह प्रसंग छेड़ दिया है तो बता दूं कि सर्व सेवा संघ आपसे पूरी तरह सहमत है।' मैंने उनसे कहा कि जब सर्व सेवा संघ आपसे पूरी तरह सहमत है तो फिर आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस पर वे चुप नहीं रह सके। साफ था कि वे सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष के आश्वासन को खोटे सिक्के से ज्यादा महत्त्व देने के लिए तैयार नहीं थे। सवाल इसका है ही नहीं कि सर्व सेवा संघ का मत क्या है? असली बात तो यह है कि सर्व सेवा संघ क्या वास्तव में महात्मा गांधी की आश्रम अवधारणा को उसी रूप में मानता है जैसा कि धर्मपालजी लिख–पढ़ कर बता रहे थे। इस पर वे सर्व सेवा संघ के विरोध में खड़े पाए जाते हैं।

'महात्मा गांधी ने गांव–समाज से जुड़ने के लिए आश्रम की स्थापना की थी। वे अपने आश्रमों को संपूर्णता में देखते थे। जहां से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चेतना पैदा होती थी।' बातचीत में धर्मपालजी इसे समझाते थे। यही उनका वह पैमाना था जिस पर सेवाग्राम आश्रम को वे मापते थे। उनको इस बात की तकलीफ थी कि सेवाग्राम उन गतिविधियों से शून्य हो गया है जिससे सामाजिक, राजनैतिक चेतना पैदा होती है। क्या यह जमाने का असर है? यह पूछने पर उनका उस दिन जवाब था कि आजादी के बाद से यह गिरावट आने लगी थी। भूदान आंदोलन से सेवाग्राम को कुछ दिनों के लिए संजीवनी मिली। लेकिन यह भी हुआ कि उस आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए आश्रम को कुछ दिनो तक बंद भी कर दिया गया। उसी दौर में सेवाग्राम आश्रम का सरकारीकरण होना शुरू हुआ सर्व सेवा संघ ने इस सरकारीकरण को उसी तरह से अपनी सहमति दी जिस तरह से कि उसके अध्यक्ष धर्मपालजी की बातों का समर्थन कर रहे थे। उसी दौर में धर्मपालजी अन्ना साहब सहस्त्रबुद्धे से मिलने सेवाग्राम आए। धर्मपालजी जब वहां आए तो सेवाग्राम का वातावरण प्रेरक नहीं था। उन्होंने आश्रम के जीवन में जीवन्तता लाने के लिए कई प्रयास किए। इस तरह वे सेवाग्राम आश्रम के पुराने दिनों को लौटा लाना चाहते थे। यह तभी संभव

था जब उन्हें पूरा सहयोग मिलता। इसकी शिकायत उनके मन में नहीं थी। वे संस्था खड़ी करने वाले लोगों में थे भी नहीं। लेकिन वे अवश्य यह चाहते थे कि सेवाग्राम एक उदाहरण बने। असल में दो तरह का नजरिया सेवाग्राम के बारे में है। एक वह है जिससे सर्व सेवा संघ संचालित होता है तो दूसरा धर्मपालजी का अपना सोचा–समझा विचार है। ये समानान्तर धाराएं हैं। इनमें जहां मेल होता है वहीं टकराव भी हो जाता है। मेल और टकराव इस बात पर रहा कि महात्मा गांधी को आज के जमाने में किस भांति समझें। एक तरीका है जिससे सर्व सेवा संघ महात्मा गांधी को समझ रहा है और अपने तौर–तरीके से उनकी विरासत को संभाल रहा है। उसके अपने हां और न हैं। सहमति और असहमति है। जिन बातों को सर्व सेवा संघ एक संस्था के रूप में सही नहीं समझता उनसे धर्मपालजी भी परहेज करें, यह उनसे उम्मीद की जाती थी। यहां टकराव हो जाता था। सर्व सेवा संघ को महात्मा गांधी के विचारों की प्रतिनिधि संस्था माना जाता है। सर्व सेवा संघ अपने बलशाली दिनों (नैतिक अर्थों में) में अनुशासन की बजाय आत्मानुशासन पर जोर देता रहा है। क्षीणकाय होने के बाद वह अपने ही एक राजनीतिक दार्शनिक को अनुशासित करने की कुचेष्टा में लग गया। सर्व सेवा संघ को इस पर एतराज था कि उनसे वे लोग भी मिलते हैं जिन्हें वह काली सूची में डाल चुका है। इसके अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। ऐसी ही एक घटना सन् २००१ में हुई जब सर्व सेवा संघ के कर्ता–धर्ता इशारे से कहने लगे कि सेवाग्राम आश्रम में धर्मपालजी अब नहीं रह सकते क्योंकि उनका मिलना–जुलना संघ परिवार के साथ बढ़ गया है। उस समय सर्व सेवा संघ को अपना फैसला बदलना पड़ा। उसे यह भी मानना पड़ा कि धर्मपाल जी पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। तब यह बात धर्मपाल जी से मैंने पूछी थी कि आप सेवाग्राम में क्यों रहना चाहते हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि 'वहां रहने से मुझे गांधी को समझने और उनके रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलती है।' उनके लिए गांधी व्यक्ति नहीं, विचार थे। उस विचार को आत्मसात् करने में ही उन्होंने अपना जीवन लगाया। खोजते–खोजते उन्होंने जिस गांधी को पाया उसमें नवीनता थी और था भारत के भविष्य का एक खाका। वह भारत की पुनर्रचना का ब्लूप्रिंट था। अंग्रेजों ने अपने शासन के दो सौ सालों में हमारी समाज व्यवस्था को जिस तरह तहस–नहस कर दिया था उससे निकलने का रास्ता उस ब्लूप्रिंट में है। देश को कैसे फिर से बनाया जाए इसी गुत्थी को वे जीवन भर सुलझाते रहे। आजाद भारत में जय प्रकाश नारायण, विनोबा के बाद जिस व्यक्ति ने सबसे अधिक अपनी ओर गैर गांधी वालों को खींचा वे धर्मपालजी थे, यानी उन्होंने गांधी को अधिक सुगम बनाया। नई पीढ़ी को समझाया कि मौजूदा नेतृत्व चाहे जिस पार्टी का भी हो वह सच्चे अर्थों में भारतीय नहीं है। राजनीतिक दलों का नेतृत्व क्यों बार–बार विफल हो जा रहा है? क्यों जेपी की सम्पूर्ण

क्रांति नारे से आगे नहीं बढ़ सकी? क्यों जनता पार्टी के सत्ता में आने के बावजूद सार्थक बदलाव के सपने पूरे नहीं हुए? क्यों विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में बनी राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी? इन सारे सवालों का जवाब धर्मपालजी से बातचीत करते हुए मिल जाता था। सूत्र रूप में कहें तो वह यह था कि आजादी के बाद देश में अपनी व्यवस्था बनाने की कोशिश शुरू ही नहीं हुई। यह दिमागी दिवालियेपन के कारण था या इस कारण कि हमारे नेतृत्व का आदर्श पश्चिमी ढांचा था। इस फर्क को समझाकर उन्होंने नई पीढ़ी को गांधी से जोड़ा। इस बात के कारण सर्व सेवा संघ में उनका सम्मान अपने आप बढ़ जाना चाहिए था। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। उन्हें सर्व सेवा संघ की कार्यसमिति में इस बात के लिए कोसा गया कि वे गांधी विचार के विरोधियों को प्रतिष्ठा दिला रहे हैं। उन पर आरोप लगा कि वे नव–हिन्दुत्व को बढ़ावा दे रहे हैं। इसलिए उन्हें सेवाग्राम आश्रम में नहीं रहना चाहिए। हुआ यह था कि उन दिनों धर्मपालजी ने एक सुझाव दे दिया था कि सर्व सेवा संघ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में संवाद होना चाहिए। यह सुझाव उन्होंने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मंच से दिया था। यही उनका बड़ा गुनाह बन गया। इस तथाकथित गुनाह की उन्होंने परवाह नहीं की। वे अपने रास्ते पर चलते रहे। संवाद ऐसी प्रक्रिया है जो लोकतंत्र में चलती रहनी चाहिए। उससे परस्पर विचारों का आदान–प्रदान होता है। इसी उद्देश्य से वे संवाद पर हमेशा बल देते रहे। उनके साथ जो नये युवा जुड़ते रहे, वे संवाद से ही धर्मपालजी के नजदीक आते गए थे। उनमें संवाद की वह कला थी जिससे बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो जाती थी। ऐसे अनगिनत लोगों को उन्होंने यह समझाया कि जो देश बन रहा है वह पश्चिम की नकल है। मुझे एक घटना याद है। १९९२ के शुरुआती दिनों में वे गांधी शांन्ति प्रतिष्ठान में ठहरे हुए थे। एक मित्र का फोन आया कि धर्मपालजी बात करना चाहते हैं। हम उनसे मिलने गए। वे चाहते थे कि राष्ट्रीय स्तर का एक अन्तर विचारात्मक संवाद हो। जिसमें ज्यादा लोग न हों, ४०–५० प्रतिनिधि रहें। उनसे बातचीत में जैसा हमने समझा वैसा संवाद बुलाने के प्रयास शुरू हुए। जैसे–जैसे प्रगति हुई यह अनुभव आया कि विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े लोगों को यह विचार पसंद आया है। उनका सहयोग मिलने लगा। कई महीने के प्रयास से यह अंदाज हो गया कि संवाद में रुचि बढ़ रही है। जब संवाद की तारीख नजदीक आ रही थी उन्हीं दिनों छह दिसंबर की वह घटना हो गई जिसमें बाबरी मस्जिद गिरा दी गई। हालांकि संवाद का निर्णय महीनों पहले हुआ था और उसकी तारीख भी तय थी इसके बावजूद उस संवाद पर छह दिसंबर छाया रहा। फिर भी वह संवाद कई दिनों तक वृंदावन में चला। हमारे लिए यह नया अनुभव था कि उसमें धर्मपालजी नहीं आए जबकि उनके सुझाव पर ही वह रखा गया था। भले ही वे नहीं आए, लेकिन उन्होंने संवाद का सिलसिला

चलाने की प्रेरणा दी। वे क्यों नहीं आए यह उनसे जानने समझने की जितनी भी कोशिश कर सकता था, वह की। उस घटना से मैंने यह समझा कि उनके मन की थाह नहीं ली जा सकती। जो विलक्षण हो उसे समझना उतना आसान भी नहीं होता जितना अक्सर मान लिया जाता है। एक घटना से उनको पूरी तरह समझा भी नहीं जा सकता। ऐसा लगता है कि छह दिसंबर की आहट उनको मिल गई थी। तभी वे संवाद पर जोर दे रहे थे। उस घटना के बाद उन्हें उसकी व्यर्थता खयाल में आई होगी। इसलिए वे वहां नहीं आए। छह दिसंबर को जिस रूप में उन्होंने देखा और दिखाया वह उनके कूपमंडूक साथियों को नागवार गुजरा। कई बार एक प्रश्न परेशान करता है कि जो काम एक व्यक्ति के रूप में धर्मपालजी कर सके वही बड़ी संस्थाएं क्यों नहीं कर पाती हैं?

उनके जीवन के आखिरी आठ–दस सालों में इस तरह के अनेक प्रसंग खड़े हुए हैं। इसी दौरान उनके शोध की एक दिशा स्पष्ट हुई। जरूरत यह थी कि उन पर संगठित कामकाज शुरू हो। यह जब स्पष्ट हो गया कि आजादी के समय नेतृत्व ने गलती की और जो उस नेतृत्व का दायित्व था उसे नहीं निभाया, इस अनुभव के बाद भारतीय पद्धति पर समाज बनाने का प्रयोग नये उत्साह से शुरू हो जाना चाहिए था। उसका ही अगला चरण अपनी स्व–व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन–प्रशासन बनाने का हो सकता था। इस पर असहमति की कोई गुंजाइश ही नहीं होनी चाहिए। जो गांधी को मानते हैं उनमें इसको लेकर नया उत्साह पैदा होना चाहिए था। धर्मपालजी इसी संदर्भ में आश्रम व्यवस्था को देखते थे। जब उन्हें यह लगने लगा कि गांधी को समझने के लिए आश्रम व्यवस्था को अधिक सजीव बनाने में दिलचस्पी कम हो रही है तो उनमें एक तरह का निराशाभाव आया। अपने जीवन के अंतिम चरण में एक दिन उन्होंने मुझसे कहा कि – 'पढ़ नहीं सकता। अब नया शोध संभव नहीं है। जो खोजा है उसे कोई बढ़ाने वाला नहीं है।' इस तरह उनकी पीड़ा आखिरी दिनों में प्रगट होती थी। उन्हें सुनने के बाद महसूस होता था कि वे अपने जीवन में एक हेतु के प्रति समर्पित थे। जो कुछ वे खुद कर सकते थे उतना किया। इस रूप में उन्हें अपने जीवन का कार्य पूरा हो गया लगता था। लेकिन वे कुछ साल और अपने शरीर को चला सकते थे अगर उनके किए शोध को आंदोलन का रूप देने के लिए संस्थाएं सामने आतीं। ऐसा नहीं है कि वे मात्र सर्व सेवा संघ से ही निराश हुए हों। उनकी निराशा उन सभी संगठित जमातों से होने लगी थी जो समाज कार्य के लिए समर्पित होने का दावा करते हैं। धर्मपालजी इसी दीन–दुनिया के ऋषि थे। इसे यूं भी कहा जा सकता है कि वे दो लोक में हमेशा विचरण करते थे, मनोरंजन के लिए नहीं, उसे बदलने के लिए और बेहतर बनाने के लिए। यह लोक, वह लोक। उनका मन रमता था – जनलोक में। इसी

मामले में वे अलौकिक थे। जब एक दिन पूरे देश को चौंकाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गोरक्षा पर एक फैसला सुनाया जिसे गांधीजन ने ऐतिहासिक माना। उस दिन वे दिल्ली में थे। यह संयोग ही था। उनसे इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में ३० अक्टूबर, २००५ को जो बातचीत हुई वह हमेशा की तरह नई समझ देने वाली थी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया है वह छोटी चीज है। जिसे वे ज्यादा महत्त्वपूर्ण मानते थे उसकी चर्चा करने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब क्या था? गुजरात में गोवंश की हत्या पर रोक लगी हुई है। उसे वहां के हाईकोर्ट में चुनौती दी गई और हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में आया और सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के कानून को जायज ठहराया। इस सिलसिले में उनसे बात हो रही थी। उन्होंने कहा कि – 'अधिक महत्त्वपूर्ण यह है कि देश और भारतीय सभ्यता में जो चीज ऊंची है उसे मानने और बरतने में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। गाय और गोवंश का प्रश्न ऐसा ही है।' वे साफ–साफ कहते थे कि मौजूदा शासन प्रणाली बदलनी होगी, तभी गांव और गोवंश की रक्षा हो पाएगी। उनके हिसाब से जो लोग सत्ता में हैं वे बर्बर हैं। वे कहते थे कि गाय हमारे लिए अर्थशास्त्र का प्रश्न नहीं है। हमारे लिए वह काबा का पत्थर है। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिन पर बहस नहीं हो सकती है। गाय का प्रश्न भी ऐसा ही है।' उस दिन पूरी बातचीत गाय पर केंद्रित थी। धर्मपालजी ही बोल रहे थे, मैंने सिर्फ प्रसंग छेड़ दिया था। उन्होंने कहा – 'हम अब तक तय नहीं कर पाए हैं कि हमारे लिए क्या चीज ऊंची है। साधारण लोग जिसे जल्दी समझ लेते हैं उसे भी हमारा शासक वर्ग नहीं समझ पाता। ऐसे शासक वर्ग को हटा दिया जाता है। हमने ऐसा नहीं किया। यही कमी है।' गाय के सवाल पर वे एक जगह महात्मा गांधी को गलत ठहराने में जरा भी नहीं हिचके। मरी हुई गाय का चमड़ा इस्तेमाल कर सकते हैं, यह महात्मा गांधी ने कभी कहा था। इसे धर्मपालजी मानने के लिए तैयार नहीं थे। उनका तर्क था कि क्या अपनी मां का चमड़ा निकाला जाता है। यही धर्मपालजी की वह विशेषता है जिसके कारण वे किसी पंथ से परे हो जाते हैं। गांधी उनके लिए विचारधारा थे जिसे वे थोड़ी दूरी बना कर देखते और समझते थे। गांधी वालों को यही खटकता था। जो बात गांधी वालों को खटकती थी वही संघ यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को कैसे पसंद आती? इसकी परीक्षा गोपशु आयोग के दौरान हो गई। गोवंश की रक्षा धर्मपालजी के जीवन दर्शन में बहुत ऊंचे स्थान पर था। कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती के दबाव में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने गोपशु आयोग बनाया। उस किस्से का वर्णन गैरजरूरी है। इतना ही प्रासंगिक है कि शंकराचार्य ने ही धर्मपालजी का नाम उस आयोग के अध्यक्ष पद के लिए सुझाया था। वे चाहते थे कि धर्मपालजी इस काम को संभालें। उन्हें एस. गुरुमूर्ति

ने धर्मपालजी के कामकाज के बारे में बताया हुआ था। खासतौर पर यह कि गोवंश की रक्षा के आंदोलनों का जितना सम्यक और सम्पूर्ण अध्ययन धर्मपालजी ने किया है उतना दूसरा कोई नहीं कर सका है। यही कारण था कि जयेन्द्र सरस्वती ने उन्हें मनाया और धर्मपाल जी ने हां कर दी। धर्मपाल जी क्या जानते थे कि सरकार चाहे जिसकी हो उसे चलाते तो वे अफसर हैं जिनकी ट्रेनिंग का पक्का बन्दोबस्त अंग्रेज कर गए हैं। धर्मपालजी बड़े इरादे से गोपशु आयोग को संभालते रहे। लेकिन, उन्होंने जल्दी ही आयोग की सीमाएं पहचान लीं। जिस तरह आयोग का गठन किया गया वह यह बताने के लिए काफी था कि सरकार की उसके कामकाज में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। आयोग का गठन टरकाऊ था। उसमें कोई गंभीरता नहीं थी। अगर सरकार सचमुच गोवंश की रक्षा के प्रति ईमानदार होती तो उसके लिए वह पूर्णकालिक आयोग बनाती। जैसे ही ये बातें उनके खयाल में आईं उन्होंने गुमानमल लोढ़ा को एक लम्बा पत्र लिखा जिसमें उन्होंने अपने विचार रख दिए और आयोग के कामकाज से अपना नाता तोड़ लिया। गुमानमल लोढ़ा आयोग के उपाध्यक्ष थे। यह इस देश की बड़ी विडम्बना है कि महात्मा गांधी, विनोबा, डॉ राजेन्द्र प्रसाद के अलावा संविधान सभा, आजाद भारत की सरकारें भी गोवंश की रक्षा का सार्थक उपाय नहीं कर सकीं जबकि आजादी की लड़ाई के एजेंडे में यह भी एक मुद्दा था। इसके बारे में चले आंदोलनों की ताजा याद ७ नवम्बर, १९६६ का दिन है जिस दिन इंदिरा गांधी की सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए आए सत्याग्रहियों पर संसद के चारों तरफ बहुत जुल्म ढाया था। उस आंदोलन का नेतृत्व प्रभुदत्त ब्रह्मचारी कर रहे थे। उसके बाद गोवंश की रक्षा के लिए आवाजें उठती रहीं, पर कोई आंदोलन खड़ा नहीं हो सका। आठवें दशक में विनोबा ने इसके लिए जान की बाजी लगा देने का इरादा बनाया था। उसी तरह जैसे राजग के शासन में जयेन्द्र सरस्वती ने आमरण अनशन पर जाने का अपना निर्णय सुना कर अटल बिहारी वाजपेयी की नींद हराम कर दी थी। इस विवरण से यह बात समझी जा सकती है कि गोवंश की रक्षा का सवाल पुराना है और हमारी आजादी की लड़ाई से इसका गहरा नाता है। चलते–चलाते यह याद दिलाना जरूरी है कि धर्मपालजी ने ही ये दो बातें लोगों के मन मस्तिष्क में बैठाई थीं – पहली यह कि अंग्रेजों के जमाने में करीब ८० साल तक गोवंश की रक्षा का आंदोलन चलता रहा। दूसरी बात इससे भी महत्त्वपूर्ण है कि गोवध अंग्रेजों के जमाने में ही बड़े पैमाने पर इसलिए शुरू हुआ क्योंकि उनकी सेना के लिए मांस की जरूरत थी। जैसे ही गोवंश रक्षा के मंच पर धर्मपालजी आए मानो सागर के पुत्रों को नया जीवन मिल गया। वे उन्हीं की तरह अपना जीवन हेतु पहचानने लगे। अगर इस आयोग को वाजपेयी सरकार, विश्व हिन्दू परिषद और इनके नियंता संघ ने धर्मपालजी को काम करने की पूरी छूट दी होती तो कम–से–कम इतना तो हो ही सकता

था कि एक ऐसी रिपोर्ट बन जाती जो सालों–साल आने के बाद सालों तक रास्ता दिखाती रहती। लोगों को प्रेरित करती। जब वे आयोग छोड़ने जा रहे थे उस समय उनका डेरा होता था – कर्नाटक भवन। वे सेवाग्राम के इस इमारत में इतने असहज हो गए थे कि तमाम बंधनों को तोड़ कर वे मुक्तभाव से सेवाग्राम के आकाश को हर क्षण याद करते रहते थे। दिसंबर ७, २००१ को जो पत्र उन्होंने शासन को आयोग से अपने को अलग करने के लिए भेजा उसकी एक प्रति भरोसे में मुझे दी। उसके कुछ दिन पहले जब वे चिट्ठी बना रहे थे उनकी चिंतन प्रक्रिया को उन सब लोगों ने नजदीक से देखा होगा जो उनसे मिले थे। उसी दौरान बातचीत में उन्होंने जो कहा वह मैंने अपनी नोटबुक में जितना संभव था उतारा। मसलन, 'गोवध पर पूरी तरह पाबंदी के लिए बहुत प्रयत्न की जरूरत है। यह काम कृषि, पशुपालन, गांव और खेती की पुनर्व्यवस्था किए बगैर नहीं हो सकता। इस काम में सोच–विचार की जरूरत है। वक्त लग सकता है, लेकिन मांस का निर्यात तो फौरन बंद किया जा सकता है। इसके लिए एक सरकारी आदेश काफी है अगर सरकार हीला–हवाली करे तो बड़ा जन आंदोलन चला कर उसे मजबूर किया जा सकता है। रोज जीव हत्या करके हम मांस का निर्यात करते रहे हैं। यह तो हमारी सभ्यता के लिए कलंक की बात है।' वे गोरक्षा को बुनियादी सवाल मानते थे। इसी नजरिये से वे अपने काम को भी देखना पसंद करते थे। मैं उनसे कहना चाहता था और कहा भी कि आप आयोग को छोड़िए मत। इस आग्रह में जो भावना काम कर रही थी उसे पारखी धर्मपाल ने तत्क्षण भांप लिया। वे बोले कि – 'ऐसे काम आयोगों की जांच–पड़ताल से नहीं हुआ करते। आयोग एक मामूली जरिया है। उसकी रिपोर्ट से चेतना जगाई जा सकती है। एक जन आंदोलन चलाया जा सकता है।' उन्होंने यह सूचना दी जो मेरे लिए नई थी कि शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती ने देशव्यापी बहस छेड़ने के लिए कुछ उपयोगी सुझाव प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तक पहुंचाए हैं। वे इसे अकेला सवाल नहीं मानते थे। उनकी व्यापक दृष्टि में अनेक प्रश्न हैं जिन पर विचार होना चाहिए। कृषि में दो सौ साल पहले जैसी उपज थी और खेतिहर जैसे खुशहाल थे उसे वापस लाए बगैर गोवंश की रक्षा के लक्ष्य को नहीं पाया जा सकता। वे खेती की नई व्यवस्था में गोवंश की रक्षा देखते थे। उन्होंने ही गोरक्षा के प्रश्न को सही मायने में राष्ट्रीय प्रश्न बनाया। वे जो कुछ लिख–पढ़ और बता गए हैं वह भारत के लिए अपना राजनीतिक दर्शन है।

धर्मपालजी और उनका काम

— पवन कुमार गुप्ता

धर्मपालजी से मिलना, उनसे अनौपचारिक बातें करना, उनकी बात को समझना, इन सब का धीरे–धीरे परन्तु बड़े गहरे स्तर पर असर होता था। उनकी बातों को स्वयं की मान्यताओं के आधार पर पढ़ और सुनकर, सतही स्तर पर निष्कर्ष निकालने से गलत नतीजों पर भी पहुंचा जा सकता है। बहुत लोग इस कारण भ्रमवश यह मानते हैं कि धर्मपालजी कुछ पीछे ले जाने की बात कर रहे हैं या कि वे भारतवर्ष के गौरवमय अतीत की कोई बात कर रहे हैं या यह भी कि वे भयंकर रूप से पश्चिम के खिलाफ हैं, इत्यादि। असल में, ये सारे–के–सारे निष्कर्ष उन्हें समझे बिना निकाले गए होते हैं।

धर्मपालजी किसी चीज को तोड़–मरोड़ने, अतिशयोक्ति करने अथवा किसी वास्तविकता की अवहेलना करने के आदी नहीं थे। वे तो, जो है, आस–पास जो कुछ हो रहा होता है या साधारणतया लोग जैसा व्यवहार करते हैं, दुनिया में जो कुछ होता है, उसे बिना किसी लाग–लपेट के, बिना किसी पूर्वाग्रह के देखकर गहराई से समझने का प्रयास करते रहते थे। उनको विभिन्न अलग–थलग दिखने वाली चीजों और आयामों के बीच संबंध देखना अच्छा लगता था और इन संबंधों के आधार पर वे अपनी समझ बनाते थे। और उनकी यह आदत ही उनकी विलक्षणता भी थी। इस प्रकार वे एक व्यापक दृष्टि से चीजों को समझने का प्रयास करते थे।

वे यह समझने की कोशिश करते थे कि मनुष्यों, समाजों, लोक–जीवन, सभ्यताओं के व्यवहार के पीछे क्या कारण हैं, उनकी जीवन दृष्टि, पीछे छिपी मान्यताएं क्या हैं, जो उनके कार्य–व्यवहार को संचालित करती हैं। वे इस विवाद में ज्यादा नहीं पड़ते थे कि

मान्यताएं सही है या गलत हैं, या कि लोग इन मान्यताओं को समझ रहे है या नहीं। वे इसमें ज्यादा रुचि रखते थे कि इसे समझा जाए कि जीवन–दृष्टि या मान्यताओं का कार्य–व्यवहार के साथ क्या संबंध है। उनके हिसाब से जो हो रहा होता है, वह ध्यान देने योग्य है और इसे समझना चाहिए कि इसके पीछे क्या कारण हैं। उन कारणों में सबसे महत्त्वपूर्ण वे सभ्यतागत और व्यवस्थागत कारणों को मानते हैं जो उस समाज की जीवन–दृष्टि से उपजते हैं।

धर्मपालजी ने भारतवर्ष को, यूरोप को, और वहां के लोगों को समझने का प्रयास किया है और ऐसा लगता है कि इसमें वे सफल भी हुए हैं। हर एक समाज की अपनी–अपनी जीवन–दृष्टि होती है जिससे वह अपने और अपने आस–पास की दुनिया के बीच सम्बन्ध स्थापित करता है। इसी की वजह से नदी पानी ले जाने वाली एक धारा के बजाय गंगा, यमुना, कावेरी या नर्मदा नाम से सम्मान पाती है और वह जीवन्त हो उठती है। वह सिर्फ मनुष्य के उपभोग की वस्तु नहीं रहती, वरन् कहीं इससे ऊपर उठकर, जीवनदायिनी बन जाती है। वह क्या बात है, जिसे एक सभ्यता के लोग, बिना पढ़े मान लेते हैं, जिससे वे जीवन भर प्रकृति के साथ एक सहज और सम्माननीय रिश्ता बनाने को प्रेरित हो जाते हैं। क्या कारण है कि एक आम भारतीय भी कभी–कभी महान दार्शनिक बातें कर जाता है। और उसी के अनुसार अपने जीवन में आने वाले सुख–दुख को झेलता है। धर्मपालजी ने इन बातों को जानने का प्रयास किया है।

धर्मपालजी दुनिया को सफेद और काले, सही और गलत, इन ध्रुवों में नहीं देखते थे। वे सामान्य जीवन, लोक जीवन का सम्मान करते थे और यह मानते थे कि जो लोग सदियों से सहज रूप से जीते आए हैं, उनमें कुछ ऐसा जरूर होगा, जो गौरवशाली है, सम्माननीय है। 'साधारण' और 'आम' उनके लिए सम्मानीय थे और समझने योग्य थे। पण्डित नेहरू के एक अंग्रेजी भाषण, जिसमें उन्होंने आम लोगों को 'टीमिंग मिल्यन्स' कहकर संबोधित किया है, से वे बहुत दुःखी होते थे।

वे मनुष्य को सम्पूर्ण सृष्टि का एक हिस्सा मानते थे और दोनों में एक जुड़ाव को देखने का प्रयास करते थे। पशु–पक्षी, कीड़े–मकोड़े कैसे व्यवहार करते हैं, इसमें उनकी विशेष रुचि थी। इस प्रकार की किताबों का भी अध्ययन वे लगातार करते थे, जिनमें जीव–जंतुओं के बारे में गहराई से अध्ययन किया गया हो। जीव–जंतुओं, कीड़े–मकोड़े, पशु–पक्षियों के जीवन में जो व्यवस्था या संगीत दिखलाई देता है, उसे वे बड़ी रुचि से समझने का

प्रयास करते थे। जैसे एक बार जब मैं उनसे मिलने गया तो उन्होंने मुझे यह बताया कि गण्डकियों के झुंड में मादा और नर का अनुपात लगभग ही १.६१८ और १ का होता है तो उन्होंने बड़ी रुचि ली और उसे इसके बारे में अधिक जानकारी हासिल करने के लिए कहा। इस प्रकार की बातें उन्हें हमेशा रुचिकर लगती थीं जैसे कि शेर और मगरमच्छ दोनों के मुंह पर बैठकर एक खास प्रकार की चिड़िया उनके दांतों के बीच फंसे हुए मांस के टुकड़ों को निकालती है और ये मांसाहारी पशु उस चिड़िया को आराम से ऐसा करने देते हैं और वह चिड़िया उनसे डरती नहीं। ऐसी बातों में उनका बड़ा ध्यान जाता था और वे सोचने लगते थे। वे यह मानते थे कि हमारे स्कूलों में बच्चों को अपने आस–पास के परिवेश की अच्छी समझ होनी चाहिए। वहां के पेड़–पौधे, मिट्टी, पशु–पक्षी, कीड़े–मकोड़ों का अध्ययन वह जरूरी मानते थे। वे यह मानते थे कि आधुनिक पढ़े–लिखे मानव का प्रकृति का अध्ययन बहुत ही अधकचरा है जिसकी वजह से उसने अपने को सबसे अलग किया है और अहंकार में भी डूब गया है। उन्हें लगता था कि शायद प्रकृति का अध्ययन हमारे भारतीय समाज में बहुत गहरा रहा और सृष्टि में निहित व्यवस्था को समझकर ही हमने अपनी व्यवस्थाएं, अपनी जीवनशैली बनाई है। उन्हें यह भी लगता था कि इन बातों की समझ आज भी हमारे विभिन्न जातीय समूहों में बची है, जिसे हमें ढूंढ़ना चाहिए।

इसी प्रकार धर्मपालजी कालगणना एवं इतिहास लिखने के पीछे जो मान्यताएं होती हैं, उनके बारे में भी अकसर सोचा करते थे और सचेत रहते थे। किसी भी लिखी हुई या बोली हुई बात को बड़े ध्यान से पढ़ते थे और साथ ही लिखने और बोलने वाले पर भी उनकी नजर बराबर रहती थी, क्योंकि जो लिखा या बोला जाता है उसमें भी बोलने व लिखने वाले की मान्यताएं समाविष्ट रहती हैं। इसीलिए वे प्रेमचंद या शरत्चंद्र को पढ़ते वक्त सिर्फ कहानी नहीं पढ़ते थे, बल्कि इस पर भी नजर रखते थे कि यह कहानी इतिहास के किस कालखण्ड में लिखी गई है, उस समय देश में क्या हो रहा था और लिखने वाले किस मानसिकता से प्रभावित रहे होंगे। कैसी हवाएं उस समय चल रही होंगी, कैसे प्रभाव यहां आ रहे होंगे। प्रेमचंदजी अपनी एक कहानी में जरसी गाय की बड़ाई अपने किसी पात्र से करवाते हैं। यह बात उन्हें बड़ी अचरज भरी लगती थी कि पश्चिम का प्रभाव हम पर उस समय भी किस कदर छा गया था। इसी के साथ वे यह भी देख पाते थे कि आज भी बहुत सारे लोग जरसी गाय के दूध, मूत्र एवं गोबर एवं देसी गाय के दूध, मूत्र और गोबर के बीच भेद करते हैं। हजारों–लाखों लोगों ने मैथिलीशरण की 'भारत भारती' पढ़ी होगी, कइयों को कंठस्थ भी होगी परन्तु धर्मपालजी जैसे विरले ही होंगे जिनका ध्यान 'भारत भारती' के उस फुटनोट की इस बात पर भी गया होगा कि सन् १८९० और सन्

१९०० के बीच भारत में करीब १ करोड़ ९० लाख लोग भूख, अकाल एवं अत्याचार से मारे गए। इस तरह की बातों पर उनका ध्यान स्वत: ही जाता था और फिर वे इस बात को आगे बढ़ा पाते थे। इस बात को उन्होंने न सिर्फ अंग्रेजों के आने के बाद बढ़ी भुखमरी, बढ़े अत्याचार से जोड़ा, वरन् जनसंख्या की जो गणना है, उस पर भी उन्होंने कई सवाल खड़े किए। अलग–अलग दिखने वाली चीजों को जोड़कर पिरो पाना, जो शायद भारतीय मानस की कला रही है, उनकी खास बात थी।

वे यह मानते थे कि भारत तकरीबन १००/१२५ सांस्कृतिक इकाइयों का देश है, जिनकी अपनी–अपनी मान्यताएं व परंपराएं हैं। उन्हें ऐसा लगता था कि इन्हें हमें समझना चाहिए। इस पर शोध होनी चाहिए, क्योंकि इनकी बुनियाद पर जब हमारी अपनी आधुनिकता और अपना विकास खड़ा होगा तभी हममें आत्मविश्वास आएगा। आत्मछवि व आत्मविश्वास को वे बड़ी चीज मानते थे। उनको यह लगता था कि हमारे देश के विद्यालयों को इस प्रकार के शोध–कार्य करने चाहिए जो इन विभिन्न सांस्कृतिक इकाइयों की मान्यताओं की पड़ताल कर सकें। वहां की कहावतें, लोककथाएं, इत्यादि की छानबीन करनी चाहिए। उन इलाकों में रहने वाले विभिन्न जातीयसमूहों के बीच रिश्ते की पड़ताल गहराई से करनी चाहिए। इन जातीयसमूहों के बीच दूरी है, भेदभाव है – इस मानसिकता से अलग हटकर, उनके बीच के रिश्ते को, जैसा है, वैसा समझने का प्रयास होना चाहिए। विभिन्न जातीयसमूहों की औरतों के बीच भी एक रिश्ता होता है, हंसी–मजाक चलता है, एक–दूसरे की खिंचाई भी होती होगी, चिढ़ाते भी होंगे, ठिठोली भी करते होंगे। ऐसा ही मर्दों के बीच भी होता होगा। एक–दूसरे से वे काम भी करवाते होंगे और एक–दूसरे का काम करते भी होंगे। अनेक प्रकार का लेन–देन भी होता होगा। कभी मिलते होंगे, कभी झगड़ते होंगे। इन सबका अध्ययन होना चाहिए। इस तरह की बातें वे अक्सर करते थे। इसी क्रम में उन्होंने हमें प्रेरित किया कि हम 'People of India' (Anthropological Survey of India) पुस्तक–माला की पूरी शृंखला खरीदें जिसमें भारत के विभिन्न समुदायों का अध्ययन है। इस शृंखला में जिस प्रकार से वर्गीकरण किया गया है, धर्मपालजी को बहुत अच्छा नहीं लगता था लेकिन उनकी प्रेरणा से हम लोगों ने इस बात को देखा कि भारतवर्ष में अनेक मुस्लिम–समुदाय ऐसे हैं जो गाय को, यहां तक की मांस को भी नहीं खाते, बल्कि बहुत सारी मुस्लिम–जातियां ऐसी हैं, जो अण्डा भी नहीं खातीं। कुछ मुस्लिम–जातियां लाल मसूर की दाल व प्याज भी नहीं खातीं। इस प्रकार की बातों में धर्मपालजी की बहुत रुचि थी और वे चाहते थे कि रूढ़िगत मान्याताओं को, जो आधुनिक

पढ़े लिखे समाज में व्याप्त है, तोड़ी जाए ताकि वे सहज दृष्टि से अपने को और अपने समाज को देखने लगें।

इसी क्रम में उन्होंने हमें प्रेरित किया था कि सन् १८८० और सन् १८९४ के बीच भारतवर्ष में गो–वध के खिलाफ जो आंदोलन हुआ था उसके दस्तावेज हम छापें। बहुत सारे लोगों ने इस किताब को बिना पढ़े ही, सिर्फ देखकर ही यह मन बना लिया कि यह कोई हिन्दू मानसिकता से प्रेरित व्यक्ति का काम है। परन्तु अगर दस्तावेजों को पढ़ें तो हमारी बहुत सारी मान्यताएं बदल जाती हैं। यह आंदोलन गो–वध के खिलाफ था लेकिन इसमें न सिर्फ सिक्खों और हिन्दुओं ने भाग लिया, बल्कि पारसी एवं मुसलमानों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। अंग्रेजों के भारत आने के पहले यहां साल भर में लगभग ३० हजार गायें कटती थीं। उनके आने के बाद यह संख्या प्रतिदिन ३० हजार पहुंच गई। हमारे देश के मुसलमानों को आमतौर पर गाय खाने की आदत नहीं है, यह उनके स्वाद का हिस्सा नहीं है। जबकि अंग्रेजों को 'बीफ' के बिना खाना अधूरा लगता था इसलिए अंग्रेजी फौज के लिए गाय काटना जरूरी था। अंग्रेज इस आंदोलन से काफी घबराए और उन्होंने कई तरीकों से इसे संभाला। दस्तावेज खुली दृष्टि से पढ़ने पर यह अपने समाज के बारे में एक सही दृष्टि बनाने में सहायक है। इस दस्तावेज की सहायता से बाद में हम लोग कई महत्त्वपूर्ण मुस्लिम नेताओं से संवाद करने की स्थिति में आए और इस किताब का विमोचन भी लखनऊ में हम लोग शिया धार्मिक नेता काल्बे सादिक साहब से करवा पाए। बाद में देवबंद के दारुल उलूम के नायब सदर (उपकुलपति) से भी संवाद हुआ। मुसलमानों ने तो इसमें रुचि दिखलाई परन्तु दुर्भाग्यवश हमारे अपने हिन्दू भाइयों ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं ली। हमारे सेक्युलर भाइयों ने तो इसे देखते ही नजरअंदाज करने का मन बना लिया। धर्मपालजी लगातार देश को समझने और फिर लोगों को समझाने का प्रयास करते रहते थे परन्तु मुझे लगता है कि एक तरफ 'सेक्युलर' सोच रखने वाले 'आधुनिक' एवं दूसरी तरफ हिन्दुओं का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले, इन दोनों प्रकार के लोगों ने धर्मपालजी को समझने में भूल की या यह कहें कि धर्मपालजी की बात वे समझ नहीं पाए। मैं इसे देश का दुर्भाग्य ही मानता हूं।

आखिर के दिनों में उनकी रुचि इस बात में बढ़ी कि दुनिया के विभिन्न देशों के आपसी रिश्ते सन् १५०० से पहले, जब यूरोप पूरी दुनिया पर हावी होना शुरू हुआ था, किस प्रकार के थे। पिछले ५०० सालों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े रिश्ते – धार्मिक, दार्शनिक, शैक्षणिक संबंधों के आधार पर न होकर अधिकांशत: दूसरे पर शासन करने या धन लाभ

के लिए, व्यापार के तहत ही दिखालाई पड़ते हैं। वे यह मानते थे कि सन् १५०० से पहले की दुनिया और उसके बाद की दुनिया में बड़ा फर्क है और हमें उसकी पड़ताल गैर–यूरोपीय दृष्टि से करनी चाहिए। वे चाहते थे कि हिन्द–महासागर के इर्द–गिर्द जो देश हैं, उनके आपसी रिश्तों का गहराई से अध्ययन हो या इनके बीच जो यात्रा–वृत्तांत हैं, उनका मूल भाषाओं में अध्ययन हो, न कि यूरोपीय भाषा के अनुवाद के जरिए। इसी संदर्भ में उनकी नजर ज़ैंग–हो नाम के चीनी नाविक सेनापति पर गई, जो करीब सात दफा समुद्र के रास्ते सन् १४०५ और सन् १४३० के बीच भारत आया। तीन–तीन महीने कोचिन में रहा। बंगाल भी गया वहां के राजा गणेश को अपने साथ चीन भी ले गया। उसके वृत्तांतों को पढ़ने से ऐसा लगता है कि वह न तो व्यापार की दृष्टि से यहां आता था और न ही युद्ध करने। हालांकि वह अपने साथ तीन सौ जहाजों का बेड़ा और तीस हजार लोगों को लेकर चलता था। वह क्यों आता था, किस दृष्टि से प्रेरित होकर आता था, कोई व्यापार नहीं, धन लाभ नहीं; इसे समझने की जरूरत उन्हें लगती थी। यूरोपीय दृष्टि से इतिहास पढ़ने पर कुछ ऐसा लगने लगता है कि जैसे सुविधा–संग्रह, धन लाभ एवं दूसरे की वस्तु एवं जमीन पर आधिपत्य जमाने के लिए ही यात्रा होती हो। इस दृष्टि ने जैसे हम सबको निगल लिया है। परन्तु धर्मपालजी मानते थे कि इससे भिन्न भी जीवन–दृष्टि होती थी, है, और इस तरह इतिहास की समझ बनाकर उससे ताकत ली जा सकती है और एक नई दुनिया के निर्माण की शुरुआत हो सकती है। 'हिन्द स्वराज' को भी और महात्मा गांधी को भी, वे इन बातों से जोड़कर देखते थे। एक बार उन्होंने मुझसे एक ऐसी किताब का जिक्र किया जिसमें अफ्रीका के किसी इलाके के बारे में कुछ ऐसा अंदेशा लगाया गया है कि वहां लगभग चार हजार साल पहले एक बहुत ही नफीस सिंचाई का बंदोबस्त था, जिसे जिन लोगों ने ऐसा किया था, उन्हीं ने बाद में नष्ट कर दिया। इसी प्रकार वहां पहिये का उपयोग भी होता रहा और बाद में खुद ही उन्होंने उसे नष्ट कर दिया। इन बातों को धर्मपालजी बड़े गौर से देखते थे और 'हिन्द स्वराज' में जब गांधीजी 'सच्ची सभ्यता कौन सी?' वाले अध्याय में हमारे यहां की झोपड़ियों, हल एवं यंत्रों का जिक्र करते हैं, तो उससे जोड़ दिया करते थे।

उनकी सोच की उड़ान इतनी व्यापक होती थी कि उनके साथ यह उड़ान लेने में मजा भी आता था और डर भी लगता था। डर इस बात का लगता था कि यह उड़ान पता नहीं कहां ले जाकर पटकेगी। मुझे ऐसा लगता है कि बहुत सारे लोग ऐसे रहे होंगे जो धर्मपालजी के साथ यह उड़ान लेने से बीच में ही डर गए और फिर से अपने छोटे से दायरे में सिमट गए।

उनके मन में किसी के प्रति द्वेष भाव कभी नहीं देखा, चाहे वह वामपंथी हो या दक्षिणपंथी, यूरोपीय हो या अमरीकन। उनके लिए सभी कुछ समझने की चीज थी द्वेष की नहीं। एक बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेतृत्व के न्यौते पर वे नागपुर भी गए। सभी प्रकार के लोगों से वे संवाद करने के पक्षधर थे। चाहे संघ के लोग हों या मार्क्सवादी, है तो अपने ही लोग – ऐसा वे मानते थे। किसी का भी बहिष्कार उन्हें ठीक नहीं लगता था। पर उनकी बात को, उनके ही कई मित्र भी नहीं समझ पाए। सेवाग्राम में, जहां वे रहते थे, वहां रहने में भी कई प्रकार की अड़चनें इस कारण आईं। इन सबसे वे दुःखी जरूर हुए पर मन में द्वेष कभी नहीं आया। दुःखी होकर वे जरूर यह कहने लगते थे, "देखो क्या हो गया है। लोग कैसा सोचने लगे हैं।" साधारण लोगों की बातें ध्यान से सुनना, उसको समझना इसका प्रयास वे लगातार करते थे। साधारण में, सामान्य में, असाधारण देख पाने की उनमें अपार क्षमता थी।

सन् १९२२ में मुजफ्फरनगर के कांधला गांव में जन्मे धर्मपालजी की पढ़ाई–लिखाई बहुत सामान्य तरह से हुई। उनके पास विश्वविद्यालय से प्राप्त कोई डिग्री नहीं थी। अपने पिता के साथ सन् १९४२ में बम्बई में गांधीजी के 'करो या मरो' भाषण को सुनने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। उस उम्र में स्वतंत्रता संग्राम से जितना जुड़ सकते थे, उतना जुड़े भी पढ़ाई भी बीच में छोड़ दी। आजादी मिलने के आस–पास, मीरा बहन के निकट आए और उनके साथ कई दिनों तक 'पशुलोक' (मीरा बहन द्वारा स्थापित ऋषिकेश के पास एक गांव) में रहे भी। सन् १९४९ में इजराइल और यूरोप के कई देशों का भ्रमण किया। सन् १९५८ से सन् १९६४ तक 'अवार्ड' नामक संस्था के सचिव रहे। इस संस्था के सन् १९५९ में जयप्रकाश नारायण अध्यक्ष रहे। उसी दौरान देश भर में पंचायती राज संस्थाएं किस प्रकार कार्य कर रही हैं, इसे समझने के लिए देश के कई इलाकों में इन्हें जाने का मौका मिला। इस दौरान अकस्मात् सौभाग्य से उन्हें कुछ ऐसी बातों का पता चला जिनका आम पढ़े–लिखे भारतीयों को कोई भान नहीं है। जैसे 'बीस–बिसवा पंचायत', जो सरकारी पंचायतों से अलग थी और परम्परा से एक जमाने से चली आ रही थी, का उन्हें पता चला। इसी दौरान दक्षिण में पुराने दस्तावेजों के मार्फत 'सामुदायम' गांवों का पता चला और फिर यह भी पता चला कि आज भी इस प्रकार के गांव, भले ही थोड़ी सी मात्रा में हों, पर मौजूद हैं। इसी प्रकार की छिट–पुट परन्तु महत्त्वपूर्ण बातों का पता लगने से धर्मपालजी को लगने लगा कि हम अपने देश को ठीक से समझते नहीं हैं। जो छवि देश और समाज के लोगों के बारे में हम पढ़े–लिखों के मन में है, वह गलत है। धर्मपालजी को लगने लगा कि सम्भवतः हमारे साधारण लोग किसी और मिट्टी के बने हैं, किसी और

तरह से सोचते हैं, किसी अन्य तरीकों से निर्णयों पर पहुंचते हैं, जिनका हम पढ़े लिखों को, अपने ही समाज से कट जाने की वजह से, पता ही नहीं है।

धर्मपालजी को लगता था की इन बातों की बारीकी से पड़ताल होनी चाहिए। शायद उन्हें, गांधीजी ने जो कहा था या लिखा था, वह याद आता होगा। गांधीजी की कही उन बातों को – जो हम पढे–लिखों को पचती नही हैं, भले ही हम उन्हें गांधीजी में आस्था होने की वजह से नकारते नहीं हों – धर्मपालजी ने नई दृष्टि से देखा होगा और यह संकल्प लिया होगा कि इन्हें समझा जाए। समझने के प्रयास में उन्हें शायद यह जरूरी लगा होगा कि पहले यह समझा जाय की अंग्रेजों के आने से पहले भारतीय समाजों की क्या दशा रही होगी, उनकी व्यवस्थाएं कैसी रही होंगी, उनके आपसी रिश्ते किस प्रकार के रहे होंगे, वे अपना काम–काज किस प्रकार चलाते होंगे? अंग्रेजों ने भारतीय स्वतंत्रता को 'सत्ता हस्तान्तरण' का नाम दिया है। यह सच भी है, क्योंकि स्वाधीन भारत में भी व्यवस्थाएं तो वैसी ही चल रही हैं जैसी अंग्रेज बना गए थे। अगर अच्छा हो रहा है तो भी और अगर बुरा हो रहा है तो भी, इस बात का श्रेय उन्हीं को जाएगा क्योंकि हमने व्यवस्थाओं में कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं किया है। इसलिए धर्मपालजी को लगा होगा कि एक ऐसे समय का अध्ययन होना चाहिए जब व्यवस्थाएं अंग्रेजों की बनाई व्यवस्थाओं से भिन्न रही होंगी। इसमें उन्हें अंग्रेजों के पुराने दस्तावेजों का ही सहारा लेना पड़ा, क्योंकि अन्य ऐसे तरीके या ऐसा दस्तावेज उन्हें समझ नहीं आए, जिनका सहारा लेकर इन बातों का पता किया जा सके।

ब्रिटेन का भारत से सम्पर्क सन् १५९० के आस–पास से रहा है। सन् १६०० के आस–पास ईस्ट इंडिया कम्पनी बनी और सन् १६१७ में ब्रिट्रेन के थामस रो ने जाहंगीर से यह निवेदन किया कि उन्हें भारत में व्यापार के लिए कुछ केन्द्र खोलने की इजाजत दी जाय। सूरत जैसी जगहों पर उन्होंने अपने केन्द्र खोले, जिन्हें कारखाना या फैक्ट्री का नाम दिया गया। कुछ दिनों बाद वहां पर छोटी–मोटी किलाबन्दी कर दी गई और सामान रखने के लिए गोदाम बना दिए गए। फिर वहां छोटी–मोटी बसाहटें बसने लगीं। इन जगहों से नियमित रूप से भारत में होने वाली कार्यवाइयों की रिपोर्ट इंग्लैण्ड जाती थी।

सन् १७४८ के आस–पास फ्रांसीसी और अंग्रेज भारत के बड़े हिस्सों पर अपना कब्जा जमाने लगे। दक्षिण भारत में तमिलनाडु के उत्तर में स्थित आरकोर्ट से लेकर, १० वर्षों के

अन्दर अन्दर ये भारत के सुदूर दक्षिण तक फैल गए। इसी तरह जून १७५७ में ये बंगाल और बिहार में भी फैलने लगे। सन् १७७३ में अंग्रेजों ने अपने द्वारा नियुक्त बंगाल के गवर्नर को गवर्नर जनरल बना दिया। इन सब गतिविधियों ने बहुत सारे दस्तावेजों को जन्म दिया।

सन् १७८४ में ब्रिटिश पार्लियामेंट के द्वारा हिन्दुस्तान के काम–काज को देखने के लिए 'बोर्ड ऑफ कमिश्नर्स' की नियुक्ति की गई, जिसका अध्यक्ष ब्रिटिश सरकार का कैबिनेट मंत्री होता था। शुरू में ब्रिटिश प्रधानमंत्री भी इस बोर्ड का सदस्य होता था। यह संस्था सन् १८५८ तक यानी ७४ साल चली और हिन्दुस्तान पर राज किया। सन् १८५८ के बाद इस संस्था को हटाकर इसे ब्रिटिश सरकार के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट से बदल दिया गया। इस समय के तमाम दस्तावेज और पत्र वगैरह उपलब्ध हैं। इस समय भारत को एक सम्पत्ति के रूप में देखा गया और उसकी एक लागत लगाई गई जिसे ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शेयर होल्डरों को दिया और नई नियुक्त हुई भारत सरकार को उस राशि का कर्जदार बना दिया गया। सन् १९४७ में आजादी मिलने तक और उसके बाद भी हम यह कर्ज अंग्रेजी सरकार को चुकाते रहे हैं।

इसके अलावा सन् १७७३ में जब वारेन हेस्टिंग को हिन्दुस्तान का प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया, उस समय के भी कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज हैं, सन् १७८४ से सन् १८५८ तक गवर्नर जनरलों एवं बोर्ड ऑफ कमिश्नर के अध्यक्ष के बीच पत्र व्यवहार और सन् १८५८ के बाद ब्रिटिश वायसरायों तथा सेक्रेटरी और स्टेट के बीच हुए पत्र व्यवहार महत्त्वपूर्ण हैं। इस जमाने के ब्रिटेन के प्रमुख राजनीतिज्ञों के बीच हुए पत्र व्यवहार भी महत्त्वपूर्ण हैं। इस प्रकार के तमाम कागजात ब्रिटिश म्यूजियम की इंडिया आफिस लाइब्रेरी में हैं, जिन्हें धर्मपालजी ने बारीकी से ६० और ७० के दशक में छान मारा। इन सब से, भारतवर्ष में उस समय, जो कुछ हो रहा है, उसे अंग्रेज किस दृष्टि से देखते हैं, समझते हैं, उनकी नीति किस समय कैसी है और कैसे बदल रही है, इन सब का कुछ अंदाजा लगाया जा सकता है।

धर्मपालजी ने इन सारे कागजातों को पढ़कर, देखकर न सिर्फ भारत की समझ बनाने की चेष्टा की, वरन् यह भी समझने का प्रयास किया कि अंग्रेज किस प्रकार सोचते हैं, उनकी परम्पराएं क्या हैं, उनके सोचने के तरीके क्या हैं, और उस सोच का आधार क्या है, उनकी मान्यताएं क्या हैं?

ध्यान दें तो यह समझ आने लगता है कि हमारी सारी समझने की प्रक्रिया के पीछे मान्यताएं तो होती ही हैं – भले ही उन मान्यताओं को हमने जाना–पहचाना हो अथवा नहीं, पर हर हाल में दृष्टि के पीछे मान्यताएं होती हैं। धर्मपालजी ने इन दस्तावेजों के माध्यम से भी और अन्य साहित्य के माध्यम से भी यूरोपियों की दृष्टि, उनकी मान्यताओं को समझने का बड़ा काम किया है। अंग्रेजों ने जो हस्तक्षेप यहां किए वे सब के सब इस दृष्टि से नहीं देखे जा सकते कि वे सब शोषण या लूट के लिए ही थे। बहुत सारे हस्तक्षेप उनकी भारतीय समाज की गलत समझ की वजह से भी निकले थे। यूरोपियों के हस्तक्षेप से भारत में क्या हुआ, यह तो उन्होंने देखा ही है, परन्तु इस हस्तक्षेप के असर कई स्तरों पर और कई तरह के हुए जिनकी गहराई में धर्मपालजी जा पाए।

धर्मपालजी धर्म और अध्यात्म की बातें कम ही करते थे परन्तु मुझे लगता है कहीं बहुत गहरे में वे एक आध्यात्मिक व्यक्ति थे जो अपने व्यक्तिगत जीवन में, हर छोटी–बड़ी घटना का सामना एक दार्शनिक समझ से करते रहे, जो मूलरूप से भारतीय स्वभाव में है। ऊपर–ऊपर से तो वे कई बार बड़ी जल्दी में दीखते थे – इस छटपटाहट में कि देश किसी तरह खड़ा हो जाय, एक बड़ा बदलाव जल्द ही किसी भी तरह आ जाय, भारतीय अपने मूल स्वभाव में सहजता से जी सकें। पर साथ ही वे 'जो होना है वह अपने समय से होगा' या 'जो होता है वह ठीक ही होता है, अपनी गति से होता है', जैसी मान्यताओं में गहरे में विश्वास करते भी नजर आते थे। वास्तव में उनका सारा ध्यान वास्तविकता को समझने पर होता था इसलिए वे ज्ञान की किसी भी विधा के दायरे में बंध कर नहीं सोचते थे – यह उनकी ताकत थी और यही शायद अन्य अकादमिक लोगों की उनके साथ परेशानी का कारण भी।

धर्मपालजी विविधता को उसके विभिन्न आयामों में समझते थे और शायद बड़े गहरे में इस विविधता के प्रशंसक भी थे। भौगोलिक परिवेश, सभ्यतागत स्वभाव, जीवन–दृष्टि, मान्यताएं, अपने आस–पास के संसार को समझने के तरीके, कार्य और व्यवहार के बीच कहां–कहां और कैसा सम्बन्ध है, इसे वे लगातार और गहराई से समझने का प्रयास करते ही रहते थे।

व्यक्तिगत स्तर पर हम सभी इस बात को महसूस करते हैं कि कहीं–न–कहीं हर व्यक्ति में अपनी कुछ विशेषता होती है, जिसे कभी हम प्रवृत्ति, रुझान या कभी स्वभाव का नाम

देते हैं। इस प्रवृत्ति से, वह व्यक्ति अपने लिए जीवन में जो काम चुनता है अगर वह कर पाता है, तो आदमी जग जागता है, सुख का अनुभव करता है। व्यक्ति की अपनी जिंदगी, अपनी प्रवृत्ति के अनुकूल बैठती है तो अच्छा होता है, व्यक्ति सफलता का अनुभव करता है। अन्यथा एक कुण्ठा, एक व्यथा, एक असंतोष की भावना उसे जकड़े रहती है। ठीक यही बात सभ्यताओं और समाजों पर भी लागू होती लगती है। हर समाज व्यवस्थाओं में जीता है। अगर समाज स्वतंत्र होते हैं और स्वतंत्र रूप से चिंतन कर सकते हैं, तो वे इन व्यवस्थाओं का निर्माण अपनी जीवन–दृष्टि और स्वभाव के अनुकूल करते हैं। परन्तु अगर लम्बी विदेशी हुकूमत के चलते वे स्वतंत्र चिंतन करना भूल जाते हैं या अपने मूल स्वभाव की पहचान ही धूमिल पड़ जाती है तो फिर व्यवस्थाओं और अपनी सभ्यतागत प्रवृत्ति के बीच तालमेल नहीं बैठा पाते। नतीजतन समाज एक भंवर में फंस सा जाता है।

आज देश में हम कई प्रकार की समस्याओं से अपने को घिरा पाते हैं और उनसे निकलने के लिए छोटे–बड़े प्रयास भी हो ही रहे हैं। इन सारी समस्याओं की जड़ तक पहुंचने का प्रयास धर्मपालजी ने किया है और उनका विश्लेषण अन्य चिंतकों से भिन्न है। हमारे देश में एक बड़ी धारा यह भी रही है कि व्यक्ति–व्यक्ति की समझ ठीक कर दी जाए तो समाज ठीक हो जाएगा। दूसरी धारा उनकी रही है जो व्यवस्थाओं को बदलने में विश्वास रखते हैं। धर्मपाल भी इसी श्रेणी में आते हैं फिर भी उनमें और इस धारा के अन्य लोगों के बीच एक बड़ा भेद है। धर्मपालजी सभ्यतागत स्वभाव की बात करते हैं और व्यवस्थाओं को इसके अनुरूप ढालने की बात करते हैं। इस तरह की सोच व्यवस्थाओं को बदलने में विश्वास करने वाले तबके में देखने को बहुत कम मिलती है। चूंकि भारत के इस सभ्यतागत स्वभाव में आध्यात्मिक रुझान और विशिष्ट दार्शनिक पहलू भी एक बड़ा स्थान रखता है इसलिए धर्मपालजी की यह बात उन्हें, जो व्यक्ति निर्माण करके व्यवस्था को बदलने की बात करते हैं, उनके नजदीक ला देती है।

वर्तमान युग में हमारे पास दो विकल्प हैं – या तो हम यह मान सकते हैं कि पूरी दुनिया में जो ताकतें, जो सभ्यताएं प्रभावी दिखती हैं, उन्हीं के रास्ते पर भारत को भी चलना पड़ेगा। या यह मान लें कि नहीं, हमारी अपनी कुछ ताकतें हैं, कुछ सोच है जो इन प्रभावी रुझानों से भिन्न है और हमारे लिए ही नहीं, दुनिया के लिए भी श्रेयकर है, तो फिर धर्मपालजी जो कह रहे हैं उसे प्रयत्न करके समझना पड़ेगा। अगर भविष्य में जाकर

भारतवर्ष, मनुष्य मनुष्य (और विभिन्न देशों के बीच भी) नये प्रकार के सम्बन्ध स्थापित करके, ज्यादा खुशहाल और सरल जीवन बनाने में सफल होता है तो उसमें निश्चय ही धर्मपालजी के योगदान को स्वीकार किया जाएगा।

स्वराज्य के पुरोधा

— बनवारी

एक

पिछले पच्चीस अक्टूबर, २००६ को भइया दूज के दिन शाम के साढ़े आठ बजे धर्मपालजी ने महात्मा गांधी द्वारा स्थापित सेवाग्राम आश्रम में अंतिम सांस ली और चौरासी साल की आयु में उनके तेजस्वी और यशस्वी शरीर यात्रा का अंत हो गया। वे पिछले कोई पच्चीस साल से सेवाग्राम आश्रम से जुड़े हुए थे। वे कभी स्थायी तौर पर तो वहां नहीं रहे; यह उनके स्वभाव में ही नहीं था। फिर भी लौट फिर कर वे सेवाग्राम ही पहुंचते थे और पिछले कोई डेढ़ दशक से उनका अधिक समय वहीं बीत रहा था। उनके स्वभाव में एक ऐसी व्याकुलता थी जो सन् १९४७ से पहले देश की स्वतंत्रता का सपना संजोए रहने वाले स्वतंत्रता के सेनानियों में दिखाई देती थी। उन्हें यह बात सालती रहती थी कि राजनीतिक स्वतंत्रता मिलने के बावजूद हम यूरोपीय विचारों, यूरोपीय तकनीकों और यूरोपीय सांस्थानिक ढांचे से मुक्त नहीं हो पाए और आज भी ये सामान्य भारतीयों की क्रियाशीलता को कुंद करते हुए उनके पुरुषार्थ पर बेड़ी की तरह पड़े हुए हैं। जीवन भर वे इन बेड़ियों को पहचनवा कर उन्हें काटने का उपाय ढूंढ़ते रहे और उस दिन का सपना देखते रहे जब भारत अपनी सभ्यता की कोटियों पर अपना भौतिक ताना–बाना खड़ा करके पूरी दुनिया के सामने आत्मविश्वास से खड़ा होगा और आम भारतवासी आत्मगौरव से भरे हुए अपनी दुनिया को अपने हिसाब से बना और संवार रहे होंगे।

उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मुजफ्फर नगर जिले के एक कस्बे कांधला में सन् १९२२ में हुआ था। जब १९४२ में महात्मा गांधी ने 'भारत छोड़ो' का आह्वान किया था तब वे बीस साल के थे और इस आंदोलन में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया था। और सब लोगों

की तरह महात्मा गांधी के प्रति उनकी भी श्रद्धा राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान ही हुई थी। राष्ट्रीय आंदोलन में जब वे सक्रिय हुए तब भारत की स्वतंत्रता तो निश्चित हो चली थी, पर अधिकतर विचारवान लोगों ने भविष्य के भारत के स्वरूप के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। धर्मपाल भी इस राष्ट्रीय चिंता में संलग्न हुए। उन्हें यह देख कर निराशा हुई कि स्वतंत्रता मिलते ही देश की बागडोर संभालने वाले सब लोगों ने अपनी सभ्यता के मूल ढांचे को समझने, विदेशी शासन के दौरान हुई उसकी क्षति को दूर करने और अपने लोगों की कल्पनाशीलता और क्रियाशीलता को जगाकर भारतीय सभ्यता को फिर से खड़ा करने का राष्ट्रीय आंदोलन का संकल्प छोड़ दिया और महात्मा गांधी की मृत्यु के बाद हमारा पूरा शासन–तंत्र देश पर अंग्रेजों द्वारा थोपे गए तंत्र को यूरोपीय विचारों और संस्थाओं का और बेहतर प्रतिरूप बनाने में जुट गया।

महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय आंदोलन में उतरते समय ही स्पष्ट कर दिया था कि उनका लक्ष्य 'इंडिपेंडेंस' नहीं स्वराज्य है। यह बात उन्होंने बहुत विस्तार से सन् १९०९ में लिखी अपनी पुस्तक 'हिन्द स्वराज' में ही स्पष्ट कर दी थी। ऐसा लगता है कि यही धर्मपाल के लिए प्रस्थान बिंदु बना और उन्होंने स्वराज्य के स्वरूप को समझने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। अंग्रेजों की बनाई लीक पर चलते रहने का एक बड़ा कारण तो हमारे नेताओं, बुद्धिजीवियों का यह विश्वास था कि यूरोप में आधुनिक जीवन का जो तंत्र खड़ा किया गया है, अभूतपूर्व है। इससे पहले की दुनिया की सभी गैर–यूरोपीय विचार–प्रणालियां और राजनीतिक और सामाजिक ढांचा निरर्थक हो गए हैं। इस अंधविश्वास का एक बड़ा कारण तो गैर–यूरोपीय जातियों के इतिहास और उपलब्धियों के बारे में हमारा पूरा अज्ञान है और दूसरे, इस इतिहास–दृष्टि का अभाव है कि दुनिया में शक्ति की जगह बदलती रहती है और कोई भी एक सभ्यता सदा के लिए दुनिया के शिखर पर नहीं रह सकती। यूरोपीय सभ्यता भी नहीं रहेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि दुनिया की अन्य सभी सभ्यताएं अपनी विचार प्रणालियों और सांस्थानिक ढांचे को जीवंत रखें।

इस आत्मविस्मृति से निकलने के लिए यह आवश्यक था कि अंग्रेजों के भारत में आने और अपने शासन की नींव जमाने से पहले भारत में लोगों का भौतिक जीवन कैसा था; खेती, उत्पादन की अन्य तकनीकों का स्वरूप क्या था; लोगों के बीच आपसी व्यवहार कैसा था; शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा की क्या स्थिति थी; शासन और लोगों के बीच संबंध कैसा था और ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में कितनी उन्नति हुई थी, यह समझने का प्रयत्न किया जाए। यह समझने का सबसे आसान तरीका धर्मपालजी को यह दिखाई दिया

कि अठारहवीं शताब्दी में जो यूरोपीय प्रशासक और विद्वान भारत आए थे और यहां के जीवन और ज्ञान–विज्ञान के बारे में उन्होंने जो लिखा था, उसको एक नजर देख लिया जाए। ब्रिटेन के अभिलेखागारों में उन्होंने अपना यह अध्ययन सन् १९६६ के आस–पास शुरू किया और लगभग दो दशक तक वे इससे संबंधित सामग्री, समझते और बटोरते रहे। इस सामग्री के आधार पर उन्होंने कुछ अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। उनकी पहली पुस्तक सन् १९७१ में प्रकाशित हुई जिसमें इस बात का विस्तृत ब्योरा था कि अठारहवीं शताब्दी में भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की क्या स्थिति थी। उसी वर्ष वाराणसी में सन् १८१०–१२ के बीच हुए विलक्षण सत्याग्रह पर उनकी एक और पुस्तक छपी। कोई बारह साल बाद भारतीय शिक्षा के बारे में उनकी एक अत्यंत उल्लेखनीय पुस्तक 'द ब्यूटीफुल ट्री' प्रकाशित हुई।

ऐसा नहीं है कि उनकी ये पुस्तकें हमारे राजनेताओं या बुद्धिजीवियों की आंखों से ओझल बनी रही हों। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में उनकी पुस्तक की प्रस्तावना दौलत सिंह कोठारी ने लिखी थी जो शिक्षा और विज्ञान दोनों ही क्षेत्रों में विख्यात थे और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष रह चुके थे। इसी तरह, उनकी पुस्तकों को जयप्रकाश नारायण ने देखा और सराहा था। इसके अलावा भी अलग–अलग समय शासन के बड़े–बड़े लोगों ने उनकी बात सुनने और समझने की कोशिश की थी, पर हमारी आत्मविस्मृति इतनी गहरी है कि ये सब उनकी बातों का पूरा महत्त्व नहीं देख पाए। उनकी पुस्तकों में जो भी बातें उपलब्ध हैं उसमें ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिसका हमारे शिक्षा जगत को ज्ञान न रहा हो। इतना ही है कि इस जानकारी का कोई महत्त्व उन्हें समझ में नहीं आया क्योंकि वे इतिहास को आधुनिक और प्राचीन में बांट कर देखने का अंधविश्वास पाले हुए हैं। इसलिए अंग्रेजों के आधिपत्य से पहले के भारत के बारे में जो जानकारी धर्मपाल के लिए पूरी किताब का विषय थी, वही हमारे शिक्षा जगत के लिए एक पंक्ति की टिप्पणी या फुटनोट का विषय थी।

विज्ञान और प्रौद्यौगिकी के बारे में धर्मपाल ने अपनी पुस्तक में जो सामग्री इकट्ठी की है उसका महत्त्व समझाते हुए उन्होंने अपनी प्रस्तावना के अंत में लिखा कि यह स्पष्ट दिखाई देता है कि ब्रिटिश शासन के माध्यम से यूरोप के संपर्क में आने से अनेक शताब्दियों पहले हमारे यहां राजनीति और समाज संबंधी विचार, न्यायिक और प्रशासन व्यवस्था तथा विज्ञान और तकनीक परिपक्व और संतुलित अवस्था में पहुंच चुके थे। हमारा उस समय का सामाजिक और राजनीतिक ढांचा आज के यूरोपीय संसार में विकसित ढांचे से भिन्न दिखाई

देता है, लेकिन भारत ने अपने उस ढांचे में उसी तरह की स्वतंत्रता, भौतिक समृद्धि और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त कर ली थी जो अपने आज के ढांचे में यूरोप प्राप्त कर पाया है।

उस समय के भारत में शासक और नागरिकों के बीच संबंध के बारे में वैसी ही धारणाएं थीं; विवादों को निपटाने का तरीका, दंड विधान, भौतिक अभीप्साएं और शासन में बैठे लोगों से विरोध प्रकट करना, सब वैसा ही था, जैसे आज के यूरोप में दिखाई देता है। भारतीय समाज में कुल मिलाकर अधिक स्वतंत्रता और समानता दिखाई देती है, लेकिन वह जिस राजनीतिक और सैनिक विकेंद्रित व्यवस्था से प्राप्त हुई, उससे हो सकता है भारत को विदेशियों के आक्रमण का अधिक शिकार बन जाना पड़ा हो।

जो लोग यूरोपीय सभ्यता की उपलब्धियों की चकाचौंध से निस्तेज पड़े हुए हों, उन्हें यह बात भला कैसे समझ आ सकती थी कि आज यूरोप सभ्यता के जिस शिखर पर पहुंचने का दावा कर रहा है उसे भारतीय लोगों ने अनेक शताब्दियों पहले प्रमाणित कर लिया था। यह समझने के लिए सभ्यता के उस स्वरूप को समझना पड़ता है जो उपभोक्ता सामग्री से परे है और हमारे सुख–दुख का मूल आधार है।

हमारे नेताओं में यह बात सबसे अधिक और सबसे अच्छी तरह महात्मा गांधी ही समझते थे। उन्होंने यह भी देख लिया था कि भारत में अंग्रेजों का शासन उनकी सैनिक शक्ति के कारण नहीं चल रहा बल्कि इस अज्ञान के कारण चल रहा है कि अंग्रेजों ने अपने शासन के द्वारा भारत को सभ्य बनाया है। अंग्रेजों के इसी दावे पर चोट करते हुए महात्मा गांधी ने लंदन के चैथम हाउस में २० अक्टूबर, १९३१ को दिए गए अपने भाषण में कहा था कि अंग्रेजों के शासन के दौरान भारत अधिक शिक्षित नहीं हुआ, बल्कि अधिक निरक्षर हुआ है। महात्मा गांधी के इस भाषण पर बड़ा हो–हल्ला मचा था और उनसे अपनी इस टिप्पणी का आधार स्पष्ट करने की मांग की गई थी। महात्मा गांधी अपनी राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण इस बहस में उलझे नहीं रह सकते थे, पर उनके कुछ सहयोगियों ने उनके कथन को पुष्ट करने वाले कुछ प्रमाण इकट्ठे किए थे, हालांकि अंग्रेज प्रश्नकर्ता उनसे संतुष्ट होने को तैयार नहीं थे।

अपने शासन की श्रेष्ठता का अंग्रेजों का दंभ समझ में आता है, पर यह अंधविश्वास तो हमारे यहां भी व्यापक है कि अंग्रेजों के कारण ही हमारे यहां शिक्षा का प्रसार–प्रचार हुआ।

इस आत्महीनता को दूर करने के लिए धर्मपाल ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द ब्यूटीफुल ट्री' लिखी थी। इस पुस्तक में सन् १८१२ से लेकर सन् १८८२ तक की उन सब रिपोर्टों का विस्तृत उल्लेख है जो अंग्रेज प्रशासकों द्वारा तैयार की गई थीं। इन लगभग सभी रिपोर्टों में यह कहा गया है कि भारत के करीब हर गांव में एक स्कूल दिखाई देता है, जबकि उस समय के ब्रिटेन तक में शिक्षा का इतना प्रसार नहीं था। लेकिन यह हर गांव में स्कूल की ही बात नहीं थी। अपनी पुस्तक के द्वारा धर्मपाल ने प्रमाणित किया है कि शिक्षा के लगभग सभी मानदंडों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि उस समय भारत की शिक्षा व्यवस्था ब्रिटेन की शिक्षा व्यवस्था से कहीं अधिक उन्नत थी। भारत में जनसंख्या के मुकाबले स्कूल–कॉलेज जाने वाले छात्रों का अनुपात ब्रिटेन से अधिक था। स्कूलों और कॉलेजों में दाखिला लेने वालों की संख्या अधिक थी और वे अधिक अवधि तक शिक्षा ग्रहण करते थे। अध्यापकों की योग्यता, छात्रों की कुशलता, निजी और राजकीय स्रोतों से मिलने वाली धनराशि, शिक्षा में लड़कियों और निम्न वर्गों का अनुपात और पढ़ाए जाने वाले विषयों की संख्या और उनकी व्याप्ति – सभी मामलों में भारतीय शिक्षा व्यवस्था यूरोप के मुकाबले अधिक उन्नत थी।

यूरोप की तुलना में भारतीय विचारों की श्रेष्ठता को प्रतिपादित करने वाली धर्मपाल की सबसे महत्त्वपूर्ण पुस्तक तो 'सिविल डिसओबिडियंस ऐंड इंडियन ट्रेडिशन' है। यह पुस्तक वाराणसी के सन् १८१० में हुए सत्याग्रह के सरकारी दस्तावेजों के आधार पर तैयार की गई है। अंग्रेजों ने वाराणसी में लोगों के घरों पर टैक्स लगा दिया था जिसका लोग विरोध कर रहे थे। लोगों का कहना था कि घर उनके निजी जीवन का हिस्सा है और उस पर टैक्स लगाना राज्य द्वारा उनके निजी जीवन का अतिक्रमण है। भारत के पुराने राजा–महाराजाओं ने ऐसा कभी नहीं किया और भारत में राज्य की हमेशा यह मर्यादा रही कि वह लोगों के निजी जीवन का अतिक्रमण नहीं कर सकता। अंग्रेजों ने इस मर्यादा को मानने से इंकार कर दिया और यह टैक्स न देने का प्रण लेकर वाराणसी और उसके आस–पास के लगभग दो लाख लोग नगर के मैदान में आकर सत्याग्रह पर बैठ गए। यह सत्याग्रह लगभग पांच दिन चला होगा। अंग्रेजों ने लोगों की बात नहीं मानी और नागरिकों का दमन किया गया। लेकिन क्या दुनिया में इस परिमाण के सत्याग्रह की कोई और मिसाल मिल सकती है? हम कितने सभ्य हुए हैं इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि आज का राज्य कहीं अधिक निरंकुश है और वह ऐसी कोई मर्यादा नहीं मानता जिसकी तरफ वाराणसी के लोग अंग्रेज प्रशासकों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

इन पुस्तकों के अलावा धर्मपाल ने और भी अनेक महत्त्वपूर्ण निबंध लिखे, जिनमें यूरोपीय सभ्यता के मूल आधारों को समझाने की उन्होंने कोशिश की। उन्होंने यह दिखाने की कोशिश की कि यूरोपीय जातियों ने आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के आधार पर हमारे भौतिक जीवन को कुछ विस्तार जरूर दे दिया है, लेकिन यूरोपीय सभ्यता के मूल आधार कुछ और हैं और वे हमारे लोगों के स्वभाव और संस्कार से मेल नहीं खाते। हम उन्हें अपने लोगों पर लादने की जितनी अधिक कोशिश करेंगे, उतना ही संकट पैदा होगा। इससे हमारे लोग निष्क्रिय होते चले जाएंगे और वे अपनी रचनाशीलता खो बैठेंगे। हमारे समाज का एक वर्ग यूरोपीय सभ्यता में ढल सकता है और कुछ उपलब्धियां भी दिखा सकता है, पर इससे हम अपनी सभ्यता का पुनर्निर्माण नहीं कर सकते। और इस तरह, अपने पूरे समाज को इस पुरुषार्थ में शामिल नहीं कर सकते। ऐसा तो केवल अपनी सभ्यता के विचारों और उन पर आधारित संस्थाओं के बल पर ही किया जा सकता है।

दो

राष्ट्रीय आंदोलन के दिनों में भारतीय सभ्यता का गौरव बहुत से लोगों के मन में था। पर अधिकतर लोग यह गौरव भारत की प्राचीन सभ्यता में ही देखते थे। इनमें से कुछ लोगों ने प्राचीन भारत की वैदिक परंपरा को आधुनिक यूरोप के विज्ञान से जोड़ने की बात कही। इन सब लोगों के मन में यह धारणा जमी हुई थी कि आधुनिक यूरोप ने ही वैज्ञानिक प्रगति का रास्ता खोला है और उसकी वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय उपलब्धियों के आधार पर ही एक नई दुनिया खड़ी हो रही है। धर्मपाल ने भारतीय सभ्यता के गौरव को समझने के लिए प्राचीन भारत की तरफ देखने की आवश्यकता नहीं समझी। उन्होंने उस भारत का निरूपण करने का प्रयत्न किया जो भारत के अंग्रेजों की अधीनता में जाने से पहले जीता–जागता अस्तित्व में था। इस भारत की तस्वीर कोई काल्पनिक कह कर झुठला नहीं सकता था क्योंकि वह तस्वीर भारत की यात्रा के बाद यूरोपीय विद्वानों और प्रशासकों द्वारा लिखे गए विवरणों से ही पुनर्गठित की गई थी। धर्मपाल का निष्कर्ष था कि यह अठारवीं शताब्दी का भारत सभ्यता के सभी मानकों पर अठारवीं शताब्दी के यूरोप से इक्कीस ही ठहरता था।

भारत की अपनी वैज्ञानिक परंपरा थी और वह भी उस समय के यूरोप से उन्नत ही थी। यह एक अंधविश्वास ही है कि केवल यूरोप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास हो सका। हर समाज अपनी आवश्यकताओं और प्रतिभा के अनुरूप अपनी वैज्ञानिक परंपरा

विकसित करता है। भारतीय समाज दुनिया के दूसरे समाजों से अधिक पहले एक परिपक्व सभ्यता विकसित करने में सफल हो गया था इसलिए उसकी वैज्ञानिक उपलब्धियां भी दूसरों से एक कदम आगे थीं। व्याकरण, गणित, खगोल विद्या, आयुर्वेद, वास्तु शास्त्र, इस्पात बनाने की उन्नत तकनीक आदि इसके अनेक उदाहरण हैं। वाराणसी की वेधशाला को सन् १८८३ तक 'एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका' में दुनिया की प्रख्यात पांच वेधशालाओं में गिना जाता रहा। भारत की चेचक का टीका लगाने की पद्धति या प्लास्टिक सर्जरी का दुनिया में कोई सानी नहीं था। भारत में लोहे को इस सीमा तक शोधित करके इस्पात बनाया जाता था कि उसी को दमिश्क की प्रसिद्ध तलवार से लेकर चिकित्सा में काम आने वाले चीर–फाड़ के औजार बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ समझा जाता था।

धर्मपाल की वेद और शास्त्रों में कम ही दिलचस्पी रही। पर वे यह मानते थे कि अठारहवीं शताब्दी में भारत की जो भी भौतिक उपलब्धियां, उसके विचार, राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्थाएं, ज्ञान और विज्ञान दिखाई देते हैं, वे प्राचीन भारत के विचारों, व्यवस्थाओं का नई–नई दिशा में विस्तार ही थे। धर्मपाल को भारत में शास्त्र और व्यवहार में कोई भेद नहीं दिखाई देता था। वे यह भी मानते थे कि लोगों ने अपनी व्यववस्थाएं बनाते और अपने ज्ञान और विज्ञान का विस्तार करते हुए हमेशा शास्त्र को आगे नहीं रखा था। पर इससे शास्त्र और व्यवहार में कोई दूरी पैदा नहीं हुई थी। भारत के सभी लोगों की सृष्टि की समझ एक ही जैसी थी और इसलिए वे जो भी विचार और व्यवस्थाएं बनाते थे, उनमें अपने आप एकरूपता हो जाती थी। भारतीय सभ्यता का समय और परिस्थितियों के अनुरूप सदा विस्तार और नवीनीकरण होता रहा और उसमें हमें कभी कोई बाधा दिखाई नहीं दी। यूरोप की तरह हमारे यहां धार्मिक मान्यताओं और भौतिक वास्तविकताओं में कभी कोई अंतर दिखाई नहीं पड़ा।

यह सब सुनकर उनसे अकसर एक प्रश्न किया जाता था कि अठारहवीं शताब्दी के भारत की ये सब उपलब्धियां रही होंगी, पर अब उनका हमारे लिए क्या उपयोग है? अब तो दुनिया में एक नई सभ्यता पनप रही है। ऐसी हालत में हम पीछे लौट कर तो नहीं जा सकते? यह प्रश्न लोगों के मन में इसलिए उठता है कि उन्होंने यह मान लिया है कि आज की दुनिया नितांत नई दुनिया है। सच यह है कि यूरोप ने पिछले सौ–डेढ़ सौ साल में जो तथाकथित नई दुनिया बनाई है, वह भी नितांत नई नहीं है। आज का यूरोप मध्यकालीन यूरोप का ही विस्तार है जैसे मध्यकालीन यूरोप प्राचीन यूरोप का ही विस्तार था।

यह भ्रम मुख्यत: मार्क्सवादियों का फैलाया हुआ है कि दुनिया सामंती युग से एक नितांत नए युग में प्रवेश कर गई है। पिछले सौ–डेढ़ सौ साल में यूरोप ने जो भी राजनीतिक प्रणालियां विकसित की हैं, आर्थिक और सामाजिक तंत्र खड़ा किया है, अपना विचारधारात्मक ढांचा बनाया है, वैज्ञानिक उपलब्धियां दिखाई हैं और सृष्टि की समझ विकसित की है, उस सब की नियामक धारणाएं यूरोप की परंपरागत सोच से ही निकली हैं। अगर सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी के यूरोप का विस्तार आज के यूरोप में हो सकता है तो सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी के भारत का विस्तार आधुनिक भारत में क्यों नहीं हो सकता? यह पुन: पीछे जाने की बात नहीं है बल्कि आगे बढ़ने की ही बात है।

अपनी पुस्तकों, निबंधों और भाषणों के माध्यम से धर्मपाल ने जीवन भर यह समझाने की कोशिश की कि यूरोपीय सभ्यता के मूल में कितनी हिंसा और अन्याय रहा है। आज का यूरोप भी उससे बहुत भिन्न नहीं है। आज के यूरोप की शक्ति और संपन्नता से हम इतना चकित और अभिभूत रहते हैं कि हमें यूरोपीय जीवन की हिंसा और अन्याय से भरे हुए पहलू दिखाई ही नहीं देते। भारतीय जीवन में निश्चय ही हिंसा और अन्याय रहा होगा, पर वह हमारी समाज की अवधारणा और हमारी राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था में अंतर्निहित नहीं थी। इसलिए हम जब अपने मूल विचारों पर अपनी सभ्यता खड़ी करेंगे तो वह वैसी अराजक और निरात्म नहीं होगी जैसी आज की यूरोपीय सभ्यता हो गई है। यह बात यूरोप के विचारक भी स्वीकार करते ही हैं कि यूरोपीय सभ्यता में शक्ति और वैभव तो बहुत है पर उसकी आत्मा नहीं है। हमारे ही यहां के विद्वान यह बात नहीं देख पाते क्योंकि वे यूरोप की वैज्ञानिक उपलब्धियों और भौतिक उन्नति से चकाचौंध हुए पड़े हैं।

हमें यह हीनता पालने की आवश्यकता नहीं थी कि वैज्ञानिक उपलब्धियों के मामले में हम यूरोप से पिछड़ गए। दुनिया के इतिहास में ऐसा होता रहा है कि दुनिया के किसी एक हिस्से में अचानक कोई प्रतिभा और तेजस्विता पैदा हो जाए और वहां से ज्ञान और विज्ञान की नई उपलब्धियां होने लगें। समय और समाज की जरूरतों के अनुसार दुनिया की सभी जातियों ने ऐसी प्रतिभा और तेजस्विता दिखाई है। भारत में तो यह तेजस्विता बहुत लंबे समय तक दिखाई देती रही है और तब भारत ही दुनिया के बहुत बड़े हिस्से का मार्गदर्शक रहा था। दुनिया के सभी क्षेत्रों में भारतीय सभ्यता के उस प्रभाव की झलक आज भी देखी जा सकती है।

कुछ संयोगों के कारण अगर वर्तमान काल में वैज्ञानिक उपलब्धियां दिखाने का सुयोग यूरोप को मिल गया तो इसमें कोई बहुत विलक्षण बात नहीं है। लेकिन अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों के आधार पर यूरोप ने जो आधुनिक सभ्यता खड़ी की उसे गांधीजी के शब्दों में कहें तो राक्षसी ही कहा जा सकता है। अगर ये वैज्ञानिक उपलब्धियां भारत में हुई होतीं तो हमारी सभ्यता में उनका उपयोग कुछ भिन्न प्रकार से ही हुआ होता। हम इनका उपयोग जीवन और सृष्टि की अपनी समझ के अनुरूप ही करते। आज भी यूरोप की वैज्ञानिक उपलब्धियों को हमें अपनी सभ्यता के ढांचे में ही ढाल कर उनका उपयोग करना चाहिए। एक हद तक जापान ने ऐसा ही किया है, हालांकि उसके पास वैसी विस्तृत विचार प्रणालियां और व्यवस्थाएं नहीं हैं जैसी भारत में रही हैं।

एक और प्रश्न का धर्मपाल को अकसर सामना करना पड़ा। अगर भारतीय सभ्यता इतनी परिपक्व और संतुलित थी तो हम विदेशी आक्रांताओं के हाथ परास्त कैसे हो गए? धर्मपाल कहीं यह मानते थे कि हमारी राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्थाएं सत्य पर आधारित एक समतामूलक समाज बनाने वाली थीं इसलिए उनमें शक्ति काफी हद तक विकेंद्रित थी जबकि उस अवधि में हम पर आक्रमण करने वाली जातियों ने अपने यहां शक्ति का अत्यधिक केंद्रीकरण करके वह पाशविक बल प्राप्त कर लिया था जिससे वह भारत को रौंद सके। धर्मपाल की यह मान्यता भारतीय इतिहास की प्रचलित व्याख्या पर ही आधारित थी। अगर वह सही हो तो भी यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि काल के प्रवाह में सभ्यताओं के आरोह–अवरोह होते रहते हैं। पराजित होने से पहले एक काफी लंबी अवधि तक हम विश्व की बड़ी शक्ति बने रहे थे। उसके बाद अवरोह का काल आना ही था।

इसी प्रश्न को आगे बढ़ाते हुए उनसे पूछा जाता था कि यूरोपीय शक्ति और उसके चहुंमुखी विस्तार के वेग को देखते हुए क्या इससे बचा जा सकता है? धर्मपाल इस बात से व्याकुल अवश्य रहते थे कि भारत अपने आपको पश्चिमी सभ्यता का एक घटिया प्रतिरूप बनाने में ही लगा हुआ है। पर औरों की तरह वे यह नहीं मानते थे कि पश्चिमी सभ्यता के सामने भारतीय सभ्यता निर्बल होती चली जाएगी और हमारे लोगों के मन में पश्चिमी अवधारणाएं इस तरह छा जाएंगी कि भारतीय स्वभाव और विचार नष्ट ही हो जाएंगे। उनका यह मानना था कि सभ्यता के शक्तिशाली केंद्रों से इस तरह की आंधी चलती रहती है। उदाहरण के लिए जब बौद्ध धर्म का दुनिया के दूसरे हिस्सों में प्रसार हुआ होगा तो स्थानीय मान्यताओं के आधार पर अपना जीवन संगठित करने वाले समाजों को इतनी ही

कठिनाई हुई होगी। और उन्होंने वैसे ही त्रस्त महसूस किया होगा जैसे यूरोपीय सभ्यता का बोझ महसूस करने वाले गैर–यूरोपीय समाज आज महसूस कर रहे हैं।

धर्मपाल कहते थे कि अगर तर्क के लिए यह मान भी लिया जाए कि यूरोपीय विचारों और व्यवस्थाओं की आंधी इतनी तेज है कि उसके सामने हमारे अपने विचार और अवधारणाएं नहीं ठहर पाएंगी और उन्हें हमारी स्मृति में कहीं बहुत पीछे धकेल कर यूरोपीय विचार और व्यवस्थाएं हमारी बुद्धि पर छा जाएंगी तो भी भारतीय सभ्यता नष्ट हो जाएगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता। क्योंकि इससे जो आत्महीनता पैदा होगी वही हमारे लिए आगे आत्मबोध का रास्ता खोलेगी। यह आत्महीनता जितनी अधिक होगी उतने ही वेग से आत्मबोध की इच्छा प्रगट होगी। इसलिए वे कहते थे कि अगर हमारा यूरोपीयकरण होना ही है तो वह जितनी जल्दी हो ले उतना ही अच्छा है, क्योंकि उसके बाद अपने स्वभाव और संस्कार में लौटने की हमारी इच्छा भी उतनी ही तीव्रता से प्रगट होगी। पर उन्हें यह भी विश्वास था कि भारत के साधारण लोगों का स्वभाव और संस्कार इतना दृढ़ है कि ऐसी नौबत आने से पहले ही वे ऊपर से थोपे गए यूरोपीय विचारों और व्यवस्थाओं के ढांचे को उखाड़ फेकेंगे।

धर्मपाल मानते थे कि सन् १९४७ में एक नई दिशा ली जा सकती थी। राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान पैदा हुआ अपनी सभ्यता का गौरव अभी भी मौजूद था और यूरोपीय विचार और व्यवस्थाएं अंग्रेजी पढ़े–लिखे लोगों में भले फैल गई थीं, पर उनका सांस्थानिक ढांचा कमजोर ही था। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया, क्योंकि गांधीजी के अलावा दूसरे अधिकतर नेताओं में भारत की अपनी व्यवस्थाओं की कोई समझ नहीं थी। धर्मपाल अकसर कहा करते थे कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अगर देश के सौ मेधावी नौजवान ही भारतीय सभ्यता के स्वरूप को समझने में लग गए होते तो हम 'इंडिपेंडेंस' को स्वराज्य में बदल सकते थे। अपने बाकी जीवन में भी वे यही कहते रहे कि हमें कम–से–कम सौ ऐसे प्रतिभाशाली नौजवान चाहिए जो अपनी सभ्यता के स्वरूप को निरूपित कर सकें। देश में प्रतिभा और लगन की कमी नहीं है। कमी अगर है तो सिर्फ संकल्प–शक्ति की। ऐसे सौ प्रतिभाशाली लोगों को इस काम में लगाने के लिए करीब पांच सौ प्रतिभाशाली युवकों को इस दिशा में प्रवृत्त करना होगा ताकि उनमें से सौ क्षमतावान लोग निकल सकें। इसके लिए देश भर में दस–बीस संस्थाएं और उन्हें चलाने के लिए सौ–सवा सौ करोड़ रुपए की ही जरूरत होगी जिसकी व्यवस्था करना भारतीय समाज के लिए कोई मुश्किल काम नहीं है।

वे जानते थे कि इस समय हमारे अभिजात्य लोग जिस तरह यूरोपीय विचारों और संस्थाओं से अभिभूत हैं उसमें उनका ध्यान हमारे अपनी सभ्यता की ओर मोड़ने के लिए बहुत बड़ा पुरुषार्थ चाहिए। यह पुरुषार्थ तो वैसे ही प्रगट कर सकता है। उन्होंने अपना काम पूरी निष्ठा और लगन से कर दिया। उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा स्थापित सेवाग्राम आश्रम को भी अपना निवास इसीलिए बनाया था कि इस पवित्र स्थान से जुड़ कर ही उनकी बात में बल आ जाए और वे समाज का ध्यान अपनी ओर खींच सकें। महात्मा गांधी ने सन् १९३० में दांडी यात्रा के लिए यह कहते हुए साबरमती आश्रम छोड़ा था कि अब वे देश के स्वतंत्र होने के बाद ही उस आश्रम में वापस लौटेंगे। सन् १९३६ में उन्होंने देश के बीचों–बीच का स्थान खोजकर सेवाग्राम आश्रम बनाया था। यह आश्रम राष्ट्रीय आंदोलन के साथ–साथ भविष्य के भारत का स्वरूप निश्चित करने के काम आया था। इसलिए धर्मपाल इस आश्रम में रहते हुए भारत के भविष्य का सपना देखते रहे।

महात्मा गांधी का स्वराज्य धर्मपाल के लिए प्रस्थानबिंदु अवश्य बना था और उन्होंने अपनी मूल प्रेरणाएं भी महात्मा गांधी से प्राप्त की थीं पर वे सामान्य अर्थों में गांधी के भक्त या अनुयायी नहीं थे। धर्मपाल अकसर कहा करते थे कि महात्मा गांधी हमारे युग के एक महापुरुष हैं पर उन्हें पूरी तरह समझ कर और उनके ग्रहण करने योग्य विचारों को आत्मसात् करके हमें उनसे आगे देखने की कोशिश करनी चाहिए। वे सच्चे अर्थों में एक ज्ञानमार्गी थे और ज्ञान की प्राप्ति की राह में कहीं अटकना उन्हें स्वीकार नहीं था। इसलिए वे सबको अपनी आंखें खुली रखने और मान्यता का परीक्षण करने की सलाह देते थे। भारतीय सभ्यता के मनीषी होने के बावजूद वे तटस्थ भाव से दुनिया की समझ बनाने और विश्व के प्रवाह को समझने पर जोर देते रहे। उन्हें किसी कोटि में रखना संभव नहीं है। ऐसे लोग विरले ही होते हैं। उनका दाय हमारे सामने है और अगर हम उनके तेज के एक अंश को भी अपने भीतर सुरक्षित रख पाएं तो यही उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि होगी।

स्वतंत्रचेता मनीषी

— पुषराज जैन

धर्मपालजी से मेरी भेंट सन् १९८० के आसपास हुई थी। तब तक दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाते हुए मुझे कई वर्ष हो चुके थे। उन दिनों दिल्ली विश्वविद्यालय का वातावरण काफी बौद्धिक था। देश और दुनिया पर बहुत बहसें होती थीं। मैं जिस कॉलेज में पढ़ाता था, वह तो राजनीति का अड्डा ही था। ऐसे वातावरण में रहते हुए बौद्धिक लोगों के बारे में मेरे मन में एक छवि बन गई थी। मैं देखता था कि बौद्धिक लोग काफी गर्मागर्म बहस किया करते थे। उनकी बातचीत में तार्किकता की भूमिका निर्णायक होती थी।

मेरे जिन मित्रों ने मुझे धर्मपालजी से मिलवाया था, उन्होंने मुझे उनके बारे में यही बताया था कि वे एक स्वतंत्रचेता बुद्धिजीवी और भारतीय सभ्यता के मनीषी हैं। इसलिए मैं जब उनसे मिला तो मुझे उनसे कुछ विचारोत्तेजक टिप्पणियों की और तार्किक बहस की उम्मीद थी। पर मैंने देखा कि वे बहुत कम बोलते हैं। अकसर सामने वाले की बात ध्यान से सुनते हैं। बहस में पड़ने की बजाय उससे एक–दो सवाल पूछते हैं, वह भी जिज्ञासा के रूप में। जिज्ञासा के रूप में किए गए ये दो–तीन सवाल ही सामने वाले को भारी पड़ जाते हैं, क्योंकि इन दो–तीन प्रश्नों में ही उसकी आज तक की वे मान्यताएं धाराशायी हो जाती हैं, जो स्कूली या विश्वविद्यालयीय शिक्षा ने बनाई थी।

उनका स्वभाव बहुत सरल और सौम्य था। उनके व्यक्तित्व में बहुत गहराई थी। जब वे कुछ बात कहते थे, तो समझ में आता था कि उनके भीतर कितना तर्क–वितर्क चलता होगा, लेकिन व्यक्त रूप में वे कभी सामने बैठे व्यक्ति की बात काटने में कोई रुचि नहीं दिखाते थे। उनकी इन विशेषताओं ने मुझे उनके प्रति काफी आकर्षित किया। यह सोचकर

मैंने उनके पास जाना जारी रखा कि धीरे धीरे शायद वे खुलें और मुझे अपने प्रश्नों का कुछ उत्तर मिले और मेरी जिज्ञासाएं शांत हों। यही हुआ भी। अब हमें उनकी टिप्पणियां अधिक सुनने को मिलने लगीं। हमने देखा कि भारतीय समाज के बारे में उनकी जानकारी और समझ विलक्षण है। जिन बातों की तरफ विश्वविद्यालय में पढ़ते और पढ़ाते हुए हमारा कभी ध्यान नहीं गया था उन्हें उनकी तीक्ष्ण दृष्टि ने देख लिया था। यह उनके साहचर्य का ही परिणाम था कि मैं गांधीजी के बारे में अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुआ और आगे चलकर मैंने गांधी–वाङ्मय पर शोध–प्रबंधन भी लिखा। उन दिनों विश्वविद्यालय में हमारे हितैषी किसी शास्त्रीयविषय पर शोध करने की सलाह देते थे, पर धर्मपालजी का जादू कुछ ऐसा सर पर चढ़ा कि बावजूद तमाम विरोध के मैंने गांधीजी पर काम करने का अपना निश्चय नहीं बदला।

भारतीय समाज व्यवहार में किन विचारों और मान्यताओं पर टिका है, इसके बारे में उनकी समझ अद्‌भुत थी। उनसे बात करके ही हमें समझ में आया कि भारतीय समाज में जातियों की कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। विश्वविद्यालय की शिक्षा ने तो हमें यही सिखाया था कि भारतवर्ष की तमाम बुराइयों के पीछे जाति–व्यवस्था का हाथ रहा है, परन्तु धर्मपालजी के सान्निध्य में रह कर हमने जाना कि अपने लोगों के आत्मसम्मान की रक्षा करने, योग्य लोगों को आगे बढ़ने में सहायता देने, अपने लोगों की सामाजिक या राजनैतिक उत्पीड़न से रक्षा करने और समाज में न्याय और शील बनाए रखने में जातियों की जो भूमिका रही है उसकी दुनिया में और कहीं और कोई मिसाल नहीं है। इसी तरह पंचायतों की समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक जीवन को व्यवस्थित रखने में कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है, यह बात हमें धर्मपालजी से ही पता चली। विश्वविद्यालय की शिक्षा ने तो हमें पश्चिमी लोकतंत्र को ही एकमात्र आदर्श बतलाया था और यह भावना कूट–कूटकर भर दी थी कि भारत में भी यही पश्चिमी लोकतंत्रात्मक पद्धति कामयाब हो सकती है, परन्तु धर्मपालजी ने सिखाया कि भारतीय समाज की जिस समृद्धि और न्यायशीलता का सदियों से दुनिया में डंका बज रहा था, उसकी उपलब्धि इस पंचायती ढांचे के कारण ही हुई थी। राजा की तो समाज में एक सीमित भूमिका ही थी।

धर्मपालजी के साथ ही हमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सर्वखाप–पंचायत के महामंत्री कबूल सिंह से मिलने का संयोग प्राप्त हुआ था और हम यह देख कर चकित थे कि सर्वखाप पंचायत के साथ नौवीं शताब्दी से कुछ समय पहले तक के इस क्षेत्र के गांवों से संबंधित विस्तृत और महत्त्वपूर्ण रिकार्ड हैं। धर्मपालजी मानते थे कि हमारे तीर्थों में और

पंचायतों में या तिशफ पारिवार में बड़ी विस्तृत और महत्त्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं जिनसे यह पता चल सकता है कि भारतीय समाज इतने दीर्घ काल तक किस तरह सुव्यवस्थित और गतिशील चलता रहा था। हालांकि हमारे शिक्षाजगत ने उसमें कभी कोई रुचि नहीं दिखाई।

भारतीय समाज की इस समृद्धि, उदारता और न्यायशीलता की झलक धर्मपालजी की सभी पुस्तकों में मिलती है। अपनी अधिकांश पुस्तकों में उन्होंने १८ वीं और १९वीं शताब्दी के यूरोप से भारत आए यात्रियों और प्रशासकों द्वारा लिखे वृत्तान्तों या ब्रिटिश सरकार द्वारा करवाए गए सर्वेक्षणों को आधार बनाया है। इनमें भारतीय समाज की पूरी तस्वीर तो नहीं मिलती, पर उन पर कोई यह आरोप नहीं लगा सकता कि वे वृत्तान्त भारत के पूरे इतिहास को महिमामंडित करने के लिए लिखवाए गए हैं। इन वृत्तान्तों में भारत की विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी उपलब्धियों की भरपूर जानकारी मिलती है। धर्मपालजी ने इस जानकारी के आधार पर भारत की उस समय के यूरोप से तुलना करते हुए यह दिखाया है कि उस समय भी ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में भारत यूरोप से कमतर नहीं था। उनकी शिक्षा–संबंधी पुस्तक तो आंख खोल देने वाली है। वह चौथम हाउस लंदन में की गई गांधीजी की इस टिप्पणी को सही सिद्ध करती है कि अंग्रेजों के शासन से पहले भारत में शिक्षा कहीं अधिक लायक और उन्नत थी। अंग्रेजों के शासन में ही यह छिन्न–भिन्न हुई। धर्मपालजी ने इस पुस्तक में अंग्रेज प्रशासकों के हवाले से बताया है कि भारत में हर गांव में स्कूल था, जबकि यूरोप में कहीं भी शिक्षा इतनी लायक नहीं थी। गृह–कर लगने के विरोध में सन् १८१० के आस–पास वाराणसी के नागरिकों का अंग्रेजों के विरुद्ध छेड़ा गया नागरिक अवज्ञा आंदोलन भी दुनिया में अपनी तरह का अनोखा आंदोलन था, जिसमें कई दिन तक वाराणसी और आस–पास के लोग एक मैदान में कर न देने की घोषणा करके धरना दिए बैठे रहे थे।

धर्मपालजी अकसर यह प्रश्न करते थे कि इतनी समृद्ध व्यवस्थाओं और परम्पराओं के बावजूद भारत विदेशी आक्रमणकारियों के हाथों परास्त कैसे हो गया? यह प्रश्न वे कोई एक उत्तर पाने के लिए नहीं करते थे, बल्कि हमें इस दिशा में सोचने को प्रेरित करने के लिए ही करते थे। उनसे भी यही सवाल सबसे अधिक पूछा गया था। इस प्रश्न के अनेक उत्तर होंगे। शायद भारत में समाज को मजबूत रखने के लिए राज्य को कुछ कमजोर कर दिया गया। शायद ऐसा न हो, हम सिर्फ इसलिए हारे हों कि समय हमारे अनुकूल नहीं था। धर्मपालजी की यह हार्दिक इच्छा थी कि इन तमाम सवालों को समेटते हुए कोई ऐसी

इतिहास की पुस्तक लिखी जाए जो छात्रों, अध्यापकों और समान्यजनों के लिए समान रूप से उपयोगी हो, जिसमें भारतीय समाज की खूबियों और खामियों का वर्णन हो। हमारी पराजय की वे अनेक संभावनाओं पर विचार किया करते थे। शायद हम सिर्फ इसलिए हारे हों कि समय हमारे अनुकूल नहीं था। जो भी हो धर्मपालजी जय–पराजय के बारे में उतना चिंताकुल नहीं दिखते थे जितना भारतीय समाज की शक्ति को बनाये रखने के बारे में। उन्हें यह देख कर बड़ी बेचैनी होती थी कि हम यूरोपीय सोच–विचार और तौर–तरीकों को अपने यहां आंख मूंद कर लागू किए जा रहे हैं। उन्हें लगता था कि यह हमारे अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोगों की बौद्धिक निष्क्रियता का परिणाम है। लेकिन उन्हें देश के साधारण लोगों के स्वभाव और संस्कार पर बहुत भारोसा था। वे मानते थे कि देश के साधारण लोग ही किसी दिन पश्चिम के अंधानुकरण पर बनाए इस ढांचे को उखाड़ फेकेंगे।

धर्मपालजी ने हमें वर्तमान से आगे जाकर सोचना सिखाया। उन्होंने हमें कुछ वैसी ही इतिहास–दृष्टि दी जो महाभारत जैसा ग्रंथ पढ़ने से मिलती है। दुनिया में शक्ति के केंद्र बदलते रहते हैं। आधुनिक काल से पहले दुनिया की जो सबसे कमजोर सभ्यता थी, इतिहास ने उसे भी दुनिया के शिखर पर पहुंचने का मौका दे दिया। इतिहास में ऐसे उलट–पुलट होते रहते हैं। नीचे से ऊपर उठने का क्रम जारी रहता है। ऐसा न हो तो दुनिया जड़ता में फंस कर नष्ट हो जाए। भारत ने राजनैतिक शक्ति–केंद्रों के साथ–साथ सामाजिक शक्ति और न्यायिक व्यवस्था बनाने की तरफ ध्यान दिया। इसलिए राज्य की पराजय के बावजूद समाज बचा रहा। धर्मपालजी यूरोपीय जातियों की वर्तमान शक्ति से आक्रांत होने के खिलाफ थे। आज यूरोपीय जातियों की शक्ति दुनिया की अन्य सभी जातियों की प्रतिभा और पहल को बंद कर रही है। पर जब कोई एक सभ्यता शिखर पर पहुंचती है तो उसका ऐसा ही मूर्छा ला देने वाला असर दूसरी सभ्यताओं पर पड़ता है। जब भारत दुनिया के शिखर पर था, तो हमारी सभ्यता की शक्ति से भी दूसरे लोग इसी तरह हतप्रभ हुए होंगे।

परन्तु धर्मपालजी यूरोपीय सभ्यता के मूल स्वरूप पर हमारा ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। यूरोपीय सभ्यता का मूल स्वरूप बहुत हिंसक है। इसलिए दुनिया पर उसका इतना घातक असर हो रहा है। इसलिए इसके प्रभाव से जल्द से जल्द मुक्त होना उन्हें इतना आवश्यक लगता था। हमारे बौद्धिक लोगों के दासता भाव से उन्हें बेचैनी होती थी। आमतौर पर वे अपने विरोधी को भी ठीक से सुनने का धैर्य बनाए रखते थे, लेकिन कभी–कभी उनके तर्क उन्हें इतना विचलित कर देते थे कि वे अपना आपा खो बैठते थे, परन्तु ऐसे अवसर

बहुत ही कम आए थे। धर्मपालजी का कहना था कि हमारे बौद्धिकों में इतनी दासता आ गई है कि उन्होंने अपना आत्मसम्मान तक छोड़ दिया है। उन्हें अपने समाज में सब बुरा ही बुरा दिखाई देता है और यूरोपीय समाज में सब अच्छा ही अच्छा। अगर उन्होंने अपनी यह धारणा यूरोपीय समाज के गम्भीर अध्ययन के आधार पर बनाई होती, तो भी समझा जा सकता था, पर वे यूरोपीय समाज को जानते तक नहीं, दुनिया के दूसरे समाजों को जानने की बात तो बहुत दूर है। ऐसे लोगों की बातों में वे रस लेना छोड़ देते थे, लेकिन फिर भी वे अपनी शालीनता को नहीं छोड़ते थे।

अपनी बौद्धिक तीक्ष्णता को धर्मपालजी लोगों के साथ अपने संबंधों के बीच कभी नहीं आने देते थे। जिनसे भी उनके संबंध थे, उनके साथ वे सद्व्यवहार बनाए रखते थे। उन्हें शिष्टाचार का हमेशा ध्यान रहता था। वे जहां भी जाते, अपने पुराने मित्रों और परिचितों से स्वयं ही सम्पर्क कर लेते थे। हम लोगों के प्रति तो वैसे भी उनका बहुत स्नेह था, वे हमेशा हमें प्रोत्साहित करते रहते थे ताकि अपने समाज और दुनिया की हमारी समझ बढ़े। वे कभी अपने विचारों को दूसरों पर लादने की कोशिश नहीं करते थे। उनकी भूमिका महाभारत के कृष्ण जैसी थी जो अर्जुन के समक्ष सभी स्थितियों का खुलासा करके अंत में यह कहते हैं –

'यथेच्छसि तथा कुरु' – गीता १८.६३ 'मैंने बताने योग्य सारी बातें तुझे बता दी है। अब तू इस पर अच्छी तरह विचार कर।' और हमारी स्थिति भी अर्जुन जैसी हो जाती थी – 'नष्टो मोह: स्मृति लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत' गीता १८.७३ 'हे कृष्ण! आपकी कृपा से मेरा मोह नष्ट हो गया है और मैंने स्मृति प्राप्त कर ली है।'

धर्मपालजी को इसका बहुत ध्यान रहता था कि उनकी बात से किसी को कोई चोट न पहुंचे। अपनी मान्यताओं के प्रति वे जितने निर्मम थे, उतने ही अपने व्यवहार में स्नेहशील। अपने से छोटों के प्रति वे हमेशा बराबरी का व्यवहार ही करते थे, उनके पास बैठ कर हमें हमेशा ऐसा लगा कि हम एक बरगद की छांह में बैठे हैं और उनके पास आकर हमारे सब बौद्धिक प्रश्नों का अपने आप ही समाधान हो जाता था – 'स्थितोऽस्मि गतसन्देह:' गीता १८.७३ ठीक भगवद्गीता के अर्जुन की तरह जो कहता है – 'मैं संदेह रहित होकर स्थित हूं।' उनसे मिलने एक बार मेरा सेवाग्राम जाना हुआ। हमारी हर छोटी–सी–छोटी सुविधा का उन्होंने जो ध्यान रखा, उसे देखकर मैं लज्जित हो गया। उन्हें अपने सहयोगियों का हमेशा खयाल रहता था। छोटे-से-छोटे आदमी से बात करने में उनकी रुचि रहती थी। वे कहते

थे कि देश के साधारण लोगों से हमें जितना सीखने और अपने समाज के बारे में जानने को मिल सकता है, अकसर बौद्धिक लोगों से नहीं मिलता। उनकी हमेशा यह इच्छा रहती थी कि वे देश के किसी नये हिस्से में जाकर कुछ दिन बिताएं, वहां जीवन को और समाज को निकट से देखें और अपने इस विराट् भारतीय समाज के स्वभाव और उसकी प्रवृत्तियों को पूरी गहराई और विस्तार से समझ लें। अकसर उनकी चिट्ठियों में इन यात्राओं के जो वर्णन होते थे, वे पाण्डित्यपूर्ण लेखों से अधिक जानकारी देने वाले होते थे।

धर्मपालजी को भारतीय समाज और भारतीय सभ्यता पर बड़ा गर्व था, लेकिन वे इसे विलक्षण मानने से इनकार करते थे। उनका कहना था कि दुनिया के सभी समाजों की अपनी–अपनी प्रवृत्तियां हैं और इस पूरी दुनिया को चलाने में उनकी एक भूमिका है। हमें अपनी भूमिका पहचान लेनी चाहिए। जब तक हम अपनी सभ्यता के स्वरूप को नहीं समझ लेंगे, हमारा पुरुषार्थ ठीक से जागृत नहीं होगा। देश के साधारण लोग तो हमारी अपनी सभ्यता के स्वभाव और संस्कार से चलते हैं, पर उन पर हमने पश्चिमी सभ्यता के अनुकरण पर बनाए गये तंत्र का जो बोझ डाल रखा है, वह उनकी प्रतिभा और क्रियाशीलता को कुण्ठित किए रहता है। इस बोझ को हटाना ही हमारा पहला और आखिरी काम होना चाहिए। धर्मपालजी भारत के भविष्य के बारे में आश्वस्त थे। उनका मानना था कि कोई भी समाज हमेशा के लिए अपना स्वभाव नहीं छोड़ सकता। भारतीय राज्य के वर्तमान भटकाव को वे तात्कालिक विकृति मात्र मानते थे। उन्हें भारत के आम लोगों के शील, स्वभाव और संस्कारों पर पूरा भरोसा था और साथ ही यह आश्वस्ति भी कि भारतीय लोग या तो पश्चिमी ढांचे को उखाड़ फेकेंगे और या उसे ठोंक–पीट कर भारतीय स्वभाव के अनुरूप बना लेंगे।

धर्मपालजी की तुलना आज के बौद्धिक लोगों से नहीं की जा सकती। वे तो हमारे प्राचीन ऋषियों और मुनियों की परंपरा के मनीषी थे। उन्होंने हमें आज के विश्वविद्यालयों ने जो लीक बना दी है, उससे हटकर सोचना और समझना सिखाया। इस तरह हमें फिर से अपने समाज की ओर उन्मुख कर दिया। धर्मपालजी में श्रद्धा रखने वाले बहुत तरह के लोग थे, उनमें आपस में वैचारिक साम्य हो, यह आवश्यक नहीं है। ये लोग अपने–अपने तरीकों से देश–सेवा और समाज–सेवा के कार्यों में जुटे थे। धर्मपालजी से उन्हें अपने कार्यों को ठीक से करने की प्रेरणा मिलती थी। धर्मपालजी कभी उनके क्रियाकलापों में दखल नहीं देते थे। उनका तो एक ही आग्रह था कि हम अपनी सभ्यता की मूल बातों को समझें और उसके उत्कर्ष में लगें। मार्ग हमें जो भी अच्छा लगे, उसे चुन कर आगे बढ़ते रहें।

धर्मपाल: एक साक्षात्कार

— रामबहादुर राय

आजादी से पहले, तीसरे दशक में धर्मपाल महात्मा गांधी के संपर्क में आए। तब से उनके जीवन की दिशा बदल गई। चौथे दशक में उन्होंने मीरा बहन के साथ काम किया। आजादी के बाद कांग्रेस–सोशलिस्ट जमात में सक्रिय रहे। कुछ ही दिनों बाद वे महात्मा गांधी के दिखाए रास्ते की गहरी समझ के लिए छुट्टा शोधकर्ता बन गए। तभी उनकी पहचान इतिहासकार के रूप में उभरी। संभवत: पहली बार उनके प्रशंसकों और सेवाग्राम आश्रमवासियों ने उनका ८६वां जन्मदिन बीते वर्ष फरवरी में मनाया। वैसे तो धर्मपाल पूरी तरह परिव्राजक रहे। उनसे अनुप्राणित लोगों की देश भर में लंबी–चौड़ी जमात है, जो उन्हें ऋषि मानते हैं। उनसे जनसत्ता के पूर्व समाचार संपादक रामबहादुर राय की बातचीत –

सवाल – क्या भूमंडलीकरण से पश्चिम और भारत का फर्क खत्म हो रहा है?
जवाब – यूरोपियन विचार में राजा सब कुछ होता है। यह पुराना विचार है। फिर भी वहां राजा हर वक्त रोक–टोक नहीं करता था। १७०० ईस्वी से वह रोक–टोक बढ़ने लगी। सन् १८०० आते–आते वहां कई तरह के कानून बने। उसके परिणामस्वरूप सब कुछ निजी स्वामित्व के अधीन हो गया। जनता के स्वामित्व के सारे रास्ते बंद कर दिए गए। अब यही सब कुछ हमारे यहां भी हो रहा है। महात्मा गांधी ने हमें एक रास्ता दिखाया। लेकिन उनकी प्रयोगस्थली सेवाग्राम जैसी जगहें भी साधारण लोगों के लिए बंद हो गई हैं। ये सब अब विशेष लोगों के लिए हैं। लोगों का अधिकार छीना जा रहा है। यह अधिनायकवाद का पश्चिमी तरीका है। हम उसे बिना सोचे–समझे अपना रहे हैं।

सवाल – यह बात किसी के खयाल में क्यों नहीं आ रही है?

जवाब – खयाल में कैसे आएगी? अपनापन कहां रहा? न देश के साथ अपनापन है न लोगों के साथ अपनापन है। जनता के बारे में हमारी धारणा बन गई है कि वह गुर्ख है, अनपढ़ है, उसे कोई ज्ञान नहीं है। औरतों के बारे में और भी पूर्वाग्रह हैं। यूरोप में मान्यता है कि जो विजयी है वह मालिक भी हो जाता है। भारत में राजा और प्रजा की परिभाषा यूरोप से भिन्न है। हमारे यहां जो लोग जहां रहते हैं उस पर उनका अधिकार होता है, उससे उन्हें वंचित नहीं किया जाता था। हर परिवार को यह अधिकार था कि वे अपना घर बना सकें। राजा उन्हें उजाड़ नहीं सकता था। यहां संवाद का रास्ता ही बंद कर दिया गया है जिससे अपनी परंपरा को समझना लगभग असंभव हो गया है।

सवाल – मौजूदा हालात पर आपका नजरिया क्या है?
जवाब – भारत विदेशी दबाव तले है। हालत बदतर होती जा रही है। भारत के गांव और उसकी व्यवस्थाएं, जैसे स्कूल आदि कैसे चलें, यह भी विदेशी आदेश और सहायता पर निर्भर करने लगे हैं। बसों का किराया कितना बढ़े और सड़कें कैसी हों, कितनी चौड़ी हों, यह फैसला भी बाहर हो रहा है। सेवाग्राम आश्रम जैसे स्थान भी चौड़ी सड़कों से घिरने लगे हैं। वह आश्रम कैदखाना बनता जा रहा है। पर्यटन केन्द्र के नाम पर उसे चहारदीवारियों से घेरा जा रहा है। जबकि ऐसे स्थानों की शांति और पवित्रता के लिए यह आवश्यक था कि वे वैसे ही बने रहें जैसा उनका मूल स्वरूप था।

चिंता की बात है कि खादी ग्रामोद्योग आयोग फैशन की होड़ में पड़ गया है। हमारी खेती में बिना सोचे–समझे विदेशीकरण हो रहा है। यह सब हमारी बेसमझी के सबूत हैं। ये ही हमें आधुनिकता को समझने से दूर रखते हैं, चाहे वह तकनीकी प्रश्न हो, व्यवस्था का हो या अपनी दिशा का।

सवाल – कैसी समाज व्यवस्था हो जिससे कि अपने बारे में सही समझ पैदा हो सके?
जवाब – अपने बारे में सोचने से रास्ता निकलेगा। मेरा आशय यह है कि सहज तरीके से सोचना–समझना शुरू करना चाहिए। ऐसा न हो कि सोच–विचार भी नशे की एक लत बन जाए। गड़बड़ियां क्या हैं, यह देखना होगा। जैसे, समाज में प्रतिबंध और नियंत्रण की मानसिकता घर कर गई है। ऐसी और बहुत सी बातें हैं। हमारे एक परिचित हैं। उनकी एक बहन है। वे उसकी शादी के लिए पांच–छह साल से कोशिश कर रहे हैं। बात नहीं बन रही है। लड़की पढ़ी–लिखी है, समझदार है, एक कालेज में पढ़ाती है लेकिन शादी नहीं

हो रही है। कारण क्या है? यह तो केवल एक उदाहरण दे रहा हूं। पूरे समाज में यही हो रहा है। लड़कियों के साथ भी और लड़कों के साथ भी। यह तो बीमारी का लक्षण है।

सवाल – क्या सामाजिक नेतृत्व इन परिस्थितियों से अनभिज्ञ है?
जवाब – इसे सब जानते हैं। १९७७ में मैंने पटना में सुना कि चपरासी बनने के लिए आठ हजार या दस हजार रुपया चाहिए। यह अकेले पटना की बात नहीं थी, पूरे देश में यही हाल तब भी था और वह आज विकराल बन गया है। अलग–अलग नौकरियों के लिए अलग–अलग रेट हैं। परिस्थितियां ऐसी बन गई हैं कि आप इन बातों पर सवाल भी नहीं खड़ा कर सकते।

सवाल – रास्ता क्या है?
जवाब – अलग–अलग समय में अलग–अलग रास्ते बनाने पड़ते हैं। महात्मा गांधी ने उन समस्याओं के समाधान के लिए अपने समय का रास्ता चुना। अब हम बहाने बनाए हुए हैं। हमें भारत की मानसिकता को पहचानना है। वह जब तक नहीं पहचानेंगे तब तक रास्ता नहीं निकलेगा। अहिंसा या हिंसा अपने आप में उपाय नहीं हैं। ये सिर्फ जरिया हैं। जब अनाचार और अत्याचार अपनी सब सीमाएं तोड़ दे और लोगों को लगने लगे कि यह सब बर्दाश्त से बाहर है तो उस समय हिंसा का भी रास्ता खुल जाता है।

सवाल – पहचानने की कोशिश का कोई लक्षण आपको दिखता है?
जवाब – समाज में ऐसे लोग होते हैं जो हर घर की जानकारी, उनके सुख–दुख की खबर रखते हैं। समाज को ऐसे लोगों को सम्मान देना चाहिए भले ही वे किसी भी जाति के हों। हमें उनको स्वीकार करना होगा। हमने तो ऐसे लोगों को ही अलग कर दिया है। मिथ्या धारणाओं और किंवदंतियों को समाज चलाने का आधार नहीं बनाना चाहिए। आप देखेंगे महाभारत काल के पहले भारतीय समाज में यह सब बुराइयां या मिथ्या धारणाएं नहीं थीं। भारद्वाज और भृगु में संवाद होता है। भारद्वाज एक प्रश्न पूछते हैं क्या वृक्ष और मनुष्य दोनों एक जैसे हैं? तब भृगु कहते हैं कि हां, दोनों एक जैसे हैं। दोनों में चेतना है। यह धारणा कि मनुष्य और वृक्ष दोनों चेतन हैं, समष्टिगत सोच विकसित करती है। इस सोच का ह्रास हुआ है। समस्या वहां है।

सवाल – यह समस्या विस्मृति की है या बदल जाने की है?
जवाब– हमें यह समझा दिया गया है कि ये बड़ी–बड़ी बातें हम नहीं कर सकते।

सवाल – आपने कहा है कि १८६० के बाद जो नेतृत्व आया वह भारत को समझ नहीं सका है। क्या वर्तमान समस्याएं उसी नासमझी का परिणाम है?
जवाब – यह एक प्रक्रिया के तहत चल रहा है। बाहरी शक्तियां हमें अपना अतीत जानने से रोक रही हैं। हम जिस दिन तय कर लें कि हमें तो यह सब नहीं करना है क्योंकि यह सब कबाड़ है। तो हम उसे फेंक देंगे। लेकिन हम तो बेहोशी की हालत में हैं। हमें खयाल ही नहीं आता।

सवाल – विचारधाराओं की क्या भूमिका है?
जवाब – विचारधाराएं और उनके संगठन सीमित मात्रा में ही देश को समझने की कोशिश करते हैं। उतना ही जितने से उनका हित सधता हो। चाहे आरएसएस हो, कांग्रेस हो या और कोई। भारतीयता तो आम आदमी में ही बची हुई है। दुर्भाग्य से आम आदमी गूंगा हो गया है।

सवाल – यह गूंगापन कैसे खत्म हो? गांधीजी होते तो क्या रास्ता अपनाते?
जवाब – अहिंसा का रास्ता तो नहीं अपनाते। जो गलत चलता उसे मारते। गांधी पर सेमीनार करने या 'हिंद स्वराज' की जन्मशती मनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। 'हिंद स्वराज' का लक्ष्य था आंतरिक स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और शांति। उस पर काम करने की जरूरत थी। उसकी जगह हम 'हिंद स्वराज' की जन्मशती मना रहे हैं।

सवाल – उम्मीद की रोशनी कहां है?
जवाब – रोशनी तो जनता में ही है। संस्थाओं से ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती। उससे मायूसी बढ़ेगी। प्राण तो जनता में ही है। यह बात भी हमें समझ लेनी चाहिए कि साधारण लोग बहुत समझदार होते हैं। वे कोशिश करते हैं कि कम–से–कम झगड़ा हो। जब सिर पर आ जाता है तो उनको दो–दो हाथ करना पड़ता है।

सवाल – तो क्या आप मायूस हो गये हैं?
जवाब – मैं मायूस नहीं हूं। मुझे जो काम करना था, ६०–७० सालों में मैंने किया। अब जिसे जरूरी लगता हो उसको आगे बढ़ाए। लेकिन ऐसा कुछ होता नहीं दिख रहा है।

सवाल – क्या हमारा नेतृत्व अभारतीय है?

जवाब – हमारा नेतृत्व कभी भारतीय रहा ही नहीं। १८६० के बाद ही उसने हार मान ली। सारे लोग लंदन बैरिस्टरी पढ़ने जाते थे। चाहे गांधी हों या कोई और। बाद में उनका कुछ झगड़ा हुआ हो और वे क्रांतिकारी बन गए हों, यह बात दूसरी है। जो लोग लंदन, यूरोप गये थे वे हार मानकर गए थे। यह हकीकत है कि वे अंग्रेजों के मानकों पर ही सम्मान पाना चाहते थे। यह परिपाटी अभी भी चल रही है। फर्क सिर्फ इतना आया है कि लंदन की जगह अमरीका ने ले ली है। अमरीका का रौब आज थोड़ा ज्यादा है। इंग्लैण्ड का उस समय उतना रौब नहीं था। इंग्लैण्ड जाकर लगता था कि छोटी–मोटी नौकरी मिल जाएगी लेकिन अमरीका जाकर तो बराबरी करने की कोशिश करते हैं। अमरीका का राष्ट्रपति बनने की चाह लेकर तो कोई नहीं जाता होगा लेकिन बिल गेट्स बहुतों को प्रेरित करता है।

सवाल – यह कैसा लक्षण है?
जवाब – यह अच्छा लक्षण नहीं है। हम उन्हें आत्मसात् नहीं कर सकते। उनके जैसा होने का विचार ही गलत है। इस समय यह प्रचारित किया जा रहा है कि सन् २०११ में भारत दुनिया का अगुआ हो जाएगा। इस तरह सोचना वाहियात है।

सवाल – आपको कब लगा कि हमारा नेतृत्व हकीकत से दूर है?
जवाब – इसका मुझे सन् १९६० के करीब अंदाज हो गया था। फिर मैंने उस लिहाज से पढ़ना–लिखना शुरू किया। ऐसे तथ्यों और घटनाओं की खोजबीन में जुटा। उससे नेतृत्व को परिचित कराया। मैंने अलग से कुछ किया हो ऐसा नहीं है। मैंने अंग्रेजों के ही इकट्ठा किए गए रिकाड्र्स को देखा।

सवाल – आपको किस घटना से ऐसा लगा कि वे तथ्यों से अपरिचित हैं?
जवाब – लंदन में मुझे बनारस के सत्याग्रह का पूरा संदर्भ मिल गया। उसे पढ़ा और महसूस किया कि वह वैसा ही सत्याग्रह रहा होगा जिसका प्रयोग महात्मा गांधी ने पुनः शुरू किया। मैंने इसकी जानकारी अन्ना साहेब सहस्रबुद्धे को दी। उन्होंने कुछ लोगों से बात की और उनसे पूछा तो विवाद इस पर हुआ कि क्या किसी नेता के बगैर सत्याग्रह हो सकता है? सत्याग्रह में नेता का होना जरूरी है। बनारस के सत्याग्रह में नेता नहीं था, साधारण लोग ही अपने आप नेता थे।

अंग्रेजों ने सन् १८१० में बनारस के हर घर पर टैक्स लगा दिया। वहां के लोगों ने विरोध किया और कहा कि हमने कभी टैक्स दिया नहीं है और न देंगे। इसी बात पर वह

सत्याग्रह चला और लोग जीते। इसे अंग्रेजी रिकार्ड में देखने और पढ़ने के बाद मैंने सोचा कि सत्याग्रह की हमारी परंपरा पुरानी है जिसमें सरकार के खिलाफ तनकर खड़े हो जाने और जरूरत पड़ने पर निर्णायक लड़ाई लड़ने की प्रथा थी। वह महात्मा गांधी से पहले भी थी।

सवाल – बनारस वाले सत्याग्रह में कोई नेता नहीं है, हजारों नेता हैं। कहीं हमारी समस्या का कारण यही तो नहीं है?
जवाब – साधारण नागरिक और नेता की खाई इस व्यवस्था में बना दी गई है। उसे तोड़ देना चाहिए। राजधानियों में जो व्यवस्था के बंदी बने नेता हैं उन्हें मुक्त कराना मुश्किल काम नहीं है। क्रांति क्या होती है? और उसमें कोई खून–खराबा करने की जरूरत नहीं है। ऐसे नेताओं को जनता जल्दी ही बेआबरू कर देगी। अयोध्या के बाद मैंने यही भाषण दिया था। एक तो वह जरूरी होता है। बनाए को बिगाड़ना पड़ता है। ऐसा नहीं करेंगे तो नहीं चलेगा। वो कितना भी अच्छा उसने बनाया हो, हमें वह नहीं चाहिए। हमें मकबूल फिदा हुसैन नहीं चाहिए।

सवाल – पहले के गांव और अब के गांव में आपको क्या फर्क नजर आ रहा है?
जवाब – ठीक–ठीक अंदाज नहीं लगाया जा सकता। गांवों में समझ और हिम्मत बढ़ी हो ऐसा लगता नहीं है। आपसीपने का भाव भी खत्म हुआ है और अपने बारे में जानकारी रखने का अभाव है, दिलचस्पी भी नहीं है। अपने अतीत के बारे में सवाल नहीं पूछे जाते। इसकी जगह पौराणिक भ्रांतियों में भटकने का रोग लगा हुआ है।

सवाल – पुनर्रचना की सही अवधारणा क्या है?
जवाब– हमें पुनर्रचना के बारे में कुछ पता ही नहीं है। पंचायत की बात भी नकल की तरह करते हैं। गांधी जी ने भी नकल की थी। मैटकॉफ ने जो कहा था गांधीजी ने उसे ही ले लिया। २०० साल पहले ही पंचायतों पर काफी काम हुआ था। जब संविधान में पंचायत की बात लाने का प्रस्ताव हुआ तो कांग्रेस में बड़ा झगड़ा हुआ। फिर एक अनुच्छेद इस संबंध में संविधान में डाल दिया गया। फिर उसके बाद विकास और पंचायत में संबंध स्थापित करने की कोशिश हुई। मेहता कमेटी बनी। उस कमेटी के कुछ सुझाव आए। उन सुझावों को मैंने छापा। फिर थोड़ी चर्चा हुई।

सवाल – आपकी किताब 'दी बयूटीफुल ट्री' में जो भारत के अंदर १८ वीं सदी में विज्ञान की स्थिति थी, क्या आज का विज्ञान उसी कड़ी में है?
जवाब – नहीं, वह कड़ी तो टूट गई। हमने उसको तोड़ दिया। मैंने तो बहुत बाद में किताब लिखी है अंग्रेजों ने तो सन् १८५० में ही उस पर बहुत कुछ छाप दिया था। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे ही थोड़े दिनों बाद इस किताब की चर्चा भी लोग करना छोड़ देंगे मैंने कहीं अलग से कुछ नहीं लिखा, वह सब तो रिकार्ड में है। मैं तो यह मानता हूं कि भगवान ने मुझे एक तरीका बता दिया कि ऐसे देखा जाता है। और वह हो गया। यह तो अकस्मात् ही है। महात्मा गांधी भी तो अकस्मात् ही आते हैं। देखिए महात्मा गांधी तो अवतार हैं। मैं उन्हें अवतार मानता हूं।

सवाल – अकस्मात् का कोई कारण तो होगा?
जवाब – यह सब भगवान की मर्जी है। वह तो लीला खेलता है। हिन्दू होने के नाते हम लीला को तो मानते ही हैं।

सवाल – महात्मा गांधी को अवतार मानने का चलन इधर २५–३० सालों में हुआ है। उस समय या गांधीजी के जाने के बाद तक लोग उन्हें एक राजनीतिक नेता या अधिक–से–अधिक महात्मा ही मानते थे?
जवाब – ऐसा नहीं है। 'द हिन्दू' अखबार ने जनवरी, १९१५ में अपने एक संपादकीय में जो कुछ लिखा उसको ध्यान से पढ़िए। उसके कारण उस समय माहौल बन गया। 'हिन्दू' अखबार तो पाश्चात्य मानसिकता से ग्रस्त था, फिर भी उसने गांधी को अवतार की तरह प्रस्तुत किया। यहां के पंडितों–पुरोहितों ने भी माहौल बनाने में मदद की।

सवाल – महात्मा गांधी जनता की चेतना में हैं?
जवाब – क्यों हों? जनता की चेतना में राम हैं। अगर राम हैं तो गांधी भी हैं। महात्मा गांधी को आप राम से उंचा तो नहीं बना सकते। राम तो राम ही रहेंगे। महात्मा गांधी की राम से तुलना नहीं करनी चाहिए। राम सत्य को प्रतिबिंबित करते हैं। महात्मा गांधी ने भी तो सत्य को ही पकड़ा। अलग से देखने की जरूरत क्या है? आदि शंकराचार्य ने चाण्डाल से कहा कि दूर हटो। उसने पलटकर पूछा कि किसे कह रहे हैं? इतिहास में जब तक आदि शंकराचार्य रहेंगे तब तक वह चाण्डाल भी याद किया जाएगा। वह कोई मामूली नहीं है। भारतीयता यहां हैं। अंबेडकर की मूर्तियां इधर बीस–पचीस साल से जगह–जगह दिख रही

है। दस बीस साल में यह कुछ नहीं रहेगा, क्योंकि मूर्तियां लगाने का जो उद्देश्य था वह पूरा हो गया है।

सवाल – भारतीयता को आप राजनीति में उतरता हुआ देख पा रहे हैं?
जवाब – कुछ हो रहा है। दुनिया की महाशक्तियां अपने से कितनी अधिक शक्तिशाली हैं अभी इसका ठीक–ठीक अंदाजा नहीं हो रहा है। दुनिया बदल रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि वह अपने मुकाबले कितना बदल रही है। अभी हम काफी कमजोर हैं। हमें राज्य के बारे में कुछ खास मालूम नहीं है। रामराज्य की बात तो हम करते हैं लेकिन रामराज्य कैसे बनता है इसके बारे में कुछ करते नहीं।

सवाल – जो नया बनना है वह पुरानी पहचानों के आधार पर बनेगा?
जवाब – पुरानी पहचानों को ही लाना पड़ेगा लेकिन और मजबूती के साथ। उनमें जो कमियां रह गई हैं, जो टूट–फूट हो गई है उसको ठीक करना पड़ेगा। नये से तो हम ही नहीं रहेंगे। जाति खत्म करने की बात तो यूरोप वालों ने की। जाति तो हमें जोड़ती है। संबंध कायम करने के लिए भारत में जाति सबसे बड़ी चीज है। अब उसको एक दूसरे से कैसे संबंधित किया जाए समस्या वहां है। इसमें कुछ भूलें हुई हैं। लेकिन अभी भी हम इसमें फंसे हुए हैं कि बाहर वाले हमारे बारे में क्या कहते हैं? हारी हुई स्थिति में कुछ पाने की कोशिश करते हैं। मिलता उसे है जो विजेता होता है।

सवाल – इस्लाम अपवाद है?
जवाब – कहां अपवाद है। इस्लाम भी यहां खप गया। इस्लाम ने यहां एक भी अच्छा काम नहीं किया। उलटे यहां की अच्छी खेती १२०० के करीब वे मिश्र ले गए। राजनीति उन्हें आती नहीं है। डंडा चलाना आता है। खून–खराबे के अलावा उन्हें कुछ नहीं आता। वे कोई शासन पद्धति लेकर तो यहां आए नहीं। शासन पद्धति चलाना तो यूरोप वालों को ही आता है। उसे समझ लेना चाहिए। उस शासन पद्धति में जोर जबर्दस्ती मुख्य है। लेकिन वे ऐसी होशियारी बरतते हैं कि वह (जोर जबर्दस्ती या हिंसा) दिखाई नहीं पड़ती। उसे ही हम ढो रहे हैं।

सवाल – आतंकवाद की समस्या किस तरह की है?
जवाब– यह भी यूरोप की ही नकल है। उन्होंने अपनी प्रजा को बार–बार मारने की कोशिश की है, उसमें से यह आतंकवाद निकलता है। जब से ईसाइयत शुरू हुई है आतंकवाद भी शायद तभी से शुरू हुआ है। यह तो ताकत के विरुद्ध लड़ाई है।

अतुलनीय बौद्धिक

— रामेश्वर मिश्र 'पंकज'

मैं सचमुच बहुत सौभाग्यशाली हूं। जितने महापुरुषों और श्रेष्ठ विद्वानों का स्नेह मुझे मिला, जहां तक मेरी समझ है, उतना बहुत कम लोगों को मिलता है। राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर विख्यात दिग्गज राजपुरुषों और संस्कृति क्षेत्र के महापुरुषों को अगर इस उल्लेख से बाहर भी कर दें तो भी सार्वजनिक जीवन तथा बौद्धिक क्षेत्र में जो स्नेह मिला, वह अभिभूत कर देने वाला रहा। दिल्ली में शीर्षस्थ बौद्धिकों में से जिन लोगों का मुझे बीस से अधिक वर्षों तक निरंतर अनुपम स्नेह मिलता रहा, उनमें प्रमुख हैं – रामस्वरूपजी, सीताराम गोयलजी और धर्मपालजी। अपनी किसी भी रचना का हिन्दी अनुवाद मेरे द्वारा किए जाने पर अथवा किसी अन्य के द्वारा किया हुआ अनुवाद, मेरे द्वारा देख लिए जाने पर ही रामस्वरूपजी एवं धर्मपालजी संतुष्ट होते थे। विश्व और देश के विषय में अत्यंत गम्भीर चर्चा इन तीनों ही महापुरुषों ने मुझसे सहस्त्रों बार की। कई बार तो एक ही विषय पर कई दिनों तक विमर्श होता रहता।

धर्मपालजी का जन्म सन् १९२० या सन् १९२१ में हुआ था, वे राष्ट्रीय असहयोग आंदोलन के वर्ष थे। जब धर्मपाल युवा हुए उस समय सन् १९४२ का प्रसिद्ध 'भारत छोड़ो' आंदोलन शिखर पर था। धर्मपाल उसमें सक्रिय थे, गिरफ्तार हुए और जेल गए। वे उन दिनों डॉ. राममनोहर लोहिया, सुश्री अरुणा आसफ अली और सुश्री उषा मेहता के आत्मीय साथी थे। डॉ. लोहिया से वे अंत तक जुड़े रहे। जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया तो जिन लोगों ने उत्तर पूर्वी इलाके में भारतीयों के जाने पर लगाई गई सरकारी पाबंदी को तोड़कर गिरफ्तारियां दीं, उनमें डॉ. लोहिया के अतिरिक्त श्री धर्मपाल भी थे। मैं स्वयं युवावस्था में लोहियावादी था, अत: धर्मपालजी से सहज आत्मीयता स्वाभाविक ही थी।

यों धर्मपालजी ऋषिकेश के पास स्थित 'पशुलोक' में मीराबेन के साथ वर्षों रहे। उनका विवाह भी मीराबेन की ही एक अनुयायी से हुआ, तथापि धर्मपालजी एक लोहियावादी अधिक थे या यों कह सकते हैं कि वे जितने गांधीवादी थे, उतने ही लोहियावादी भी।

श्री जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित पंचायत राज परिषद् में श्री सीताराम गोयल और श्री धर्मपाल दोनों ने कार्य किया था। धर्मपालजी इस सिलसिले में पंजाब गए और वहां उन्होंने बहुत सारे दस्तावेज देखे और ग्रामीणों से सम्पर्क भी किया। वे यह देखकर अवाक् रह गए कि पंजाब के ग्रामीण कितने अधिक बुद्धिमान हैं। धरती, पानी, आकाश, मौसम, नक्षत्रों और फसलों तथा समाज–व्यवस्था के बारे में उन निरक्षर किसानों के पास अथाह ज्ञान है और जो विकास अधिकारी उन्हें खेती के विषय में कुछ सिखाने की इच्छा और योजना रखते हैं, वे उन किसानों की तुलना में कितने अल्पज्ञ हैं, यह उन्होंने देखा। साथ ही पारम्परिक ग्राम व्यवस्था की अनेक विशेषताएं उनके ध्यान में आईं और तब वे १८ वीं शताब्दी की ग्राम व्यवस्थाओं के विषय में आंकड़े एकत्र करने लगे।

इसी बीच उनका इंग्लैण्ड जाना हुआ और लंदन में इण्डिया ऑफिस लायब्रेरी में उन्होंने १८ वीं तथा १९ वीं शताब्दी में ब्रिटिश अफसरों द्वारा संग्रहीत भारत विषयक आंकड़ों के विवरण देखे। इन विवरणों से उनका विस्मय और बढ़ता गया। उन्होंने 'Indian Science & Technology in the 18th century' ('भारत में १८ वीं शताब्दी में विज्ञान और प्रोद्यौगिकी की दशा' – जैसा ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा एकत्रित आंकड़े बताते हैं) नामक पुस्तक इन्हीं तथ्यों के संग्रह के आधार पर लिखी, जिसने भारत में सबको चौंका दिया। इस पुस्तक से यह पुराना तथ्य फिर से लोगों के ध्यान में आया कि वपित्र यंत्र, सिंचाई तथा खेती की अन्य वैज्ञानिक जानकारियों में १८वीं शताब्दी में भारत, ब्रिटेन से बहुत आगे था। इस्पात बनाने की भारतीय विधि तो अति उन्नत थी। बर्फ बनाने की तकनीक भी भारतीयों को अंग्रेजों से पहले विदित थी। यहां के नाई चेचक का टीका लगाना जानते थे। यह सब तथ्य स्वयं ब्रिटिश अधिकारियों ने संग्रहीत किए थे। धर्मपालजी की अगली पुस्तक '१८ वीं शताब्दी में भारत में शिक्षा की स्थिति' पर आई। यह पुस्तक तो पहले से भी अधिक चौंकानेवाली सिद्ध हुई। यद्यपि इस पुस्तक में जो भी चौंकाने वाले आंकड़े थे, वे पहले महात्मा गांधी द्वारा सम्पादित 'हरिजन' और 'नवजीवन' में प्रकाशित हो चुके थे। सुंदरलाल की पुस्तक 'भारत में अंग्रेजी राज' के १३वें अध्याय – 'शिक्षा का सर्वनाश' में भी वे आंकड़े दिए हुए थे और प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री नायक की पुस्तक में भी। तथापि,

समकालीन राष्ट्रीय जीवन में वैसा उसकी स्मृति ही नहीं बची थी। जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में समस्त राजनीतिक बौद्धिकों के मार्गदर्शन में भारत का जो इतिहास रचा गया, उसमें से ये तथ्य नदारद थे। इस पुस्तक का नाम रखा गया 'द ब्यूटीफुल ट्री'। पुस्तक का यह शीर्षक गांधीजी द्वारा हरिजन में प्रकाशित उस लेख से लिया गया था, जिसमें उन्होंने लिखा था – 'अंग्रेजों के आने के पहले भारत में शिक्षा का स्तर उन्नत था। इंग्लैण्ड की तुलना में भारत में शिक्षा का प्रसार और स्तर दोनों ही उत्कृष्ट थे। अंग्रेज यहां आए। उन्होंने भारत के इस सुन्दर विद्या–वृक्ष की जड़ें देखनी शुरू कीं। इसके लिए उन्होंने खूब गहराई तक खोदा–खंगाला। इस सुन्दर वृक्ष का वैभव जड़ सहित देख लेने के बाद उन्होंने इन जड़ों को खुला ही छोड़ दिया, जिससे यह सुन्दर वृक्ष धीरे–धीरे कुम्हलाकर सूख गया।' गांधीजी के इस कथन को ब्रिटिश अधिकारी (संभवत: श्री फिलिप) ने चुनौती दी थी। उसके उत्तर में बाद में स्वयं गांधीजी ने ही ब्रिटिश अफसरों द्वारा संग्रहीत आंकड़े अपने पत्र में प्रकाशित किए थे। ये आंकड़े दिखाते हैं कि भारत के लगभग हर गांव में एक विद्यालय था। बड़े गांव में एक से अधिक विद्यालय थे। इन विद्यालयों में लगभग प्रत्येक परिवार के लड़के पढ़ते थे। विद्यालयों में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या कम थी। उसका कारण यह था कि लड़कियां पिछली कुछ शताब्दियों से घर में ही रहने की विवशता में आ गई थीं परन्तु वे घर पर ही पढ़ती अवश्य थीं।

विद्यालयों में जो शिक्षक पढ़ाते थे उनमें हर जाति के शिक्षक होते थे – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ तो होते ही थे; चर्मकार, बसोड़, डोम आदि और तथाकथित पंचम वर्ण के भी शिक्षक होते थे। इसी प्रकार पढ़ने वाले लड़कों में प्रत्येक जाति के विद्यार्थी होते थे जिनमें शूद्र और तथाकथित पंचम वर्ण के विद्यार्थी भी होते थे। इन सब विद्यार्थियों को इन विद्यालयों में जो पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता था उसका विवरण भी तत्कालीन ब्रिटिश अधिकारियों ने एकत्र किया था, जिससे यह पता चलता था कि प्रारंभिक कक्षाओं में ही अपने–अपने क्षेत्र की मातृभाषाओं में रामकथा और कृष्णकथा तथा पंचतंत्र, हितोपदेश, कथासरित्सागर आदि के अंश पढ़ाए जाते थे और गणित तथा व्याकरण भी सिखाए जाते थे।

माध्यमिक तथा उच्चतर कक्षाओं में वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस एवं अन्य भारतीय भाषाओं के रामायण ग्रंथ, श्रीमद्भागवत, विभिन्न पुराणों के अंश, पाणिनीय व्याकरण और साहित्य के श्रेष्ठ ग्रंथ पढ़ाए जाते थे। इससे आगे की पढ़ाई में विशेषज्ञता शामिल थी और अलग–अलग शाखाओं के विशेषज्ञ तैयार किए जाते थे। इन विशेषज्ञों को पढ़ाई जाने वाली

पुस्तकों की सूची भी ब्रिटिश अधिकारियों ने संग्रहीत की थी। इन संग्रहीत आंकड़ों से यह धारणा पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है कि भारत में शिक्षा एक छोटे वर्ग तक सीमित थी और तथाकथित निचली जातियां शताब्दियों से अशिक्षित थीं। इसी प्रकार यह धारणा भी समाप्त हो जाती है कि उच्च शिक्षा ब्राह्मणों का एकाधिकार रही है। संग्रहीत आंकड़े दिखाते हैं कि केवल वेदों के अध्ययन में ब्राह्मण विद्यार्थी ही होते थे। श्रेष्ठ धर्मशास्त्रों, पुराणों, आयुर्वेद, संगीत, नाट्यशास्त्र, नृत्य और विविध शिल्पों के विशेषज्ञता वाले उच्च अध्ययन में ब्राह्मणेतर जातियां ही प्रमुख थीं जिनमें कायस्थ और वैश्य तो थे ही, शूद्र और तथाकथित पंचम् वर्ण के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में थे। इस पुस्तक में दिए गए आंकड़े इतने प्रामाणिक और महत्त्वपूर्ण थे तथा वे स्वाधीन भारत में वामपंथी विद्वानों और कांग्रेस सरकार द्वारा प्रचारित तथ्यों के इतने विपरीत थे कि उपेक्षा के द्वारा इन प्रामाणिक तथ्यों की अनदेखी कर दी गई। अंग्रेज अधिकारियों ने ये आंकड़े पंजाब प्रेसीडेंसी, बंगाल प्रेसीडेंसी, मद्रास प्रेसीडेंसी और बम्बई प्रेसीडेंसी के बारे में एकत्र किए थे और इन चारों प्रेसीडेंसियों में लगभग तीन चौथाई ब्रिटिश भारत आ जाता था।

यह देखते हुए कि अत्यंत परिश्रम और स्वाध्याय के द्वारा एकत्र आंकड़े भी तत्कालीन कांग्रेस शासन की दृष्टि में कोई महत्त्व नहीं रखते हैं और यूरोप की प्रेरणा से सरकारी कम्युनिस्ट विद्वान वही पुराना राग अलाप रहे हैं, धर्मपालजी के मन में बहुत गहरी छटपटाहट व्याप्त रहती थी। इसीलिए वे आधारभूत परिवर्तनों के लिए संकल्पित प्रत्येक राजनैतिक और सांस्कृतिक गतिविधि या आंदोलन या संगठन से उत्साह से जुड़ते थे। चाहे वह जे पी का सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन हो, महेन्द्रसिंह टिकैत की भारतीय किसान यूनियन हो, शरद जोशी का शेतकारी कामगर संगठना हो या कांशीराम, मायावती का बहुजन समाज आंदोलन हो अथवा कर्पूरी ठाकुर, जॉर्ज फर्नांडीज, मधु लिमये आदि द्वारा संचालित समाजवादी आंदोलन हो या फिर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और उसके आनुषंगिक संगठनों द्वारा संचालित विविध आंदोलन हों। सन् १९८० से धर्मपालजी से घनिष्ठता का सुयोग और ज्यादा बढ़ता गया। इस बीच उनके अनेक साक्षात्कार तथा आलेखों के अनूदित अंश मैंने 'साप्ताहिक दिनमान' में तथा अन्यत्र प्रकाशित किए, जिनमें से कुछ के शीर्षक ही उनका महत्त्व बता देते हैं – 'अंग्रेजों से पहले का भारत', 'बंधुआ मजदूरी हमारे यहां थी नहीं, वह हम पर अंग्रेजों ने लादी', आदि।

गांधी शांति प्रतिष्ठान में इस बीच वे कुछ अधिक ही आकर रुकने लगे। श्री रामबहादुर राय और श्री अच्युतानंद मिश्र तथा श्री ए. सी. सेन की व्यवस्था के चलते वह हिमाचल भवन,

हरियाणा भवन, उत्तर प्रदेश भवन आदि जगहों पर भी रुकते रहे तथा इण्डिया इंटरनेशनल सेण्टर में भी। सभी जगह मेरा जाना होता और घण्टों विमर्श होता। इस बीच वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुछ निकट आए और विद्यार्थी परिषद के इन्दौर में आयोजित अखिल भारतीय अधिवेशन में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इसके लिए उन्होंने शर्त रखी कि वे तभी बोलेंगे जब उनका भाषण मैं लिखकर दूंगा। सुश्री उमा भारती के यहां सब व्यवस्था हुई और सारी रात जागकर मैंने उनका भाषण तैयार किया। तभी वे वह भाषण पढ़ने को राजी हुए। इसके पूर्व बीकानेर में हमारे मित्रों नंदकिशोर आचार्य तथा दीपचंद सांखला आदि ने हमारे कहने पर उन्हें प्रथम स्वर्गीय छगन मोहता स्मृति व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। श्री धर्मपाल को तीन दिन व्याख्यान देना था और उसमें भी उनकी वैसी ही शर्त थी। फलस्वरूप मैंने वे व्याख्यान तैयार किए जो बाद में 'भारत का स्वधर्म' नामक पुस्तक के रूप में भी छपे। श्री धर्मपालजी में यह बड़प्पन था कि जब वे बोलने खड़े हुए तो उन्होंने कहा कि वस्तुत: यह व्याख्यान पंकजजी का है परन्तु वे शायद चाहते हैं कि यह सब मेरे द्वारा कहा जाए। सच्चाई यह थी कि उसका केवल दार्शनिक पक्ष पूरी तरह मेरे द्वारा लिखा गया था। शेष तो धर्मपालजी के ही बताए तथ्य तथा विचार थे।

इसके अतिरिक्त भी धर्मपालजी के आग्रह पर मैंने अनेक लेख और व्याख्यान तैयार किए थे जो उनके ही विचारों की प्रस्तुति मात्र थे। जिनमें से कुछ 'जनसत्ता' में और अन्यत्र भी छपे। लेकिन सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण तो वह घटना है जो श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद घटित हुई। धर्मपालजी ने अतिशय आग्रह किया और मुझे एक पुस्तक लिखने को विवश कर दिया। हुआ यह था कि श्रीमती गांधी की हत्या से सारा देश दु:खी था। यहां तक तो मैं भी देश के साथ सहभागी था परन्तु इससे आगे मैं उन सब लोगों से असहमत था जो इसके बाद देश में अंधकार देख रहे थे। धर्मपालजी ने मुझसे बात शुरू की और मेरी आशापूर्ण तथा उत्साहपूर्ण बातें सुनकर उन्होंने अत्यधिक आग्रह किया कि मैं वह सब लिख डालूं। परिणामस्वरूप तीन दिन में वह पुस्तिका तैयार हुई, जो गांधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली द्वारा 'आज की अपेक्षाएं' नाम से प्रकाशित हुई, जिसे पढ़कर श्री जितेन्द्र बजाज ने लिखा कि यह तो लगता है जैसे कि पी. पी. एस. टी. ग्रुप का नीति दस्तावेज ही तैयार हो गया है। 'आज की अपेक्षाएं' बहुत अधिक सराही गई और कुछ लोगों ने उसकी तुलना तो मार्क्स के 'कम्युनिस्ट मेनीफेस्टो' से ही कर डाली। धर्मपालजी भी इस पुस्तिका से अतिशय प्रसन्न थे।

जब धर्मपालजी 'गो पशु आयोग' के अध्यक्ष बने तो उनका बहुत अधिक आग्रह था कि मैं उनके काम में हाथ बंटाने उनके पास पहुंचूं। परन्तु मेरे लिए यह संभव नहीं हो पाया हालांकि हो पाता तो अच्छा ही होता।

धर्मपालजी अपने समय के अतुलनीय और अनुपम बौद्धिक थे। उनसे ही हमें प्राय: ऐसी पुस्तकों की जानकारी मिलती, जो यूरोप में अथवा अमेरिका में उन दिनों चर्चा में होती थीं। (यहां आशय केवल अंग्रेजी पुस्तकों से है)।

हंटिंगटन की जो भी नई कृति आती, धर्मपालजी उसे लाकर देते। इसी प्रकार यूरोप पर जो भी नई पुस्तक अंग्रेजी में छपती, वे अवश्य देते। 'द ब्लैक बुक ऑफ कम्युनिज्म' उन्होंने दिखाई और वह पुस्तक इतनी महत्त्वपूर्ण थी कि मैंने तत्काल खान मार्केट (नई दिल्ली) जाकर खरीद ली। गाय को लेकर यूरोपीय नृ–तत्व शास्त्रियों एवं अर्थशास्त्रियों तथा समाज वैज्ञानिकों में जो बहसें चलीं उनका पूरा विवरण मुझे श्री धर्मपालजी उपलब्ध कराते रहते थे। अपनी पुस्तक 'सांस्कृतिक अस्मिता की प्रतीक गोमाता' के लिए मुझे सम्पूर्ण आधारभूत सामग्री उनके द्वारा ही उपलब्ध कराई गई।

एक बात का पछतावा गहरा है। श्री सीताराम गोयलजी का बहुत आग्रह था कि उनसे आप यूरोप के बारे में विस्तृत बातचीत कर, एक पुस्तक लिख डालें, यह अत्यधिक आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण है, पर सुयोग नहीं जुटा।

धर्मपालजी एक राष्ट्र भक्त एवं सनातन धर्म की चेतना से अनुप्राणित महापुरुष थे। वे अपनी बौद्धिक सामर्थ्य से भली–भांति परिचित थे। एक बार मैंने उन्हें बहुत घेरा और जानना चाहा कि क्या कोई और व्यक्ति है जो आपकी ही भांति यूरोप को जानता हो और स्वदेशी भारत की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए इतनी व्यापकता से सोचता हो? बहुत देर वे कतराते रहे। अंतत: घिरकर बोलने को विवश हुए, तब बोले – 'नहीं'।

उनमें एक क्रांतिकारी चेतना थी। वे बहुत कुछ जो देखने में महंगा और विशाल है, पर वस्तुत: थोथी नकल है, तोड़ डालना चाहते थे। वे सुन्दर और भव्य ही पसंद करते थे।

हमारे बीच जो संबंध था, उसकी एक झलक देने वाली एक घटना दे रहा हूं। उनकी छोटी बेटी पोज़ी तब बी. बी. सी. में थी। वह भारत आई थी। वह स्वदेशी भारत तथा भारतीय

परंपरा के बारे में जानना चाहती थी। धर्मपालजी ने शायद उससे कहा कि वह मुझसे बात करे, क्योंकि उनकी दृष्टि में मैं भारतीय शास्त्रों का मर्मज्ञ और अधिकारी हूं। पोज़ी ने मुझसे आग्रह किया। मुझे ज्ञात नहीं था कि धर्मपालजी ने उससे क्या कहा है। मैंने कहा इस विषय में वास्तविक अधिकारी तो धर्मपालजी ही हैं। इस पर वह थोड़ी झिझक के साथ बोली – "आप कहते हैं कि वे अधिकारी विद्वान हैं, वे कहते हैं कि आप अधिकारी विद्वान हैं। आखिर मैं इस विषय में किससे बात करूं? मुझे तो जानना है।" अंतत: मुझे ही बात करने को राजी होना पड़ा।

धर्मपालजी के बहुत से संस्मरण मुझे याद आ रहे हैं। परन्तु अभी इतना ही। उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

धर्मपालजी के बहाने कुछ विचार बिंदु

— शंकर शरण

'सच अवश्य कहा जाना चाहिए – और चीजें अवश्य बदलनी चाहिए! यदि शब्द वास्तविक चीजों के बारे में नहीं हैं और चीजों के बदलने का कारण नहीं बन पाते, तो उनके होने का अर्थ ही क्या है? क्या वे गांव के कुत्तों के रात के भौंकने से कुछ भी अधिक हैं?'

— 'गुलाग आर्किपेलाग' – सोल्झेनित्सिन

इतिहासकार और शिक्षाविद् धर्मपाल के निधन का समाचार भी सभी देशवासियों को नहीं मिला। उनके कुछ इष्ट मित्रों के माध्यम से ही कुछ दूसरे लोग, वह भी धीरे–धीरे, जान सके कि हमारे बचे–खुचे स्वतंत्र चिंतकों में एक मूर्धन्य नाम अब दिवंगत हो गया। इससे हमारी बौद्धिक दुर्दशा का अनुमान लगाया जा सकता है। धर्मपाल का नि:शब्द अवसान कोई अपवाद न था। इससे पूर्व रामस्वरूप और सीताराम गोयल का निधन भी मीडिया और अकादमिक जगत में नोट नहीं हुआ। अपने अंतिम वर्षों में निर्मल वर्मा ने बिलकुल ठीक महसूस किया था कि ब्रिटिश शासन काल में हमारी वैचारिक पराधीनता इतनी दारुण नहीं थी, जितनी अब है! इस कठोर सच्चाई को समझने का यत्न करना चाहिए।

स्वंतत्रचेता विचारकों के प्रति हमारे बौद्धिक, राजनीतिक वर्गों की उदासीनता दिखाती है कि वे केवल पश्चिमोन्मुख और प्रायोजित बुद्धिजीवियों को ही पहचान सकने में समर्थ रहे गए हैं। उनकी अपनी विवेक–बुद्धि खो गई है। पिछले कुछ वर्षों से राजधानी में शिक्षासंबंधी समस्याओं पर अनगिनत मीटिंगें, सेमिनार हुए। समितियां, पुस्तकें, दस्तावेज आदि भी बने किंतु कहीं कभी धर्मपाल का नाम नहीं आया। न उन्हें निमंत्रित किया गया, न उनके चिंतन

पर विचार किया गया। जबकि ब्रिटिश पूर्व भारत की शिक्षा पद्धति के प्रामाणिक आकलन पर धर्मपाल की कृति 'द ब्यूटीफुल ट्री' एक क्लासिक ही है। फिर भी देश की राजधानी में स्थापित इतिहासकारों, शिक्षाकर्मियों में कई उनका नाम भी नहीं जानते। यह सब अनायास नहीं। जब तक प्रो. यूनुस को नोबल पुरस्कार नहीं मिला था, हमारे कितने बुद्धिजीवियों ने उनका नाम भी सुना था? जबकि ग्रामीण जनता के स्वावलंबन के लिए उनका प्रत्यक्ष मौलिक कार्य तीस वर्ष से बस पड़ोस, बांगला देश में चल रहा था। जब तक उन्हें पश्चिम से प्रतिष्ठा नहीं मिली, हमारे प्रगल्भ बुद्धिजीवियों को भी उनके बारे में कुछ पता न था। शेष समाज की बात ही दूर रही।

यह बात चिंतनीय है। हमारा अंग्रेजी मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग पूर्णत: पश्चिम–निर्भर हो चुका है। वह उसी नारे, विद्वान और संगठन को जानता है जिसे किसी–न–किसी कारण पश्चिमी माध्यम प्रश्रय देते हैं। और पश्चिमी माध्यम दूसरे देशों में केवल उन्हीं को बढ़ाते हैं जो उनके हित–साधन के लिए 'सहमत' हों। पश्चिमी संस्थानों द्वारा निमंत्रण, अनुदान, प्रतिष्ठा आदि प्राय: सशर्त होती है। इस धंधे में लगा प्रत्येक प्रोफेसर जानता है कि आजकल कौन सी 'चिंता' या 'इश्यू' दाताओं में प्रिय है, उनका क्या रुझान है। सबाल्टर्नवाद, उत्तर आधुनिकता, ट्राइबल चिंता, दलितवाद, समलैंगिक अधिकार, जेंडर–जेंडर की रटंत, मानवाधिकार की चीख–पुकार, बालाधिकार आदि कोई विषय नहीं जो यहां स्वतंत्र रूप में उठा हो। ये सब प्रायोजित, सुचिंतत नारे हैं जिन्हें अदृश्य विदेशी शक्तियों ने हम पर थोपा है, जिनकी आड़ में भारत–विखंडन के विविध प्रयास एवं बौद्धिक उपनिवेशवाद के अन्य हित साधे जा रहे हैं। इसकी जांच सरलता से हो सकती है, किंतु होती नहीं। क्यों? स्वयं तय करें।

यह संयोग नहीं कि 'एमनेस्टी इंटरनेशनल', 'ह्यूमन राइट्स–वाच' जैसी प्रसिद्ध मानवाधिकार संस्थानों की स्थापना पश्चिम देशों के गुप्तचर या विदेश विभागों ने की थी। न यह संयोग है कि भारत में सक्रिय अधिकांश बड़े एन. जी. ओ. की पीठ पर अंतरर्राष्ट्रीय चर्च–संगठनों या तेल–संपन्न इस्लामी सत्ताओं के अकूत संसाधन हैं। हमारे देश में मानवाधिकार पर अधिकांश लेखन, दस्तावेज, प्रस्तावों, मांगों की शब्दावली चर्च–मिशनरियों से आश्चर्यजनक रूप में मिलती है। जैसे, '१६ करोड़ दलितों की मुक्ति।' इस प्रकार चर्च–मिशनरियों और हमारे मानवाधिकारियों की चिंताएं एक हो जाना कतई संयोग नहीं! इसीलिए यह भी अनायास नहीं कि कोई भारतीय मात्र एक साधारण सा मसालेदार उपन्यास लिखकर विश्वप्रसिद्ध मानवाधिकारी, बुद्धिजीवी, ग्लोबल नागरिक हो जाए और उस पर

पुरस्कारों, निमंत्रणों की बौछार न हो, जबकि संपूर्ण जीवन मौलिक चिंतन, लेखन करने वाले भारतीय दार्शनिकों का नाम कोई दिल्ली में भी न जाने।

कृपया विचारें, क्या यह सच नहीं कि चूंकि रामस्वरूप, सीताराम गोयल या धर्मपाल हिन्दू–भारतीय मनीषा की आधारभूमि पर खड़े थे, और इस प्रकार बाहरी, साम्राज्यवादी विचारधाराओं की सेवा करने से कोसों दूर थे, इसलिए उन्हें वह प्रतिष्ठा नहीं मिली जिसके माध्यम से ही अब हमारे बुद्धिजीवी किसी को पहचान पाते हैं? इसीलिए ऐसे शोधकर्ताओं, मौलिक चिंतकों, नि:स्वार्थ मनीषियों की पुस्तकें किसी ऑक्सफोर्ड, मैकमिलन, पेंग्विन, भारतीय इतिहास शोध परिषद या अन्य अकादमियों आदि से भी नहीं छपीं। न किसी पुस्तक की दुकान में उपलब्ध हुईं। उनकी पुस्तकें – क्या यह सामान्य बात है? – केवल मित्र–बंधुओं के निजी प्रयासों, साधनों से ही यदा–कदा प्रकाशित हो सकीं। ऐसे विद्वानों चिंतकों, साधकों को कभी राष्ट्रीय सम्मान भी नहीं मिले। जबकि विदेशी 'आध्यात्मिक आक्रमणकारियों' (चर्च–मिशनरियों के लिए माओ के शब्द) तक को यहां पद्म पुरस्कार दिए गए हैं। हमारी वैचारिक–मानसिक पराधीनता इतनी प्रत्यक्ष है – और आश्चर्य कि हमें इसका भान भी नहीं होता।

धर्मपाल ने ब्रिटिश–पूर्व भारत की शिक्षा ही नहीं, यहां की विज्ञान–तकनीक और सामाजिक संबंधों की उन्नत स्थिति पर भी ध्यान दिलाया था। साथ ही भारतीय ग्राम, जाति–समाज के प्रति अनेक मिथ्याधारणाओं की भी कलई खोली थी। स्वयं ब्रिटिश आकलनों के अध्ययन से उन्होंने बताया कि उन्नीसवीं सदी के आरंभ तक अधिकांश भारत में जातियों के बीच आम ऊंच–नीच भेद न था। यहां तक कि राह चलते लोगों के कपड़ों आदि से अंग्रेजों को पता ही नहीं लगता था कि किसी की सामाजिक हैसियत क्या है। इससे अंग्रेजों को उलझन होती थी जो अपने यहां 'अरिस्टोक्रेसी', 'प्लेबियन', 'हाई पलोई' जैसे गहरे सामाजिक स्तर के भेद के अभ्यस्त थे। भारतीय गांवों, जातियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति बिगाड़ने, उनमें ऊंच–नीच भरने, उनकी सूची बनाने (शेड्यूल्ड कास्ट्स) आदि कार्य यहां ब्रिटिश देन थे। इन बिंदुओं पर हमारे इतिहासकार, बुद्धिजीवी कभी विचार भी नहीं करते। क्यों? क्योंकि यह बिंदु, रोचक, सामयिक और राष्ट्रीय महत्त्व के होते हुए भी विभिन्न विदेशी दाताओं, प्रायोजकों के लिए पूरी तरह नापसंद, एकदम 'छव, छव' हैं। आप किन्हीं दलितों, ट्राइबलों पर वास्तविक काल्पनिक अन्याय अलगाव को उभारें, यह सब 'हॉट' विषय हैं। प्रायोजक मिलते देर नहीं लगेगी। पर यदि आप भारतीय राष्ट्रवाद की

किसी संगोकित धारणा, भावना पर काम करना चाहते हैं, तो सब ओर से हतोत्साहित किया जाएगा।

हमारे उन विद्वानों में से धर्मपाल थे जिन्होंने भारतीय समाज, इतिहास, मनीषा, रुचि–अरुचि, खूबियों–कमियों को भारतीय दृष्टि से देखने–समझने का प्रयास किया था। उन्होंने लंबे शोध, अनुभव और अवलोकन से समझा था कि हमारी अनगिनत समस्याओं के मूल में हमारी स्मृतिभ्रंशता है। हम नहीं जानते कि केवल दो सौ वर्ष पहले तक हम क्या थे। हमारी सभ्यता, सामाजिक प्रणाली, आर्थिक, तकनीकी, वैज्ञानिक, विश्व–स्थिति क्या थी। यह स्मृतिभ्रंशता हमारी एक मानसिक बेड़ी बन गई है। हम अपनी ही सभ्यता के बारे में केवल वही सब दुहराते रहते हैं जिसे यूरोपीय ईसाई मिशनरियों ने धूर्ततापूर्वक हमारे लिए गढ़ा था।

फिर कार्ल मार्क्स ने भी मिशनरियों वाली बात ही दुहराई कि भारत एक पिछड़ी, जड़ सभ्यता थी। जाति जकड़न और इस्लामी उत्पीड़न ने इसे एकदम दुर्बल कर रखा था। ऐसी स्थिति में एक उन्नत, यूरोपीय, पूंजीवादी सभ्यता ने इसे स्वाभाविक रूप में जीत लिया। जीत कर आधुनिकता, बौद्धिकता, ज्ञान–विज्ञान, तकनीक और 'मुक्ति' का प्रकाश फैलाया। धर्मपाल के अनुसार यह एक बहुत बड़ा झूठ है, लेकिन इस कथन से आम भारतीय ही नहीं, बल्कि हमारे अनेक नेता भी प्रभावित रहे। राजा राममोहन राय से लेकर जवाहरलाल नेहरू तक अनेक सुधारक, लेखक और कर्णधार हुए जो इस मिशनरी–साम्राज्यवादी दुष्प्रचार को न्यूनाधिक स्वीकार करते हुए अपना और देश का मार्ग निर्धारित करते रहे।

सच क्या था, यह धर्मपाल ने स्वयं ब्रिटिश विवरणों के अध्ययनों से दिखाया। ब्रिटिश शासकों ने अठारहवीं–उन्नीसवीं सदी में भारत के विभिन्न हिस्सों में तरह–तरह के सर्वेक्षण करवाए थे। उन्हीं से पता चलता है कि उन्नीसवीं सदी के आरंभ तक भी ब्रिटेन भारत से किसी क्षेत्र में आगे न था। कृषि, उद्योग, विदेश–व्यापार, तकनीक, विज्ञान, चिकित्सा आदि किसी भी क्षेत्र में नहीं। अपने और दूसरे देशों में लोगों को लूट–मार, छल–प्रपंच कर उन्हें अधीन और हीन बनाना – यह यदि कोई 'क्षेत्र' हो, तो इसी हुनर में यूरोपीय आगे हुए। बल्कि इसी से वे भारत को अधीन बनाने और ध्वस्त, पस्त करने में सफल भी हुए।

यहां तक कि ब्रिटिश सर्वेक्षणों में इस पर निराशा व्यक्त की गई कि भारत में उच्चवर्गीय और निम्नवर्गीय लोगों जैसे कोई भेद खोजना मुश्किल होता है। यहां सामान्य जन को किसी

में अपने 'नीचे' होने का बोध नहीं था। जिस जाति व्यवस्था का इतना गाना गाया जाता रहा है, तो दो सौ वर्ष पहले के ब्रिटिश दस्तावेजों में इसकी एक विपरीत झलक मिलती है। राजकीय, प्रशासकीय कार्यों और सामाजिक रीति–रिवाजों में सब जातियों के अपने महत्त्वपूर्ण स्थान थे। इन जातियों की सेल्फ–इमेज सम्मान की थी, जिसे किसी अन्य जाति की अपनी स्वयंभू उच्चता से कोई अंतर नहीं पड़ता था। राज्यकर्म या राजा होना भी किसी जाति का विशेषाधिकार न था।

धर्मपाल का सबसे प्रसिद्ध शोध ब्रिटिश–पूर्व भारत की शिक्षा–व्यवस्था पर है। उन्होंने पाया कि उन्नीसवीं शती के आरंभ तक भी पूरे भारत में गांव–गांव में सुव्यवस्थित शिक्षा–व्यवस्था थी जो ब्रिटिश मानकों से गुणवत्ता, व्यापकता और पद्धति तीनों में ऊंची थी। उस शिक्षा तंत्र में तथाकथित निम्न, शूद्र जातियों के बच्चे और शिक्षक, दोनों ही बहुसंख्यक थे। शिक्षित लोगों में ८० प्रतिशत गैर–ब्राह्मण थे। इस प्रकार, भारत में ब्रिटिश आगमन और उसकी सत्ता काफी फैल चुकने तक भी भारतीय सभ्यता कई मामलों में श्रेष्ठतर अवस्था में थी। यह तब जबकि पिछली पांच–छह सदियों में इस्लामी हमलों और शासनों में, विशेष कर उत्तर भारत की सामाजिक–राजनीतिक स्थिति में काफी गिरावट आ चुकी थी।

लेकिन ये बातें भारत की शिक्षा–व्यवस्था को तहस–नहस करके, मैकालेवादी, मिशनरी और अनंतर स्वतंत्र भारत में मार्क्सवादी, सेक्युलरपंथी नारेबाजी से भरी कुशिक्षा के प्रचार–प्रसार में भुला दी गईं। आज भारत के सुशिक्षित लोग भी अनेक आधारभूत सच्चाइयों से निपट अनजान हैं। यह हमारी अनेक समस्याओं का मूल है।

धर्मपाल ने भारतीय और यूरोपीय सभ्यता की भिन्नताओं को भी सामने रखा। भारतीय स्वभाव में ही शांतिप्रियता, सहयोग और सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की प्रवृत्ति रही है। वह स्वयं तो क्या, मनुष्य मात्र को भी प्रकृति या सृष्टि के केंद्र में नहीं मानती। हमारी सभ्यता संपूर्ण चराचर के साथ साम्य, मैत्री, प्रेम और आदरभाव के साथ रहने की आदी रही। पशु–पक्षी, जीव जगत, वृक्ष, वन, नदियां, पहाड़ सब हमारे लिए मानो पारिवारिक सदस्य, आदरणीय, प्रेरक, मित्र, गुरु आदि जैसे रहे हैं। हमारे शास्त्रीय–साहित्य, दार्शनिक–ग्रंथों, लोक–साहित्य, से लेकर लोक–व्यवहार, रीति–रिवाजों में भी यह भावना कूट–कूट कर भरी मिलती है। यद्यपि 'आधुनिकता' और 'विकास' उसे तेजी से नष्ट करने में लगे हैं, फिर भी यह आज भी वृहत् लोक–जीवन में व्याप्त है।

किंतु यही भावना दुनिया कि कई अन्य सभ्यताओं में नहीं रही है। यूरोप में प्रकृति और सृष्टि मनुष्य के भोग मात्र के लिए मानी ही गई हैं। ईसाइयत से लेकर कार्ल मार्क्स तक के चिंतन का आधार यही है। प्रकृति का भरपूर दोहन, अन्य सभ्यताओं का नाश, उन्हें बलात् अपने मजहब या विचार का अनुगामी बनाना, अपने लोगों को भी बलपूर्वक दास बनाकर रखना, अपनी संपत्ति बढ़ाना और इन सबका उपभोग – यही यूरोपीय सभ्यता की मूल मानसिकता रही। अफ्रीका और अमरीका में उन्होंने अनेक समुदायों को उन की भाषा–संस्कृति समेत मिटा दिया। ऐसा करने में वे भारत में पूरी तरह सफल नहीं हुए यद्यपि कोशिश उन्होंने पूरी की। इसके परिणाम स्वरूप ही बीसवीं सदी के आरंभ होने तक भारतीय सभ्यता अधमरी तो हो ही चुकी थी।

सामर्थ्य और श्रेष्ठता के बावजूद हमारी पराजय का एक बड़ा कारण यह था कि हम दूसरी सभ्यताओं की प्रेरणाओं, विचारों, उद्देश्यों और आदर्शों को समझने में विफल रहे। अपने स्वधर्म पालन पर हमारा ध्यान इतना अधिक रहा कि हमने 'पर–धर्म' को समझने के प्रयास नहीं किए। पिछले हजार वर्षों में जब भी विदेशी हमलावर, भारत को रौंदते–लूटते थे, अपना क्षणिक या स्थायी राज कायम करते थे तो हम उन्हें कोई दस्यु, पापी, आततायी, अधम, म्लेच्छ आदि कह कर कोस कर रह जाते थे। मानो यह उन हमलावरों का केवल निजी, सांयोगिक दोष हो। हमलावरों और विदेशियों की संपूर्ण विचार–प्रणाली, मजहबी प्रेरणाएं, सामाजिक–राजनीतिक आदर्शों, तरीकों का गहराई से अध्ययन करने का कोई प्रयास हमने नहीं किया। यह कमी आज तक बनी हुई है। इसीलिए इस्लाम, ईसाइयत, अरबी, यूरोपीय, कम्युनिस्ट, साम्राज्यवादी विचारों और इतिहास का भारतीय अध्ययन शून्य है। आज भी पड़ोस के अफगानिस्तान या दूर अमरीका समाज के विचारों, रिवाजों या नीतियों के बारे में हम जानते ही कितना हैं?

धर्मपाल ने यह भी नोट किया कि आठवीं सदी से बार–बार बाहरी, नृशंस लुटेरों का आक्रमण झेलने और अंततः हारने, उनकी अधीनता स्वीकार कर लेने के बाद विजेताओं द्वारा मंदिरों, मठों, ज्ञान–भंडारों के विध्वंस, स्त्रियों का हरण और धर्मांतरण कराने के निरंतर दबाव पड़ते रहने आदि के कारण, समय के साथ हमारे उच्चवर्गीय लोगों में ऐसे बर्बर लोगों के साथ किसी तरह सहयोग बरत कर भी अपनी जान और सम्मान बचाने की भगोड़ी प्रवृत्ति पनपी। यही अंग्रेजी शासन जमते समय और उसके बाद भी देखा गया। इस प्रकार, भारत का उच्च वर्ग और आम वर्ग एक–दूसरे से कट गए। बल्कि बराबर के लोग भी एक–दूसरे से अलग–अलग, छोटे–छोटे टुकड़ों में रहने, जीने लगे। किसी तरह अपना

जीवन निभा लेने की प्रवृत्ति बन गई। सामूहिक जीवन निर्बल हो गया। हमारी प्रसिद्ध ग्रामीण आत्मनिर्भरता अतीत की चीज बन गई। ब्रिटिश लूट और अत्याचार ने रही–सही कसर पूरी कर दी। इससे लोगों में कायरता, दरिद्रता, अविश्वास और परनिर्भरता फैली।

सन् १९४७ में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद स्थिति सुधरने के बदले हम दोहरे भ्रम के शिकार हो गए। भारतीय सभ्यता के जिस जीवंत ताने–बाने को अंग्रेजों ने सप्रयास तोड़ा और अपना वैचारिक–प्रशासनिक मकड़जाल हम पर लादा था, उसे उलटने के बजाय हमारे अपने शासकों ने उसी को बढ़ाने, सशक्त करने को अपना सहज कर्तव्य बना लिया। स्वतंत्र होकर भी संविधान, कानून, शासन, शिक्षा, चिकित्सा आदि किसी भी व्यवस्था को हमने अपनी सभ्यता–दृष्टि और सहज, सामंजस्यपूर्ण, धर्म–आधारित जीवन–दर्शन के अनुरूप नहीं बनाया।

विरोधी दलों, नेताओं के नाम पर जो आवाजें उठीं, वे भी प्रायः पश्चिमी दृष्टि के ही अनुरूप थीं। हमारे मार्क्सवादी, समाजवादी भी वही केंद्रीकरण, वही औद्योगीकरण चाहते थे। चाहे समाजवाद स्तालिन का हो या विली ब्रांट का। धर्मपाल के अनुसार नेताओं में केवल गांधी ने यूरोपीय सभ्यता की मूल प्रेरणा और संहारक चरित्र को समझा था (श्री अरविंद की चर्चा धर्मपाल ने संभवतः नहीं की है, जो गांधी से भी अधिक गहराई से इस बात को समझते थे)। उन्होंने उसके प्रतिकार के लिए भारतीय सभ्यता को खड़ा करने का प्रयास किया था। और इसीलिए गांधी हमारे वृहत् समाज के साथ जबर्दस्त तादात्म्य बनाने में सफल हुए। वे भारत को अपनी धर्म–चेतना, ज्ञान–बुद्धि, अपने पैरों पर खड़ा करके पश्चिमी सभ्यता और आक्रामकता का प्रतिकार करना चाहते थे। इसीलिए वे भारतीयों को साहसी, आत्मसम्मानी बनाना सबसे बड़ी आवश्यकता समझते थे।

धर्मपाल ने महात्मा गांधी के चिंतन व कार्य को एक नई दृष्टि से देखने–दिखाने का प्रयास भी किया। गांधी का संपूर्ण कार्य और भविष्य की योजनाएं भारतीय धर्म–चिंतन–परंपरा पर आधारित थीं। गांधी ने भारतवासियों को उस कायरता से मुक्त करने पर सर्वाधिक जोर दिया था, जो हजार वर्ष की क्रमिक पराधीनता से भर गई थी। न केवल ब्रिटिश जोर–जबर्दस्ती और अहंकार, बल्कि मुस्लिम गुंडों के समक्ष कायरता, असहायता भी एक ऐसी वेदना थी जो गांधी को सालती थी। गांधी वाङ्मय में 'कायरता से हिंसा अच्छी' का विचार कई बार मिलता है। पर गांधी–विचार के इन बिंदुओं से आज लगभग सभी गांधीवादी भी प्लेग की तरह भागते हैं। यह भी कोई संयोग नहीं है।

सौ–डेढ़ सौ वर्षों के व्यवस्थित दमन, उत्पीड़न, अपमान और वैचारिक दुष्प्रचार ने हमारे शिक्षित, धनी वर्ग को वैचारिक रूप से कितना 'धर्मांतरित' कर लिया है, यूरोपीय श्रेष्ठता का भूत उनमें कितने गहरे बैठ गया है – धर्मपाल के अनुसार गांधीजी को भी ठीक–ठीक इसका अनुमान नहीं हो सका था। भविष्य की कार्य–योजनाओं पर चिंतन करते हुए, सन् १९३२–४० के बीच, गांधी यह नहीं सोच सके कि स्वयं उनके अनुयायियों की मानसिक गिरावट कितनी गहरी है। इसीलिए स्वतंत्र भारत में वह कोई कार्य न हो सका, जो गांधी चाहते थे। न ग्राम–समाज को स्वशासन का आधार बनाया गया, न भारतीय धर्म–चेतना को शिक्षा का आधार, न मिशनरी धर्मांतरण रोकने के लिए कानून। वह कुछ भी नहीं हुआ जो हमारे पुनर्जीवन के लिए अपरिहार्य था।

अपने चिंतन में धर्मपाल ने निरंतर इस पर जोर दिया था कि भारत की वर्तमान प्रशासनिक, शैक्षिक व्यवस्था औपनिवेशिक तंत्र की अनुकृति है, जिसे एक विशेष, शोषणकारी उद्देश्य से बनाया गया था। इससे गांव, समाज टूटा है, लुटा है, नि:स्वत्व हुआ है। उसी तंत्र से विकास कार्य करना वही शोषण जारी रखने के अतिरिक्त कुछ नहीं। यूरोपियनों की पूरी दृष्टि ही शोषणकारी, उपभोगवादी, प्रकृति–विरोधी और भारतीय अर्थ में धर्म–विरुद्ध है। उससे छुटकारा पाना हमारी वास्तविक स्वाधीनता के लिए अनिवार्य है। गांधी इसे समझकर भी, भारतीय उच्च वर्ग की गहरी आत्महीनता का पर्याप्त आकलन नहीं कर पाए। इसीलिए मानसिक दासता की जकड़ तोड़ने के लिए जितना करना था, वह नहीं कर सके। उल्टे उन्होंने ऐसे व्यक्ति को उत्तराधिकार सौंप दिया, जो अपने ही शब्दों में यहां का 'अंतिम अंग्रेज' शासक था। स्वतंत्र भारत का पहला नियंता ऐसे व्यक्ति का होना कितनी बड़ी दुर्घटना थी, इसका आकलन अभी नहीं हुआ है। वैचारिक स्वाधीनता की ओर बढ़ने के बदले पराधीनता हमारे पोर–पोर में घुस गई। आज धर्मपाल जैसे सच्चे अन्वेषी, इतिहासकार के निधन को भी नोटिस न किया जाना दिखाता है कि हमारी वैचारिक पराधीनता और बढ़ गई है।

भारतीय विडंबना का एक बड़ा कारण 'पर–धर्म' को जानने के प्रति उदासीनता भी है। धर्मपाल के अनुसार विश्व में ऐसे समूहों, समाजों, आदर्शों के उदय व विस्तार के बारे में भारतीय मनीषा सदैव प्राय: अनजान बनी रही, जो दूसरे समाजों का विध्वंस या उन्हें पूर्ण अधीन बनाकर उनका अपने अनुरूप रूपांतरण करना अपना परम पुरुषार्थ या कर्तव्य मानते हैं और इसी में जीवन का वैभव देखते हैं। भारतीय मनीषा में स्वयं को ही परिष्कृत–सुसंस्कृत बनाए रहने की साधना करते रहने का स्वधर्म–भाव प्रबल रहा। किंतु

इसी कारण बाहरी विश्व का पर्याप्त ज्ञान आवश्यक नहीं समझा गया। संभवत: इसी कारण विश्व विजय एवं विश्व विस्तार के लिए तत्पर समाजों, समुदायों, विचारधाराओं का सामना करने योग्य सैन्य शक्ति का संग्रह, संगठन और वैचारिक तैयारी की ओर भारतीय समाज ध्यान नहीं दे पाया।

धर्मपाल के सटीक शब्दों में, 'अपनी इसी स्थिति के कारण भारतीय समाज आक्रमणकारियों को परास्त कर उन्हें लौटने को विवश कर देना अथवा समाज के एक अंग के रूप में घुल–मिलकर रहने देना तो जानता रहा है। किंतु यदि स्थायी आक्रमण भाव से संपन्न शत्रु लंबे समय तक देश के भीतर जमा–टिका रहे और युद्धरत रहे तथा अधिकांश भारतीय समाज को विनष्ट करने और अवशिष्ट समाज को अपने अनुरूप रूपांतरित करने की दीर्घकालीन वैर–नीति पर चल रहा हो, तो ऐसे आक्रमणकारी का सामना करने की क्या–क्या नीतियां, उपाय और व्यवस्थाएं हो सकती हैं, इस पर शायद भारतीय मनीषा ने अभी तक पर्याप्त विमर्श नहीं किया है।'

अभी समय है कि इस सभ्यतागत भूल का मार्जन किया जाए, अन्यथा 'स्थायी आक्रमण–भाव से सम्पन्न शत्रुओं' की लालसा एक बार फिर बढ़ चली है। यदि हमारे बुद्धिजीवियों में तनिक भी आत्मसम्मान शेष बचा है, तो वे सेल्फ–सेंसरशिप, वैचारिक छल–छद्म और तुच्छ नारेबाजियों को कभी–कधार छोड़ कर उन बिंदुओं पर भी विचार करें जो अरविंद से लेकर धर्मपाल तक, अनेक सच्चे मनीषियों ने दीर्घ अध्ययन, अवलोकन और गहन चिंतन के बाद प्रस्तुत किए थे।

अनूठे धर्मपाल

— प्रभात रंजन

धर्मपाल मूलत: एक गांधीवादी विचारक थे। जीवन उन्होंने कार्यकर्ता–सा जिया। अपनी एक बातचीत में उन्होंने कहा था कि भारत के बारे में महान क्या है, इसे समझने की जरूरत है। भारत की महानता यह है कि इस देश के साधारण लोगों की अपने ढंग की एक विकसित समझ है और यह समाज उसी समझ के सहारे चल रहा है। इस समाज को समझने के लिए उस समझ को समझने की आवश्यकता है। साधारण भारतीय मनुष्य की इसी समझ को समझने के प्रयास में उन्होंने जो अध्ययन किए, वे उन्हें इतिहास, शिक्षा जैसे अनुशासनों की ओर ले गए। अंग्रेजी शासन के विभिन्न दस्तावेजों के अध्ययन के आधार पर उन्होंने बताया कि अंग्रेजों के भारत आगमन से ठीक पहले १७वीं–१८वीं शताब्दी में भारत में विज्ञान–तकनीक एवं शिक्षा कितनी उन्नत अवस्था में थी। उन्होंने सन् १८२२ में मद्रास (अब तमिलनाडु) के गवर्नर थामस मुनरो द्वारा करवाए गए शिक्षा संबंधी सर्वेक्षण के हवाले से यह बताया कि किस प्रकार दक्षिण भारत में उस समय शिक्षा में दलितों को भी पर्याप्त जगह दी जाती थी। इसी प्रकार सन् १८३८ और सन् १८४८ में बिहार–बंगाल की शिक्षा संबंधी एडम्स रिपोर्ट को सामने लाकर उन्होंने बताया कि किस तरह इस इलाके के डेढ़ लाख गांवों के लिए एक लाख स्कूल थे।

धर्मपाल का जन्म सन् १९२२ में हुआ था। शिक्षा तो उन्होंने उस समय प्रचलित पाश्चात्य ढंग की ही प्राप्त की, लेकिन सन् १९४० में खादी पहनने की शपथ लेकर उन्होंने गांधी के स्वराज्य–संघर्ष की राह पकड़ी। सन् १९४२ में वे बम्बई में कांग्रेस के उस ऐतिहासिक सत्र में मौजूद थे जिसमें 'भारत छोड़ो' आंदोलन की घोषणा हुई थी। बाद में वे 'भारत छोड़ो' आंदोलन का हिस्सा भी बने। अप्रैल, १९४३ में गिरफ्तार हुए। सन् १९४४ में धर्मपाल

मीराबेन के संपर्क में आए। वे मीराबेन के किसान आश्रम का हिस्सा भी रहे। मीराबेन से उनका गहरा संबंध बना रहा। मीराबेन भारत छोड़ कर चली गईं और उनकी मृत्यु से दो सप्ताह पूर्व धर्मपाल जब अपनी बेटी से मिलने विएना गए, तो मीराबेन से भी मिले और उनके साथ सात–आठ घंटों तक अनेक विषयों पर उनकी बातचीत हुई।

सन् १९४७–४८ के दौर में धर्मपाल कमला देवी चट्टोपाध्याय, राममनोहर लोहिया जैसे नेताओं के संपर्क में आए और उनके साथ मिलकर सन् १९४८ में उन्होंने भारतीय सहकारिता संघ की स्थापना की। सन् १९४९ में इंग्लैंड में उन्होंने फिलिस से विवाह किया। उसके बाद से सन् १९८६ तक बीच–बीच में कुछ वर्षों के लिए वे भारत आते रहे। मगर उनका ज्यादातर रहना इंग्लैंड में ही हुआ। सन् १९८६ में उनकी पत्नी का देहांत हुआ।

इंग्लैंड में रहने के दौरान इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी तथा ब्रिटिश संग्रहालय में दस्तावेजों को देखते–पलटते उन्हें अंग्रेजी शासन के दौरान तैयार किए गए इस प्रकार के दस्तावेज मिले जिनसे भारतीय इतिहास को लेकर प्रचलित अवधारणाओं के बारे में उनके मन में सवाल उठने लगे। अपनी पुस्तक 'इंडियन साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन एटीन्थ सेंचुरी' में उन्होंने भारत के अंग्रेज अफसरों के पत्रों के हवाले से बताया कि यूरोप में लुई पाश्चर द्वारा टीके के आविष्कार से बहुत पहले भारत में इसका प्रचलन था। इसी प्रकार 'द ब्यूटीफुल ट्री' में उन्होंने १८वीं शताब्दी में भारत में शिक्षा की उन्नत अवस्था का चित्र अंग्रेजों के ही दस्तावेजों के हवाले से प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से पता चलता है कि जिसे हम भारत के पतन का दौर कहते हैं, उस समय शिक्षा के मामले में दलितों एवं महिलाओं की स्थिति कितनी अच्छी थी।

धर्मपाल ने जिस तरह का इतिहास–लेखन किया, वह इतिहास की प्रचलित धारा के विपरीत है, स्थापित अनुशासनिक मान्यताओं के विरुद्ध है। इसलिए उनके लेखन को आधुनिक इतिहासकारों द्वारा संदेह की निगाह से देखा गया। लेकिन धर्मपाल ने इसकी परवाह नहीं की। विभिन्न स्रोतों के आधार पर वे अंग्रेजों के आने से पहले के भारत के सकारात्मक पहलुओं को समझने का प्रयास करते रहे। कुछ साल पहले गोहत्या को लेकर उनकी एक पुस्तक आई थी जिसे 'सिद्ध' ने 'द ब्रिटिश ओरेज़िन ऑफ काउ स्लाटर इन इंडिया' के नाम से छापा है। इसमें उन्होंने अंग्रेजी शासनाधिकारियों के दस्तावेजों के साथ–साथ महारानी विक्टोरिया के पत्र के हवाले से साबित किया था कि किस तरह अंग्रेजों ने गोहत्या को माध्यम बनाकर हिन्दू–मुसलमानों में वैमनस्य के बीज बोये, क्योंकि महारानी विक्टोरिया

का ही कथन था कि भारत में गाय तो मुख्यतः भारतीय फौज में अंग्रेज अधिकारियों और सैनिकों के लिए ही कटती थी।

किसी राजनीतिक समर्थन या अकादमिक मान्यता को ध्यान में रख कर धर्मपाल नहीं लिखते थे। वे लगातार उन प्रत्ययों, मानकों की तलाश में मुब्तिला रहे जो यूरोपीय न हों। वे चाहते थे कि एक ऐसा संस्थान विकसित हो जिसमें चीनी, बर्मी, थाई, जापानी, विएतनामी, कोरियाई, कम्बोडियन, हिंदी आदि एशियाई भाषाओं के अध्येता अपने–अपने देशों के दस्तावेजों के अध्ययन के आधार पर यह देखने का प्रयास करें कि उनके समाज की तस्वीर क्या थी। उनका मानना था कि इससे एशियाई देशों के इतिहास की वास्तविक छवि सामने आ सकेगी। एक ऐसी छवि, जो पश्चिमी निर्मितियों से मुक्त होगी, जो इतिहास के एशियाई स्रोतों पर आधारित होगी, जो एशियाई दृष्टिकोण के मुताबिक होगी।

धर्मपाल की राजनीति पर संदेह किया जा सकता है; उनकी स्थापनाएं, उनके निष्कर्ष रूमानी कहे जा सकते हैं। इसके बावजूद, बिना किसी सांस्थानिक समर्थन के जिस प्रकार के दस्तावेज वे सामने ले आए, उसके महत्त्व को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने भारत का कोई नया इतिहास लिखने की कोशिश नहीं की, प्रचलित इतिहास के अंतरालों को दिखाने का काम किया। इस रूप में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

धर्मपालजी का सान्निध्य: एक अनुभव

— इन्दुमति काटदरे

सन् १९९२ में 'विद्याभारती' का दक्षिण के प्रान्तों का प्रधानाचार्य–सम्मेलन चेन्नई में आयोजित हुआ था। मैं भी उस सम्मेलन में गुजरात की कार्यकर्ता के नाते गई थी। सम्मेलन तो दक्षिण भारत के प्रान्तों का था। शेष भारत के प्रधानाचार्यों का सम्मेलन भोपाल में हुआ था। परन्तु शेष प्रान्तों के कुछ प्रतिनिधि भी उसमें अपेक्षित थे, इसलिए मेरा भी जाना उसमें हुआ था। उस कार्यक्रम में विशेष वक्ता के नाते धर्मपालजी पधारे थे। मैं उससे पूर्व उनके विषय में कुछ भी जानती नहीं थी। उस कार्यक्रम में उनका वक्तव्य सुना और The Beautiful Tree के विषय में जाना। पुस्तक भी देखी। परन्तु प्रत्यक्ष परिचय तब भी नहीं हुआ था। दो वर्ष के बाद केरल के पालक्काड में एक कार्यक्रम में जाना हुआ। तब The Beautiful Tree कोयम्बतूर से प्रकाशित हुई थी। इसलिए वहां देखने को मिली। उसी समय खरीद भी ली। पढ़ी। पढ़ने के बाद आश्चर्य भी हुआ और आघात भी लगा। आश्चर्य इस बात का कि इस पुस्तक में जो जानकारी थी वह हमारे जैसे राष्ट्रवादी कहलाने वाले कार्यकर्ताओं को भी मालूम नहीं थी तो शिक्षा जगत के सर्वसामान्य लोगों को भला कैसे मालूम होती? आघात इस बात का लगा कि यदि स्थिति इस पुस्तक में वर्णित जैसी ही है तो हम और अन्य लोग आज कुछ भी कर नहीं रहे हैं या कर नहीं सकते हैं।

उसी समय इस पुस्तक का हिन्दी में अनुवाद कर अनेक कार्यकर्ताओं तक उसे पहुंचाने का बीज मन में पड़ गया। परन्तु प्रत्यक्ष अनुवाद कार्य तब तक शुरू नहीं हो पाया था।

दो वर्ष बाद गोवा के 'द अदर इण्डिया प्रेस' द्वारा प्रकाशित धर्मपालजी लिखित पांच पुस्तकें प्राप्त हुईं। पढ़ीं। तब उनके लेखन के विषय में विस्मय होने लगा। हम भी अध्यापक थे। परन्तु हमारा अध्ययन इस प्रकार का नहीं था। हमारी दिशा भी यह नहीं थी। हम करना तो कुछ यही चाहते थे, परन्तु कैसे करना है, यह शायद मालूम नहीं था। धर्मपालजी का साहित्य पढ़कर उस दिशा का आभास होने लगा। पुस्तकों से जो जानकारी मिली वह तो मूल्यवान थी ही, परन्तु अध्ययन के लिए जो दिशा–दर्शन प्राप्त हुआ, वह उससे भी अधिक मूल्यवान था। उसके बाद तो उसकी चर्चा भी शुरू हुई।

सन् २००४ तक धर्मपालजी को पुस्तक रूप में ही जानते थे। चर्चा भी पुस्तकों की ही होती थी। वे कहां रहते हैं, क्या करते हैं, क्यों यह सब अध्ययन कर रहे हैं, आदि विषयों की कोई जानकारी हमें नहीं थी। परन्तु सन् १९९२ से लेकर सन् २००४ तक पुस्तकों के अनुवाद का विचार जो धीरे–धीरे परिपक्व होने लगा था, उसी से प्रत्यक्ष परिचय होने के आसार बढ़ने लगे। सन् २००४ के जुलाई में 'पुनरुत्थान' के कार्यकर्ताओं ने आखिर तय किया कि धर्मपालजी की पुस्तकों का गुजराती अनुवाद वे प्रकाशित करेंगे। इसलिए अब उन्हें ढूंढ़ना और उनसे सम्पर्क करना आवश्यक हो गया। पूछते–पूछते पता चला कि वे आश्रम प्रतिष्ठान, सेवाग्राम में ही रहते हैं। हम तीन–चार कार्यकर्ता बिना पूछताछ किए, समाचार दिए अहमदाबाद से वर्धा चले गए। आश्रम में गए तो धर्मपालजी वहां थे ही नहीं। शिवदत्तजी ने बताया कि वे अभी मेरठ गए हैं, वहां से दिल्ली, चेन्नई और लंदन जाएंगे और दो मास के बाद वापस लौटेंगे। हम तो स्तब्ध रहे गए। मिलेंगे नहीं तो पुस्तकों के विषय में चर्चा कैसे होगी। अनुमति कैसे मिलेगी और हमने तो आयोजन का समय भी तय कर लिया है। हमने शिवदत्तजी से उनके फोन नम्बर ले लिए। दूसरे दिन मेरठ उनके निवास पर फोन पर बात हुई। हमने जानकारी दी और अनुमति पूछी। आश्चर्य! उन्होंने फोन पर ही अनुमति दे दी। इतना ही नहीं, अपनी और पुस्तकों के विषय में भी बताया। न मिलने की बात, न हमारी क्षमता या नीयत को देखने–परखने की बात, न सर्वाधिकार मूल्य की बात और सीधे अनुमति मिल गई।

विद्वता सरल होती है। परन्तु धर्मपालजी की यह सरलता तो कुछ विशेष ही थी। भारत में ज्ञान बिकाऊ होता नहीं है, उसके ऊपर सर्वाधिकार जैसा भी कुछ होता नहीं है, सर्वाधिकार तो केवल परमात्मा का होता है। और उसे अपने अधिकार की रक्षा के लिए किसी न्यायालय में नहीं जाना पड़ता है क्योंकि वह स्वयं ज्ञान–स्वरूप है। भारतवासी इसी बात को लेकर चलते हैं इसलिए ज्ञान के साथ अधिकार को जोड़ते नहीं है। आज बौद्धिक

क्षेत्र में भी पेटेण्ट की संकल्पना अमेरिका के प्रभाव में आकर विश्व में चली है, उसे न अपनाने वाला एक वर्ग इस देश में है। धर्मपालजी उसी वर्ग के प्रतिनिधि हैं, ऐसी प्रतीति उस दिन हुई।

हमारा कार्य तो शुरू हो गया परन्तु फिर भी मिलना नहीं हुआ था। तीन मास बीत गए। बीच में एक–दो बार फोन पर बात भी हुई। हम 'धर्मपाल : समग्र लेखन' के नाम से जो अनुवाद प्रकाशित कर रहे थे, उसके लिए वे 'मनोगत' रूप में कुछ लिखें, हम यह चाहते थे। उन्होंने पहले हमें प्रस्तावना लिखने के लिए कहा। हम प्रस्तावना लिखने के लिए किसी विद्वान व्यक्ति को निवेदन करना चाहते थे। परन्तु उनका आग्रह था कि हम लोगों को ही प्रस्तावना लिखनी चाहिए। फिर भी हम नहीं माने। उनसे भेंट करने के लिए तथा 'मनोगत' के लिए हम आखिर जनवरी, २००५ में सेवाग्राम आए। तब प्रथम बार ही उनसे मिलना हुआ। उस समय उनकी सादगी, स्पष्टवादिता और विद्वता से हम प्रभावित हुए। इतना ही नहीं, विद्वान का गुस्सा कैसा होता है, उसका भी अनुभव हुआ। हमने प्रस्तावना तैयार नहीं की थी, इसलिए वे नाराज हुए थे। उनका गुस्सा तो बहुत संयत था परन्तु तीव्र भी था। हमें पता इसलिए चला कि कभी हम भी इसी प्रकार, इन्हीं कारणों से गुस्सा करते हैं। उन्होंने आदेश ही किया कि – 'अभी–के–अभी कुछ प्रस्तावना लिखो। मैं वह देखूंगा और वह ठीक होगी तो अपना 'मनोगत' भी लिखूंगा। परन्तु पहले तो नहीं लिखूंगा।' यह अविश्वास नहीं था, पद्धति थी।

अब हमारी परीक्षा थी। हम तीन–चार कार्यकर्ता थे। हम सहम गए थे। वैसे भी उनकी पुस्तकों के लिए प्रस्तावना लिखना कठिन कार्य था। हमने तो सोचा भी नहीं था इसलिए मानसिक रूप से तैयार भी नहीं थे, फिर तत्काल लिखना वह भी उनकी उपस्थिति में। फिर भी जब लिखना ही था तो जैसे परीक्षा में पेपर लिखते हैं, वैसे हम बैठ गए। पांच–छह घण्टों की मेहनत के बाद कच्ची रूपरेखा तैयार हो गई। हमने दिखाया। हमने लिखा था गुजराती में, उन्हें हिन्दी में सुनाया। और हम पास हो गए। हमने राहत की सांस ली! उसके बाद उन्होंने तुरन्त बैठकर अपना 'मनोगत' भी लिख दिया।

हम केवल पास हो गए यह महत्त्वपूर्ण नहीं था। अब तक हमें उनका परिचय था परन्तु हमारा उन्हें परिचय नहीं था। सरलता के कारण और हमारी पार्श्वभूमि 'विद्याभारती' की होने के कारण उन्होंने पुस्तक प्रकाशन के लिए हां तो कर दी थी परन्तु किन लोगों को हां कहा है, वे इस कार्य को कितना ठीक कर पाएंगे आदि आशंकाएं तो उनके मन में थी

हीं। इसलिए जब हम कहते थे कि अप्रैल, २००६ में प्रकाशन करेंगे, ३,००० प्रतियां छापेंगे, तो उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था। परन्तु अब वे आश्वस्त हुए कि कम से कम उन्होंने जो लिखा है वह हम समझते तो हैं। क्यों लिखा है इसका प्रयोजन क्या है, यह भी समझते हैं इसलिए उन्होंने 'हां' कहकर आपत्ति मोल नहीं ली है। आखिर यह आश्वासन भी बहुत आवश्यक होता है।

उसके बाद भेंट हुई अप्रैल, २००६ में। पुस्तकों के लोकार्पण का कार्यक्रम अहमदाबाद में था। परम पूजनीय सर संघ संचालक सुदर्शनजी स्वयं लोकार्पण करने वाले थे। धर्मपालजी को भी कुछ संतोष था। धर्मपालजी आए। वे लोकार्पण कार्यक्रम की भव्यता देखकर प्रसन्न हुए यद्यपि दुनियादारी के तामझाम से वे बहुत दूर थे। बाद में दूसरे दिन हमने एक विद्वत् गोष्ठी का भी आयोजन किया था। प्रेस वार्ता भी हुई। अखबारों ने भी उनके काम को नोटिस किया। उस समय वे सात दिन अहमदाबाद में रहे थे। सरदार पटेल राष्ट्रीय स्मारक संस्था में भी जाते थे। हमारे अनेक कार्यकर्ताओं को उनके साथ मुक्त वार्तालाप करने का मौका मिला। उसी समय इन पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित करने का सुझाव भी उन्होंने दिया।

उसके बाद फिर मिलना नहीं हुआ। फोन पर बातें अवश्य होती थीं। वे हमें सेवाग्राम आने के लिए भी कहते थे। पुस्तकों का कोई उपयोग हो रहा है क्या, यह भी पूछते थे। हमने जब कहा कि हमारी २००० से अधिक पुस्तकें वितरित हो चुकी हैं, तब उन्हें आनंद और आश्चर्य दोनों हुआ। हमने दो गोष्ठियों के आयोजन का भी समाचार दिया और हिन्दी अनुवाद की योजना भी बतायी। अक्टूबर, २००६ के प्रारम्भ में ही इस विषय में बात हुई थी परन्तु साक्षात मिलना नहीं हो पा रहा था। २६ अक्टूबर, २००६ को मैं नागपुर में थी, तभी मुझे समाचार मिला कि दो दिन पूर्व ही उनका स्वर्गवास हो गया है।

आखिर देहधारी मनुष्य जाने के लिए ही आता है। परन्तु महत्त्व उसके कार्य का होता है। कार्य से भी अधिक विचार का और विचार से अधिक दृष्टि का होता है। धर्मपालजी के शोध कार्य में जो महत्त्वपूर्ण बात है, वह दृष्टि की है। भारत में शोध कार्य बहुत होता है, हुआ है; सामाजिक–सांस्कृतिक विषयों में भी बहुत कुछ लिखा जाता है। भारत से संबंधित विषयों में भी काफी कुछ शोध हुआ है। परन्तु धर्मपालजी के ही शब्दों में कहें तो यह सब यूरोप के चश्मे से भारत को देखने की पद्धति से हुआ है। हमारी परिभाषाएं,

संकल्पनाएं, सिद्धांत, प्रस्तुतीकरण आदि सब यूरोपीय हो गए हैं। हम इसे यूरोपीय नहीं कहते, 'आधुनिक' कहते हैं और आगे बढ़कर वैश्विक कहते हैं। यह स्वयं के लिए, देश के लिए और ज्ञान के लिए कितना धोखा है, इसका विवेक ही हमें नहीं है। ज्ञान के क्षेत्र की यह अस्वस्थता सभी व्यावहारिक क्षेत्रों तक पहुंची है जिसका परिणाम दुःख, दरिद्रता और विनाश की दिशा में अधोगति ही है। विडम्बना यह है कि हम विनाश के रास्ते को विकास का रास्ता कहते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में धर्मपालजी की दृष्टि ज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को एक निश्चित दिशा देने वाली है।

हमारे देश में राष्ट्रभक्त लोगों की कमी नहीं है। भारत के विषय में विगत गौरव का अनुभव भी हम करते हैं। परन्तु देशभक्ति का व्यावहारिक, दैनन्दिन जीवन से जुड़ा हुआ स्वरूप क्या है, कृतिशील देशभक्ति क्या होती है, इसका हमें पता नहीं। यह हमारा दोष नहीं है, हमारा अज्ञान है, क्योंकि हम मानने लगे हैं कि सौ करोड़ भारतवासियों को देशभक्त होना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। देशभक्तों का, राष्ट्रवादियों का भी एक वर्ग होता है। हमें देशभक्ति २६ जनवरी, १५ अगस्त के दिन ही अभिव्यक्त करनी होती है या फिर गांधी, तिलक, भगत सिंह जैसे लोगों की जन्मतिथि या पुण्यतिथि पर। हमारे अर्थ–व्यवहार, शिक्षा–व्यवहार, सांस्कृतिक–व्यवहार अनुस्यूत नहीं होते, उनके लिए मात्र एक कोना होता है। देश, समाज, संस्कृति, ज्ञान, आदि के लिए हम या तो निरे कर्मकाण्डी होते हैं या अतीत में खोए होते हैं अथवा आदर्श की बातें करने लगते हैं। हमारी सोच, हमारी कमाई, हमारी जीवन–रचना, हमारा घर, हमारा कार्यालय, हमारी सार्वजनिक व्यवस्थाएं – शिक्षा, शासन, प्रशासन, उद्योग, तंत्र – राष्ट्रीय होना चाहिए। सांस्कृतिक होना चाहिए। भारतीय होना चाहिए, इसकी हमें समझ नहीं है। हमारे पास इसकी जानकारी नहीं है। हम आत्मविस्मृत हो गए लगते हैं। हम अज्ञानियों के स्वर्ग में – अथवा नर्क – में जीते हैं।

इस परिदृश्य में धर्मपालजी हमें मार्ग दिखा रहे हैं अध्ययन का। वे अध्ययन की सामग्री लेकर आते हैं; हम सो रहे हैं तो जगाने आते हैं; जाग रहे हैं तो झकझोरने के लिए आते हैं; हम दुर्बल हैं तो सबल बनाने के लिए आते हैं; क्षीण–प्राण हो गए हैं तो प्राणवान बनाने के लिए आते हैं। हमारा अध्ययन और शोध बिना संदर्भ का हो गया है, उसे संदर्भ देने का काम धर्मपालजी ने किया है। हम भटक गए हैं तो हमें ठिकाने लाने का कार्य भी उन्होंने किया है।

आज विश्वविद्यालयों के अध्ययन का संदर्भ एक तरफ है, व्यक्तिगत अर्थात् उपाधि, नौकरी, वेतन, प्रमोशन, पद–प्रतिष्ठा और पैसा दूसरी तरफ होता है और यूरोपीयपन (जिसे आजकल आधुनिकता कहा जाता है), उपभोक्तावाद और यांत्रिकता तीसरी तरफ है। इन तीनों छोरों में समाज, राष्ट्र, संस्कृति, सृष्टि, शाश्वतता पिस जाती है, कुचल जाती है, दब जाती है। पृथ्वी के पदार्थों का अपने उपभोग के लिए इस्तेमाल करते हुए हम नई वैश्विक समस्याएं निर्माण कर देते हैं। इन समस्याओं का हल ढूंढ़ते–ढूंढ़ते हम उनसे भी बड़ी समस्याएं खड़ी कर देते हैं। धर्मपालजी बार–बार कहते हैं कि हमें अध्ययन का तरीका बदलने की आवश्यकता है, चश्मा बदलने की जरूरत है। अत: उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलना है तो हमें भी चश्मा बदलना होगा, दृष्टिकोण बदलना होगा, पद्धति और प्रक्रिया बदलनी होगी। इसलिए विश्वविद्यालयों के स्तर पर गोष्ठी करने से वैसा फायदा नहीं होगा, पुस्तकें प्रकाशित करने से भी कुछ ज्यादा फायदा नहीं होगा, क्योंकि पुस्तकों के प्रकाशन के साथ उसका वितरण भी जुड़ा हुआ होता है।

कुछ करना है तो उसके कुछ चरण निम्नलिखित हो सकते हैं –

१. धर्मपालजी ने ही स्वयं स्वीकारा है कि उन्होंने तो प्राप्त अभिलेखों के कदाचित् तीन, चार या दस प्रतिशत अंश ही देखे हैं। हमारे शोधकर्ताओं को शेष अभिलेख देखने चाहिए। उनका विश्लेषण करना चाहिए, निष्कर्ष निकालना चाहिए, पुस्तकें लिखनी चाहिए।

२. उनके द्वारा अभी तक अप्रकाशित सामग्री, यदि है, तो उसे प्रकाशित करना चाहिए।

३. उनकी प्रकाशित सामग्री का भारत की सभी भाषाओं में अनुवाद होना चाहिए और यह कार्य शीघ्रतम होना चाहिए।

४. विश्वविद्यालयों के बोर्ड ऑफ स्टडीज, एकेडेमिक काउंसिल, विभिन्न विषयों के अध्यापकों को इस विषय से अवगत कराकर इस जानकारी का स्कूल और उच्च शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में समावेश हो, यह सुनिश्चित करना चाहिए। यह हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था को ही पूरी तरह से बदल देगा।

५. प्राथमिक शाला और हाई स्कूल में पढ़ने वाले आम विद्यार्थियों के लिए इस सामग्री पर आधारित छोटी पुस्तकें, आदि तैयारी करवानी होंगी।

६. धर्मपालजी की दृष्टि को अन्य लेखकों द्वारा समझकर सभी विषयों के लिए अपनाकर नए सिरे से लेखन–कार्य करवाना होगा।

एक वैचारिक आंदोलन निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए। स्मरण रहे कि यूरोपीय जीवनशैली विनाश की ओर जा रही है, उस जीवनशैली के साथ जो जाएगा, उसका भी विनाश होगा। भारतीय जीवनशैली चिरंजीवी है। उसके साथ जो जाएगा वह भी चिरंजीवी

बनेगा। विश्व के कल्याण के लिए भी यह जरूरी है। इसलिए भारत को अपने में स्थित होना पड़ेगा। भारत को अपने में स्थित होने के लिए पगडंडी बनाई है धर्मपालजी ने। वे उस रास्ते पर चले हैं। हम भी उस पगडंडी पर चलने लगें, तो पगडंडी रास्ता बनेगी, राजमार्ग बनेगी और उस राजमार्ग से आश्वस्ति द्वार तक पहुंचेगी।

उन्हें मेरी श्रद्धांजलि।

धर्मपालजी: व्यक्तित्व और कृतित्व

– लक्ष्मी नारायण मित्तल

अंग्रेजी प्रभुत्व स्थापित होने से पहले अठारहवीं–उन्नीसवीं शताब्दी में हमारी व्यवस्थाएं कैसी थीं, समाज किस प्रकार चलता था, परस्पर समुदायों के बीच आचार–व्यवहार किस प्रकार होता था, इन मुद्दों पर गांधीजी ने अपने बहुत सारे लेखों और भाषणों में और खासकर १९०९ में लिखे 'हिन्द स्वराज' में अपने तरीके से भरपूर जानकारी दी है।

गांधीजी को आधार बनाकर भारतीय चित्त की बनावट और उसकी ऊर्जा को समझने का एक बड़ा प्रयास धर्मपालजी ने किया है। वे आधुनिक भारतीय (या विदेशी) विश्वविद्यालयी कार्य–पद्धति या उच्च अकादमीय संस्थानों की अनुशासन सीमा से बाहर रहकर आधुनिक भारतीय इतिहास और औपनिवेशिकता के प्रभावों की विवेचना करते हैं और इसके लिए उन्होंने सन् १९५०–६० के दशक में ब्रिटिश अभिलेखागारों और इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी से ऐसे दस्तावेजों को खोजा है जिससे १७ वीं–१८वीं शताब्दी तक भी हमारे समाज की स्वायत्त व्यवस्थाओं का, उसके निर्णय लेने के तरीकों का, उसके विरोध जताने के तरीकों का पता चलता है।

अधिकांश इतिहासकारों ने अंग्रेजों के आने से पूर्व के भारत को विदेशी नजरों से देखा है। उस प्रकार के लेखन से भारत की अपनी राज्य व्यवस्था, राजस्व व्यवस्था, आर्थिक तंत्र, उद्योग धंधों के क्षेत्र में अपनाई जा रही व्यवस्थाओं की कोई जानकारी नहीं मिलती, जबकि इन क्षेत्रों में अपनी सुस्पष्ट समुचित व्यवस्थाओं से देश चलता था। यह बात तो स्वयं अंग्रेजों द्वारा भेजे गए डिस्पैचों से उनके ही दस्तावेजों से, साफ झलकती है।

धर्मपालजी ने इन अभिलेखों से और गांधीजी को समझ कर जो भी लिखा, वह देश समाज को पुनः खड़ा करने के खयाल से लिखा। औपनिवेशिक शासन और उसकी व्यवस्थाओं से भारतीय मानस ने जो चिंतन की धारा पकड़ी और उससे हमारे समाज में जो विकृतियां आईं, उनको पहचानकर अपने स्वभाव को दर्शाना, धर्मपालजी का मुख्य उद्देश्य रहा है। पाश्चात्य प्रभाव से हमारे युवाओं और चिंतकों में जो दृष्टि–भ्रम हो गया है, वह धर्मपालजी को विचलित करता था। ब्रिटिश प्रभुत्व और पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से विकास, आधुनिकता और पर्यावरण पर एक खास ढांचे में सोचने–समझने के कारण हम अपनी निजी व्यवस्थाओं की सम्पन्नता और कुशलता पर विश्वास खो बैठे लगते हैं। इस बात की तड़प भी बहुत सारे लोगों को है जो आधुनिकता के ढांचे में बंधे होने के कारण और समुचित अवसर न मिलने के कारण तड़प महसूस करते हैं और ऐसे लोगों में धर्मपाल जी की बहुत प्रतिष्ठा है।

धर्मपालजी की बेचैनी भारत को पुनः स्व–व्यवस्थाओं पर रचने से जुड़े सवालों से थी। उनके लेखन से यह बात बहुत साफ नजर आती है कि आज देश में जो हो रहा है, वह यूरोप व अमरीका की एक बहुत निचले स्तर की नकल हो रही है। शायद सन् १९४७ में, सत्ता–हस्तांतरण के बाद धर्मपालजी सहित कुछ लोगों को लगा हो कि कुछ ही वर्षों में भारत हर दृष्टि से समृद्ध, उपजाऊ, सब तरह की कारीगरी व काम–धंधों में निपुण व सुखी दीखने लगेगा और ३०० वर्षों की उजाड़, भुखमरी, कृषि व कामधंधों की शिथिलता को हटा कर फिर से समृद्धि और खोये हुए शिखर पर पहुंच जाएगा, परन्तु हमारे राजनेताओं की औपनिवेशिक व पश्चिमी मानसिकता के कारण हमारे प्रशासन व राज्य संचालन में वे ही व्यवस्थाएं हावी हैं जिन्हें, सन् १७६० से सन् १८३० के बीच और बाद में भारतीय संस्थाओं के ताने–बाने को नष्ट करके अंग्रेजों ने बनाया था। इसका आज का परिणाम तो यह है कि राजसत्ता व प्रभुत्वशाली वर्ग समाज के बहुत बड़े हिस्से से अलग हो गया है, कट गया है और समाज–संचालन में यहां के ९० प्रतिशत या अधिक लोगों की योग्यता, क्षमता और अनुभव का लाभ समाज को नहीं मिल रहा है। जो २ प्रतिशत से १० प्रतिशत तक पाश्चात्य रंग में डूबे लोग समाज–संचालन में लगे हैं, वे भी बहुत सजग या जागृत नहीं लगते और बार–बार मानो उन्हें रूल बुक (rule book) देखनी पड़ती है। व्यवस्थाएं जब सभ्यतागत स्वभाव के साथ नहीं बैठतीं, तब समाज आगे नहीं बढ़ पाता। धर्मपालजी ने अपने लेखन में इस बात को बहुत स्पष्टता से समझा और समझाया। यूरोप व अमरीका की नकल के अनुसार लक्ष्यों के अनुसरण में भारत की सब तरह की स्वदेशी व्यवस्थाएं और प्रतिमाएं या तो पंगु हो गईं या उन्हें समेट कर संग्रहालय या अभिलेखागारों में रख

दिया गया। धर्मपालजी का मानना था कि दूसरी दुनिया से ज्ञान लेकर आज की बनाई भारतीय दुनिया हमारे स्वभाव से मेल नहीं खाती। वैसे भी, इस दूसरी दुनिया का जीवनकाल एक या दो पीढ़ी से ज्यादा नहीं चलता जबकि भारतीय जीवन दृष्टि से उपजा संसार पीढ़ी–दर–पीढ़ी चला आता है। धर्मपालजी का मानना था कि यूरोप या पश्चिमी स्वभाव और उसके जीवन जीने के तौर–तरीकों में अपनाए जाने वाले उपकरणों में काफी सामंजस्य लगता है। अंग्रेजों के आने से पूर्व यही बात भारत के लिए भी कही जा सकती है। परन्तु पाश्चात्य प्रभाव ने तो हमारी सोच को ही बदल दिया है। इसी से तो जवाहर लाल नेहरू कहते थे कि भारत तो २००–३०० वर्ष पिछड़ा है। पाश्चात्य दृष्टि से जो दुनिया बनती है वह शरीर सुख को प्रधान मानकर भौतिक सभ्यता (Material Civilization) है। भारतीय स्वभाव इससे भिन्न है। वह जरूरत से ज्यादा दुनियादारी में न फंसने का दर्शन है। यह बात आज भी साधारण भारतीय जानता है। भारतीय मानस ने जो संसार रचा है वह केवल मनुष्य मात्र के लिए ही नहीं है, सभी जीवों के लिए है और इस चराचर जगत में जो भी है उससे सभी का परस्परता का रिश्ता है। सभी जीवों के जीवन की अपनी–अपनी नैय्यायिकता (Logic) है। पश्चिमी ईसाइयत (Christian West) या पश्चिमी यहूदी (Hebrew West) इससे भिन्न विचारधारा का है। सामूहिक रूप से जीवन जीने के लिए बहुत मीनमेख की जरूरत नहीं होती। खाना खाने लायक है न, कपड़ा पहनने लायक है न, यही भारतीय स्वभाव है। बहुत नुक्ताचीनी से भारतीय स्वभाव नहीं चलता। धर्मपालजी मानते थे कि भौतिक संसार में सामूहिक रूप से जीने के लिए जिन–जिन विधाओं की जरूरत है उनकी समझ बनाकर और फिर पुराने ज्ञान/समझ पर लौटना होगा। हो सकता है कुछ–कुछ नया ज्ञान, नई समझ; जैसे आधुनिक विज्ञान, प्रबंध–शास्त्र आदि से कुछ नई समझ की जरूरत हो, तो उसे समाहित किया जा सकता है। परन्तु दोनों का घालमेल नहीं हो सकता, ऐसा धर्मपालजी का मानना था।

भारतीय स्वभाव विकेन्द्रीकृत तरीके से चलता है। आधुनिक विज्ञान केन्द्रीकृत व्यवस्था से चलता है। विकेन्द्रीकृत व्यवस्था में शुरू में शायद कुछ हिस्सा ठीक न चले या फिर कुछ हिस्सा बिल्कुल न चले परन्तु बड़ा हिस्सा तो भारतीय स्वभाव से चलता रहेगा। आज तो सब कुछ बिल्कुल ठप्प है। दैनन्दिन जीवन में हमारे भौतिक संसार में जो भी कार्यकलाप होते हैं, उनको संचालित करने की अपनी विधाएं थीं। भारत प्राचीन काल से ही परा और अपरा विद्याओं का केन्द्र रहा है। लुहारी, सुनारी, बुनकरी, कताई, बुनाई, रंगाई, वास्तु–निर्माण, आदि हुनरों में जिन सामग्रियों की जरूरत होती है, वे आज मिलती नहीं हैं या दुर्लभ हो गई हैं। इसी से कुछ सामान रद्दी भी आज बनता होगा। परन्तु इस हताशा

में दूसरी दुनिया यूरोप से ज्ञान लेकर बनाई गई दुनिया, हमारे स्वभाव से मेल नहीं खाती। उस तरह की पाश्चात्य या आधुनिक दृष्टि से हमारा संसार बनने वाला नहीं है, ऐसा धर्मपालजी का मानना था। निजी जीवन, पारिवारिक जीवन, गांव, प्रदेश और देश का जीवन साधारणतया चल सके, इसकी समझ हमें थी। आज भी कुछ ऐसे लोग होंगे जिन्हें अपनी परम्परागत विद्याओं के बारे में कुछ ज्ञान होगा। लोग पूरी तरह अपनी दुनिया से कट नहीं गए हैं। आम लोगों की समझ बढ़ाकर उन्हें वापस परंपरा से जोड़ना होगा।

धर्मपालजी ने एक दूसरा बड़ा काम यह किया है कि 'गरीबी', 'पिछड़ापन', 'कायरता', 'स्वाभिमान', 'जाति', 'स्वशासन' आदि शब्दों के बारे में हमने आधुनिकता के कारण जो अर्थ अपने मन में बिठा लिए हैं, उसे वे ध्वस्त करते हैं। सन् १८१३ में हाउस ऑफ कॉमन्स में एक लंबी बहस हुई जिसमें विलियम विल्बर फोर्स ने, जिसे बहुत से लोग विक्टोरियन इग्लैण्ड का पिता मानते हैं, भारत की स्थिति को दीन–हीन कहकर परिभाषित किया। उसका मानना था कि भारत के लोग अज्ञान के अंधकार में डूबे हैं। ऐसे ही विचार एक दूसरे अंग्रेज जेम्स मिल के भी थे जिसे उसने सन् १८१७ में बहुत खण्डों वाली पुस्तक 'ब्रिटिश भारत का इतिहास' में प्रकाशित किया है। मिल के अनुसार हिन्दू नपुंसक, गुलामों वाले गुणों से भरपूर, छली, विश्वासघाती, कायर, निर्दयी और असत्यभाषी हैं। मिल के ऐसे विचार मुसलमानों और चीनवासियों के बारे में भी थे। लगभग इसी समय के आस–पास सन् १८००–१८२५ में भारत की एक और छवि बनी, परन्तु यह छवि साधारण लोगों की जानकारी में नहीं थी। धर्मपालजी ने अभिलेखागारों में सिमटी सामग्री से शोध द्वारा इस जानकारी को प्रकाश में लाया और पाया कि भारत की पैदावार विलायत की पैदावार से कई गुनी ज्यादा रही है। इसी प्रकार सन् १८०० के करीब शायद दस हजार विद्या संस्थान (आज के यूरोप के कॉलेजों के बराबर) भारत में रहे होंगे। ऐसे ही आंकड़े बिलारी जिले के सन् १८०६ के हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता–प्रणाली के बारे में हैं। अंग्रेजों के काल में पड़ने वाला सूखा और उससे दो सौ साल पूर्व होने वाले सूखे अलग–अलग तरह के हैं। पहले के सूखे में हमारे स्थानीय साधन व व्यवस्थाएं इन कभी–कभी होने वाली विपत्तियों से हमें पार कर देती थीं और एक अच्छी बरसात बीतते ही पहले वाली खुशहाली व हंसी–खुशी वापस आ जाती थी। इसका एक बड़ा कारण यह भी था कि भारत अलग–अलग सांस्कृतिक व प्राकृतिक क्षेत्रों में व्यवस्थित था। यह सारी व्यवस्थाएं १००–१५० वर्षों में काफी हद तक अस्त–व्यस्त हो गई हैं। 'पिछड़ेपन' के ही सवाल पर सन् १८२२–२५ के बीच मद्रास प्रेसिडेंसी के विस्तृत शिक्षा सर्वेक्षण के

आंकड़ों से अन्य बातों के अलावा यह तथ्य उभरकर आया कि तमिल बोलने वाले छात्रों में ७० से ८० प्रतिशत संख्या शूद्र जाति वाले छात्र–छात्राओं की थी।

धर्मपालजी के मसूरी प्रवास के संस्मरण :

धर्मपालजी जब भी मसूरी आते थे, तो नई स्फूर्ति के साथ किसी नये विषय पर गहन अध्ययन करते थे। एक ग्रीष्म में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने एन्थ्रोपोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया की 'People of India' परियोजना के अंतर्गत भारत के समुदायों का अध्ययन किया। उनका नजरिया उस दृष्टि से भिन्न था, जिसका अनुसरण पुस्तक लेखक ने किया था। ४६३५ समुदायों के इस अध्ययन में जो सामग्री है, उस सामग्री से समुदायों के आपसी रिश्ते, उनकी अपनी पंचायतें, उनकी भाषा–बोली, पहनावा, उनकी वंशावलियों के सूत्र वे खोजते थे। कुल ४६३५ समुदायों की सामग्री से ५८४ ऐसे समुदायों का पता चला जो इस्लाम धर्म के अनुयायी हैं। यह भी ज्ञात हुआ कि संप्रदाय की दृष्टि से वे एक धर्मावलम्बी अवश्य हैं परन्तु अपने पर्यावरणीय व सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में पूरे देश में एक जैसे नहीं हैं। जैविक, भाषायी और सांस्कृतिक परिदृश्य में ये शेष स्थानीय समुदायों से ज्यादा मेल खाते हैं। पता चला कि राजस्थान का एक मुस्लिम समुदाय है 'घोसी', जिसका काम पशुपालन व दूध का व्यवसाय है। वे गोपाष्टमी के दिन अपनी गायों को नहलाते हैं और गाय के चारों ओर आठ फेरे लगाते हैं। भादों बदी नौमी को ये गोगादेवी की आराधना भी करते हैं। राजस्थान का एक मुस्लिम समुदाय है – कायमखानी। इस समुदाय के लोगों का जाति पुराण एक हिन्दू समुदाय भाट रखते हैं। निकाह के समय इनके यहां पड़ोसी हिन्दुओं की भांति तोरणद्वार व मण्डप बनाया जाता है। हरियाणा का एक मुस्लिम समुदाय 'मेरात' के लोग फेरे या निकाह, किसी भी विधि से अपने यहां शादी सम्पन्न कराते हैं और दोनों विधियों को सामाजिक मान्यता प्राप्त है। राजस्थान के एक अन्य समुदाय 'कसाई' का व्यवसाय मांस बेचना है। वे गाय काटते हैं, पर स्वयं गोमांस नहीं खाते। देश भर में सात मुस्लिम समुदाय शाकाहारी हैं और अण्डे, अदरक, प्याज और लाल मसूर की दाल भी नहीं खाते। अनेक मुस्लिम समुदायों में महिलाएं शाकाहारी हैं।

इसी प्रकार एक ग्रीष्म में अपने प्रवास में उन्होंने पारम्परिक भारतीय विद्याओं और कलाओं के विश्वविद्यालय स्थापना के प्रस्ताव का प्रारूप बनाया था। उनके मन में इस प्रकार का प्रस्ताव कई वर्षों से रहा था। मैकाले ने सन् १८३५ में भारतीय शिक्षा के बारे में कहा था कि भारत की पाठशालाएं, मदरसे व विद्यालय हमारे किसी काम के नहीं हैं, वे चाहे जितने भी सस्ते क्यों न हों। मैकाले तो शिक्षा के भारतीय विद्वानों को प्रशिक्षक (Trainers) बनाना

चाहता था। उसका मानना था कि जब वे तैयार हो जाएंगे तो ब्रिटिश अपनी आवश्यकतानुसार विद्यालय आदि बना लेंगे। जैसे मैकाले की दृष्टि में भारतीय विद्यालय बेकार थे वैसे ही धर्मपालजी का मानना था कि १५०–२०० वर्षों में अंग्रेजों द्वारा बनाए जो विद्यालय हमारे यहां चल रहे हैं वे भारतीय जीवन–दृष्टि और भौतिक आवश्यकताओं के अनुसार किसी भी प्रकार हमारे काम के नहीं हैं। हमें तो भारतीयता की मान्यताओं के आधार पर जो विद्याएं हमारे यहां प्राचीन काल से रही हैं, उन्हीं को फिर से समझकर, विद्याओं का नया ढांचा खड़ा करना होगा।

सन् २००१–२००२ में अपने मसूरी प्रवास में उन्होंने 'भारतवर्ष का ऐतिहासिक चित्रण' शीर्षक से १७ अध्यायों को लिखा था। इसमें सृष्टि और उसका आयोजन, रामायण, महाभारत, पौराणिक गणना, भारतीय दर्शन, भारत की भाषाएं, जातियां, कृषि, जीव, स्थिर जगत, कपड़ा, लोहा, बौद्ध और जैन धर्म, भारत के संत, इस्लाम का राज्य, अंग्रेजी राज्य, स्वतंत्रता संग्राम और महात्मा गांधी और अंत में 'सन् १९४७ के पश्चात नये राष्ट्र के आधार पर रचना' अध्याय शामिल हैं। उनका मानना था कि इतिहास की इस पुस्तक जैसी आठ–दस पुस्तकें कृषि, कारीगरी समाज रचना व व्यवस्था, आदि पर एक वर्ष में लिखी जा सकें, तो देश की शिक्षा बदलने लगेगी। उनकी गहरी इच्छा थी कि एक पुस्तक भारतीय प्रकृति और भूगोल पर रहे जिसमें सभी क्षेत्रों व प्रदेशों की चर्चा हो और भारत में जो पहाड़, नदी, सरोवर, पशु, पक्षी, कीड़े–मकोड़े, मिट्टी, वृक्ष, फूल–फल, खेती की उपज, भिन्न–भिन्न महीनों के संदर्भ में उनका विस्तृत वर्णन हो तो ऐसी पाठ्य–सामग्री इस देश की शिक्षा को बदल देगी।

अपने २००२ के प्रवास में उन्होंने गोवध के ऐसिहासिक कारणों को सम्मिलित करते हुए जो पुस्तक *The British Origin of Cow Slaughter in India* लिखी थी, उस पर व्यापक प्रतिक्रिया व प्रसार हेतु प्रेरित किया। इस संदर्भ में हिन्दू सन्तों के अलावा देवबन्द के उपकुलपति श्री मदनी तथा आम मुस्लिम नेताओं और उलेमाओं से मुलाकातें हुईं और इसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिला। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक का विमोचन शियाओं के धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक ने लखनऊ के एक बड़े साभागार में किया था जिसमें हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी के समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में हिन्दू और मुस्लिम बुद्धिजीवियों और आम जनता ने भाग लिया था। समारोह की कवरेज तीनों भाषाओं के दैनिकों में हुई थी। आमतौर पर गोहत्या के प्रश्न को

हिन्दू मुसलमान के द्वंद के परिप्रेक्ष्य में देखा जाता है। पिछले १०० वर्षों के अविभाजित भारत में इस मुद्दे को लेकर साम्प्रदायिक दंगे भी हुए हैं। इस भेद को पैदा करने में अंग्रेजों का कितना बड़ा हाथ है, यह हमें जानना चाहिए। क्वीन विक्टोरिया ८ दिसम्बर, १८९३ में कहती है कि – "यद्यपि मुसलमानों को गोवध के लिए बदनाम किया जाता है, पर मुख्यत: तो गायों का कत्ल ब्रिटिश फौज के अंग्रेज सैनिकों और अधिकारियों के लिए होता है।" अरब और भारत में तो मुसलमानों में गोमांस खाने की प्रथा ही नहीं है। अरब में ऊंट का और फारस में भेड़–बकरी का मांस अधिक खाया जाता है। यूरोप में गोमांस खाने की व्यापक प्रथा है और सन् १९०० के बाद तो इसमें लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। शायद इसी कारण सन् १९१७–१८ में गांधीजी ने कहा था कि – "हम व्यर्थ ही मुसलमानों को गाय काटने का दोष दे रहे हैं। दरअसल गाय तो भारत में ब्रिटिश सैनिकों के लिए कट रही है।" गांधीजी के अनुसार उस समय लगभग ३०,००० गोवंश ब्रिटिश कत्लखानों में प्रतिदिन कटता था जबकि उससे पूर्व मुगल शासन काल में ३०,००० गोवंश वर्ष भर में कटता था। धर्मपालजी के शोध से भारत में अंग्रेजों के आने के बाद सन् १७५० से लेकर अब तक के काफी दस्तावेज सुलभ हैं और उनसे पता चलता है कि देश में अंग्रेजों के आने के बाद से ही गोहत्या बढ़ी है और बैलों का उपयोग भी समान ढोने के लिए किया जाने लगा। १९वीं शताब्दी के अंत में भारत में बड़ी संख्या में गौ सभाओं की स्थापना हुई और अनेक गौ सभाओं के मुखिया मुसलमान थे। सन् १८७४ के करीब सिख कूकाओं ने गोवध के खिलाफ आंदोलन चलाने की पहल की थी। सन् १८८०–८४ में गाय काटने के विरोध में भारत भर में जो आंदोलन हुआ उसमें, सिख, हिन्दू, पारसी व मुसलमान शामिल थे। उस समय के आस–पास उर्दू अखबारों में गोवंश की हत्या बंद कराने के लिए कई लेख और संपादकीय छपे थे। आज से ७०–७५ वर्ष पूर्व तक भी गाय और बैल किसान के कुटुम्ब और उसके समुदाय की समृद्धि के द्योतक थे। आज शहरीकरण ने गाय को मात्र दूध, चमड़ा और मांस का साधन बना दिया है।

सन् २००५ में धर्मपालजी ने सेवाग्राम स्थित गांधी आश्रम की सार्थकता पर स्वयं लेख लिखे थे और अन्य लोगों को भी लेख लिखने के लिए प्रेरित किया था। आश्रम के नवीनीकरण पर जो सरकारी योजना २–३ वर्ष पूर्व बनी थी, उसकी प्रस्तावना को लेकर वे काफी चिंतित थे। गांधी जी अपने आश्रम को अहिंसक जीवनशैली का अंग मानते थे। धर्मपालजी की चिंता विशेषकर उन गांधीवादियों को लेकर भी थी, जो यह भूल बैठे कि आश्रम केवल देखने की वस्तु न होकर जीवन की प्रयोगशाला है।

धर्मपालजी ने अपने अध्ययन के लिए १८ वीं और १९ शताब्दी को ही क्यों चुना? इसका कारण बतलाते हुए वे कहते हैं कि १८वीं शताब्दी के मध्य–बिन्दु को वे भारतीय समाज और राज व्यवस्था की जानकारी के लिए महत्त्वपूर्ण मानते हैं। अभिलेखागारों से प्राप्त अभिलेखों से १७वीं–१८वीं शताब्दी तक हमारे समाज की स्वायत्तता और स्वराज का भी पता चलता है। उन दिनों फोटोस्टेट की सुविधा नहीं थी और ये सारे नोट्स धर्मपालजी ने अपने हाथ से परिश्रमपूर्वक उतारे हैं।

मई, २००६ में मसूरी में अपने अंतिम प्रवास में धर्मपालजी ने १८ वीं शताब्दी या उससे पूर्व के भारतीय राज–व्यवस्था और समाज के संबंध में प्राप्त अभिलेखों व अन्य सामग्री का पुनरावलोकन व परीक्षण कर एक नोट तैयार किया था। इसी दौरान उन्होंने १८७२–१८७९ में छपी M. A. Sherring की पुस्तक से *Hindu Tribes and Castes* से नोट्स भी तैयार किए थे। उन दिनों उन्हें लगने लगा था कि पाण्डित्य और विद्वता के जो ग्रंथ प्राचीन काल से बने हैं – जैसे कि महाभारत, रामायण, भारतीय पुराण, यहूदियों–ईसाइयों के Old Testament मुसलमानों के ग्रंथ – ये सब मिलती–जुलती सोच से ही निकले हैं। पाण्डित्य और विद्वता ही इनके स्रोत हैं और ये स्रोत हमेशा ही शक्ति व साम्राज्यवादी संघ से बंधे रहे हैं। बाद के लेखन, जिसमें इतिहास और काल के कुछ आंकड़े (data) मिलते हैं, वे भी प्राचीन ग्रंथों की मिली–जुली सोच से ही निकले हैं और इस प्रकार लिखी गई सांस्कृतिक सामग्री का मुख्यत: झुकाव शक्ति व साम्राज्यवादी तत्वों के बखान में ही अधिक रहा है। इससे भिन्न प्रकार के लेखन की संभावना भी साधारण स्तरों पर शायद नहीं रही। इसलिए जो विद्याएं प्रचलित हैं उन्होंने ही ऐतिहासिक वर्णनों का निर्माण किया। अगर विश्व भर के प्राचीन काल के विषय में अलग तरह से सोचना है तो प्राचीन ग्रंथों को भुलाकर और दूसरे तथ्यों से संसार का वर्णन गढ़ना पड़ेगा, ऐसा धर्मपालजी को लगता था।

धर्मपालजी अंग्रेजों द्वारा तैयार किए गए अभिलेखों से ही अंग्रेजों से तुरन्त पहले के गौरवशाली भारतीय समाज का अवलोकन करते हैं, परन्तु यह सब महिमामण्डित करने का काम नहीं है। उनकी दिलचस्पी नये भारत के रचने से जुड़े सवालों से है। इसके लिए इतिहास द्वारा समाज की परंपरा का अवबोध और प्रशांत विश्लेषण जरूरी है। पराजय के त्रास से मुक्त होना होगा। धर्मपालजी का आह्वान था कि आज अपनी परंपरा, अपने इतिहासबोध के साथ आत्मबल और इच्छा जगाकर उस रास्ते पर चलना है जो सनातन उत्कर्ष पथ है।

बड़े पेड़ की बड़ी छाया

– प्रेमा जोशी

जब 'सिद्ध' मसूरी से मित्तलजी का फोन आया कि मुझे धर्मपालजी की स्मृति में निकलने वाले विषेशांक के लिए एक संस्मरण लिखना है, तो मुझे कुछ दुविधा हुई।

मैं कभी–कभी ग्रीष्मावकाश में अपनी बेटी अनुराधा के पास कुछ दिन मसूरी में जाकर रहती हूं। इसी दौरान धर्मपालजी भी वहां आकर रहते थे और इसी अवधि में उनसे जानने और बातें करने का मौका मिला। यूं एक बार धर्मपालजी लखनऊ मेरे आवास पर भी आए थे। सितम्बर, २००२ में उनकी लिखी बहुचर्चित पुस्तक *The British Origin of Cow Slaughter in India* का मौलाना कल्बे सादिक द्वारा विमोचन हुआ था। उसमें मैंने भी भाग लिया था। उसी दौरान धर्मपालजी अपने कुछ सहयोगियों के साथ मेरे निवास पर आए थे। उनकी बाल सुलभ सरलता से मैं काफी प्रभावित थी। इतने बड़े स्तर के विद्वान लेखक की यह सरलता और महानता मुझे छू गई।

यूं तो मैं आज स्वयं ८० वर्ष से ऊपर हूं, परन्तु मुझे अपने बचपन की अभी भी याद है। मेरी मां ने मुझे साल भर के तीज त्योहार जो हमारे परिवार में मनाए जाते थे, उनकी बारीकियां सिखलाई थीं। घर पर, वृहत् परिवार में व पास–पड़ोस में इन तीज–त्योहारों का जो रूप मैंने देखा था, उसी को आधार बनाकर मैंने अपने नाती–पोते के नाम एक छोटी पुस्तिका लिखी – 'हमारे तीज–त्योहार'। पीढ़ी–दर–पीढ़ी इस परम्परा को आगे बढ़ाने का भाव भी मन में था। मेरी बेटी ने यह पुस्तिका धर्मपालजी को पढ़ने को दी। धर्मपालजी स्वयं भारत के इतिहास को नये सिरे से लिखने के लिए बेचैन रहते थे। उन्हें लगा कि ऐसी पुस्तिकाएं अन्य विषयों पर भी निकलनी चाहिए। यह देश छोटे–छोटे सांस्कृतिक इकाइयों

में बंटा हुआ है। हर सांस्कृतिक क्षेत्र की अपनी विलक्षणता व विशेषताएं हैं। इन्हीं विशेषताओं और स्थानीयता को प्रमुखता देते हुए ऐसी पुस्तकाएं देश की शिक्षा की दिशा में तत्काल परिवर्तन ला सकती हैं, ऐसा धर्मपालजी का सोचना था।

मैंने अपने जीवन काल में अपने पति के साथ अपना लम्बा समय विदेशों में और कुछ समय कैरेबियन देशों में बिताया है। कैरेबियन देशों में भारतीयता मानो दो–तीन सौ बरस पूर्व जैसी थी, वैसी वहां आज भी थमी हुई लगती है। अब तो वहां शायद तीसरी–चौथी पीढ़ी के लोग होंगे। परन्तु इन देशों में परिव्रजन के समय पहली पीढ़ी के लोग जिस भारतीय मानस को लेकर वहां गये थे, आज की पीढ़ी उस धरोहर को कुछ–कुछ अभी भी संजोए हुए हैं। भारतीयता के इन तत्वों पर भी मैंने काफी कुछ लिखा है। कुछ छपा भी है। पर यह सब अकादमीय शाखा के अनुसरण के बिना, एक गृहस्थ के संस्मरण हैं। शायद धर्मपालजी स्वयं भी शुद्ध अकादमीय विश्लेषण के लिए नहीं लिखते थे। उनकी चिंता देश–समाज को उन स्व–व्यवस्थाओं पर पुन: खड़ा करने को लेकर थी, जो अंग्रेजों के आगमन से पूर्व भारत में प्रचलित थीं व जिन पर चलकर साधारण व्यक्ति भी अपने को सुखी, सरल व समृद्ध पाता था।

धर्मपालजी के साथ इन संक्षिप्त मुलाकातों के दौरान जो प्रभाव मुझ पर पड़ा है, उसकी छाप गहरी है। बड़े पेड़ की छाया शायद इसी को कहते होंगे। अपनी इस छत्रछाया में उन्होंने न जाने कितने लोगों को प्रभावित किया होगा। भिन्न–भिन्न व्यक्तित्वों वाले जो लोग देश भर में और विदेशों में भी, उनके साथ जुड़े हैं, उन्हें उनकी 'वानर–सेना' कहा जा सकता है, क्योंकि ये लोग विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए हुए लोग हैं, परन्तु सभी में एक बात समान है – धर्मपालजी के लेखन का गहरा प्रभाव और देश को स्वधर्म पर खड़ा करने की पीड़ा। परन्तु देश की अकादमीय बिरादरी को वे हिला नहीं पाए, क्योंकि वे उस खेमे से दूर थे। परन्तु यही धर्मपालजी की विलक्षण विद्वता का प्रमाण भी है।

श्रद्धेय भाई धर्मपालजी को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

भारतीयता की पुनर्स्थापना के लिए समर्पित जीवन

– शिवदत्त

धर्मपालजी को इतिहासकार, विचारक, चिंतक, गांधी–दर्शन एवं कार्य के सक्षम व्याख्याकार और कई सामाजिक आंदोलनों के मार्गदर्शक के रूप में जाना जाता है। पर मेरे लिए तो वे गुरु, मार्गदर्शक और ऐसे पिता की तरह थे, जिनकी डांट–डपट में भी बेटे के भले की भावना छुपी रहती है, स्नेह तो रहता ही है। उन्हें अपना गुरु न लिखकर 'गुरु की तरह थे' ऐसा लिखने का कारण यह है कि मैंने तो उन्हें अपना गुरु माना था, परन्तु उन्होंने कभी भी स्वयं को मेरा गुरु नहीं माना। उनके पास आने के लगभग एक वर्ष बाद की बात है मैंने उनसे कहा कि मैं तो आपको अपना गुरु मानता हूं। यह सुनकर वह एकदम गंभीर हो गए। फिर कहने लगे – "गुरु तो वह होता है जो मोक्ष का रास्ता दिखाए। मुझमें तो क्षमता व शक्ति नहीं कि मैं तुम्हें मोक्ष का रास्ता दिखा सकूं। तो फिर मैं तुम्हारा गुरु कैसे हो सकता हूं?" इसके बाद श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित शुकदेव मुनि की कथा सुनाई कि उनके तो चौबीस गुरु थे। जिस किसी से भी सीखने को मिले वही गुरु। मैं तो आपसे भी बहुत कुछ सीखता रहता हूं। इस अर्थ में आप भी मेरे गुरु हुए।" वास्तव में उनका मानना यह था कि भारतीय सभ्यता में गुरु का अर्थ ऐसे व्यक्ति से है जो अपने शिष्य की पूरी जिम्मेदारी उठा लेता है और उसे इस भवसागर से पार कराता है। बाकी तो हम सब एक–दूसरे से सीखते ही रहते हैं। साधारण रूप से 'गुरु' शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इससे उसके अर्थ की गुरुता कम होती है। खैर मैं तो उन्हें अपना गुरु मानता ही रहा और अभी भी मानता हूं।

धर्मपालजी अत्यंत धीर गंभीर व्यक्तित्व के धनी थे। कम बोलते थे पर काफी तौल व अर्थपूर्ण। ऐसा नहीं कि वह मजाक न करते हों या हंसते न हों, वह सब भी वह खूब करते थे, पर कम लोगों के साथ। वैसे वह किसी भी बात पर चुटकी ले सकते थे, व्यंग्य कर सकते थे, हंस सकते थे। लेकिन साधारणत: वह अध्ययनरत रहते और कम बोलते थे। मेरा ऐसा अनुभव रहा है कि जब कोई व्यक्ति उनसे पहली बार मिलता था, उनसे कुछ प्रश्न आदि करता था कि यह बताइए, वह बताइए, तो वह बहुत संक्षिप्त सा उत्तर देकर बात समाप्त कर देते या फिर कहते, यह पढ़ो, वह पढ़ो, फिर बात करेंगे। इस तरह की मुलाकात का निश्चित ही नये व्यक्ति के मन पर अच्छा प्रभाव पड़े, यह कम ही होता था। हां, एक बार परिचय हो जाए और उन्हें लगे कि यह व्यक्ति कुछ करना चाहता है, कर सकता है, तो फिर वह अपने ज्ञान के खजाने को उसके सामने खोल देते थे कि भाई लूट सको तो लूट लो। कुछ भी बाकी नहीं रखते थे। मेरा अपना अनुभव भी इससे कुछ भिन्न नहीं था।

१६ अगस्त, १९९८ की शाम धर्मपालजी से हुई प्रथम भेंट आज भी स्मृति पटल पर ज्यों–की–त्यों जीवंत है। शाम के कोई आठ बजे होंगे। मैं उनके निवास स्थान पर बीच के दरवाजे से दाखिल हुआ। धर्मपालजी अपने बिस्तर पर लेटे हुए पढ़ रहे थे। उन्हें मेरे वहां पहुंचने की पूर्व सूचना थी, इसलिए ऐसा लगा कि शायद इंतजार ही कर रहे थे। सामान्य परिचय के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। मैं प्रश्न पर प्रश्न करता जा रहा था और वे संक्षेप में उत्तर दे देते थे। बिना किसी भूमिका या विस्तार के। उनके उत्तर मुझे कुछ अजीब भी लगते थे और अपूर्ण भी, मन के संतोष का तो सवाल ही कहां था जब बुद्धि ही उन उत्तरों को पूर्णरूपेण स्वीकार नहीं कर रही थी। उदाहरणस्वरूप, मैंने उनसे पूछा – "जैसा कि आप बता रहे हैं कि अंग्रेजों के आने से पहले हमारा देश इतना समृद्ध था, लगभग सभी क्षेत्रों में अंग्रेजों से आगे ही था, तो फिर देश अंग्रेजों का गुलाम क्यों हुआ?" उन्होंने कहा – "जैसे कभी–कभी स्वस्थ व्यक्ति को भी बीमारी पकड़ लेती है उसी तरह देश भी बीमार पड़ गया। सन् १९४७ में वह बीमारी से मुक्त हुआ। क्या अब हमेशा बीमारी की सोच–सोच कर ही रोते रहेंगे। खराब दिनों को तो भुला ही दिया जाता है, उन्हें याद थोड़े ही रखा जाता है। अब ठीक हो गए हैं तो अपने अच्छे दिनों की स्मृति से आगे बढ़ेंगे, उत्साह और शक्ति प्राप्त करेंगे। या हमेशा उसी बीमारी की याद कर–कर के लाचार बने रहेंगे।"

इसी तरह स्वदेशी पर चर्चा के दौरान निर्यात के प्रश्न पर धर्मपालजी का जवाब था "हमें निर्यात क्यों करना चाहिए! विदेशियों की जरूरतों को ही पूरा करने के लिए देश के संसाधनों का प्रयोग क्यों किया जाना चाहिए! जब देश के लोगों की जरूरतों को ही पूरा करने के साधन हमारे पास नहीं हैं तो निर्यात क्यों करना चाहिए! हमारे लोगों की जरूरतों को पूरा करने के बाद, यदि कुछ बचा रहेगा तो उसका निर्यात करेंगे। उत्पादन तो अपनी जरूरतों को ही पूरा करने के लिए होगा, निर्यात के लिए उत्पादन नहीं होना चाहिए। आज तो सभी अच्छी चीजें कौड़ियों के भाव निर्यात के नाम पर विदेशों को चली जाती हैं।"

राजनैतिक व सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी पर किए गए प्रश्न के उत्तर में उनका कहना था कि सभी कुछ सरकार पर ही क्यों छोड़ देना चाहिए। समाज की भी कुछ जिम्मेदारी है या नहीं। समाज का काम तो सरकार को नियंत्रण में रखना है न कि सरकार के नियंत्रण व दया–सहायता पर रहना। आज तो सरकार ही सब कुछ बन बैठी है। समाज की शक्ति को बिना जगाए कुछ भी अर्थपूर्ण ढंग से नहीं किया जा सकता और अंतत: सरकार भी तो शक्ति समाज से ही प्राप्त करती है।

लगभग डेढ़ घंटे चली बातचीत के बाद धर्मपालजी ने निष्कर्ष रूप में कहा कि तुमको आता–जाता है नहीं, तुमने कुछ खास पढ़ा भी नहीं है और कुछ ज्यादा समझ भी नहीं है। केवल कॉलेज व विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली किताबों का ज्ञान या जानकारी है और अखबारों के लेखों व समाचारों से तुमने अपनी धारणाएं बनाई हैं। अत: यदि वास्तव में कुछ सीखना है, भारतीय पद्धति, समाज व सभ्यता को समझना है तो अब तक जो कुछ पढ़ा है उसे भूलना होगा, नहीं तो कुछ विशेष सीख–समझ नहीं सकते। तुम्हारी समझ व दृष्टि ही पश्चिमी तरह की बन गई है इसको तुम्हें बदलना होगा।

मैं जब इलाहाबाद से सेवाग्राम धर्मपालजी के पास आने के लिए चला था तो मन में यह बात तो शायद थी ही कि मैंने काफी कुछ पढ़ा है। अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास इत्यादि का अध्ययन किया है। शायद इसीलिए प्रथम दिन की बातचीत का मन पर कोई अच्छा प्रभाव नहीं पड़ा था, रात में सोचता रहा कि जब धर्मपाल जी को ही नहीं लगता कि मुझे कुछ समझ है या मुझमें कोई योग्यता है तो फिर यहां रहने से क्या फायदा? यहां से जितनी जल्दी हो सके निकल जाना चाहिए। परन्तु प्रात:काल ही धर्मपालजी ने आवाज दी – "शिवदत्त जी घूमने चलेंगे?" मैं हां कहकर उनके साथ घूमने चल दिया। रास्ते में खूब बातें होती रहीं। वापस आने पर बोले, सारे दस्तावेज अलमारी से निकालो

और एक बार देख जाओ। बीच बीच में बताते जाते कि इसमें क्या है, उसमें क्या है। फिर तो तीन दिनों तक उन दस्तावेजों को नये सिरे से व्यवस्थित करने का काम ही चलता रहा। इन तीन दिनों में मुझे धर्मपाल जी का वह रूप दिखाई दिया जिसकी आशा लेकर मैं इलाहाबाद से आया था। ऐसा लग रहा था कि जो कुछ वह जानते थे या समझते थे, जो कुछ उनके पास था, सब देना चाहते थे, लगा जैसे दोनों हाथों से लुटा रहे हैं मेरी तो ग्रहण करने की शक्ति से बाहर होता जा रहा था। इन तीन दिनों की समाप्ति पर मन व बुद्धि दोनों ने एकमत से स्वीकार किया कि इनके सान्निध्य में बहुत कुछ सीखा जा सकता है और तब से मैंने मन–ही–मन उन्हें अपना गुरु माना।

प्रारम्भ के दिनों की ही बात है शायद एक हफ्ते बाद की। शाम को धर्मपालजी के साथ बैठा था कि उन्होंने पूछा – "आगे क्या करने का सोचा है?" मैंने कहा – "पहले पी० एच० डी० डिग्री के लिए शोध–प्रबंध पूरा करूंगा फिर आगे देखा जाएगा।" इस पर वह बोले – "पी० एच० डी० भी तो तुम नौकरी के लिए ही करना चाहते हो। सभी पढ़े–लिखे लोग नौकर ही क्यों बनना चाहते हैं। कुछ दूसरा क्यों नहीं करते।" फिर कहा – "नौकरी तो जीविका के लिए ही करनी है न, जीविका का कुछ–न–कुछ प्रबंध तो हो ही जाएगा। देश और समाज के लिए भी कुछ लोगों को तो सोचना ही पड़ेगा। अपने जीवन में कुछ अर्थपूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करो, हुआ तो बहुत अच्छा, नहीं तो आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ तो रास्ता आसान होगा। वैसे भी जब आप अपना जीवन समाज को ईमानदारी से अर्पित करते हैं तो समाज आपकी जिम्मेदारी उठा लेता है। शर्त यही है कि आप सच्चे मन से निःस्वार्थ सेवा का भाव लेकर काम करें। शुरुआत जहां आप है वहीं से अर्थात् अपने पड़ोस से करनी होगी।"

उपरोक्त बातचीत के बाद ही जीवन लक्ष्यों के प्रति सोच में बदलाव आना प्रारम्भ हुआ। फिर धर्मपालजी की सलाह से अध्ययन प्रारम्भ किया। साथ ही शिक्षा संबंधी उनकी अंग्रेजी भाषा की पुस्तक 'द ब्यूटीफुल ट्री' का हिन्दी में अनुवाद प्रारंभ किया। समय पर काम हो ही जाना चाहिए, यह उनका विशेष आग्रह रहता था। निश्चित किए काम को तुरत–फुरत करने की उनकी आदत थी, जब तक काम न पूरा हो वह न तो खुद चैन लेते थे न दूसरे को लेने देते थे। काम के समय वह खाना–पीना सब भूल जाते थे। यही कारण था कि उनकी इतनी डांट–डपट मिलती थी कि कभी–कभी सेवाग्राम से चले जाने की इच्छा होती थी। परन्तु उनके इस तरह के कठोर व्यवहार के बावजूद कोई अदृश्य शक्ति उनकी तरफ मन को खींचती थी और उनके प्रति श्रद्धा और विश्वास में कोई कमी नहीं आने पाती।

और दूसरा स्नेह से जब भोजन देते तो पिछली घटना एक क्षण में स्मृतिपटल से गायब हो जाती। उस समय मन में यह विचार अकसर आया करता था कि जरूर इनके साथ मेरा कुछ पूर्वजन्म का संबंध है इसीलिए मैं इनके पास तक पहुंचा हूं और इतनी डांट–डपट के बाद भी टिका हूं और ये भी मेरी तमाम कमजोरियों के बावजूद मुझे स्नेह करते हैं।

जब मन इन्हीं सब विचारों के आवेग–संवेग से प्रभावित और उद्वेलित हो रहा था, एक घटना ने जैसे सब स्थिर कर दिया। ३० नवम्बर, २००१ को मेरा विवाह हुआ। १६ दिसम्बर, २००१ को आश्रम में वर–वधू को आशीर्वाद प्रदान करने का एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आश्रम परिवार तथा वर्धा व आस–पास के जिलों के मित्र शामिल थे। इस कार्यक्रम में आशीर्वाद देते हुए धर्मपालजी ने कहा – "वैसे तो शिवदत्तजी को मैं पिछले तीन–चार साल से जानता हूं पर यह जानना तो कुछ नहीं, मुझे लगता है कि इनके साथ मेरा पूर्वजन्म का संबंध है।" यह सुनकर मैं चौंका, क्योंकि यही विचार बहुत समय से मेरे अंतःकरण में चल रहा था। धर्मपालजी द्वारा इसकी सहज पुष्टि ने मेरे मन को अपूर्व आनंद और शांति से भर दिया।

धर्मपालजी द्वारा उनके और मेरे पूर्वजन्म के संबंध की सार्वजनिक घोषणा ने मुझे उनके साथ ऐसे अटूट बंधन में बांध दिया कि फिर चाहे जो परिस्थिति रही, कोई भी घटना हुई हो या उन्होंने कितनी भी बुरी तरह डांटा–फटकारा हो, उन्हें छोड़कर जाने का विचार मन में कभी नहीं आया। अंत समय तक उनकी सेवा करने, उनके साथ रहने तथा उनके सान्निध्य में सीखने को मिला, इसे मैं अपने पूर्वजन्मों में किए कुछ अच्छे कर्मों का सुफल मानता हूं।

२

धर्मपालजी के प्रेरणास्रोत गांधीजी थे। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि उनका सारा शोध कार्य, अध्ययन तथा विचार पद्धति गांधीजी के लेखन और कृति से अनुप्राणित है। गांधीजी को वह अवतार पुरुष मानते थे जो भारतीय लोगों के दुःख दूर करने के लिए आए थे। जैसे अन्य युगों में राम, कृष्ण ने पृथ्वी का भार कम करने के लिए अवतार लिया, लगभग उसी तरह गांधीजी भी भारतीय जीवन को फिर से संतुलित करने के लिए अवतरित हुए। एक बार बातचीत में धर्मपालजी ने बताया कि के० स्वामीनाथन ने सम्पूर्ण 'गांधी वाङ्मय' के संकलन और संपादन का कार्य पूर्ण करने के बाद कहा था कि गांधीजी तो हनुमानजी के अवतार थे। यह सुनकर मुझे अजीब सा लगा था परन्तु 'सम्पूर्ण गांधी वांङ्मय' को पढ़ने के बाद मुझे महसूस हुआ, सचमुच गांधीजी अवतारी पुरुष ही थे।

धर्मपालजी के अनुसार गांधीजी अपनी अद्‌भुत व विलक्षण प्रतिभा के बल पाश्चात्य सभ्यता के आसुरी जाल को न केवल समझ पाए बल्कि उस आसुरी सभ्यता के सच्चे स्वरूप को भी पहचान लिया। भारतीयता को अद्‌भुत तरीके से गांधीजी ने आत्मसात् किया था तथा साधारण लोगों के बीच इसी कारण वे गहरी पैठ बना पाए थे। धर्मपालजी का कहना था कि गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में साधारण हिन्दुस्तानियों के साथ अधिकाधिक संपर्क में थे, स्त्रियों से मिलते थे, उनके घरों में जाते थे, लगता है वहीं उन्होंने भारतीयता के मानस को पकड़ा। फिर उसे अंग्रेजों के पूर्व काल से जोड़ा और अंतत: अपने विचारों व कार्यों के तार महाभारत, रामायण व भारतीय–दर्शन से जोड़ पाने में सफल हुए। यही कारण था कि वह भारत के साधारण जन के विचारों, अभिलाषाओं और कष्टों को ठीक प्रकार से समझ कर उनको स्वर दे पाए और इसी कारण साधारण जन उनके साथ बड़ी संख्या में जुड़ गए।

धर्मपालजी का दृढ़ विचार था कि बुद्ध भगवान के बाद गांधीजी के अलावा अन्य कोई भी ऐसा महापुरुष पैदा नहीं हुआ जो भारतीय लोगों के हृदयों में इतने गहरे पैठा हो। मैंने एक बार उनसे पूछा था कि जब आप गांधीजी से मिले तो आपको कैसा लगा था। तो कहने लगे बातचीत तो कुछ खास नहीं हुई, मीरा बेन ने परिचय दिया, कुछ काम के बारे में बताया। शायद उन्होंने एकाध संक्षिप्त से प्रश्न किए थे। मैं तो बस उन्हें देखता ही रहा। एक अजीब तरह का ही अनुभव हुआ था, लगा जैसे कि सीधे हृदय में ही उतरते जाते हैं। एक अजब तरह का आकर्षण था।

धर्मपालजी अकसर कहा करते थे कि गांधीजी ने जो लिखा या कहा है वह महत्त्वपूर्ण नहीं है। महत्त्वपूर्ण तो वह है जो उन्होंने किया है। गांधीजी ने जो यह कहा कि 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है' उसका यही अर्थ है। गांधीजी क्या करते हैं, कैसे करते हैं यही महत्त्वपूर्ण है। गांधीजी ने देश के आत्मसम्मान को न केवल जगाया, बल्कि उसे प्रतिष्ठा भी दी। वायसराय इर्विन के साथ समझौते के समय हिन्दुस्तान में हों या लंदन में शाही भोज में शामिल होने के समय, गांधीजी हिन्दुस्तान के राजा की तरह ही व्यवहार करते हैं। गांधीजी ने गांवों, उनकी कारीगरी, उद्योग–धंधों आदि को प्रतिष्ठा दी। इस कारण साधारण जन में आत्मगौरव का भान हुआ और लोग उठ खड़े हुए। भारतीय राजनीति के मंच पर साधारण जन व स्त्रियों की प्रतिष्ठा, गांधीजी का महत्त्वपूर्ण राजनैतिक सामाजिक कार्य था।

मैं ऐसा मानता हूं कि गांधीजी के विचारों को आधुनिक अर्थों में जितना धर्मपालजी ने समझा व आत्मसात् किया, शायद ही किसी अन्य ने उतना किया होगा, कम–से–कम मेरी जानकारी में तो नहीं है। विद्वता व व्यवहार दोनों ही दृष्टियों में, गांधी–विचार की उनकी समझ अद्वतीय थी। गांधीजी के विचारों व कार्यों का ऐसा विश्लेषण वह प्रस्तुत करते कि उसमें आज के प्रश्नों के हल सूझने लगते, रास्ता दिखाई देने लगता। धर्मपालजी के कार्यों की प्रमुख प्रेरणा गांधीजी के विचार ही रहे हैं। भारतीय सभ्यता के अनुसार भारतीय समाज को नये सिरे से संतुलित करने के गांधीजी के कार्य को ही धर्मपालजी ने अपने शोध कार्य के द्वारा आगे बढ़ाया है।

धर्मपालजी गांधीजी की लेखन कला को अद्‌भुत मानते थे। उनके अनुसार गांधीजी का लेखन ऐसा है कि साधारण–से–साधारण व्यक्ति भी उसमें अपने मतलब की बात पा लेता है और विद्वानों को भी अच्छी खुराक मिल जाती है। गांधीजी के लेखन को धर्मपालजी श्रीमद्‌भगवद् गीता के लेखन की तरह देखते थे जिसमें प्रत्यक्ष शब्दों के अर्थ से ज्यादा महत्त्वपूर्ण उनके गर्भित अर्थ व अभिप्राय होते हैं जिनको व्यक्ति अपनी बौद्धिक क्षमता के अनुसार ग्रहण कर संतुष्ट हो जाता है। गांधीजी द्वारा सन् १९०९ में लिखित पुस्तक 'हिन्द स्वराज' को धर्मपालजी गांधी–विचारों की बीज रूप पुस्तक मानते हैं। उनके अनुसार इस पुस्तक को लिखने के बाद गांधीजी ने जो कुछ लिखा व बोला है और 'सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय' के रूप में सौ खण्डों में प्रकाशित हुआ है, वह सब इस पुस्तक में बीज रूप में है। गांधीजी के सारे कार्य इस पुस्तक में वर्णित उद्‌देश्य की प्राप्ति के लिए ही थे।

गांधीजी के प्रति इतनी अगाध श्रद्धा रखते हुए भी धर्मपालजी गांधीजी के विचारों व कार्यों की आलोचनात्मक समीक्षा भी करते रहते थे कि अब उसमें क्या और कितना काम का है और क्या नहीं। गांधीजी के कार्यों, जैसे नेहरू के साथ हुए सन् १९२८ के बाद के पत्र व्यवहार को सार्वजनिक न करना, वर्ण व्यवस्था को महत्त्व देना आदि की वह कठोर आलोचना भी करते थे।

३

धर्मपालजी को भाषण देना पसंद नहीं था। भाषण देने से वह हमेशा बचते थे। यदि आवश्यक ही हो तो फिर लिखकर बोलते। लेकिन दो–चार दस लोगों के साथ चर्चा वह बहुत सहज भाव से करते, और घंटों बोलते रहते। बिलकुल उपनिषद् के ऋषि की तरह उनका स्वभाव था। उनके नजदीक बैठकर प्रश्न करते जाइए और वे बिना रुके, बिना कोई

संदर्भ देखे, पिछले दो सौ, चार सौ वर्षों का इतिहास तारीख, आंकड़ों व विभिन्न व्यक्तियों के कथनों सहित, धारा प्रवाह बोलते जाते। साथ ही उन सबका आज के साथ सबंध जोड़ने की भी उनमें अद्‌भुत क्षमता थी। अब यह सुनने वाले के ऊपर निर्भर करता है कि वह उसमें से कितना ग्रहण कर सकता था।

धर्मपालजी को किसी बात पर ज्यादा तर्क–वितर्क करना भी पसंद नहीं था। आप उनसे सहमत या असहमत हो सकते थे। इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ता था। यदि कोई ज्यादा तर्क करता तो यह कहकर बात समाप्त कर देते कि मेरे तो ये विचार हैं बाकी आप समझो। वैसे भी वे अपनी बात इस तरह तथ्यों व घटनाओं के माध्यम से व्यक्त करते थे कि उसमें तर्क करने की ज्यादा गुंजाइश नहीं रहती थी। सीधी और सपाट बात कहना उनकी आदत थी।

धर्मपालजी के साथ सहज बातचीत भी कितनी महत्त्वपूर्ण व विचारपूर्ण होती थी, इसके उदाहरणस्वरूप उनके साथ हुई चर्चा के नीचे दिए गए दो उदाहरण देखिए। उनकी विचार पद्धति तथा बातचीत के ढंग को महत्त्व देते हुए उदाहरण में उनके ही शब्दों को ज्यों–का–त्यों रखने का प्रयास किया गया है।

मैंने एक बार सहज ही उनसे पूछा था कि आपके अनुसार स्वदेशी क्या है और इसे कैसे पुनर्स्थापित किया जा सकता है? उन्होंने कहा – "अपने स्वभाव और अक्ल के अनुसार जो ठीक हो, वह स्वदेशी है। जो अपनी अक्ल, कौशल और जरूरत के अनुसार बनाया जाए, वह स्वदेशी है। जो हमारे अनुकूल हो और दूसरों के खिलाफ न हो, वह स्वदेशी है। अमरीका व यूरोप का स्वदेशी तो दूसरों के विनाश के लिए है। 'लोकलिटी', गांव–कस्बे स्वयं अपने आप को संभाल सकें, चला सकें, वह स्वदेशी है। कोई नया मॉडल स्थापित करने की बात नहीं है। हम अपने स्थान को अर्थात् गांव, कस्बे, शहर के मुहल्ले, आदि अपने हिसाब से चला लें, तो स्वदेशी हो जाएगा। कोई माल बाहर से लाएं या नहीं लाएं, इसका सवाल ही नहीं है। इस प्रक्रिया में आने वाली रुकावटें हटानी होंगी। लोग अपने हिसाब से काम कर सकें, इसकी सहूलियत, सुविधा आदि करनी होगी। हम तो तेल, मंजन, साबुन, पेस्ट आदि के उपयोग को ही स्वदेशी मान बैठे हैं और उसी के प्रचार में लगे हैं।

'अब यह गांधीजी ने जो स्वदेशी का आंदोलन आदि चलाया था उसमें प्रमुख बात तो यही थी न कि हम अपना काम अपने हिसाब और अक्ल से चलाएंगे। उसके लिए उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग आदि भी शुरू किए। पर खादी और ग्रामोद्योग आदि तो स्वदेशी के भाव के बाह्य उपकरण मात्र थे। मूल बात तो समाज की जरूरतों को आस–पड़ोस के साधनों और क्षमताओं के माध्यम से पूरा कर लेने की वृत्ति की थी। वह वृत्ति स्वदेशी का तत्त्व था। उस तत्त्व को छोड़कर हम उपकरणों की पूजा में लग गए।

'यह ध्यान रखिए कि स्वदेशी का काम केवल प्रचार से नहीं होगा, भाषणबाजी से तो बिल्कुल नहीं। यह तो आचरण का सवाल है। स्वदेशी के लिए जो बात आवश्यक है उसके अनुरूप आचरण तथा उस आदर्श व्यवस्था को प्राप्त करने का निरंतर प्रयत्न। जो कुछ भी यहां के लोगों की सहूलियत के लिए आवश्यक हो और उन्हें ठीक लगता हो, वह सब स्वदेशी ही होता है। अब इसके लिए बाहर से कुछ लेना होगा तो लेंगे, लेकिन उसे अपनी जरूरत के अनुसार बदलकर अपना लेंगे, कोरी नकल नहीं करेंगे। अब दुनिया में तो सौ तरह की चीजें होंगी, उनमें तो शायद हमारे काम की तो चार–पांच चीजें ही होंगी, उनको लेकर अपना कुछ बना लिया, तो वह जो बनेगा, वह स्वदेशी होगा। यही बात तकनीक के लिए भी हमें करनी होगी। हम बाहर से क्या लें, क्या न लें तथा क्या करें या क्या न करें, जिससे दूसरों को कोई नुकसान न हो, यह विवेक होना ही तो स्वदेशी की मूल भावना है।

'स्वदेशी की पुनर्स्थापना का काम केवल विदेशी चीजों के विरोध से नहीं होगा। ठीक गांधीजी की तरह हमें रचना व निर्माण के प्रत्यक्ष काम भी करने होंगे। साथ ही स्वदेशी के आंदोलन को व्यापकता प्रदान करने की भी आवश्यकता है। यह आंदोलन केवल अंग्रेजी पढ़े–लिखे लोगों तक ही सीमित न रहे, क्योंकि इससे कुछ नहीं निकलेगा। स्वदेशी के आंदोलन में आम भारतीय नागरिक, किसान, मजदूर, कारीगर आदि के शामिल हुए बिना कुछ भी उल्लेखनीय काम नहीं होगा। स्वदेशी की तैयारी के लिए हमें और भी बहुत कुछ करना पड़ेगा। उन प्रदेशों तथा क्षेत्रों में जहां अंग्रेजी सभ्यता का प्रभाव कम है, वहां उन प्रदेशों व क्षेत्रों को नये तरीके से चला सकने की तैयारी करनी होगी। यदि हम उन क्षेत्रों को अच्छी तरह चला लेंगे तो बाद में पूरे देश को स्वदेशी के रंग में रंगना आसान हो जाएगा और काम भी शीघ्रता से होगा।

'हमारे लोगों में व्यक्तिगत आह भावना बहुत ज्यादा बढ़ गई है। हमारे अंदर यह भाव प्रबल हो गया है कि दूसरों के लिए क्या करें, कैसे उन्हें ठीक रास्ते पर लाएं? दूसरे खुद कुछ कर सकते हैं तथा हमें उनके हिसाब से व्यवस्थाएं लाने में मदद करनी है, यह भाव नहीं है। इस तरह के सामूहिकता के भाव को विकसित करने की आवश्यकता है। लोगों को खुद कुछ करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। ऐसा नहीं कि पहले वह गलती नहीं करेंगे, वह तो करेंगे, लेकिन उसी में से कौशल और सामर्थ्य का प्रगटन होगा, धीरे–धीरे अनुभव के आधार पर उत्पादन व व्यवस्था के स्वदेशी तरीके विकसित होते जाएंगे।

'इसलिए स्वदेशी अवधारणा के अंतर्गत शासन का साधारण प्रजा से सीधा संबंध आवश्यक है। पांच साल में एक बार केवल वोट डालने वाला संबंध नहीं, शासन में उनकी राय या भागीदारी को महत्त्व दिया जाए, ऐसा संबंध होना चाहिए। आंदोलनों का प्रमुख व एकमात्र काम साधारण प्रजा को मजबूत करना, उसे उसकी शक्ति का भान कराना है। लोगों में अपना काम चला लेने व जो पसंद नहीं है उसका विरोध और नकारने की शक्ति आ जाए तो व्यवस्था स्वदेशी होने में देर नहीं लगेगी। आज के समय जो आंदोलन आदि चल रहे हैं उसमें भी उनको चलाने वाले यही समझते हैं कि आम जनता तो मूर्ख है उसको सही रास्ता हम ही दिखाएंगे, उसे आदेश तो हम ही से लेना है। अब अगर यह 'आर्डर' देना और लेना ही चलता रहेगा, तो वह तो अंग्रेजों का ही सिस्टम चलता है, यही कहना होगा। उसमें से लोगों में शक्ति नहीं आएगी, उससे कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हो सकेगा।"

इसी तरह जनसंख्या की समस्या पर चर्चा होने पर धर्मपालजी ने कहा – "जनसंख्या भी कहीं समस्या होती है क्या? जनसंख्या हमें समस्या इसलिए लगती है कि हम लोगों को कोई काम नहीं दे पा रहे हैं। उसके लिए हमारे यहां कोई योजना ही नहीं है। सबको कैसे निर्माण और उत्पादन के काम में लगाना है, इसकी कोई सोच ही नहीं है। आज से ५०–६० साल पहले यूरोप और अमरीका के लोगों ने यह तय किया कि दस साल बाद कुल उत्पादन प्रक्रिया में बीस प्रतिशत से ज्यादा लोगों की जरूरत नहीं रहेगी, बाकी के लोग 'सर्विस सेक्टर' में काम करेंगे, तो उन्होंने उस तरह की योजना बनाई। फ्रांस में ६०–७० साल पहले उत्पादन प्रक्रिया में चालीस प्रतिशत लोग थे, यूरोप में भी यही था। अब यह है कि कुल उत्पादन प्रक्रिया में तीन या चार प्रतिशत लोग ही हैं। तो इस तरह की प्लानिंग करनी पड़ती है।

'जनसंख्या की समस्या तो इस पर निर्भर करती है कि प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कितने लोग हैं। इस तरह देखें तो अमरीका के रिहायशी इलाकों में जो जनसंख्या का घनत्व है, वह भारत के बराबर ही है। उनको तो यह नहीं कहते कि वह जनसंख्या की समस्या से झूझ रहे हैं। इसको तो छोड़िए, जापान में जनसंख्या घनत्व अर्थात् प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या भारत से कहीं ज्यादा है। वे भी यह कहते नहीं सुने गए कि उनके यहां लोग ज्यादा हैं। हम इन सब पर विचार नहीं करते कि ठीक क्या है, गलत क्या है। बस पश्चिम के किसी विद्वान ने कह दिया कि भारत में जनसंख्या की समस्या है तो हमने उसे ब्रह्म वाक्य मान लिया, और हमारे यहां के पश्चिमी शिक्षा पाए लोग लग गए उसे प्रमाणित करने में।

'समस्या तो यह है कि हम अपने लोगों को हर समय और घर के पास ही काम मिले, इसकी व्यवस्था नहीं कर पाए, उसकी कोई योजना भी नहीं बनाई और यह मान लिया कि आदमी तो संसाधनों पर बोझ है। अपनी असफलता का दोष गरीब आदमी पर ही मढ़ दिया कि तुम बढ़ती आबादी के कारण ही गरीब हो। हमको किसी दूसरे ही तरीके से उत्पादन प्रक्रिया की योजना बनानी थी जिसमें देश के सभी लोगों का अधिकतम योगदान हो पाता। देश को बनाने–संवारने में सभी लोग लगते। देश के 'विकास' का ठेका तो चंद अंग्रेजी पढ़े–लिखे लोगों ने ही ले रखा है, बाकी को तो जो वे आदेश दें, वही करना है। तो यह व्यवस्था चलती है हमारे देश में। इसे तो बदलना होगा।

'इसके लिए जरूरी है कि इन और इन जैसे अन्य मुद्दों पर प्रतिमाह या तीन माह में एक पत्र या पत्रिका सभी कार्यकर्ताओं को भेजी जानी चाहिए। तो उसके आधार पर लोग चर्चा करेंगे कि हां यह भी एक तरीका है सोचने का, समस्या को देखने, समझने और हल करने का। अंग्रेजी सोच वाले लोगों से भी चर्चा होगी। लोगों को अर्थात् आम आदमी को जानकारी होनी चाहिए कि देश–दुनिया में हो क्या रहा है। यदि ऐसा हो तो फिर सामाजिक क्षेत्र में आम आदमी भी अपनी राय दे सकेगा कि भाई हम तो इस मुद्दे पर इस तरह की राय रखते हैं या आपसे सहमत नहीं हैं।"

४

सेवाग्राम आश्रम में धर्मपालजी पहले–पहल अन्नासाहब सहस्त्रबुद्धे के सम्पर्क से सन् १९६६ में आए। यहां रहकर कई पुस्तकों का लेखन कार्य किया, और बीच–बीच में आते

और रहते, फिर कुछ समय बाद चले जाते। परन्तु सन् १९८० के बाद से उन्होंने सेवाग्राम आश्रम को ही अपना स्थायी निवास बनाया। गांधीजी के प्रति अगाध श्रद्धा, यहां का शांत व शुद्ध वातावरण तथा कनकमल गांधी का आग्रह इत्यादि शायद कारण रहे होंगे, जिसके कारण वह यहां अंत समय तक रहे और इसी पवित्र भूमि में देह से मुक्त हुए। मैं उनके पास आया, उसके बाद कई बार उन्होंने यहां से जाने का मन बनाया, कई बार गए भी, पर दो–तीन महीने में घूम फिर कर वापस आ जाते थे। अन्य किसी भी स्थान पर उनका मन शांति नहीं पाता था। ऐसा उन्होंने एक बार मुझसे कहा भी था। आश्रम व्यवस्था व काम से वे बहुत खुश नहीं थे, खासकर अंतिम दिनों में, पर साथ ही यह भी कहते कि अन्य स्थानों से तो यह स्थान ही अच्छा ही है। यहां लोग सुन तो लेते हैं, सादगी से रहते हैं और जितना बस में है, करते रहते हैं।

सेवाग्राम आश्रम तथा गांव के साधारण लोगों से धर्मपालजी कभी–कभी खूब बातें करते थे। उनसे जब बात करते तो एकदम उनके ही शब्दों एवं मुहावरों का प्रयोग करते, उनके गांव–घर आदि की बातें ही अधिकतर प्रमुख विषय रहा करती थीं। शायद इस तरह वह देश के साधारण जन के मानस को समझने का प्रयास करते थे। गांव में जो सामूहिक कार्यक्रम होते, जैसे हनुमान जयंती, जिसमें पूरा गांव लगातार तीन दिन तक हनुमान मंदिर में ही भोजन करता है, पोला (महाराष्ट्र में बैलों का त्योहार) आदि अवसरों पर सेवाग्राम गांव में जाते और लोगों से मिलते थे। ऐसे ही एक समय शेर खां पठान से बातचीत में यह जानकर कि वह तो रात–रात भर हनुमान मंदिर में भजन गाते हैं और इससे हिन्दुओं को कोई परेशानी नहीं होती बल्कि साग्रह व सम्मान सहित बुलाया जाता है, उन्होंने कहा था कि यह है सच्ची भारतीयता व भारतीय मानस का व्यवहार।

धर्मपालजी सभी को, फिर वह छोटा हो या बड़ा, पूरा सम्मान देते थे। चाहे वह उनका काम करने वाली बाई हो या आश्रम में साफ–सफाई से लगाकर ऑफिस में काम करने वाले सभी के नाम के साथ 'जी' लगाकर ही पुकारते। कभी किसी का अनादर किया हो, ऐसी कोई घटना मुझे याद नहीं आती। एक बार जिससे भी संबंध हो गया फिर उसे कम–से–कम अपनी ओर से धर्मपालजी किसी भी कारण से कभी भी तोड़ते नहीं थे। उनसे मिलने के लिए जो भी आश्रम से आता था, फिर वह कोई भी हो, उसकी सुविधा का पूरा ध्यान रखते थे, यहां तक कि कई बार खुद कॉफी बनाकर अतिथि निवास तक लेकर जाते थे। हां, यदि किसी से ज्यादा घनिष्ठ संबंध बन गया, अपनापन हो गया, तो उसकी डांट–डपट भी खूब करते थे। फिर वह व्यक्ति चाहे कितना ही बड़ा क्यों न

हो। अक्सर कहते, इनको मैं नहीं कहूंगा तो कौन कहेगा? परन्तु कभी भी किसी व्यक्ति की बुराई नहीं करते थे जो कहना हो संबंधित व्यक्ति से ही कहते। उनसे वादा करके भी यदि कोई उनका काम न कर सके तो भी कहते कि लोगों को और भी काम रहते हैं। फिर कहते कुछ करता तो रहता है। यह नहीं वह सही। और बात वहीं खत्म।

एक बार संबंध हो जाने पर अपनी ओर से किसी भी कारण से संबंध न तोड़ने के स्वभाव के कारण ही अंत समय तक उनके सभी विचारधाराओं के लोगों से, यहां तक कि विपरीत विचारधारा के लोगों से भी संबंध प्रगाढ़ बने रहे। सभी का आदर व स्नेह उन्हें मिला और सभी के साथ वह एक मधुर सामंजस्य स्थापित कर सके, यह उनकी विलक्षण प्रतिभा का ही प्रमाण है।

५

धर्मपालजी अक्सर कहा करते थे कि उनकी दो ही इच्छाएं हैं। एक तो उनकी पुस्तकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद हो, यदि सब भाषाओं में न हो तो हिन्दी में अवश्य हो जाए, बाकी भाषाओं में फिर धीरे–धीरे हो ही जाएगा। उनकी इच्छा की पूर्ति कुछ हद तक पुनरुत्थान ट्रस्ट, अहमदाबाद के महती प्रयास द्वारा उनके जीवन काल में ही हो गई थी, जब इस ट्रस्ट ने अप्रैल, २००४ में उनके लगभग पूरे साहित्य को गुजराती में अनुवाद कर छपवाया था। इसका विमोचन भी उनके जीवन काल में ही उनकी उपस्थिति में सुदर्शनजी द्वारा किया गया था। और फिर उनके सारे साहित्य का हिन्दी में अनुवाद भी उनके सामने शुरू हो गया था। १० खण्डों में यह अनुवाद मार्च, २००७ में अब छपकर सुलभ है।

धर्मपालजी की दूसरी इच्छा थी कि भारतीयता के अध्ययन के लिए एक शोध संस्थान जैसी संस्था बनाई जानी चाहिए। वे मानते थे कि उन्होंने जो दस्तावेज एकत्र किए हैं वह तो कुल दस्तावेजों का मात्र पांच–सात प्रतिशत ही होगा, बाकी के ९५ प्रतिशत दस्तावेजों का अध्ययन करने से भारतीय समाज, उसका मानस और उस पर आधारित व्यवस्थाओं की पूरी तस्वीर बन सकती है। एक जगह उन्होंने लिखा है – 'ऐसा नहीं कि पश्चिमी आधुनिकता को समझने की हमें जरूरत नहीं है, पर उससे भी अधिक आवश्यकता है पश्चिमी स्वभाव, उसकी मानसिकता, प्राथमिकताएं और उसके तौर–तरीकों को समझने की। लेकिन गांधीजी के विचारों को, जिनके आकर्षण व बल पर देश के जन उनके पास आए और उनमें उन्हें एक बड़ा कर्मवीर महात्मा दिखा, तो उन्हें तो भारतीयता के लंबे इतिहास, स्वभाव व मानसिकताओं और प्राथमिकताओं की परिधि में ही जाना और समझा

जा सकता है। ऐसा नहीं कि पुरानी भारतीयता को दुबारा दोहराना है या गांधीजी को भी केवल शब्दों के रास्ते से ही समझना है। मुख्य समझने की बात तो गांधीजी व भारतीयता की दृष्टि और आज के वर्तमान में उनकी उत्सुकता, प्राथमिकता और उस प्राथमिकता को प्राप्त करने के उपाय व रास्ते हैं। सन् १९२० में ऐसा मानते हुए भी कि अंग्रेजों के जाते ही हम अपने स्वभाव व प्राथमिकताओं के अनुसार देश और समाज को दुबारा व्यवस्थित कर सकेंगे, हम अभी तक ऐसा नहीं कर पाए, इसके कारण भी हमें समझने होंगे। हो सकता है कि पिछले ५०–६० बरस में देश की जनता की आर्थिक स्थिति में जहां–तहां कुछ–कुछ बढ़त हुई है। लेकिन यह तो मानना ही होगा कि जिस रास्ते पर हमने सन् १९५० के करीब चलना शुरू किया उससे हम गहरी पराधीनता की ओर पहुंच रहे हैं, और साहस व स्वाभिमान की जगह, जो कि सन् १९२०–१९४५ में देश भर में जाग उठा था, हम दीनता की ओर जा रहे हैं।'

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धर्मपालजी कहते थे कि दस–बीस नवयुवक–नवयुवतियों को, जो अंग्रेजी व हिन्दी का ज्ञान व खोजी वृत्ति रखते हों, एक जगह बैठकर, लगकर देश की अपनी मानसिकता परंपरा व कला–कौशल से बनाने तथा साधारणजन में साहस व स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने के लिए, वैचारिक सैद्धांतिक आधार तैयार करना चाहिए, जिसके आधार पर आज देश में, जो पश्चिमी सभ्यता के आधार पर बना ढांचा, तंत्र व व्यवस्थाएं हैं, उनको बदला जा सके।

मैं सेवाग्राम आया, उससे पहले सेवाग्राम आश्रम में धर्मपालजी के मार्गदर्शन में मेधावी छात्रों का एक समूह एकत्र हुआ था, जिसका काम उनके निश्चित किए गए कार्य के अनुरूप ही 'ओसियनिक सर्किल' रखा गया था। कुछ काम हुआ भी, फिर वह समूह बिखर गया। ऐसा समूह फिर बने, उसकी कुछ स्वायत्त आर्थिक व्यवस्था हो तथा भारतीयता, भारतीय परंपराओं, तौर–तरीकों, व्यवस्थाओं, कला–कौशल, विज्ञान, दर्शन, साहित्य इत्यादि पर मौलिक शोध कार्य हो, यह उनकी इच्छा थी। इसकी उन्होंने एक रूपरेखा भी बनाई थी। धर्मपालजी यह मानते थे कि इस तरह के अध्ययन से भारतीयता का सच्चा स्वरूप प्रकट होगा जो आज पश्चिमी सभ्यता के असर के कारण कुछ धूमिल सा हो गया है। भारतीयता के पुनर्स्थापित होने से भारत तो संभल ही जाएगा साथ ही वह दुनिया को भी एक नया रास्ता दिखा सकेगा, जैसा कि तमाम अविकसित देश सन् १९४७ में जब देश आजाद हुआ तब, भारत से आशा रखते थे। यह आज भी किया जा सकता है।

धर्मपालजी के रहते यह काम शायद नहीं हो सका, नहीं तो उनका प्रयास, मार्गदर्शन इस कार्य में बहुमूल्य साबित होता। परन्तु उन्होंने जो दिशा दिखाई है, जो काम किया है, वह आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। जरूरत है, दृढ़ इच्छाशक्ति की और लगन से कार्य करने की। हम सब लोग जो धर्मपालजी को अपना गुरु, मित्र या मार्गदर्शक मानते हैं, उनसे ही धर्मपालजी कुछ करने की आशा रखते थे। अतः हम सब का यह कर्तव्य हो जाता है कि हम धर्मपालजी द्वारा छोड़े गए काम को आगे बढ़ाएं तथा उनकी इच्छा को अपनी शक्ति पर पूरा करने का प्रयत्न करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कुछ यादें

— राजीव दीक्षित

मेरा परिचय धर्मपालजी के साथ २ अक्टूबर, १९८९ को इलाहाबाद में हुआ। जब वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गांधी शांति अध्ययन संस्थान की ओर से आयोजित एक व्याख्यानमाला में व्याख्यान देने के लिए आए थे। मैं उन दिनों इलाहाबाद में ही अपने विद्यार्थी–जीवन को पूरा कर रहा था। मैं उन श्रोताओं में से था जो नियमित रूप से धर्मपालजी के व्याख्यान को सुनने के लिए जाता था। लगभग १० दिनों तक धर्मपालजी के व्याख्यान और सान्निध्य का लाभ मुझे मिला। उसके बाद मेरे जीने की दिशा ही बदल गई। धर्मपालजी के मुंह से जो कुछ भी सुना, वह एकदम से नया था, जो पहले कभी और कहीं ना सुना और ना ही पढ़ा था। भारत के अंग्रेजों के पूर्व के इतिहास के बारे में जो भी कुछ धर्मपालजी से सुना, उससे मेरे मन में भारत के बारे में बहुत सी भ्रांतियां निकल गईं। धर्मपाल जी के मिलने से पूर्व मैं भारत के बारे में वैसा ही कुछ जानता और मानता था, जो कि आजकल के आधुनिक शिक्षा में से निकले हुए लोग जानते और मानते हैं। उदाहरण के लिए आधुनिक शिक्षा में से निकले हुए लोगों के मन में बैठा हुआ है कि भारत हमेशा से गरीब, लाचार, निरीह, भुखमरी का शिकार, जातियों में बंटा हुआ, अंधविश्वासों में जकड़ा हुआ एक पिछड़ा देश रहा है। भारत के राजा आपस में हमेशा लड़ते ही रहे और एक–दूसरे के खिलाफ षडयंत्र रचते रहे। भारतीय साधारण लोगों में तो कभी कोई अभिक्रम रहा ही नहीं, जो देश के लिए काम आया हो। ऐसी ही अन्य कई बातें तो मेरे मन में भी गहरे तक बैठी हुई थीं। धर्मपालजी के साथ हुए लम्बे संवादों के बाद ही ये सभी भ्रांतियां मेरे मन से निकलीं।

धर्मपालजी के बारे में कुछ बातें जो हमेशा ही हमें आश्चर्य चकित करती थी, वे यह कि भारत के बारे मे बात करते समय, उसी समय में पहुंच जाना, जिस समय की बात चल रही हो। धर्मपालजी के शब्द हमेशा चित्र की तरह से मन और दिमाग में अंकित होते रहते थे। धर्मपालजी बात करते समय पूरी तरह से उसी समय में पहुंच जाया करते थे, जिस समय की वे बात किया करते थे। अगर १७ वीं सदी या १८ वीं सदी की बात चल रही हो, तो धर्मपालजी आधुनिक समय में से निकलकर १७ वीं और १८ वीं शताब्दी में ही पहुंच जाते थे। दूसरी बात जो धर्मपाल जी की हम सभी को हैरान करती थी, वह थी उनकी स्मरण शक्ति। कोई भी घटना इतिहास के बिना तारीख और सन् के धर्मपालजी के मुंह से निकली हो, ऐसा नहीं हुआ। ऐसा भी कभी नहीं हुआ कि १८ वीं सदी के भारत के बारे में चर्चा करते हुए किसी संदर्भित अंग्रेज अधिकारी का नाम धर्मपाल जी भूले हों।

एक बार धर्मपालजी के साथ सुबह की सैर करते हुए मैंने उनसे एक प्रश्न किया, भारत देश की सबसे बड़ी समस्या क्या है? धर्मपालजी का उत्तर था – "भारत देश के लोग विदेशी व्यवस्था में रह रहे हैं, यही भारत की समस्या की मूल जड़ है। बाद में धर्मपालजी की लिखी पुस्तकों एवं लेखों को पढ़ने एवं समझने के बाद यह बात समझ में आ गई। हम भारतवासी आजादी के ६० सालों के बाद भी उन्हीं व्यवस्थाओं को ढो रहे हैं, जो हमारी गुलामी के लिए जिम्मेदार थीं। हमारी जो डेमोक्रेसी आज है, उससे कहीं अधिक अच्छी डेमोक्रेसी भारत के गांवों में अंग्रेजों के आने के पहले तक रही है। इसे धर्मपालजी ने अपनी पुस्तक 'पंचायती राज' में दस्तावेजों से साबित भी किया है। धर्मपालजी की यह भी वेदना थी कि जो भी थोड़े से मुट्ठी भर लोग भारत देश को चलाने का प्रयास कर रहे हैं, वे सभी अंग्रेजियत में से निकले हुए हैं। जो ना तो भारत को ठीक से समझते हैं और न ही भारत की समस्याओं के बारे में उनकी दृष्टि साफ है।

धर्मपालजी की दूसरी बड़ी वेदना (मन में) यह रही कि भारत देश के साधारण नागरिकों का, विशेष रूप से कारीगरों एवं किसानों का सम्मान बहुत कम हो गया है और लगातार कम होता जा रहा है। कभी भी गलती से हम में से किसी के मुंह से ऐसी कोई बात कभी निकल जाए तो भारत के साधारण नागरिकों के सम्मान को कम करती हो या उनके महत्त्व को कम करती हो, तो धर्मपालजी को बहुत तेज गुस्सा आता था। गुस्से में धर्मपालजी का पूरा चेहरा एकदम लाल हो जाता था। उसी गुस्से में धर्मपालजी हमें लगातार समझाया करते थे। बहुत गुस्सा होने पर अकसर मुंह से हल्के शब्द या गालियां निकल जाती हैं लेकिन

हमने धर्मपालजी के घर में बहुत गुस्से की स्थिति में भी, जो सबसे हल्का शब्द निकलता था वह – गुर्दे या महागुर्दे।

महात्मा गांधी के बारे में जब भी हम लोगों ने धर्मपालजी की राय जानने की कोशिश की, तो उत्तर में हमेशा यही सुनने को मिला – "भारत के पिछले ५०० वर्षों में पैदा हुए सबसे महान व्यक्ति थे – महात्मा गांधी।" धर्मपालजी की महात्मा गांधी के बारे में समझ और दृष्टि एकदम अनोखी थी, जो गांधीवादी साहित्य में हमें कभी देखने और पढ़ने को नहीं मिली। भारत की आजादी के आंदोलन में कांग्रेस संगठन के सभी नेताओं में एक मात्र महात्मा गांधी ही सच्चे भारतीय थे, ऐसा धर्मपालजी का स्पष्ट मानना था।

भारत देश को कैसे ठीक किया जा सकता है? जब भी यह सवाल हम लोगों ने धर्मपालजी से पूछा तो उन्होंने इस प्रश्न का उत्तर कई चरणों में दिया। उनका कहना था – "सबसे पहले केन्द्र को कमजोर करना और स्थानीय ग्राम स्तर की संस्थाओं को मजबूत बनाना होगा। अर्थात् साधारण लोग अपने जीवन के बारे में सभी तरह के फैसले स्थानीय गांव या तालुका स्तर की संस्थाओं के माध्यम से ले सकें। धर्मपालजी कहते थे कि केन्द्र सरकार जितनी कमजोर होगी, उतना ही लोगों का अधिक भला होगा। दूसरे चरण में धर्मपालजी कहते थे कि भारत की शिक्षा व्यवस्था को बदलने की जरूरत है। सही शिक्षा के बारे में धर्मपालजी का मानना था कि ऐसी शिक्षा जो हमें अपने बारे में और अपने पड़ोस के बारे में सही समझ पैदा कर सके, वही सही शिक्षा है। अपने बारे में समझ से मतलब, अपनी सभ्यता अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा, अपनी मान्यताओं आदि की समझ। जो शिक्षा इन सभी के बारे में हमारी समझ विकसित कर सके, वही ठीक है।

धर्मपालजी का हमेशा यह मानना रहा कि गोरक्षा का विषय पूरे भारतीय समाज को फिर से एक कर सकता है। हालांकि वे मानते थे कि अब गाय का प्रश्न काफी जटिल हो गया है। धर्मपालजी का यह कहना रहा है कि भारत में सबसे अधिक गाय सरकार ही कटवाती है। भारत सरकार द्वारा बनाए गए 'गो–पशु आयोग' के अध्यक्ष रहने के बाद धर्मपालजी कहने लगे थे कि अब भारत में गाय और गोवंश का बचना काफी मुश्किल है। धर्मपालजी का कहना था कि गोहत्या और गोमांस को लेकर मुसलमानों पर जो आरोप लगाये जाते हैं, वे आरोप गलत हैं, फालतू हैं। इन आरोपों को वापस लेना चाहिए। धर्मपालजी द्वारा लिखित पुस्तक 'गोवध और अंग्रेज' में यह बात अच्छे से समझ में आती है कि अंग्रेजों के समय में सबसे अधिक गाय अंग्रेजी सेना के लिए कटती थी। अंग्रेजी

समाज गत् २००० सालों से गोमांस खाने वाला समाज रहा है। सन् १९४७ के पहले भारत में गाय अंग्रेजों के लिए ही ज्यादा काटी जाती थी। अब आजादी के बाद वह गाय सरकारों के लिए काटी जा रही है। इसलिए धर्मपालजी कहा करते थे कि गोरक्षा का आंदोलन भारत की सरकारों को गोकत्ल को रोकने का आंदोलन होना चाहिए ना कि मुस्लिम समाज को गाली देने का।

भारतीय समाज में आज जो जातियों के बीच में ऊंच–नीच दिखायी देता है, वह धर्मपालजी की मान्यता में अंग्रेजों की ही देन है। उनका कहना था, सन् १८८१ से अंग्रेजों ने भारत में जाति आधारित जनगणना कराई और फिर भारत की जातियों को ऊंचा–नीचा कर दिया। अंग्रेजों को भारतीय जाति–समाज की कोई समझ नहीं होने के कारण ऐसा हुआ। भारत की जातियों में ऊंच–नीच पिछले २०० साल की अंग्रेजी व्यवस्था का ही दुष्परिणाम है, यह धर्मपालजी का निष्कर्ष रहा। वे अकसर हम सभी से कहा करते थे कि भारत के ब्राह्मणों को भारत के चर्मकार समाज (चमार) के साथ बिठाना चाहिए। यदि ब्राह्मण और चर्मकारों के रिश्ते सुधर गये तो जाति का प्रश्न भारत में हल हो जाएगा। धर्मपालजी का मानना था कि जाति आधारित आरक्षण से जातियों के बीच ऊंच–नीच समाप्त नहीं होने वाली है। धर्मपालजी कहते रहे कि – "जातियां खराब नहीं हैं, जातियों के बीच जो ऊंच–नीच है, वह खराब है। भारत में कोई भी जाति ऊंची नहीं है और कोई भी जाति नीची नहीं है। सभी जातियों के लोग अपने को ऊंचा मानते हैं। जातियों के बीच अमीरी–गरीबी तो तात्कालिक प्रश्न है, जो आसानी से हल हो सकता है। मुख्य बात तो जातियों के बीच आपसी सम्मान का प्रश्न है।"

इसी तरह धर्मपालजी सभ्यताओं के बारे में कहा करते थे। वे कहते थे कि विश्व की कोई भी सभ्यता ऊंची और नीची नहीं है। किसी एक सभ्यता की अपनी जीवन–दृष्टि है, तो दूसरी सभ्यता की कुछ अलग जीवन–दृष्टि है। अलग–अलग मान्यताओं और आस–पास के भौगोलिक वातावरण के कारण सभ्यताओं को अलग किया जा सकता है। लेकिन उन सभ्यताओं को ऊंचा या नीचा नहीं माना जा सकता है।

धर्मपालजी की सोच व्यापक थी। वे सभ्यताओं के बीच अंतर तो स्वीकारते थे, पर उनमें परस्पर विद्वेष नहीं देखते थे। ऐसे परम संत धर्मपालजी को मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि।

वे धर्मपाल थे हम अधर्म पाल

– रूपेश

अक्टूबर १९९३ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन इंदौर में था। उन दिनों मैं परिषद् की बनारस इकाई से जुड़ा था। इंदौर में ही मैंने पहली बार धर्मपालजी को सुना। तब कुछ भी समझ में नहीं आया कि उन्होंने क्या कहा। वे स्वदेशी पर बोले थे। मेरे ही नहीं, सभागार में बैठे लगभग २१–२२ सौ लोगों में से अधिकांश के सिर के ऊपर से धर्मपालजी का भाषण गुजर गया। बाद में जब मैं उनसे जुड़ा तब पता चला कि यह उनकी सम्प्रेषण (बात करने की) शैली के कारण था। सामान्यत: वह भाषण नहीं देते थे। भाषण के बजाय 'संवाद' उनके साथ बेहतर ढंग से किया जा सकता था और तभी उनसे कुछ सीखा और प्राप्त किया जा सकता था। खैर, भाषण जितना भी पल्ले पड़ा, मन के गहरे तक पैठ गया। बाद में उस पर काफी चर्चाएं हुईं। परिषद् के विद्यार्थियों के एक समूह को चेंगलपट्ट (मद्रास के पास) भेजने की प्रक्रिया, अध्ययन के लिए शुरू हुई। भाषण से प्राप्त अंशों का मन पर गहरा प्रभाव था, सो और जानने की इच्छा थी। लेकिन वहां केवल अंग्रेजी के जानकार लोग ही जा सकते थे, क्योंकि उपलब्ध अध्ययन की विषयवस्तु अंग्रेजी में थी और संवाद भी अंग्रेजी में ही होने वाला था। इसलिए अधिकांश साइंस और तकनीक से जुड़े विद्यार्थी ही गए। जाने वालों में मेरा मित्र विजय भी था, जिसके साथ वापस आने पर लम्बे समय तक उन्हीं विषयों पर चर्चा होती रही। यह मेरा सीधे धर्मपालजी से नहीं, बल्कि उनके विचारों के माध्यम से, उनसे पहला परिचय था, जिसने मेरे मन में उनसे मिलने, जुड़ने और भारत को समझने की जिज्ञासा पैदा की।

सन् १९९५ में जब मैं अध्ययन के लिए बनारस छोड़ इलाहाबाद आया तो मेरी दोस्ती 'आजादी बचाओ आंदोलन' के साथियों से हुई जिनका मार्गदर्शन डॉ. बनवारी लाल शर्मा

करते थे। 'थे' इसलिए कि बाद में आंदोलन समूह महत्त्वाकांक्षा की टकराहट में दो भागों में बंट गया। मैं डॉ. शर्मा से अलग हुए समूह में युवा साथी राजीव दीक्षित के साथ आ गया। डॉ. शर्मा आज भी इलाहाबाद में 'आजादी बचाओ आंदोलन' चला रहे हैं। यूं तो यहां आंदोलन के जिक्र का कोई कारण नहीं बनता। लेकिन आंदोलन के कारण ही मेरा धर्मपालजी से जुड़ाव हुआ और आंदोलन में मेरे जीवन का लम्बा समय बीता। इस नाते जिक्र होना स्वाभाविक है। आंदोलन–संगठन में हुई टूट के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से धर्मपालजी को ही कारण माना गया। ऐसा प्रचारित तो हुआ ही। यह सर्वविदित है कि इलाहाबाद छोड़ने के बाद राजीव दीक्षित धर्मपालजी के पास वर्धा ही गए। जिसके कारण भी शायद ऐसा मानस बना हो। यह राजीव दीक्षित का उत्थानकाल था और डॉ. शर्मा के लिए दु:खद घड़ी।

इलाहाबाद आने पर आंदोलन के युवा साथियों के साथ संवाद में पता चला कि इनमें से कई धर्मपालजी से परिचित और प्रभावित हैं – खासकर राजीव और प्रदीप दीक्षित। डॉ. शर्मा, धर्मपालजी या राजीव दीक्षित से चाहे जितना नाराज हों, सच यह है कि धर्मपालजी से युवा साथियों का परिचय उनके ही कारण संभव हो पाया था। बात संभवत: सन् १९८९–९० की है। डॉ. शर्मा ने धर्मपालजी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान के लिए बुलाया था। इलाहाबाद के साथियों से मित्रता मेरे लिए शुभ रही। सन् १९९३ में इंदौर में जिन आकांक्षाओं ने जन्म लिया, उनके तार अब आगे बढ़ते हुए नजर आ रहे थे। सन् १९९६ तक मुझे पता ही नहीं था कि धर्मपालजी वर्धा में रहते हैं। सन् १९९६ में 'जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय' (एन. ए. पी. एम.) की भारत यात्रा में मेधा पाटकर के साथ घूमते हमारा अंतिम पड़ाव वर्धा ही था, जहां सम्मेलन हुआ। मार्च, १९९६ के इस समय मैं लगभग सप्ताह भर वर्धा में ही रहा। लेकिन जानकारी न होने के कारण धर्मपालजी से परिचय नहीं हो सका। खैर, हम तो यह मानते ही हैं कि शुभ कार्य, शुभ काल में ही होते हैं, तो सन् १९९७ के आखिरी दिनों में तो हम वर्धा आ ही गए।

सन् १९९७ के अगस्त माह में राजीव दीक्षित के व्याख्यानों की पहली कैसेट बनी, जिसका शीर्षक था, 'पचास साल की आजादी या पांच सौ साल की गुलामी' यह विचार धर्मपालजी का था। धर्मपालजी के विचारों का यह पहला और सफल व्यावसायिक प्रयोग था; जिसने विचार के स्तर पर देश में जितनी हलचल मचाई उससे कहीं ज्यादा धर्मपालजी के जीवन में। लम्बे समय से अपने विचारों पर देश में 'बड़ी बहस' चलाने का उनका सपना साकार होता हुआ नजर आ रहा था। यह सब कुछ दो–एक वर्ष खूब चला। जैसे लगा सचमुच 'क्रांति' बस आ ही गई। लेकिन सन् २००० का साल पार करते–करते सब कुछ साफ हो

गया। सन् २००४ आते आते तो सब कुछ भगशाखी हो गया। यह विचार क्रांति नहीं थी, यह कैसेट क्रांति थी। नेपथ्य की चीजें धीरे–धीरे सामने आती हैं। वे अब पूरी तरह खुल चुकी हैं। राजीव दीक्षित महज एक 'प्रवचनकार बाबा' साबित हुए, न कि विचारक। ठीक से कहें तो वे महज 'लाउडस्पीकर' बनकर रह गए। यह हिन्दुस्तान है, जहां विचार से ज्यादा व्यवहार परिवर्तन का कारक बनता है, जिस मोर्चे पर राजीव दीक्षित पूरी तरह फेल हुए। यह केवल राजीव दीक्षित या आजादी बचाओ आंदोलन के टूटे हुए गुट के जीवन का सवाल नहीं था। यह एक 'क्रांति द्रष्टा' के सपनों का सवाल था, जिसके टूटने से द्रष्टा की जिन्दगी में भूचाल आ गया।

हालांकि, 'क्रांति द्रष्टा' समय के साथ नई राह चुन लेते हैं। लेकिन पिछली राह के फूल–कांटों की अनुभूति तो फिर भी नहीं छूटती। उसकी पीड़ा साथ रहती ही है। राजीव दीक्षित के बढ़ते आभा मण्डल ने धर्मपालजी को आश्रम के संचालक, सर्वोदयी मित्रों से दूर कर दिया। यह पीड़ा शायद ही धर्मपालजी ने कभी किसी से व्यक्त की हो। लेकिन, व्यक्तिगत बातचीत में उनकी पीड़ा दिख ही जाती थी। ऐसा ही एक वाकया है, जब मुझे 'सत्य–असत्य' की परख हुई। मैं सामान्य दिनों की तरह सांझ बेला में धर्मपालजी के साथ उनकी कुटिया में चर्चा कर रहा था। आज मुझे ठीक से याद नहीं कि बात का विषय क्या था, लेकिन बात कहीं राजीव दीक्षित के भाषणों को लेकर थी। धर्मपालजी ने जैसे पूरे आवेग में कहा 'सब असत्य' झूठ। असत्य को असत्य, कहने की उनकी ताकत ने मुझे असत्य की चोट का पहली बार अहसास कराया और उसी के साथ उनके जीवन का सत्य भी समझ में आया। यूं राजीव दीक्षित अकेले नहीं हैं जिन्होंने धर्मपालजी के ज्ञान का उपयोग किया। लेकिन ज्ञान के स्तर से हटकर उसका व्यावसायिक उपयोग उन्होंने ही किया, जो उनका पाप है। यह पाप धुल सकता था। यदि उससे कोई निजी फायदा न लिया जाता। तब शायद धर्मपालजी का सान्निध्य हमें कुछ समय के लिए और भी मिल सकता।

धर्मपालजी के जीवन के आखिरी दिनों को बोझिल, थकाऊ, और भ्रमित बनाने में एक और घटना ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। सन् २००४ के लोकसभा चुनाव के बाद का वह समय हर किसी को याद होगा जब देश में नया प्रधानमंत्री बनाने की गोटियां फिट की जा रही थीं। लगभग ऐसा दिख रहा था कि कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। लेकिन तभी घटनाक्रम बदलता है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव के. एन. गोविन्दाचार्य अचानक से एक दिन टी.वी. पर प्रकट होते हैं और सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री न बनने देने के लिए देश में 'राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन'

चलाने की घोषणा करते हैं। टी. वी. पर उनके साथ धर्मपालजी भी थे। हालांकि धर्मपालजी वक्ता नहीं थे। केवल साथ में बैठे थे। लेकिन इसका संदेश दूर तक गया। सर्वोदयी मित्रों को धर्मपालजी के खिलाफ मुहिम चलाने का एक मौका मिल गया। पहले भी उनके ऊपर संघ समर्थित होने का आरोप सर्वोदयी लगाते ही रहे थे। लेकिन इस घटना के बाद तो जैसे उनके लिए एक प्रमाण मिल गया। धर्मपालजी को आश्रम छोड़ देने के लिए चिट्ठी लिख दी गई जिससे वे काफी व्यथित हुए। बाद में मैंने इस घटना के संदर्भ में जब धर्मपालजी से पूछा तो उन्होंने बताया कि गोविन्दाचार्य मेरे पास जानकारी लेने आए थे। मुझे लेकर वे कहीं जाने को कह रह थे। लेकिन मुझे यह नहीं मालूम था कि वे प्रेस से बात करने वाले हैं। बाद के दिनों का घटनाक्रम सबके सामने है। किस तरह धर्मपालजी व्यथित होकर देश भर में घूमते रहे। लेकिन उनकी आत्मा में गहरे तक बसा हुआ गांधी का वह 'सेवाग्राम' कहां छूटने वाला था। लगभग दो वर्षों तक धर्मपाल जी देश भर में मारे–मारे फिरते रहे। ऐसा नहीं कि उनके लिए रहने की जगह नहीं थी। लेकिन उनका चित्त अब उखड़ चुका था। इन्हीं दिनों में मुझे उनके साथ लम्बा समय गुजारने का वक्त मिला। मैं उन्हें लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर और फिर लम्बे समय तक बनारस में रहा। इन दिनों में मेरे व्यक्तिगत मित्रों और धर्मपालजी को चाहने वालों में से बनारस के ही संजय जायसवाल, डॉ. संजय सिंह गौतम, सागर शर्मा, डॉ. पतंजलि मिश्र, कु. निशि चतुर्वेदी और ललित मालवीय ने मेरी काफी मदद की। वरिष्ठ पुलिस प्रशासनिक अधिकारी रामनारायण सिंह का भी विशेष सहयोग रहा। धर्मपालजी का उखड़ा हुआ चित्त फिर कभी स्थायी होकर नहीं रह सका और अंतत: सेवाग्राम में ही सन् २००६ में दीपावली के बाद भइयादूज के दिन उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया। आखिरी के इन्हीं दिनों में ही उनके साथ रहकर कुछ दूसरे समूहों को भी जानने–समझने का मौका मिला। धर्मपालजी का एक कथन मुझे हमेशा याद रहता है। जब भी मैं कभी बाहर से घूमकर उनसे मिलने आश्रम या कहीं जाता, तो वे यह जरूर पूछते, 'और क्या हाल है देश का'। शायद औरों से भी पूछते होंगे। इसके साथ ही चर्चा आगे बढ़ती। देश गरीब हो गया है, इससे कहीं ज्यादा उनकी नजर में, 'लोगों का मानस ज्यादा गरीबी वाला हो गया है', ऐसा पता चलता। धर्मपालजी की नजर में भारत, यहां पर ज्यादा विलायती हो गया है, क्योंकि सारा सवाल तो सोच और मानस का है। बहरहाल, धर्मपालजी के विचारों का पुलिंदा तो कहीं भी देखने–पढ़ने को मिल जाएगा लेकिन धर्मपाल अब सशरीर कभी नहीं मिलेंगे।

अंत में यही कहूंगा कि आज मेरा देश भर में जो भी परिचय है या थोड़ा–बहुत सम्मान है, तो वह केवल इस नाते कि मैं लम्बे समय तक धर्मपालजी के साथ जुड़ा रहा। विद्या,

जीवन, भारतीयता, सत्य, अहिंसा और गांधीजी को समझने की दृष्टि हमें धर्मपालजी से ही मिली। इसका न केवल मेरे सामाजिक बल्कि निजी जीवन पर भी गहरा असर पड़ा, सीधे और स्पष्ट तौर पर कहूं तो इस मूर्ख और नासमझ की आज, गम्भीर समझ वाले (हो सकता है मेरी भूल हो) के रूप में अगर कोई पहचान बनी है तो सिर्फ धर्मपालजी के उपकार के कारण। और खोलकर कहूं तो सन् १९९७ के बाद का मेरा जीवन धर्मपालजी का उधार दिया हुआ है जिसका कर्ज तो चुकाना ही पड़ेगा। और वह भी उसी रूप में जैसा कि धर्मपालजी चाहते थे, यानी निर्भीक और सत्य पर अडिग रहकर 'भारतीयता' को पोषित करते हुए, भारतीय व्यवस्थाओं को भारतीय बनाने के लिए प्रयत्नशील रहकर, भारत के विविध समाजों के ज्ञान, कला, कौशल को समझकर उसे प्रचारित–प्रसारित करते हुए। समाज और सृष्टि की व्यवस्था को समझकर आगे बढ़ते हुए, उसे अग्रसारित करने का काम कर। शायद तब भी कर्ज चुका न सकूं, क्योंकि वे धर्मपाल थे जबकि हम, उनके अधिकांश मित्र–शिष्य, अभी भी अधर्म पाल हैं।

धर्मपाल: जिसकी मिसाल और कोई नहीं!

– सन्त समीर

जैसे आसमान से कोई तारा छिटके, हमारे इर्द–गिर्द कुछ देर तक एक अलहदा सी चमक बिखेरे, और फिर वापस अनन्त की गहराइयों में गुम हो जाए। लाखों–करोड़ों की भीड़ में जीने का एकदम अलग अंदाज लिए धर्मपालजी की शख्सियत कुछ ऐसी ही थी। प्राचीनकाल के ऋषियों की तो हमने सिर्फ कथाएं सुनी हैं, पर धर्मपालजी के व्यक्तित्व में प्राचीन ऋषित्व का एक आधुनिक स्पष्ट प्रतिविंब देखा जा सकता था। 'ऋषयो: मंत्र द्रष्टार:' की ही तरह धर्मपालजी भी इतिहास–द्रष्टा ही थे। इतिहास के आख्यान जब उनकी जुबान पर आते तो लगता जैसे वे शताब्दियों पहले के किसी जाग्रत कालखण्ड में निर्भ्रान्त विचरण कर रहे हों। इतिहास का सच जैसे उनकी आंखों के सामने तैरता हो। अद्‌भुत था कि अपनी मान्यताओं, अपने निष्कर्षों के प्रति किसी आशंका–कुशंका या ऊहापोह की स्थिति कभी वे महसूस नहीं करते थे। उन्हें अफसोस रहा तो सिर्फ इस बात का, कि धारा के विपरीत ज़ाकर इस देश का जो सच वे सामने ला पाए थे, उसे सही अर्थों में समझ पाने वाले कम लोग थे; या वे तब मुश्किल महसूस करते थे जबकि उनकी बात, वक्तव्य के गलत मायने निकाल जाएं। अन्यथा; धर्मपालजी संतई के उस कंगूरे पर जा विराजे थे जहां व्यक्तिगत मान–अपमान के कोई मायने नहीं रह जाते।

मैं जब भी सेवाग्राम आश्रम में जाता था तो प्राय: उनकी कुटिया और रसोई के बीच वाले कमरे में ही ठहरता था। ऐसे में सबेरे की धूप सेंकने वे बाहर निकलते तो प्राय: पहली नमस्कारी मेरे साथ ही होती। मैं नमस्ते की मुद्रा में हाथ उठाऊं उसके पहले ही उनके हाथ जुड़ जाते। नए से नए व्यक्ति के साथ भी व्यवहार का उनका यही तरीका था। इतने सरल

निश्छल कि सहसा विश्वास करना मुश्किल हो जाए। अजीब विद्वत्ता के साथ अजीब मासूमियत। बुजुर्गियत तक के तमाम आरोहों–अवरोहों के बीच एक नितान्त निर्मल बचपने की खासियत जैसी धर्मपालजी में मैंने देखी, वैसी याद नहीं कि किसी और में देखी हो। किसी गलत बात पर नाराजगी भी बच्चों की तरह। इस पल रूठे उस पल भूल गए। मन की सादगी उनके तन पर भी झलकती थी। खादी का सफेद कुर्ता–पाजामा ही उनकी स्थायी पोशाक थे। जहाँ तक याद है रंगीन कपड़े पहने मैंने कभी उन्हें नहीं देखा। गर्मी हो या सर्दी, तीन या चार बार नहाना जैसे उनकी आदत बन गई थी। एकदम गरम हलवा उन्हें पसंद था तो एकदम ठंडी आइसक्रीम भी। इतना गरम–गरम भोजन पसंद करने वाला भी मैंने दूसरा कोई और नहीं देखा। हलवा उन्हें पसंद था, पर जरा भी कम गरम लगे तो उसे दुबारा चूल्हे पर चढ़वा ही देते थे। मेरी पत्नी अकसर उनके लिए हलवा बनातीं। हम लोग उनके जितना गरम खाने की हिम्मत नहीं कर सकते थे। डायबिटीज मुश्किल करे तो करता रहे, नई–नई मिठाइयों का स्वाद लेने में वे हिचकते न थे। भांति–भांति की मिठाइयों की भारतीय परम्परा के वे मुरीद थे। लोग अकसर उनकी पसंद की मिठाइयों के डिब्बे पहुंचा जाते लेकिन वे कोई भी मिठाई लगातार दो–तीन दिन से ज्यादा नहीं खाते थे। डिब्बे की बची मिठाइयां हजम करने का जिम्मा हम लोगों का होता। हम लोग, यानी मैं, शिवदत्त, रूपेश, प्रदीप दीक्षित, राजीव दीक्षित और मेरी पत्नी इन्द्रेशा; या उस समय जो भी आ जाय वह। धर्मपालजी की पसंद के चलते ही हम लोगों को अकसर बासुंदी (एक प्रकार की वहां की स्वीट डिश) भी खाने को मिला करती थी। ऐसा भी हुआ कि हम लोगों ने ठेठ देशी तरीके से उनकी कुटिया में ही आइसक्रीम बनाई। खास बात यह भी थी कि अपनी पसंदीदा चीज भी धर्मपालजी थोड़ी मात्रा में ही खाते थे। सही कहें तो उनके बहाने छककर खाने वाला काम तो हम ही लोग करते थे। मिठाई और आइसक्रीम की बात छोड़ दें तो धर्मपालजी एक फुल्का, जरा सा चावल, एक कटोरी दाल, एकदम सादी उबली सब्जी में ही अपनी भूख का शमन कर लेते थे। उनकी नियमित भोजन तालिका प्राय: यही थी। एक बात मुझे जरूर लगती है कि यदि उनका मिठाई–प्रेम कुछ कम रहा होता तो शायद वे कुछ और दिन हमारे बीच में होते।

धर्मपालजी से बहुत लम्बी बातचीत मेरी ज्यादा बार नहीं हुई है। मितभाषी तो वे थे ही, कोई खास मुद्दा न छिड़ जाय तो मेरी भी आदत आमतौर पर चुप रहने की ही रही है। मेरे सामने धर्मपालजी के साथ नंदकिशोर आचार्य, पवन कुमार गुप्ता, गोविंदाचार्य, अच्युतानंद मिश्र, उदयन वाजपेयी, रवीन्द्र शर्मा जैसे कई विद्वानों के लम्बे और दिलचस्प

संवाद चले हैं, पर मैं आमतौर पर श्रोता ही रहा। इनमें से कई तो मुझे नाम से जानते हुए भी शायद पहचान नहीं पाए।

धर्मपालजी प्राय: मुझे कुछ दिनों के लिए आश्रम आए किसी धीर–गम्भीर मेहमान जैसा ही मान देते थे। लेकिन एक बार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने 'जनसत्ता' में मेरा एक लेख पढ़ा तो सेवाग्राम लौटकर कायदे से खुले। उन्होंने मुझे बुलाकर बताया कि उन्हें मेरा 'वे लोरी नहीं सुनते' (२२ जून–२००३, 'जनसत्ता') लेख बहुत पसंद आया। इसी समय उनसे कई बार लम्बी चर्चाएं हुईं। उनकी इच्छा थी कि पास–पड़ोस के गांवों में जाकर बड़े–बुजुर्गों के पास बैठकर अपनी परम्पराओं और सांस्कृतिक चिह्नों की समझ बनानी चाहिए। उन्हें शायद मुझमें कुछ सामर्थ्य दिखने लगी थी कि मैं इस दिशा में कुछ काम कर सकता हूं। अपने समाज को परायी निगाहों से समझना उन्हें सबसे त्रासद स्थिति लगती थी। इसीलिए बहुत ज्यादा पढ़े–लिखे और 'अतिसमझदार' किस्म के आधुनिक बुद्धिजीवियों की तुलना में अनपढ़, गंवार, नामसमझ समझे जाने वाले आमजन पर उन्हें ज्यादा भरोसा था। सांस्कृतिक पहचानों की हिफाजत और उन्हें जीवन्त बनाए रखने में देसी आदमी के बुद्धि–विवेक को वे ज्यादा महत्त्व देते थे।

धर्मपालजी के कुछ निष्कर्षों से कई बार असहमत भी हुआ जा सकता है, पर उनकी तलाश से निकले जो तथ्य हैं उन्हें चुनौती देने की हिमाकत कर पाना आसान नहीं है। यह अकेले के बूते का किया गया ऐसा समुद्र–मंथन है, जिसमें से निकले रत्न भारतीय सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की समझ को अकल्पनीय रूप से समृद्ध करते हैं। धर्मपालजी ने इतिहासबोध की एक ऐसी राह दिखाई है जिस पर चलकर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। उनकी स्थापनाओं पर जिस दिन भी हमारे पश्चिमपरस्त समझदार लोगों का सही मायने में ध्यान जाएगा, उस दिन अब तक के इतिहास का पिरामिड भी शायद उल्टा नजर आने लगेगा। ऐसा तब कहा जा सकता है जबकि धर्मपालजी के ही अनुसार उन्होंने तो अंग्रेजों के ढेर सारे दस्तावेजों में से सिर्फ पांच–सात प्रतिशत ही खंगाले हैं। काश! धर्मपालजी के उपलब्ध साहित्य से संकेत ग्रहण करते हुए देश–विदेश के विभिन्न पुस्तकालयों, संग्रहालयों, पुरातत्त्व विभागों में धूल खा रहे अनगिनत दस्तावेजों और आमजन की स्मृतियों को खंगालते हुए अपने समाज–संस्कृति की मूल विशिष्टताओं को पहचानने और उस आधार पर समाज निर्माण का कोई अभियान–सा शुरू किया जा सके, तो शायद यही उनको हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

व्यक्ति नहीं सोचने की शैली

— जगमोहन कठैत

आज जब मैं पीछे मुड़कर अपने जीवन में बदलावों की प्रक्रिया को देखता हूं तो पाता हूं कि श्रद्धेय श्री धर्मपाल जी के साहित्य की एवं उनसे हुई बातचीत की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साहित्य के सम्पर्क में आने एवं उनसे हुई बातचीत के बाद मेरे सोचने की शैली व सोचने का दायरा ही प्रभावित हो गया। मैं जहां खून के रिश्तों के दायरों व अपने जन्म स्थली के आस–पास के क्षेत्रों तक ही अपनी कल्पनाओं को सजा पाता था वहीं उनसे मिलने के बाद यह समझ पाया हूं कि सपने बड़े कैसे देखे जायें तथा बड़े सपनों का हमारे व्यक्तिगत जीवन पर क्या व कैसे प्रभाव पड़ता है।

हमारे जीवन में स्व० श्री धर्मपाल जी का आना एक इत्तफाक ही रहा है। हुआ यूं कि हम लोग १९९७ में बिहार फॉरबिज गंज के लिए ट्रेन से जा रहे थे। सफर लम्बा था तो समय बिताने के लिए हमारे मार्गदर्शक श्री पवन जी एक रेलवेस्टेशन पर उतरकर पुस्तकों के स्टॉल पर चले गये और पढ़ने के लिए पुस्तक ढूंढने लगे। इसी समय उनकी नजर श्री धर्मपाल जी द्वारा लिखित दो पतली–पतली पुस्तकों पर पड़ी जिनके शीर्षक थे – 'अंग्रेजों से पहले का भारत' एवं 'भारतीय चित्त मानस और काल' और उन्हें खरीद ले आये। इससे पूर्व संस्थान के किसी भी साथी ने श्री धर्मपाल जी का नाम नहीं सुना था। रास्ते में तो उन्होंने ही इन पुस्तिकाओं का अध्ययन किया परन्तु बिहार जाकर उन्होंने बताया कि ये पुस्तकें बहुत अच्छी हैं। श्री पवन जी के इस कथन से इन पुस्तिकाओं को पलटने की इच्छा जागृत हुई। उसके बाद मैंने इन पुस्तिकाओं को पढ़ डाला। मुझे आज भी याद है कि इन पुस्तिकाओं को पढ़ने के बाद श्री पवन जी के चेहरे पर जो कुछ पाने का भाव था वह भाव इन पुस्तिकाओं को पढ़ने के बाद मेरे अन्त: मन में नहीं आ पाया। मेरे पास केवल

सूचनाएं मात्र थी पर इन सूचनाओं का स्वयं व देश समाज से क्या सम्बन्ध है यह समझ नहीं आया। हां यह जरूर हो गया था कि साथियों के सामने सामान्य जानकारी के रूप में शेखी बघारने के लिए दूसरों से अधिक मेरे पास जानकारी जरूर थी। अब मुझे समझ आता है कि उस समय मेरी समझ में क्यों नहीं आया। मुझे लगता है कि पूरी स्कूली पढ़ाई में चीजों को समझने के लिए हमारा कोई अभ्यास हुआ ही नहीं होता है। उन्हीं सूचनाओं को स्मृति में रखने का अभ्यास रहा है जो परीक्षा में पूछी जा सकती हैं। इन सूचनाओं का भूत, वर्तमान एवं हमारे जीवन के साथ क्या सम्बन्ध है इस प्रकार के विश्लेषण की ओर हमारा ध्यानाकर्षण नही हुआ है।

दो दिन बाद इन पुस्तिकाओं की चर्चा अपनी टीम के साथ हुई। इस चर्चा में सभी लोगों को अपने देश–समाज के बारे में बनी अपनी–अपनी मान्यताओं को देखने का मौका मिला। इन चर्चाओं से मैं स्पष्ट रूप से तो नहीं कह सकता हूं कि मेरे अन्दर क्या–क्या व कैसे हुआ परन्तु दो चीजें मुझे अभी भी महसूस होती है। एक – मुझमें जानकारियों को विश्लेषित करने की प्रक्रिया की शुरुआत जैसी होती है। दूसरा – इन पुस्तिकाओं पर हुई चर्चाओं से देश–समाज के प्रति पूर्व के नजरिये के प्रति कई सवाल उठने लगे। जैसे – मैंने यह कब और कैसे मान लिया कि मेरा देश पिछड़ा है और कुछ देश अगड़े हैं? ये अगड़े व पिछड़े के आधार कब व कैसे मेरे अन्दर चले गये? मैंने बिना किसी प्रश्न के कैसे मान लिया कि हमारे देश समाज में शिक्षा की व्यवस्था नहीं थी? मैं यह क्यों नहीं सोच पाया कि हमारे समाज में बच्चों को शिक्षित करने की व्यवस्था क्या थी?

श्री धर्मपाल जी द्वारा लिखित इन पुस्तिकाओं के अध्ययन के बाद उठे इन सारे प्रश्नों से मैं यह तो नहीं कह सकता हूं कि मेरे सोचने का दायरा बदल गया परन्तु यह तय हो गया था कि अपने देश–समाज के प्रति मेरे मन में जो नकारात्मकता के आधार थे वे सवालों के घेरे में आ गये। मैं इसे बदलाव का पहला कदम मानता हूं।

पुस्तकों से वह जीवन्तता नहीं मिलती जो व्यक्ति के साथ सीधे संवाद से मिलती है। इसलिए इसके बाद हम सभी के मन में यह भाव आया कि इन पुस्तिकाओं के लेखक से मिला जाय। मजे की बात यह थी कि हमें श्री धर्मपाल जी के निवास आदि के बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी। इसके बाद श्री पवन जी ने धर्मपाल जी की खोज प्रारम्भ कर दी। मुझे यह जानकारी तो नहीं है कि इस खोज में श्री पवन जी को किन–किन पड़ावों से गुजरना पड़ा लेकिन वह क्षण मुझे याद है जब श्री पवन जी ने हमें यह सूचना दी कि

श्री धर्मपाल जी खोज लिये गये हैं और वे मसूरी आ रहे हैं। सुनकर अच्छा लगा। इस प्रकार जब वे पहली बार मसूरी आये तो हम सभी तो कोई खास बात नहीं हो पायी परन्तु जब वे दूसरी बार मसूरी आये तो हम पांच छः लोगों ने उनके साथ ४–५ दिन बिताने की सोची। इन ४–५ दिनों का जो सत्संग था उसमें कई सारी मजेदार व प्रभावी चीजें समझ आयीं। एक बात जो धर्मपाल जी के सानिध्य में रहकर समझ आयी और जिसने मेरे व्यक्तिगत जीवन में समस्याओं से निकलने का रास्ता दिखाया वह था सपने बड़े देखना। बड़े सपने का तात्पर्य कपोल कल्पनाओं से नहीं है बल्कि जीवन को उसके प्रयोजन के अर्थ में देखने से है। उनके साथ रहकर समझ आया कि सपने बड़े कैसे देखे जाते हैं। कैसे बड़े सपनों से अपने–पराये की दीवारें टूटती हैं और कैसे दैनिक जीवन की समस्याएं बड़े सपनों के आगे छोटी लगने लगती हैं। मैं आज भी जब अपने को समस्याओं में उलझा पाता हूं तो मुझे बरबस बड़े सपनों के सन्दर्भ में उनकी याद आ जाती है। जब–जब मैं इन बड़े सपनों के प्रति सजग रह पाता हूं तो मुझे आराम मिलता है। वे सामान्य बातचीत में बड़े–बड़े नक्शे खींच देते थे। इससे एक ऊर्जा का संचार होता था।

बातों से इनसाईटस निकालने की उनमें जो चमत्कारिक क्षमता थी वह गजब की थी। कई बार तो ऐसी–ऐसी इनसाईट्स देते थे कि जहां सोचकर लगता था कि हमारी सोचने की सीमाएं तो वहां तक जा ही नहीं सकती। एक बार मैं उनसे सती प्रथा के बार में पूछ रहा था। मैं ने कहा कि सती प्रथा आखिर थी तो बुरी ही न। उन्होंने कहा कि 'तुम क्या सोचते हो किस–किस जाति में सती हुआ करती थी और पूरी जनसंख्या से कितनी महिलाएं सती हुआ करती थी?' फिर उन्होंने कहा कि 'प्रथा के अच्छी या बुरी होने का सवाल नहीं है। सती यहां लगभग ४००–६०० हुआ करती होंगी, वह भी खास वर्ग में ही रही होंगी। परन्तु जब सती होने की बात को बताया जाता है तो ऐसा दिखाते हैं जैसे कि पूरे हिन्दुस्तान में यह व्याप्त होंगीं। दूसरी ओर उनके (अंग्रेजों) यहां जो डायन कहकर लोगों को जला दिया जाता था उसका तो वे कहीं जिक्र नहीं करते हैं न। ये सब राज करने के और मानसिक गुलाम बनाने के तरीके होते हैं।' मानसिक गुलाम बनाने की बात सुनकर मुझे आश्चर्य हुआ। ऐसा लगता है कि वे बात करने वाले के मन की सीमाओं को पढ़ते थे। कई बार तो मैंने उन्हें एक व्यक्ति के चिन्तन से समाज में सोचने के तरीकों के बारे में अन्दाज लगाते हुए देखा है, और मैंने उस अन्दाज को सही ही पाया हूं। इस चिन्तन को वे सभ्यता के स्तर पर कैसे जोड़ते थे यह उनमें एक अद्‌भुत कला थी।

जीवन के अन्तिम दिनों में कुछ ही दिन पूर्व भी उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। उन दिनों वे कुछ अस्वस्थ चल रहे थे। इस अस्वस्थता की स्थिति में भी मैंने उन्हें देश समाज के प्रति ही चिन्तन करते हुए पाया हूं। कई बार उनके साथ रहने से लगा कि वास्तव में ताकत तो शरीर की नहीं विचार की होती है और विचार से शरीर भी साथ देने लगता है।

ये सारी बातें हैं जो मैंने उनके साथ रहकर महसूस की और अपने जीवन में मैं जब–जब समस्याओं में पड़ता हूं तो उनके ये विचार में पीड़ाओं से बाहर निकलते हैं और पुन: ऊर्जा का संचार करते हैं। साथ ही उनके प्रति कृतज्ञता का अनुभव होता है। मुझे लगता है कि उनके विचार जिन्दा रहें न रहें परन्तु उनके सोचने की शैली जिस भी साथी को समझ आयी होगी वह अवश्य जिन्दा रहेगी।

CONTRIBUTORS

Navjyoti Singh : philosopher and scientist; research interests includes foundations of logic and mathematics.
Address : 18, Vidya Vihar, Pitampura, New Delhi - 110 034

Gita Dharampal – Frick : she has academic training in literature, philosophy, social anthropology and Indian cultural history. Presently head of department of history, South Asia Institute, University of Heidelberg.
Address : South Asia Institute, University of Heidelberg, D-69120, Heidelberg (Germany).

Jitendra Bajaj : founder director of Centre for Policy Studies, Chennai. Inspired by the work of Dharampal, the Centre is engaged in studying Indian civilization and indigenous ideas of institutions. Was also president Editor of Jansatta for sometime.
Address : Mayur Kunj, B-43, Express aptts. Delhi – 110 096

R. K. Misra : a former journalist, parliamentarian thinker and author. Currently chairperson of Observer Research Foundation.
Address : D6/25 Vasant Vihar, New Delhi – 110 057

L. C. Jain : participated in the 1942 Quit India Movement as a student. Later worked as a volunteer in the cooperative movement, served in several commissions and committees, and was India's High Commissioner to South Africa. Has several books, essays and articles to his credit.
Address : D-15, 12th cross, RHV Extension, Bangalore – 560 080

Krishna Kumar Somani : industrialist, but also prolific writer on social issues.
Address : G.D. Somani Memorial Foundation, Indian Mercantile Chambers, 14 R Kamani Marg, Ballard Estate, Mumbai - 400 001.

C. Shambu Prasad : Associate Professor, Xavier Institute of Management, Bhubaneswar 751013

Ram Subramanian & Rama: co-founders, Samanvaya, Chennai, actively engaged in initiatives for evolving knowledge organization.
Address : Samanvaya, 2nd Floor, 179/ 94, Royapettah High Road, Luz, Mylapore, Chennai - 600004

Priya : scholar, currently with Samanvaya; actively engaged in understanding Gandhian literature
Address : Samanvaya, 2nd Floor, 179/ 94, Royapettah High Road, Luz, Mylapore, Chennai - 600004

Anuradha Joshi : has formal training in psychology. Co-founder of 'SIDH'. Educationist; presently Secretary, SIDH.
Address : Hazelwood, Landour Cantt, Mussoorie – 248 179

T. M. Mukandan : was trained as an engineer at IIT Madras; has been engaged for many years with traditional Indian systems of thought and living. Currently runs an Ayurveda centre and clinic with his wife in Chennai.
Address : Sanjeevani Ayurveda Yoga Centre, Kamaraj Avenue, 1st Street, Kasturba Gandhi Nagar, Adyar, Chennai - 600 020

V. Giriraj : civil servant; committed to initiatives that incorporate understanding of traditional polity and social organisation
Address : 12 Belheven, New Marine Lines, Mumbai – 400020

Vinish Gupta : has formal training in linguistics & literary studies; currently involved with coordinating youth programmes and academics at SIDH.
Address : Hazelwood, Landour Cantt, Mussoorie – 248 179

लक्ष्मी नारायण मित्तल : शिक्षा शास्त्री। महाविद्यालय में प्राचार्य पद से सेवानिवृत्ति के बाद पिछले आठ सालों से 'सिद्ध' में कार्यरत।
पता : 'सिद्ध', हेज़लवुड, लण्ढौर कैन्ट, मसूरी – २४८ १७९

सामदोंग रिन्पोछे : प्रसिद्ध चिन्तक व दार्शनिक। अनेक वर्षों तक सारनाथ में उच्च तिब्बती संस्थान के निदेशक रहे। वर्तमान निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री।
पता : केन्द्रीय तिब्बती प्रशासन, धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – १७६ २१५

उदयन वाजपेयी : व्यवसाय से चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में प्रोफेसर। वरिष्ठ साहित्यकार। धर्मपाल जी से लम्बा साक्षात्कार लिया था। धर्मपाल जी के अनन्य सहयोगी।
पता : एफ. ९०/४५ तुलसी नगर, दूसरे बस स्टैण्ड के पास, भोपाल – ४६२ ००३

नंद किशोर आचार्य : प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लेखक, चिंतक और दार्शनिक।
पता : ४/४१ की बड़ी गणेश, जयपुर – ३३० ००५

रामबहादुर राय : १९४७ से ही पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं। जनसत्ता में विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाते हुए लगभग २२ वर्ष तक जनसत्ता समाचार सेवा के सम्पादक रहे। सम्प्रति : 'प्रथम प्रवक्ता' (पाक्षिक) के सम्पादक। धर्मपाल जी का घनिष्ठ सान्निध्य। आपके अनेक साक्षात्कार, जनसत्ता में श्रृंखलाबद्ध छपे।
पता : सम्पादक 'प्रथम प्रवक्ता', ए–२६, सेक्टर – २, नोएडा, उत्तर प्रदेश – २०१ ३०१

पवन कुमार गुप्ता : आई. आई. टी., दिल्ली से इंजीनियरिंग स्नातक। कुछ दिन उद्योगों में काम कर फिर सार्थकता की तलाश में सन् १९८९ में 'सिद्ध' की स्थापना। प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री व चिंतक, वर्तमान में निदेशक, 'सिद्ध' संस्था।
पता : हेज़लवुड, लण्ढौर कैन्ट, मसूरी – २४८ १७९

बनवारी : प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक व चिंतक।
पता : ईजेड, एक्सप्रेस अपारमेन्ट्स, मयूर कुंज, दिल्ली – ११० ०९६

पुषराज जैन : प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री, विचारक और चिंतक। धर्मपाल जी के साहित्य की भूमिकाएं लिखी व अनुवाद किया।
पता : पी. जी. डी. ए. वी. कॉलेज (सान्ध्य), नेहरू नगर, रिंग रोड, नई दिल्ली – ११० ०६५

रामेश्वर मिश्र पंकज : वरिष्ठ साहित्यकार, भारतीय शास्त्रों के मर्मज्ञ, धर्मपाल जी के साथ घनिष्ठ संबंध। धर्मपाल जी के अनेक लेखों, पुस्तकों का हिन्दी में अनुवाद किया या अनुवाद का शोधन किया।
पता : न्यासी सचिव, भारत भवन, पं. स्वामीनाथन मार्ग, आमला हिल्स्, भोपाल – ४६२ ००२

शंकर शरण : चिंतक, विचारक व लेखक। राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली में अध्यापनकार्य, अनेक पुस्तकें प्रकाशित।
पता : ए (बी. एण्ड सी.), ३१६० वसंतकुंज, नई दिल्ली – ११० ०७०

प्रभात रंजन : पत्रकार
पता : बी–३/६१, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली – ११० ०२९

इंदुमति काटदरे : प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री, लेखक व चिंतक। धर्मपाल जी के समग्र साहित्य का गुजराती और हिन्दी में अनुवाद करके छापने की मुख्य प्रेरणादायक।
पता : सचिव, पुनरुत्थान ट्रस्ट, ४ वसुंधरा सोसाइटी, आनंद पार्क, कांकरिया, अहमदाबाद – ३८० ०२८

प्रेमा जोशी : गृहस्थ, लेखन में रुचि। अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।
पता : एम. डी. १८, सेक्टर 'सी', अलीगंज, लखनऊ – २६० ०२०

शिवदत्त : धर्मपाल जी के साथ सेवाग्राम वर्धा में वर्षों का सान्निध्य। गांधीवादी चिंतक व लेखक। सम्प्रति : नई तालीम परिषद् के सचिव।
पता : आश्रम प्रतिष्ठान, सेवाग्राम, वर्धा, महाराष्ट्र

राजीव दीक्षित : आजादी बचाओ आंदोलन के संस्थापकों में से एक। प्रबुद्ध चिंतक व विचारक, लोकप्रिय वक्ता।
पता : आश्रम प्रतिष्ठान, सेवाग्राम, वर्धा, महाराष्ट्र

रूपेश कुमार : युवा चिंतक, प्रखर लेखक और वक्ता, अनेक पत्र–पत्रिकाओं से जुड़े हैं।
पता : १/१६४ 'ए', नई बस्ती, दौलतपुर रोड, पाण्डेयपुर, वाराणसी – २२१ ००२

संत समीर : प्रखर पत्रकार व लेखक। वर्तमान में 'प्रथम प्रवक्ता' मासिक प्रत्रिका के सम्पादकीय विभाग से सम्बद्ध।
पता : द्वारा श्री रामपाल सिंह, ए–१३९/२, शिव मंदिर मार्ग, मंडावली, फाजलपुर, नई दिल्ली – ११० ०९२

जगमोहन कठैत : सामाजिक कार्यकर्ता, सिद्ध में प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन कार्यों में संलग्न।
पता : 'सिद्ध', हेज़लवुड, लण्ढौर कैन्ट, मसूरी – २४८ १७९

BOOKS BY DHARAMPAL

Collected Writings: Other India Press. Mapusa. Goa. 2000

Volume	I	:	Indian Science and Technology)" in the Eighteenth Century
Volume	II	:	Civil Disobedience In Indian Tradition
Volume	III	:	The Beautiful Tree, Indigenous Indian Education in the Eighteenth Century.
Volume	IV	:	Panchayati Raj and Indian Polity
Volume	V	:	Essays on Tradition. Recovery and Freedom

Despoliation and Defaming of India – The Early Nineteenth Century British Crusade: Bharat Peetham, Wardha, 1999.
The Madras Panchayat System: A General Assessment, Impex India, Delhi, 1971.

Rediscovering India: SIDH, Mussoorie, 2003.

Understanding Gandhi: Other India Press. Mapusa. Goa. 2003.

The British Origin of Cow-Slaughter in India, with some British Documents on the Anti-Kine-Killing movement, 1880-1894: along with T.M. Mukundan, SIDH, Mussoorie, 2002.

अंग्रेजों से पहले का भारत, शताब्दी प्रकाशन, विदिशा, १९८८
भारतीय चित्त, मानस और काल, भारत पीठम, १९९३

भारत का स्वधर्म, वागदेवी प्रकाशन, बीकानेर, १९९८
स्वदेशी और भारतीयता, भारत पीठम्, वर्धा, २००१
स्मृति, मति और प्रज्ञा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, २००३
भारत की पहचान, सिद्ध, मसूरी, २०००

Translations in other languages

पारम्परिक भारतीय समाज व राजकीय व्यवस्था व नवभारतची उभरनी – मराठी
अंग्रेजों से पहले का भारत का अनुवाद, नवभारत प्रकाशन, नासिक, १९९३
अंग्रेजों से पहले का **भारत** (तमिल अनुवाद), राष्ट्रोत्थान, बंगलूर, १९९६
Bharatiya Chitta, Manas and Kaal (English Translation) with an introduction and glossary by J. K. Bajaj, Center for Policy Studies, Madras, 1993 (also published in Kannada from Rastrothan, Bangalore.)
धर्मपाल : समग्र लेखन (गुजराती अनुवाद); १० खण्डों मे, पुनरुत्थान ट्रस्ट, अहमदाबाद, २००५
धर्मपाल : समग्र लेखन (हिन्दी अनुवाद); १० खण्डों मे, पुनरुत्थान ट्रस्ट, अहमदाबाद, २००७